BREAK-NECK speed and rhythmic jugglery have become the latest fashion in music. All praises to the artistes who have broken and are breaking previous records of speed. All credit to them for their concentrated labour and practice over this one aspect of music.

This music leaves the listener stunned with wonder. But do we

look for wonders alone in art? What is the message the artiste conveys in this sort of music to the listener except that the human voice or the human hand on a musical instrument is capable of producing passages of musical tones in an almost machine-like speed? In its flights after flights, up and down, hither and thither, of Tooofan Mail Speed, this music does not allow a moment to the listener to assimilate and digest a single passage of the melody : so that at the end of the music he is breathlessly looking askance at the Angel who gave him these first shocks of his musical experience and with the question in his mind whether the musician is really a human being or an Angel. He retains the Angel only and not his music in his heart. Except the flights of the voice in all directions which he has had no time to assimilate, far less the memory to retain, he carries back little.

Every melody has a certain tempo of movement. A good many melodies simply cannot stand a quick tempo. Swift passages in them will spoil their character. Heavy-footed Ragas like Darbari-Kanhada, Bhairava, Shri-Raga, Komal Rishabha Asawari, Gandhari, will look like elephants being made to run like casts and dogs and mice. Of course straight swift passages have now become a necessary part of the Khayal style and a few such passages at the end of the rendering as a climax would be tolerable. But a whole programme containing nothing but quick flights of passages will hardly bear out the true character of the Ragas. It is hoped that our listeners of the few past years have not forgotten the dignified and slow heralding of the Raga by great masters of the past such as the late Ustad Faiyyaz Hussain Khan Aftab-e-Mousiqi, the late Allahdiah Khan and others of their rank. The Raga was presented by them step by step and developed in its full glory instead of being made to run amuck or exhibit low and high jumps and somer-sault.

It is time we learnt to appreciate art as a means, as a medium, of heart to heart communion and not as a play of tickling and breath taking sensation.

• • •

CONTROL of emotions is the essence of culture. This control is acquired by education and correct knowledge. But much more easily it is acquired by music and art. Music has, no doubt, its roots in emotional out-bursts. Expressions of joy, Sorrow, Wonder, Anger, Amour, Disgust, Self-confidence and even Laughter have all in them the seeds of music. Prolongation of vocal sound takes the form of a *Swara*, one single Swara by itself like the call of the cock or a slur from a low to a high pitch coming down again to a low pitch like the cuckoo's call -श्रुत्यनंतरभावी यः स्निग्धोऽनुरणनात्मकः । In emotional

expressions, the human voice does not halt at one single degree of pitch. It either throws out the sound by short irregular ejaculations or slurs from low to a high degree of pitch, both indefinite.

Music appears, therefore, to be an art for controlling emotions rather than giving vent to them. Everybody knows the old piece of advice of counting the numbers from one to ten before jumping into action when one is extremely angry. The same principle holds good in music. There will be less monkeyish mischief in the world if music becomes an inevitable part of Religious, Social, Political and Domestic life of man.

And yet our elites that be have not yet made up their minds as regards the importance of music in their educational and cultural plans.

A step in the right direction was taken by the Government of Madhya Pradesh last year when they established an University of Music and Fine Arts at Khairagarh. But an University of Music is still a Fairy land to the minds of some of our sponsors of culture and education.

A great art in its practical form, music is a great science in its theoretical aspect. To understand the significance of music, a knowledge of Literature, Phonetics, Physics, Mathematics, Social Science, Psychology, Religion, Philosophy and History is essential. A musician must know the language of his song, the correct method of pronunciation, the theory of Sound, the class of people to whom he has to perform, their manners, customs, habits and general cultural standing. he must know the mental development of his listeners, he must have a spiritual background for his expression of music, the knowledge of the Anatomy of Ear, Nose, Throat and the Lungs is necessary for him and he must know he history of his country in general and that of the music he sings and plays in particular. Musical mathematics is a subject which should deeply interest any student of mathematics. He will find some absorbing problems for an expert study and treatment.

A music University should be constituted of a Faculty of Music, Faculty of Fine Arts, a Faculty of Science which may include Physics, Physiology and Mathematics and a Faculty of Arts consisting of Literature, Phonetics, Social Sciences, Psychology and History.

A music University need not appear something fantastic. It is just practicable and will fulfil a long felt want.

• • •

The famous moonlight sonata is a musician's painting. The Indian Raga-Ragini pictures are pieces of painters' music. Inspired by the quiet and calm surroundings of a moonlit night Bethovan the Great music maker translated the vision into musical cadences. The Indian painters of the middle ages seem to have caught the inspiration of music and painted the cadences of music into colours. Our latest Indian composers of Instrumental music are making efforts to translate visions into music. But at times these compositions appears to be counting too much upon the imagination of the listener. Music can create a certain quiet and calm, or a lively and jovial or again a rough and bustling atmosphere and put the listener into a corresponding mood. But to expect musical cadences to represent and the listener to see the details of a scene and the happenings in it would be like expecting him to walk on the surface of water. The sonata represents only a certain mood, a certain state of the mind. No detailed order of objects of the scene or sequence of events is indicated in it. The Raga-Ragini paintings represent only a certain mood which the music seems to have created in the minds of the painters. The actual figures in them serve as only the medium just as the colours themselves of expression. The language of gesture of course has a Visual Vocabulary, so to say of its own, to indicate objects intended to be referred to in the gestures. Will music have an auditory vocabulary to indicate objects, for instance, a horse by neighing, a lion by roaring, a lightning by thundering, a bullockcart by a rattling sound and so forth. Will music be enriched by introducing such *realism* in art as it is called, to such an extent ?

• • •

In the musical horizon of today there is rising up a section of musicologists and music listeners who are putting up claims of the Dhrupad style of Hindustani Classical Music. This is certainly a healthy sign for the future of our classical music and a welcome move.

At this juncture let us hasten to enumerate the points on which we would need reliable and useful information.

1. The Origin of the Dhruvapada style and its beginnings.

2. The quality of voice necessary for the correct expression of the style of Dhrupad and the correct voice production for specialization in Dhrupad.

3. The style of Dhrupad as such, distinguished from the Khayal and Thumari. Demonstrative Explanations.

4. Order as to Extempore elaboration, if any of Dhruvapad itself apart from the preceding alaps.

5. Alap singing and its order especially with reference to the time beat.

6. Extent to which emphasis, if any, on the Tala part of the Dhruvapad should be laid.

7. Reliable and authenticated information with practical demonstrations on the four Banis of Dhrupad, their origin and what they stood for, explanations of the names by which they are known.

8. The Kalavanti or Vilambit Khayals as distinguished from Qouwal Bani Druta Khayals are supposed to be a modified and loose form of Dhrupad. Is this supposition correct ? And if so, this should be proved by verbal explanations and practical demonstrations.

9. The types of classical compositions coming under the Dhruvapad style.

10. The Talas of Dhrupad.

11. Whether a Dhruvapad is a chorus song or a song to be sung solo.

12. The graces of music (Gamaks) pertinent to Dhruvapad style.

13. Past masters of the Dhruvapad style and the special features of their manners of rendering Dhruvapad on account of which they obtained public recognition.

These are some important points on which correct information must be obtained if the Dhruvapad style is to be revived.

• • •

MUSIC has now been generally accepted as a study fit for University curriculum and almost all Universities of India have introduced courses for a degree either in or with music. But some how or other no graduates of Universities either in or with music have so far distinguished themselves either as musicologists or practical demonstrators of music.

Science and Art are two distinct branches of Music and this being so every institution of musical training or every University where a course of study for a degree in music is being taught must maintain two separate Departments namely Department of Musicology, and Departmant of Art of Music. In one alone of these two can a student come out well qualified having acquired a fairly workable knowledge of the other. Musicologists however learned are not expected to give very successful practical demonstrations, of music, nor are practical musicians, however impressive, expected to give learned lectures on music. Very rarely if at all, are both these

capacities combined in one and the same person.

Physical basis of music and the laws of musical composition, the one absolute and the other relative, 'the Sensations of Tone' as Helmholtz calls these two scientific phases of music, are a branch of knowledge which requires a deep and concentrated study and, as such, leaves no time or energy for practice of Music. It may be possible that too much strain on the brain has an adverse effect on the auditory nerves and vocal chords, and hence thinkers of music are very rarely, if at all, successful demonstrators of music.

Practice of music on the other hand demands a concentrated, watchful and laborious physical work. Production of voice and its practice, suited to the type and style of music specialization in which is aimed at need a careful handling. Incorrect production and practice of the voice are quite likely to damage both the vocal chords as well as the style of singing permanently. Likewise, incorrect strokes and incorrect fingering of a musical instrument may damage the habit of the hand, the instrument and the technique of the instrument permanently. Thus, constant practice on correct lines with the ear always on the alert is absolutely necessary if any success is to be achieved in practical demonstration of music. Academies of music have perforce to remain secondary in the case of persons specializing in practical music.

Due to inattention to these very important considerations all the money spent on musical education is being wasted. Neither the Universities which maintain a Department of Music have been able to send out good practical musicians nor, on the other hand, have the institutions of musical training been able to produce learned musicologists. It is the responsibility of a centre of musical culture that it should produce and send out both learned musicologists on the one hand, and, on the other, good practical demonstrators of music according to their taste and natural aptitude either for Science or for the Art of music and the consequent choice for specialization. Then alone can such a centre of musical culture justify its existence.

The Department of Musicology and the Department of Art of Music are both quite costly. The former can run successfully only if there is a good library and a good Physics laboratory besides a staff of learned scholars in science specialized in acoustics and sufficiently interested in demonstrative music and learned scholars of Sanskrit, Hindi and English. The Department of the Art of Music on the other hand will require a staff of music teachers who are also adequately impressive as practical demonstrators. Top rank artists of course are seldom good coaches. These are very good as models of practical manipulations of the voice or of the fingers on a musical instrument. But the day to day class teaching does not come in their

line. Extensive lectures, so to say in the form of model demonstrations, by these masters of music is the only way to utilize their services. These demonstrations are absolutely necessary. Mere class lectures are not enough to give the students an adequate idea of the practical rendering of the Ragas and musical compositions, closed or extempore. Thus practical demonstrations by top rank artists at least twice a month are necessary. These, besides the regular staff of teachers, are again quite expensive items in the maintenance of a centre of musical culture.

With all our Zeal for musical education, we are still blind to the conditions under which the Science and Art of Music can be successfully taught whether in Universities or Centres of musical culture and are very careful in spending money on it, so that the little that we spend is practically as good as thrown away. No good results come out of it.

Let us therefore draw the attention of the powers that be to these conditions and appeal to them for adequate support and proper handling of Musical Education.

THE musical profession, in days gone by, evaded every attempt at organisation, and even today, it stands disorganised, though not wholly, but partly. With the merger of princely States have vanished the last vestiges of private patronage. The Musician has, however, realised the emergence of the post-freedom era and has come out of his self-imposed isolation to earn his living by seeking public patronge.

Has the artiste felt the happy impact of freedom ? Material and spiritual problems dissipated many a creative talent in the past. Do such problems still stare him in his face ? Many a time he is at a loss to know who is the patron for whom he is to sing or play. Around him have emerged new conditions wherein both demand and supply are found to be of different character. The artiste has either to undergo, with uncompromising integrity, the ordeal of keeping alive the tradition that constitutes the life-source of his art, or to realign his practices to the tastes of his public patrons.

Music clubs and societies which are the last refuge of his art live to attract and please the ticket public. Even the first-rate exponent of music yields to the clamour of motely audiences and allows himself to become cheap and obvious. Time was when the greatness of musician was evaluated in terms of his contribution to the art. Today, in this era of mass-cultural values, it is the box-office takings that determine his greatness.

Traditional musicians of the West were placed in a similar predicament when the challenge of Modernism was out to obliterate

their tradition in the early years of 18th Century. The traditionalists branded themselves together, formed societies for exploring and setting criteria for standards of appreciation and aesthetic gradation, and with the full cooperation of the press, carried intensive propaganda to its successful conclusion.

By and large, similar conditions can be said to exist in India today. There is need to bring the weight of persuasion and authority to bear upon the indigenous traditionalists and to help them initiate an aesthetic movement for the preservation and progress of their art. This indeed is stupendous task, and the State agency, the Press and the enlightened public have to play their part in that direction. Our art has to stand the tests which other arts do. We have to prove to the world that our traditional music is not an attenuated relic, but a living influence; that its sources and material are pure; that its models are original; and that its theory and practice are perfect.

The older race of musicians has almost come to an end. The problem today is one of achieving a synthesis of past achievements with the future possibilities. Given the correct approach to the problem, would it be too much to hope for a new race of musicians, ready to carry forward the tradition with fresh inspiration and enrich our Renaissance ?

• • •

MUSIC, art and other cultural things have a definite place in any society. They form an important part of family education. This has been so from times immemorial. Psychologically also, it is essential for the family to have these outlets for emotional expression. We read how in ancient times the teaching of music and fine arts was considered an indispensable part of the education, even of the highest.

Unfortunately, in later times, this beautifully constructed social structure broke down and even degenerated. This was due to various causes, the most important being repeated foreign invasions and the imposition of foreign rule over the whole country. These historical causes contributed considerably in bringing about the break of this tradition and family education.

In order to help family life and our society in general to develop fully, it is necessary to revive and expand cultural activities like music and other fine arts. Without them we will not be able to progress further in other fields of life.

It is, therefore, essential for any future cultural development that concerted efforts be made to develop a sense of appreciation of artistic things. Music or art cannot flourish without such

appreciation. It has to be cultivated to some extent and even taught and the best time for this is really when one is young. Many artistic forms of expressions, whether of music or drama or dance, are really meant to develop latent qualities in the young and adolescent. A sense of appreciation is sadly lacking amongst us today. Foreign rule has had on the whole a disastrous effect on our aesthetic sense. A majority amongst us have not been able to know or to pick up adequately the aesthetic values of foreign countries. On the other hand, we have lost our own in the course of the historical process. If we examine this question carefully, we will find that in the ultimate analysis no country can live on borrowed and foreign aesthetic values.

During the last few centuries we find culture was something confined to a select few. That was on account of aristocratic or Royalist regime that prevailed. We are now living in a democratic age and music and arts must spread more extensively and reach every family. That is a difficult but noble task before us. Though this objective is a stupendous one, we should be able to achieve success if we take it up seriously.

In any programme of cultural espansion, the spiritual values of music and art have to be recognised. It is a mistake to consider that music and other fine arts are only meant for entertainment or are expressive of luxury or frivolity. They are fundamental means of emotional expression and they have a high spiritual religious meaning. In India, throughout from times immemorial all arts, whether music or drama or dance, have been the medium of worshipping the Supreme Being. They have been just additional vehicles for His adoration. Moreover, music or art of any kind will never reach the highest if it is to have only a frivolous objective. It must be serious and have high spiritual value to produce something noble and ever-lasting. Without the spiritual value of music and art being recognised, we will never be able to carry its message to every family. Like any other means of expression, music or art can express frivolous things or noble things or serious things. But the resulting expression should not be confounded with its nature. For example, Music can be the highest form of worship or the lowest form of licentiousness. That does not condemn music by itself as something bad. It is the type of music that we cultivate which will decide that.

We have had very little musical development during the last century, the traditional art being fallen into disuse to a great extent and the development of folk music being entirely neglected. Though, during the national movement, efforts for the renaissance of music and other arts tool place and a gradual revival of interest in musical culture has been taking place in the country in recent decades, there

is still a great deal of confusion and a general want of standards is probably inevitable. We will not be able to have further progress unless a systematic effort is made to reorganise and spread music throughout the country.

For this purpose, some form of musical education should be given to children in the primary schools. This is the only way that a basis can be laid for the appreciation of musical sounds which has practically disappeared from the country. It is therefore hoped that the State Governments will seriously consider this proposal.

It is regrettable that there is, in fact, a certain disparity in the treatment of teachers or professors of the various arts. For example, the teachers or professors of music are considered not of sufficient quality and are generally low paid, while in other arts like painting they are much better paid. This might be possibly due to the fact that the revival of painting was taken up under foreign influence. But the distinction is unfortunate and unjustified. No doubt a number of musicians in the country are not educated: but this is fast disappearing. Unless we place the study of music on a parity with other arts and branches of education, we will not be able to invite the best talent for this great art. We, therefore, appeal to Municipalities and Governments that they will treat and pay teachers and professors of music in the same way as they do in other branches of education. This will be the best way of encouraging its study.

The work of cultural development is now beginning in our country. Since the attainment of freedom the soul of India is now free to devekop to its full height. In an era of all round development we hope that the artistic expansion will have its rightful place of importance, We have to recognise the important part that arts like music, drama, painting and scuplture have and can play. We are sure that in this field there will be a coordinated effort by the Government and the public so that India's genius might find the highest outlet.

• • •



PART II-HINDI

१

संगीत के चार चरण

(चतुर्थ चरण-ग्रंथों में)

हमारे प्राचीन संगीत ग्रंथों में संगीत के दो मुख्य प्रकार बताए गए हैं, यथा मार्ग-संगीत एवं देशी संगीत ।

पं. शाङ्र्गदेव मार्ग एवं देशी संगीत की व्याख्या इस प्रकार करते हैं :-

यो मार्गितो विरिञ्च्याद्यैः प्रयुक्तो भरतादिभिः ।
देवस्य पुरतः शंभोर्नियताभ्युदयप्रदः ॥

अर्थात्, जिसको ब्रह्मादिकों ने नियमबद्ध किया एवं जिसका प्रयोग भरतादिकों ने भगवान् शंकरजी (शंभु) के सम्मुख किया एवं जो अवश्यमेव उन्नति को पहुँचाता है, सो मार्गसंगीत । संगीत-रत्नाकर के टीकाकार, श्री कल्लिनाथ, मार्ग-संगीत का ही दूसरा नाम 'गांधर्व' बताते हैं । रत्नाकर में गांधर्व गीत की व्याख्या इस प्रकार है :-

अनादि संप्रदायं यद् गंधर्वैः संप्रयुज्जते ।
नियतं श्रेय सो हेतुस्तत्गांधर्वं जगुर्बुधाः ॥

अर्थात्, जिसकी परम्परा अनादि है, जिसका प्रयोग गंधर्व करते हैं एवं जो अवश्यमेव उन्नति करानेवाला होता है उस गीत को, उस गायन को, गांधर्व कहते हैं ।

कल्लिनाथ का कहना ठीक ही जान पडता है; क्योंकि ये दोनों व्याख्याएँ एक ही वस्तु को दर्शानेवाली हैं ।

देशीसंगीत की व्याख्या करते हुए शाङ्र्गदेव लिखते हैं :-

देशे देशे जनानां यदुच्या हृदयरंजकम् ।
गानं च वादनं नृत्यं तद्देशीत्यभिधीयते ॥

अर्थात्, देश प्रदेशों में सर्वसाधारण जनता की अभिरुचि के अनुसार होते हुए जो जनता का चित्तरंजन करनेवाला गायन, वादन, नृत्य होता है, उसको 'देशीसंगीत' कहते हैं ।

आगे चलकर गीत के दो प्रकार 'गांधर्व' तथा 'गान' ऐसे समझाते हुए गान की व्याख्या शाङ्र्गदेव इस प्रकार कहते हैं :-

यत्तु वाग्गेयकरेण रचितं लक्षणान्वितम् ।
देशी रागादिषु प्रोक्तं तद्गानं जनरंजनम् ॥

अर्थात्, जिसकी रचना नायक लोगों ने की है और विशेष लक्षणयुक्त होता है एवं देशी रागों में जो सुनाई देता है और सर्वसाधारण जनता को रिझाता है, ऐसा गायन 'गान' नाम से कहा जाता है ।

इस व्याख्या में जिस संगीत का निर्देश है, सो ही हमारा आजकल का रागदारी संगीत है। परम्परागत नियमों द्वारा एवं रूढ़ियों द्वारा इसका एक निश्चित स्वरूप, निश्चित मार्ग, बन गया है, जिससे भारत में प्रचलित अवान्तर संगीत की दृष्टि से यह रागदारी संगीत वास्तव में मार्ग-संगीत माना जा सकता है।

मेरे विचार में संगीत के मार्ग तथा देशी, ये दो प्रकार स्थल कालाबाधित हैं। किसी भी देश में प्राचीन, वर्तमान एवं भविष्यत् काल में संगीत के ये दो प्रकार प्रचलित होंगे। वास्तव में, मार्ग-संगीत एक स्वतंत्र कला के रूप में प्रचलित होता हुआ संगीत है, जिसमें ध्वनिमाधुर्य की ही विशेषता है, जब कि देशी संगीत काव्य, नाटकादि के एक उपांग के रूप में होता है; जिसमें शब्द, हावभाव, तात्कालिक परिस्थिति इत्यादि का बहुत कुछ प्रभाव होता है। मार्ग-संगीत की ध्वनिमाधुर्य की विशेषता सामवेद की उत्पत्ति से ही सिद्ध होती है, क्योंकि सामवेद का लगभग अस्सी प्रतिशत भाग ऋग्वेद के मंत्रों से भरा हुआ है। ऋग्वेद केही मंत्रों को मधुर स्वरालापों में, गाने की प्रणाली के ही रूप में, सामवेद उत्पन्न हुआ है। ऋग्वेद के मंत्रों में आनेवाले अक्षरों के अन्य स्वरों को आलापों में भर देने के लिए आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, इत्यादि दीर्घ तथा प्लुत स्वरों में बढ़ाया जाता था। यज्ञ में सोमरस पीने के लिए निमंत्रित देवता अग्नि, इन्द्र, वरुण, मरुत् इत्यादि को रिझाने के लिए उन्हीं की स्तुति एवं स्वागत स्वरालापों के साथ किया जाता था। यह गायन सामुदायिक होता था। अतएव इसका स्वर तथा विश्रामादि के नियम बँधे हुए थे। फलतः इस गायन का एक विशिष्ट स्वरूप निश्चित हुआ। इन नियमों का किंचित् भी उल्लंघन करना पाप समझा जाने लगा।

नारदी शिक्षा, मंडुकी शिक्षा, याज्ञवल्की शिक्षा, पाणिनीय शिक्षा इत्यादि शिक्षा-ग्रंथ इन्हीं नियमों के ग्रंथ थे। वेद-मंत्रों के उच्चारण की केवल वर्णात्मक ही नहीं, अपितु ध्वन्यात्मक शुद्धता का पालन करने के लिए शिक्षा-ग्रंथ लिखे गए। मंत्रोच्चारण में आते हुए उच्चनीच स्वर तथा न्यूनाधिक विश्रामों के नियमों में से ही संगीतशास्त्र की उत्पत्ति हुई; इसीके कारण हमारे संगीत शास्त्रकार बड़ी श्रद्धा एवं दृढ़ विश्वास के साथ कहते हैं :-

सामवेदादिदम् गीतम् संजग्राह पितामहः।

अर्थात्, भगवान ब्रह्मा ने सामवेद से संगीत का निर्माण किया। 'साम'का अर्थ ही गायन है। अतएव सामवेद गेय अर्थात् गाया जानेवाला वेद। वेदमंत्रों का स्वर-लययुक्त गायन करना ही सामवेद है। ऋग्वेद में उदात्त, अनुदात्त एवं स्वरित ये तीन कण्ठस्वर की उच्च-नीचता के निदर्शक बताए गये हैं। पर सामवेद में क्रुष्ट, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, मन्द्र तथा अतिस्वार ये सात यम अर्थात् कण्ठस्वर की उच्चनीचता की सात मुख्य श्रेणियाँ निश्चित हुईं। इनके अतिरिक्त प्रत्युत्क्रम, अतिक्रम, कर्षण, स्वार, विनत, प्रणत, उत्सारित, अभिगीत ऐसे और भी यम सामवेद संहिता में पाए जाते हैं। इस प्रकार सात मुख्य एवं अन्य आठ ऐसे पंद्रह स्वरों की सिद्धि सामवेद में ही हो चुकी थी। सामवेद के ही गायन में से आगे चलकर आरतियाँ, स्तोत्र, ध्रुवागीत, जातियाँ, इत्यादि पौराणिक गीत-प्रकारों का विकास हुआ। काव्यछंदों में मात्राछंद अथवा मात्रावृत्त गेय अर्थात् गाने योग्य छंद हैं। जिस प्रकार भारत में वेद मंत्रों की

उच्चारण प्रणाली से संगीत कला की उत्पत्ति हुई है, उसी प्रकार अन्यान्य देश प्रदेशों में भी वहाँ की संगीत कला की उत्पत्ति धार्मिक मन्त्रोच्चारण की प्रणाली से ही हुई है । ख्रिस्ती, यहुदी, बाद्ध, इरान के अग्नि-उपासक इत्यादि सब विशिष्ट धर्मीय लोगों की संगीत कला. उनके अपने धार्मिक मंत्र-स्तोत्रादि की उच्चार प्रणाली से उत्पन्न हुई है । धार्मिक मन्त्रोच्चारण एक विशिष्ट नियत प्रकार से ही होना चाहिए । कण्ठस्वर की उच्चनीचता एवं विश्रामों की व्यवस्था प्राचीन परम्परा से जो निश्चित हुई थी; उसमें किंचित् भी परिवर्तन न होना चाहिए, यह आग्रह क्या भारत में क्या अन्यान्य देशों में महत्त्वपूर्ण समझा जाता है ।

इस प्रकार नियत उच्चार प्रणाली से जिस संगीत का विकास हुआ, वही वास्तव में संगीत-कला है; चाहे उसको शास्त्रोक्त कहिए, शिष्ट संप्रदायी कहिए, मार्ग संगीत, गंधर्व गीत, रागदारी संगीत, जो कुछ भी कहिए । यह संगीत विशेष अध्ययन, अभ्यास एवं सुसम्प्रदाय के ही द्वारा साध्य होता है । इस संगीत में विद्वान् एवं क्रियाकुशल लोगों का एक स्वतंत्र समाज ही बन जाता है । वैदिक कालमें सामग, पौराणिक समयमें गंधर्व-अप्सराएँ, तत्पश्चात् भरत, भट्ट अथाव भाटचारण, वन्दी, नट, कुशीलव, भागवत, हरिदास, कत्थक, गवैये, इत्यादी नामों से संगीतकारों का उल्लेख होता चला आया है । ये सब संगीत की ही वृत्ति करनेवाले और संगीत ही के द्वारा उपजिविका चलानेवाले लोग हैं । संगीत की साधना उसे एक लक्ष्य मानकर करनी पड़ती है । इस कारण से एवं यह कला साध्य होने पर एक विशेष आनन्दमय तल्लीनता की स्थिति प्राप्त होने के कारण संगीतकार संगीत-संसार के अतिरिक्त दूसरी किसी वस्तु में रुचि नहीं रखते, न उसका ज्ञान रखते हैं । इन लोगों की दुनिया ही निराली है । हो सकता है कि इन्हीं कारणों के वश संगीतकारों से इतर जनता का सम्पर्क कम आता है ।

स्वतंत्र कला के रूप में संगीत की साधना करनेवाले ये संगीत-व्यवसायी लोग प्राचीन काल से ही राजे-रजवाडे, देवस्थान एवं धनवान् लोगों के आश्रय में परामर्श पाते रहे हैं । कण्ठ-स्वर और वाद्य पर तथा नृत्य में आंगिक शोभा की विशेषरूप से साधना करते चले आये हैं, जिसमें स्वर-रचना, एवं लय-विस्तार का माधुर्य मुख्य ध्येय रहते हैं । हमारा आजकल का रागदारी संगीत, यही संगीत है । उसका विकास राज-दरबारों के आश्रय में इन्हीं संगीत-व्यवसायी समाज द्वारा हुआ है । उसका एक परम्परागत स्वरूप निश्चित हुआ है जिसका मूल, राग रचना एवं लयकारी तथा कण्ठस्वर द्वारा, या किसी वाद्य पर हस्तव्यापार द्वारा तथा नृत्य में अंग विक्षेपों द्वारा, उसके सुपरिणामी प्रयोग में है । यह संगीत श्रवणीय एवं दर्शनीय गति के वैभव का निदर्शक है । मनुष्य में स्वभावतः रहती हुई नादलोलुपता को जाननेवाला यह संगीत है । काव्य तथा नाटक के गीतों में आते हुए स्वरालापों की भाँति किसी विशेष भावार्थ का पोषक, यह संगीत नहीं होता । इस संगीत का परिणाम केवल चलते हुए नाद-प्रवाह में तल्लीन हो कर एक अवर्णनीय आनंद में मग्न होना और चित्त को उन्नत अवस्था में पहुँचना, यही है । रागदारी संगीत में शब्द-प्रधान गीत होते अवश्य हैं, जैसे, ठुमरी, दादरा, कजरी, चैती, होली, इत्यादि । पर इन गीतों में स्वर-रचना से गीत के शाब्दिक अर्थ को व्यक्त करना सम्भव नहीं है । केवल यही हो सकता है कि स्थूल भाव से गीत के नायक-नायिका की मनःस्थिति

का वातावरण निर्माण किया जा सकता है । 'नाहक लाये गवनवा', 'मैं तो तोरे दामनवा लगी महाराज', 'बाजुबन्द खुल खुल जाय', 'बहुतेरा समझायो री लाखनुवा' ये सब भैरवी की प्रसिद्ध ठुमरियाँ हैं और हर एक का अपना अपना भावार्थ स्वतंत्र है । पर गाने की रीति में शब्दार्थ को व्यक्त करनेवाली कोई विशेषता किसीमें नहीं है । वही मुर्कियाँ, वही खटके, वही छोटी छोटी सफाईदार तानें, वही कण्ठस्वर का प्रसरण-आकुंचन सभी में लगते हैं । एक गीत में नायिका की निराशापूर्वक खिन्नता है, दूसरे में नायिका का नम्रतापूर्वक आग्रह है तो तीसरे में नायिका का उच्छृंखल-विलास और चौथे में नायिका की अपने मन की अवशता है । इन भिन्न भिन्न मनोभावनाओं को दर्शाती हुई स्वर-रचना एवं उसके उच्चार भिन्न भिन्न होने चाहिये थे। पर प्रत्यक्ष गाने में ये सब एक ही शैली में गाये जाते हैं । यह गायनशैली स्वर-रचना एवं कण्ठ-स्वर की कोमलता लिये हुए होती है, जिसको 'ठुमरी-अंग' कहते हैं । यह ठुमरी-अंग भी ध्वनि-माधुर्य का ही एक प्रकार है । अतएव रागदारी अथवा कलात्मक संगीत का ही एक रूप है ।

राज-दरबारों तथा देवस्थानों के आश्रय में फलाफूला हुआ यह संगीत आजकल रागदारी संगीत कहलाता है । एक समय था, जब कि विद्या एवं कला राजाश्रय में ही पलती थी । विद्वान पंडित, कवि, ज्योतिषी, वैद्य, गायक, वादक, चित्रकार, शिल्पकार, ये सब राजा के आश्रित थे । जीवन भर अपनी विद्या अथवा कला की ही साधना में एक लक्ष्य होकर लगे रहते थे । आवश्यकतानुसार राजा की आज्ञा पाकर राजसभा में जाकर अपनी अपनी कला अथवा विद्या का परिचय देकर पारितोषिक पाते थे । वैसे तो राजा की दान की हुई भूमि तथा अवांतर सांसारिक आवश्यक वस्तुओं के द्वारा चरितार्थ चलाते हुए साधना करते रहते थे। मासिक, नियतकालिक वेतन पर रखे हुए नौकरों की भाँति ये लोग राज-पुरुष नहीं थे । राजा से यथायोग्य सम्मान पाते हुए उसके आश्रय में जीवन बिताते थे । महाकवि कालिदास विक्रमादित्य के एक राजकवि थे । मीयाँ तानसेन भी इसी प्रकार सम्राट अकबर के दरबार के नवरत्नों में से एक थे । विद्वान पंडित, कवि, चित्रकार, शिल्पकार, वैद्य, ज्योतिषी, गायक, वादक, नृत्यकारादिकों को सन्मानपूर्वक अपने आश्रय में रखने की प्रथा अभी अभी पिछ्ली शताब्दि तक प्रचलित थी । सुना जाता है कि पिछ्ली शताब्दी तक गायक-वादकों को राजे-रजवाडों की ओर से हाथी तक पारितोषिक के रूप में मिलते थे । कुछ संस्थानिक तो गायकों का शिष्यत्व स्वीकार करके अपने उस गुरु का यथायोग्य सम्मान रखते थे । फिर क्यों न हों कि ये गायक-वादक अपनी अपनी कला के ऐसे उच्च श्रेणी के धुरीण कलाकार बने कि जिनकी कलाकृतियों का आज बचा हुआ अल्पावशेष भी हमारी आज की जनता को मंत्रमुग्ध कर देता है ।

रागदारी संगीत का प्रत्येक राग एवं प्रत्येक गीत अपने स्थान पर एक अति उच्च एवं अप्रतिम कलाविष्कार है । यदि उसको यथायोग्य स्वरस्थान, कण्ठस्वर का उच्चारण, लय-विलास, शुद्ध शब्दोच्चार इत्यादि के साथ गाया जाय तो हर राग संगीत-कला का सर्वांग सुंदर रूप है । शारीरिक तथा मानसिक श्रमपरिहार करनेवाला अमृत है ।

(अखिल भारतीय आकाशवाणी के सौजन्य से)

२

मनुष्य जीवन में संगीत का स्थान

मनुष्य जीवन एक महा कठिन यात्रा है। इसमें न जाने कैसी कैसी कठिनाइओं का कैसी कैसी मानसिक एवं शारीरिक यातनाओं का कैसी कैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अधिकतर कष्टमय ही यह जीवन होता है। शुद्ध सुख शान्ति के क्षण अखिल आयुष्य में बहुत थोड़े आते हैं। अतएव दर्शनीय, श्रवणीय, मननीय वस्तुओं का सदैव इच्छुक हरएक व्यक्ति रहता है। थोडेही समय के लिये क्यों न हो, इन वस्तुओं के सुखानुभव से चित्त संसारिक खलबली से निवृत्त होकर शुद्ध एवं पुनरुल्लसित होता है, संसारिक कष्टों को पुनश्च उठाने को सिद्ध होता है।

इन्हीं वस्तुओं में एक संगीत है, और मेरे विचार से इस कला का स्थान सर्वोच्च है। यह कला मनुष्य के मन एवं शरीर में सतत उपस्थित रहती है। इसका आस्वाद वह स्वयम् ले सकता है, उसका अनुभव स्वयम् कर सकता है। प्रापंचिक चिन्ताओं से थोड़े समय के लिये छुटकारा प्राप्त करने का यही एक साधन मनुष्य के पास है जो उसकी सेवा में सदैव तत्पर रहता है। कई चिन्ताग्रस्त व्यक्ति चिन्ताओं से विश्राम पाने के लिये सुरापान तक भी करते हैं। यदि संगीत के शुद्ध सात्विक आनंद के प्रभाव से चित्तको शान्ति एवं स्थैर्य प्राप्त हो तो सुरापान जैसे दुष्ट उपाय की क्या आवश्यकता है ?

भारतीय संस्कृति में संगीत का स्थान कितना महत्त्वपूर्ण एवं उच्च है, सो किसी भारतवासी को समझाने की आवश्यकता नहीं है। न केवल सार्वजनिक, सामाजिक उत्सवों में यात्रा मेलों में वरन् घरघर के दैनंदिन शिष्टाचार, व्यवहारादि में भी संगीत का स्थान प्रमुख रहता है। हर घर की बालिकाएँ, युवतियाँ ही नहीं वरन् वयोवृद्ध स्त्रियाँ भी सीधे सादे गीतों द्वारा पौराणिक, ऐतिहासिक एवं सामाजिक कथाएँ बड़े प्रेम एवं उत्साह के साथ गाती रहती हैं। ऐसा कौनसा भारतीय प्रदेश है जिसमें उसकी प्रादेशिक भाषाओं में रचे हुए लोकगीत संध्यासमय में, दिया बत्ती के समय जो कि लक्ष्मी के आगमन का सुमुहूर्त समझा जाता है, घर घर की बालिकाएँ झूले पर झूलती हुई अथवा घर की अटरिया पर बैठकर न गाती हो ? इन घरेलू गीतों के द्वारा हमारी भारतीय बालिकाओं को जो धार्मिक, सामाजिक, प्रापंचिक समस्याओं पर शिक्षा मिलती है, वह पाठशालाओं में नहीं मिलती। देवताओं के स्तोत्र, आरतियाँ, भजन, पौराणिक विभूतियों के चरित्र के रामायण, महाभारत के किसी प्रकरण के गीत, बड़े बड़े ऐतिहासिक महान व्यक्तियों के पराक्रम के वर्णन, यह एक अथाह सीधे-सादे संगीत एवं साहित्य का भंडार हर प्रादेशिक भाषा में आज भी प्रचलित एवं प्राप्य है। यही एक सीधा सादा गीत सूरदासजी का देखिए जो, मेरे विचार में, हर माता को कण्ठस्थ करना चाहिए।

जसोदा हरि पालने झुलावै,
हिलरावै, डुलराइ मलावै,
जोई सोई कछु गावै ॥ जसोदा

मेरे लालको, आऊ निंदरिया,
काहे न आनि सुवावै, ।
तू काहे न बेगिसो आवै
तोको कान्ह बुलावै ।
कबहुं पलक हरि मूंदि लेत है,
कबहुं अधर फरकावै ।
सोवत जानि मौन ह्वैव के रहि
करि करि सैन बतावे ।
इहि अंतर अकुलाय उठे हरि
जसुमति मधुरै गावै ।
जो सुख 'सूर' अमर मुनि दुर्लभ
सो नंद भामिनि पावै ॥

यह तो एक इस घरेलू संगीत साहित्य के अमित भांडार का छोटासा प्रतीक है । कई गीत इसमें ऐसे हैं कि जिनमें उच्च कोटि का काव्यप्रसाद एवं सादी पर मधुर स्वर रचना ओतप्रोत भरी हुई है । अब भी कई कुटुंबों में वयोवृद्ध स्त्रियाँ जीवित हैं, जिनके पास बचपन से कण्ठस्थ किये हुए ऐसे सैकडों गीत हैं । घर गृहस्थी में बालिकाओं को गीत सिखाने का प्रचार पुराना ही है । यह कोई नयी बात नहीं । अब आजकल पाठशालाओं में एवं संगीत संस्थाओं में संगीत सीखने का अवसर उनको प्राप्त होता है, यह एक अति स्पृहणीय बात है ।

स्त्रियों के लिये संगीत की शिक्षा प्रधानतः उनकी कौटुंबिक जीवनी सुखी करने के ही उद्देश्य से होनी चाहिए । पाठशालाओं में एवं संगीत संस्थाओं में रागदारी संगीत की शिक्षा होती है । रागदारी संगीत तो एक स्वतंत्र कला है, जिसमें कण्ठस्वर, अथवा वाद्य पर हस्त-कौशल्य के मधुरता-पूर्ण चमत्कार कर दिखाने का उद्देश्य रहता है । इनमें जो पैदाइशी अंगस्वभाव, यथायोग्य शिक्षा एवं विशेष परिश्रम द्वारा प्रावीण्य संपादन करती हैं वे तो संगीत प्रयोग अथवा संगीत अध्यापन कार्य के लिए योग्य होती ही हैं । पर सर्वसाधारण स्त्रियों को रागदारी संगीत की शिक्षा प्राप्त होने पर स्वरज्ञान, एवं लय ज्ञान अच्छा होता है जिसकी सहायतासे वे अपने घरेलू गीतों को यही यथायोग्य शुद्ध रीति से स्वर-लय में गा कर अपना एवं कुटुंब के अन्य व्यक्तियों का चित्त प्रसन्न कर सकती हैं । स्त्रियों की शिक्षा में रुग्णशुश्रूषा, संगीत, चित्रकला, कसीदा, घरगृहस्थी, व्यवहार, गृहदेवतार्चन, चौक पुराना, फूलगूँथना, वेषभूषा, रसोई, सीनापिरोना, इत्यादि कलाकौशल का समावेश हमारे यहाँ प्राचीन काल से होता था । इस समय भी, मेरे विचार से ये सब कलाएँ पूर्णतया न भी हो, तो अंशतः हर एक भारतीय महिला को अवगत होनी ही चाहिए ।

चित्त को अतिरिक्त रूप में प्रसन्न रखने का संगीत शारीरिक स्वास्थ्य को भी बढ़ाता है । श्वास नियंत्रण पर संगीत का सब आधार रहता है । इस दृष्टि से गायन एक प्रकार का योगाभ्यासही है । लय सुरों के अनुपात में श्वासोच्छ्वास होता रहने के कारण पचनशक्ति बढ़ती है । जठर शुद्ध रहता है । नींद अच्छी आती है । मन एवं शरीर जागृत होता है ।

३

भारतीय संगीत में भक्तिगान का स्थान

भारतीय संगीत में भक्तिगान एक महत्त्वपूर्ण विभाग है। परमात्मा पर हार्दिक प्रेम रखते हुए सदैव उसके नाम का स्मरण, संकीर्तन करने को भक्ति कहते हैं। वास्तव में, भक्ति में धर्मभेद, जातिभेद, नहीं होता। किसी भी रूप में, किसी नाम से, परमात्मा का चिन्तन करनेवाले, फिर वे हिंदू, मुसलमान, ईसाई, ब्राह्मण, क्षत्रिय, शूद्र, कोई हो, सब एक ही श्रेणी के सत्पुरुष होते हैं। इन संतों के हृदय में बहता हुआ प्रेम-निर्झर उनकी वाणी से अति मधुर हो कर बाहर पड़ता है। उनके मुख से अनायास निकले हुए शब्द गंभीर अर्थभाव लिए हुए व्यक्त होते हैं। अतएव महान् भक्तों के रचे हुए ये गीत गाए जाने वाले हों, इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है।

भारत में, हिंदू समाज में, भक्तिमार्ग मुख्यतः वैष्णव एवं भागवद्धर्म से उत्पन्न हुवा है। भिन्न भिन्न अवतारों में भगवान् विष्णु ने दीन दुखियों का दुष्टों से रक्षण करने के हेतु से की हुई लीलाओं का वर्णन कृष्ण द्वैपायन व्यास मुनि ने श्रीमत् भागवत में किया है उसी के आधार पर अनेक भक्तों ने कविताएँ लिखी हैं। यही साहित्य वैष्णव पंथ का एक मुख्य अंग है। यह प्रथा प्राचीन काल से चली आयी हुई है। पर विशेषता जब से बौद्ध धर्म का प्रभाव मंद हो कर हिंदू धर्म पुनश्च प्रस्थापित होने लगा; श्री आदि शंकराचार्य, श्री वल्लभाचार्य, श्री रामानुजाचार्य जैसे महान् ज्ञानियों ने द्वैताद्वैतादि मीमांसाओं द्वारा हिंदूधर्म के गम्भीर सिद्धान्तों को जनता के सम्मुख स्पष्ट किया, तब भक्तिमार्ग एक विशेष महत्ता पा कर लोकप्रिय एवं प्रचलित हुआ। सगुण उपासना का प्रसार सर्वत्र हो कर स्थान स्थान पर शिवालय एवं ठाकुर द्वार उत्पन्न हुए। इन देवस्थानों में दिन प्रति दिन नित्य क्रम से प्रातः एवं संध्या समय पर भजन, कीर्तन नृत्यादि के प्रयोग होने लगे। इन भजन कीर्तनों में कौन से, किस प्रकार के गीत गाए जाते थे, इस बात पर निश्चित रूप का कोई उल्लेख नहीं मिलता। संभव है, आरम्भ में जाति गीत, तदनंतर रागों में बँधे हुए प्रबन्ध, वस्तु, रूपकादि गीत अधिकतर संस्कृत में रचे हुए, गाये जाते हों। संगीत ग्रंथों में कुछ उदाहरण जातियों के, प्रबन्धों के दिखाई देते हैं। उनमें एक आध दो प्राकृत भाषा में भी हैं। पर इनकी प्रत्यक्ष धुनें लुप्त होने के कारण उनको अब कोई नहीं गाता।

प्राचीन संस्कृत गेय पदों में जयदेव कवि का गीत-गोविन्द अब भी गायकों में प्रचलित है। इन पदों को अष्टपदियाँ कहते हैं। यह प्राचीन प्रबन्धों का ही एक प्रकार है। इन पदों के राग भी उसी प्राचीन समय के, अर्थात् ईसवी ११ वीं शताब्दी के हैं, जिनके स्वरूप आज प्रचलित नहीं हैं। गायक लोग इन अष्टपदियों को आजकल के प्रचलित किसी भी राग में बिठाकर गाते हैं। फलस्वरूप आज एक ही अष्टपदी, कोई केदारे में, कोई बागेश्री में, कोई हिंदोल में और कोई वसंत में गाते हैं। सब से लोकप्रिय एवं लोकप्रसिद्ध अष्टपदी

"विहरति हरिरिह सरसि वसन्ते" यह है । इसका राग-नाम गीत-गोविन्द की छपी हुई पुस्तक में 'वसन्तरागेण गीयते" कह कर वसन्त कहा गया है । यह प्राचीन वसन्त आज के प्रचलित वसन्त से भिन्न था । उसमें पंचम वर्ज्य, ऋषभ कोमल एवं शेष सब स्वर शुद्ध होते थे । यह वसन्त जयदेव के पश्चात् लगभग ५०० वर्ष के ग्रंथों में मिलता है । संगीत रत्नाकर के शुद्ध विकृत स्वरों का सन्तोषजनक निश्चय अभी नहीं हुआ है । अतएव उसमें कहे हुए रागों के स्वरूप हम लोग निकाल नहीं सकते । तत्पश्चात् के ग्रंथों में वसन्त का स्वरूप वही है जो कि ऊपर बताया गया है । दाक्षिणात्य संगीत में तथा बंगाल के कीर्तनों में यह वसन्त अब भी प्रचलित है । जयदेव स्वयं बंगाली था; बीरभूम का रहनेवाला था । अतएव इसी वसन्त में इस अष्टपदी को गाने में वस्तुस्थिति के निकट तो हम लोग अवश्य होंगे । ईसवी ११ शताब्दी में वसन्त का स्वरूप क्या था, इस बात पर निश्चय करना तो असंभाव्य सा है । अस्तु ।

जयदेव कवि के पश्चात् से ही प्राकृत भाषाओं का साहित्य बढने लगा । शौरसेनी, मागधी, पाली, मैथिली, पैशाची, द्राविडी, महाराष्ट्री, गुर्जर, इत्यादि देशी भाषाओं में ही से प्रादेशिक भाषाएँ ब्रजभाषा, पूर्वीबोली, बंगाली, बिहारी, असमिया, उड़िया, पंजाबी, मारवाड़ी, गुजराती, मराठी, कन्नड, तेलुगु, इत्यादि भाषाओं की घटना हुई । और उनमें स्वतंत्र काव्य नाटकादि बनने लगे । इधर सगुण उपासना का भी प्रचार बढने लगा । मंदिरों की देवताओं के सन्मुख भक्त गण प्रेम के साथ गाने बजाने लगे । भक्तिमार्ग में अनेक पंथ निर्माण हुए । शैव, वैष्णव, शाक्त, गणेश, षण्मुख, हनुमान, दत्तात्रेय आदि के भक्त, नाथपंथी, उदासीन, दिगम्बरपंथी, इत्यादि भिन्न भिन्न प्रकार उपासना के बने और अपने अपने पंथ का उपदेश भक्तगण कविता द्वारा देने लगे । शिवालयों में एवं ठाकुरद्वारों में इस प्रकार नित्य प्रतिदिन गायन, वादन, नृत्यद्वारा देवता की उपासना करने की प्रथा पड़ी, जो अभी आज दिन तक चालू है ।

पिछली सात आठ सदियों में समस्त देश भर, प्रान्त प्रान्त में अनेक महान् भक्त हुए, जिन्होंने अपनी अपनी प्रादेशिक भाषाओं में सैकडों पद लिखे और गाए । बंगाल में श्री चैतन्य महाप्रभु, गौरांग, चण्डिदास; आसाम में शंकरदेव; बिहार में विद्यापति, उत्तर प्रदेश में सूरदास, कबीर, तुलसीदास, बैजू बावरा, स्वामी हरिदास; गुजरात में नरसी मेहता, राजपुताने में मीराबाई, महाराष्ट्र में श्री ज्ञानेश्वर, एकनाथ, नामदेव, तुकाराम, रामदास, कर्नाटक में पुरन्दरदास, श्री त्यागराज स्वामी, ये विशेष उल्लेखनीय हैं । इनके रचे हुए पद आज भी भावुक जनता बड़े प्रेम के साथ गाती है । मंदिरों में कथा-पुराण, प्रवचनों में इन्हीं सन्त कवियों ने निर्माण किया हुआ प्रादेशिक साहित्य उपयोग में लाया जाता है । ये सब पद गेय हैं । तानालापों के साथ, रागदारी ढंग में गाए जा सकते हैं । यह काव्य भांडार इतना लोकप्रिय हुआ कि घर घर में इसका गायन सुनाई देता है । शादी-विवाहों में, यात्रा-मेलों में, गाँव गाँव में, इन्हीं पदों का गायन प्रचलित हुआ, जो अब भी वैसे ही है । इन पदों की रचना सरल, सीधी सादी, उत्कट भक्ति से भरा हुवा अर्थ भाव, धुनें भी सरल, सादी, अतएव वे यदि सब जगह प्रचलित हुए तो क्या

आश्चर्य ?

रागदारी गायक-वादकों ने भी इस नये भाषा साहित्य से पर्याप्त लाभ उठाया। मंदिरों में गाये जाते हुए भजन किर्तनों को लेकर उनको रागदारी ढंग में गाते हुए ध्रुवपद गायकी उन्होंने प्रचलित की। भजन-कीर्तन एवं रागदारी ध्रुवपद गायकी में भेद यह रहा कि भजन -कीर्तन का उद्देश्य परमात्मा का नाम-स्मरण नम्रता एवं भक्तिभाव युक्त करना, यह था जब कि ध्रुवपद गायन में स्वर एवं लय के चमत्कारों का शृंगार रचना, यह उद्देश्य रहा। भजन में पुनः पुनः भगवान्नोमोच्चारण एवं भगवान् की लीलाओं का वर्णन होता है। ध्रुवपद में गीत के शब्दों को विविध स्वरालाप, गमकादि अलंकारों से एवं लयकारी से सजाना, जिससे राग तथा ताल का वैभव भली भाँति व्यक्त हो जाए। आज भी यदि हम लोग बडे बडे देवस्थानों में जा कर वहाँ के दैनिक संगीत कार्यक्रम ध्यानपूर्वक सुने तो पूर्वप्रसिद्ध, अधुना प्रसिद्ध रागों में एवं तालों में मृदंग के साथ गायन-वादन होता हुवा सुनाई देगा। सम्भव है, हमारे यहाँ के भक्तिगान एवं ग्रामीण संगीत का अभ्यास करने पर हमको कइ ग्रंथ गत विषयों पर, जो अब तक स्पष्ट नहीं हैं, प्रकाश मिले !

हमारे यहाँ के भजन-कीर्तनों में पहुत बड़ा विभाग भगवान् कृष्ण के चरित्र से सजा हुवा है। कृष्ण को परमात्मा का पूर्णावतार समझा जाता है। उसके चरित्र की, उसके बाल-लीलाओं की, जमुना-तट पर उसने की हुई खेल-कूद, जिसका उद्देश्य दुष्टों का संहार एवं दीन दुखियों की रक्षा यही था, द्वारकाधीश कृष्ण, कुरुक्षेत्र में अर्जुन को गीता द्वारा उपदेश देनेवाला पार्थसारथी, इत्यादि भूमिकाओं का एक एक घटना पर सैकडों पद, जिनमें शृंगार, वीर, करुण, हास्यादि रसोंका वैभव ओत प्रोत भरा हुवा है, भक्तों ने रचे। सूरदास, रामदास, हरिदास स्वामी, मीराबाई जैसे गायन-प्रेमी भक्तों के पद रागदारी गीतों के लिए मार्गदर्शक हो गए। रागदारी गीत-ख्याल, ठुमरी, होली-इत्यादि में यही कृष्ण-लीलाओं का वर्णन अलंकार-शास्त्र में आये हुए नायक-नायिका प्रकरण के आधार पर बँधे हुए होते हैं।

४

संगीत शिक्षा का ध्येय

संगीत व्यवसायी लोगों में संगीत अध्यापकों का स्थान बहुत ऊँचा है और उनका उत्तरदायित्व भी बड़ा गंभीर होता है । संगीत एक कला है कि जिसके आदर्श न जड़ाकृति में रहते हैं, न स्थायी हैं । अतएव सतत प्रागतिक ऐसे सूक्ष्मरूप में सन्मुख आनेवाले आदर्शों की प्रतिमाएँ ग्रहण करके उनको सदा के लिये चित्त पर मुद्रित करने का सामर्थ्य शिष्य में उत्पन्न करना अथवा उसकी सांगीतिक आन्तरिक प्रेरणा को जगाना, वह एक अति कठिण कार्य संगीत अध्यापक के सन्मुख रहता है । ऐसी परिस्थिति में, वास्तव में, संगीत अध्यापक उन्हीं को होना चाहिए जो इस गंभीर उत्तरदायित्व को समझते एवं उसकी ओर सतत जागृत रहते हों । पर प्रत्यक्ष देखा जाय तो संगीत क्षेत्र में सब से अधिक संख्या संगीत अध्यापकों की ही है । जिनमें से सचमुच योग्य अध्यापक, जो अपने कर्तव्य को ठीक समझते हों, ऐसे बहुत थोडे ही होते हैं । संगीत सीखनेवालों में, संगीत सभाओं में गाकर कीर्ति संपादन करना और उसी व्यवसाय पर अपनी उपजीविका चलाना सब को नहीं सधता । अतएव अधिकतर लोग संगीत शिक्षक का ही व्यवसाय करते हैं यद्यपि, उसमें यश प्राप्त करना इतना सुलभ नहीं है जितना कि साधारणतया समझा जाता है । संगीत अध्यापक के उत्तरदायित्व को स्वयं इस व्यवसाय को चलानेवालों में से बहुत से न भी समझते होंगे । दो तीन वर्ष की संगीत शिक्षा पा कर थोडासा स्वरज्ञान, रागज्ञान प्राप्त करके, एवं तबले की संगत में गाने बजाने का थोडासा अभ्यास करके संगीत अध्यापक बनना, आजकल कोई आश्चर्यकारक बात नहीं है । जहाँ बालबच्चों को संगीत सिखलाना केवल एक शिष्टाचार गिना जाता है, उस पर अधिक समय अथवा द्रव्य देने की आवश्यकता नहीं समझी जाती है, वहाँ ऐसे अपरिपक्व संगीत अध्यापकों को अपनी वृत्ति चलाना असंभव नहीं होता । पर जो लोग सचमुच संगीत विद्या एवं संगीत कला में विशेष प्रगति एवं प्रावीण्य का ध्येय रखते हुए संगीत सीखते हैं, उनको तो आरंभ से ही अनुभवी, दक्ष एवं क्रियासिद्ध शिक्षकों से ही संगीत शिक्षा लेनी चाहिए । नीरे संगीत सभाओं में गा कर श्रोताओं का मनोरंजन करनेवाले की अपेक्षा गायक वादक तैयार करनेवाले का ज्ञान, दृष्टिक्षेप कहीं अधिक होना चाहिए एवं उसकी क्रियासिद्धि भी उच्चश्रेणी की होनी चाहिए । जो स्वयं सुस्वर, रागशुद्धि रखनेवाला लयदार एवं व्युत्पन्न न हो वह दूसरों को किस प्रकार योग्य मार्गदर्शन कर सकता है ? शाब्दिक विवरणसे पहले तो उसको अपने शिष्यों के सन्मुख प्रत्यक्ष प्रयोग करके आदर्श रखना है । अतएव सर्व प्रथम एक संगीत अध्यापक को सुरीला एवं लयदार गायक अथवा वादक होना चाहिए । वह चाहे संगीत सभाओं में जाकर गायन वादन की दंगलें मारा हुआ न हो, पर बुद्धिमान शिष्यों के आगे एक योग्य आदर्श रूप में अवश्य हो । महफिलों में गाना बजाना, दंगलें मारना तो एक आदत की बात है । वहाँ तो विज्ञान की विशेष प्रगल्भता की आवश्यकता नहीं होती । समयसूचकता, सभाधैर्य, एक प्रकार की तात्कालिक अहंमन्यता, आढ्यताकी आवश्यकता है । थोड़ासा ही गुण हो पर अत्यधिक

आत्मविश्वास हो तो महफिलबाजी बन सकती है ।

संगीत शिक्षक के पास पुरानी परंपरागत चीजों का संग्रह पर्याप्त होना चाहिए, जो सब संगीत के अध्यापन में आधारभूत होती हैं । हमारे यहाँ प्राचीन परंपरागत संगीत शिक्षा प्रणाली में प्राथमिक शिक्षा अर्थात् सुर भरना, सीधे पलटे रटना एवं साँस बढाना, जिससे कि कण्ठस्वर में ओज, स्थिरता एवं माधुर्य आवे, इत्यादी साधने के पश्चात् परंपरागत प्राचीन संगीत प्रबंध अर्थात् चीजों की ही शिक्षा दी जाती है । एक एक राग में दस बीस पच्चीस चीजें विलंबित मध्य एवं द्रुत लय में जब तक नहीं सिखाई जाती थी, तब तक उस राग से पूरा परिचय अपने शिष्य को हुआ, ऐसा कोई भी शिक्षक मान नहीं सकता था । राग नियम, थाट, वादी, संवादी, स्वर-संगतियाँ, पकड इत्यादि का शाब्दिक वर्णन क्वचित् ही कभी किया जाता था । चीजों में रचा हुआ हर एक राग का शृंगार ही सन्मुख आदर्श करके रखा जाता था और उसी से राग का स्वरूप स्मरण में रखा जाता था । ५० वर्ष पूर्व किसी पुरानी परंपरा के गायक को राग का शाब्दिक वर्णन करने को कहा जाता तो वह साफ कह देता कि वह सब चीजों में देख लिया जाय । शब्दों से उनको बताने में वे असमर्थ थे । संगीत का शास्त्र भी और क्या होता है, अतिरिक्त इसके कि गीत प्रबंधों में सुनाई देते हुए राग के शृंगार का शाब्दिक वर्णन संगीत की परिभाषा में किया जाए !

इसी बातचीत के संदर्भ में एक घटना का मुझे स्मरण आता है । एक बडे संगीत कला कुशल सज्जन के मन में संगीत शास्त्र के प्रति बडी घृणा थी । एक संगीत शास्त्रकार से वे कह भी बैठे, "पंडितजी, इस शास्तर बास्तर को रहने दो, इसकी एक गठरी बाँधकर दर्या में फेंक दो, हमारे आगे इसकी कौड़ी की भी कीमत नहीं" । शास्त्रकार बेचारे क्या कहते ! क्यों कि वे स्वयं एक मेहमान की तौर पर उन्हीं के यहाँ स्वयं ठहरे हुए थे, जो शास्त्र से इतनी घृणा करते थे और स्वयं एक बडे आदमी थे । वे सज्जन गायक एवं वैणिक थे । कुछ समय शांत रहकर शास्त्रकार ने कुछ प्राचीन परंपरा की गायन वादन शैली में एवं प्राचीन नायकों की संगीत रचना द्वारा किसी एक लोकप्रिय राग सुनने की इच्छा प्रदर्शित की । बीनकारने तुरंत कंधेपर बीन उठाकर राग के आलाप बीन पर एवं कुछ पुरानी संगीत रचनाएँ सुनाना आरंभ किया । यह सब सुनने के पश्चात् शास्त्रकार ने उक्त राग की छानबीन उन्हीं आलाप एवं चीजों द्वारा स्वयं बीनकार से एक के पश्चात एक प्रश्न पुछना आरंभ किया । जैसे कि, उक्त राग कौन कौन से तीव्र-कोमलस्वर लगते हैं, उनमें सुरसंगतियाँ कौन कौन सी हैं, वर्ज्यावर्ज्य, आरोही-अवरोहि, प्रबल स्वर, दुर्बल स्वर, विशेष पहचान के स्वरविन्यास, इत्यादि । बीनकारनें सब के उत्तर ठीक दिए जैसे कि राग के वास्तविक स्वरूप को शाब्दिक वर्णनद्वारा दर्शाते गये । यह सब होने के पश्चात् शास्त्रकार ने कहा, हमारा शास्त्र भी तो यहीं कहता है जो आपने अभी अभी इस राग के संबंध में कृपा करके बताया था । "सचमुच !" "बीनकारने पुछा । "बिलकुल सच ? "लीजिए अभी पढ़के सुनाता हूँ," शास्त्रकार ने राग नियम का श्लोक एवं उसका अर्थ समझाया । "अरे ये तो सब हमारी ही बातें इसमें भी लिखी हुई हैं । पंडितजी, अब हम मान गए आपके शास्त्र को, क्योंकि इन्हीं पुरानी चीजों के जोर पर इन रागोंके कायदे

लिखे हुए हैं । हम भी अपने कायदे इन्हीं चीजों पर से बयान करते हैं । कहीं और से तो लाते नहीं। आपके शास्त्र में भी यही बातें बयान की हुई हैं । अब हम तो सब से शास्त्र भी देखने की सिफारिश करेंगे ।" अतएव प्राचीन आदर्शों का, पुरानी परंपरागत चीजों का पर्याप्त संग्रह एक संगीत अध्यापक के पास होना चाहिए । पुरानी संगीत शिक्षा प्रणाली में तो इन चीजों की महत्ता, कला की एवं शास्त्र की, दोनों दृष्टिओं से थी । बिना चीजों के भिन्न भिन्न नमूनों के संग्रह के राग के संपूर्ण स्वरूप की कल्पना उस समय हो नहीं सकती थी, अतएव उनकी महत्ता शास्त्र दृष्टि से थी । अतिरिक्त इसके, उच्च श्रेणी की कलाकृतियों के रूप में ये चीजें हमारी संगीत का जीवन प्रवाह ही थी । आज भी कलाकृतियों के रूप में उनका स्थान वही है जो प्राचीन शिक्षा प्रणाली में था । यद्यपि आजकल संगीत छात्रों को स्वरज्ञान, रागज्ञान, एवं कुछ ताल का अनुभव प्रथम से ही कराया जाता है एवं संगीत के सर्वसाधारण नियम तथा राग नियम समझाये जाते हैं, जिसके कारण राग नियम समझाने के लिये चीजें सीखने की आवश्यकता भी नहीं हो, तथापि कलाकृतियों के रूप में ये उत्तम आदर्श, जिनको सुनकर, कण्ठस्थ करके अपनी कल्पनाशक्ति जगाना आवश्यक होता है, संगीत शिक्षक के पास अवश्य होने चाहिए। प्रत्यक्ष कलाकृतियाँ ही तो कलावन्तों को मार्गदर्शक होती हैं ।

आज की सामाजिक, आर्थिक परिस्थिति में प्राचीन शिक्षा प्रणाली के अनुसार संगीत अध्ययन-अध्यापन लगभग असंभव ही है । किसी संगीत विद्यार्थी के पास न द्रव्य न समय है कि वह किसी उस्ताद की निग्रानी में महिनों, सालों तक स्वर ही स्वर भरे, पुर्जी पुर्जी करके एक स्थायी सीखने में हफ्ते नहीं, महिनों बिता दें । आजकल तो किसी अच्छे सुरीले शिक्षक के पास प्रारंभिक स्वर, राग तालों के पाठ लेकर उनका खूब एकाग्रता के साथ अभ्यास करके उन पर पूरा अधिकार प्राप्त करके पश्चात् अनेक गुणीजनों के पास चीजें एवं गायकियोंका अभ्यास करके गुण संपादन किया जा सकता है । ये प्राथमिक शिक्षा देनेवाले संगीत अध्यापक ही अति महत्त्व के होते हैं । शिष्य के कण्ठस्वर एवं कानों को अयोग्य मार्गपर ले जाकर बिगाडना नहीं वरन् उनमें रहती हुई संगीत ज्योति को जगाना, वह एक अतिमहत्त्वका उत्तरदायित्व संगीत शिक्षक के मत्थे रहता है । अतएव यह प्राथमिक शिक्षा देनेवाले अध्यापक स्वयं सुरीले रसिक एवं छात्र की शक्ति एवं प्रवृत्तियों को ठीक ठीक समझनेवाले ही होने चाहिए । जहाँ प्रथमतः ही छात्र के कानों में बेसुरा, बेताल, नीरस गायन वादन पडा, अयोग्य रीति से कण्ठस्वर का उच्चारण, अयोग्य रीति से शब्दोच्चार एवं तान का अभ्यास करने की, व्यर्थ जोर से चिल्लाने की आदत हुई, फिर वह छात्र संगीत में यशस्वी होना कठिन है ।

हमारे यहाँ अभीतक कण्ठस्वर के उच्चारण की शास्त्रोक्त रीतियाँ प्रचलित हुई नहीं हैं । आनुवंशिक गायक वादकों के यहाँ खरज भरना एवं साफ आकार खोलकर गाना, आरंभ में कम से सम तीन वर्ष तक केवल आलाप, छोटे, छोटे, विलंबित, मध्यलय में, राग में आते हुए स्वरों के मुक्कामों पर यथायोग्य ध्यान पहुँचाते हुए गाना, ये ही कण्ठस्वर को सुस्वर, मधुर एवं क्रियासिद्ध बनाने की रीतियाँ प्रचलित हैं । वे लोग एकदम आरंभ में ही द्रुत तानें नहीं गवाते । जबतक आलाप एवं चीजों के द्वारा राग के स्वर एवं मुकाम कण्ठ में ठीक शुद्ध नहीं

होते, कण्ठस्वर में सुस्वरता, ओज, स्थिरता एवं माधुर्य नहीं आता, तब तक उसको दौड़ भाग करवाने से कण्ठस्वर को एवं कान के सूरीलेपन को हानि पहुँचती है, ऐसी उन लोगों की दृढ़ भावना है । यह उनकी भावना यथायोग्य है । वास्तव में द्रुत लय में गाने बजाने के सामर्थ्यपर ही संगीत का माधुर्य निर्भर नहीं है, जैसा कि आजकल समझा जाता है । जिसकी तान यंत्र की भाँति अतिद्रुत लय में चलती है, तबलिये के साथ द्वन्द्व करने में जो समर्थ है, वही सब से श्रेष्ठ गायक समझा जाय, यह आवश्यक नहीं है । चाहे जितनी द्रुत तान क्यौ न हो, तबलिये को चाहे जैसे आडी चौडी लय में अपने साथ घुमाने में समर्थ क्यों न हो, यदि सूरीलापन, राग गायकी एवं चीज को सम्हाल न सके, वह गायक कभी भी श्रेष्ठ नहीं समझा जायेगा । किंबहुना रागदारी संगीत के उज्ज्वल, गंभीर, भव्य सौंदर्य को विद्रूप बनाने में एवं उसको बदनाम करने में ये ऊटपटांग तैयारियाँ पर्याप्त यशस्वी हुई हैं । जोर से धुमश्चक्री करते हुए, हाथ पैर पटकते हुए, आक्रोश करते हुए गाने को ही कुछ लोग रागदारी संगीत समझते हों, तो कोई आश्चर्य नहीं । इस दुरवस्था का कारण अपने सामर्थ्य के परे बड़े बड़े उस्तादों का केवल अनुकरण करने के प्रयत्नों में ही है। 'गणेशजी की मूर्ति, बिना मूर्तिकारकी कला सीखे, बनाने गए और निकल आया बंदर, ' यही अवस्था होती है । अतएव तैयारी यही एक ध्येय संगीत शिक्षा में होना नहीं चाहिए ।

संगीत सीखनेवालों में कई प्रकार के कण्ठस्वरवाले, कई प्रकार की श्रवण कुशग्रता वाले आते हैं । किसी का कण्ठस्वर मोटा भारी एवं ढाला होता है तो किसी और का पतला एवं उँचा होता है । उनमें स्त्री, पुरुष, बालक इत्यादि भी भिन्न भिन्न कण्ठस्वर वाले होते हैं । इन सब प्रकार के कण्ठस्वरों के-अंगस्वभाव, शक्ति, ऊँची-नीची मर्यादा पर लक्ष्य पहुँचाते हुए भिन्न भिन्न प्रकार से शिक्षा देना आवश्यक हो जाता है । इस बात पर जिस संगीत अध्यापक का ध्यान रहता है वही अपने शिष्यों को संगीत क्षेत्र में सफल पाता है । अयोग्य मार्ग से शिक्षा पाने के कारण जीवनी भर अपने कंठ स्वर का स्वाभाविक माधुर्य खो बैठे हुए संगीत विद्यार्थीओं के सैकडों उदाहरण आज भी हमारे दृष्टि पथ पर पडते हैं । कई छोटी लड़कियों ने बड़े उस्तादों का अनुकरण करने के प्रयत्न में अपने कण्ठस्वर का माधुर्य तो क्या, स्त्रीत्व भी खोया हुआ दिखाई देता है । अपने सुस्वर कोमल कण्ठ में न जँचनेवाले गमक, हलक, जबडा, तान इत्यादि का दिन प्रतिदिन अभ्यास करके कण्ठ स्वर में कर्कापन लाया हुआ कई छोटी लड़कियों के गाने में स्पष्ट होता है । उस्ताद अपने घराने की गायकी सिखा देते हैं, पर लडकी के कण्ठस्वर की जाति, उसकी शक्ति , उसकी मर्यादा न देखते हुए व्यर्थ त्वरा करके सदा के लिए कण्ठस्वर बिगाड देते हैं । हाँ, धीरे धीरे कण्ठस्वर की जाति पर योग्य लक्ष पहुँचाते हुवे, सामर्थ्य के बाहर आलाप तान लेने के प्रयत्न में कहीं बेसुरा एवं बौंगापन न आवे, इस बातपर सरर्क रहते हुए सिखाते, तो संभव है घराने की गायकी का एक हिस्सा लडकी के कण्ठ में आ जाय पर जल्दबाजी में बिगडे हुए ही कण्ठस्वर अधिक सुनाई देते हैं । फिर विशेष आश्चर्य यह है कि बेचारी शिष्या को तो शंका भी नहीं आती कि अयोग्य रीति से अभ्यास होने के कारण उसके कण्ठस्वर का सर्वनाश हुआ है । उसको उस्ताद की गायकी

हूबहू गाते आने में ही धन्यता लगती है । सुननेवालों पर चाहे जो परिणाम हो, पर "उस्ताद का रंग पूरा अपने गाने में आ गया और क्या चाहिए !" इसी विचार में वह एकचित्त हो जाती है। एक संगीत प्रेमी ने तो मुझसे एक प्रश्न पुछा, "क्यों महाराज, संगीत का ही धंधा-रोजगार करने वाले आजकल के गायकों में से सैकडा अस्सी गायकों के कण्ठस्वर मधुर क्यों नहीं होते ?" इस प्रश्न का उत्तर यही है कि तुरंत बाजी, दो ही तीन वर्ष की शिक्षा पा कर किसी प्रकार गायक नहीं तो कमसे कम संगीत शिक्षक बनने की आकांक्षा । संगीत अध्यापक स्वयं सुरीला, रसिक, अनुभवी, विचारवंत एवं दक्ष न हो तो वह शिष्यों को किस प्रकार योग्य मार्ग पर सिखा सकता है ! अर्ध कच्चे संगीत अध्यापकों के शिष्यों का गाना सुपरिणामी न हुआ तो आश्चर्य ही क्या?

निसर्गतः सांगीतिक बुद्धिवाले छात्रों के भी भिन्न प्रकार होते हैं । किसी के कान अर्थात् श्रवण कुशाग्रता अच्छी होती है, पर कण्ठस्वर अनुकूल नहीं होता । ऐसे छात्रों को प्रारंभिक शिक्षा के पश्चात् किसी वाद्य का ही अभ्यास करना चाहिए । ऐसे छात्रों को वाद्य सीखने की सूचना देना यह भी संगीत अध्यापक का एक कर्तव्य है । किसी संगीत छात्र का कण्ठस्वर अच्छा होता है तो उसमें श्रवण कुशाग्रता नहीं होती । सुरीला, बेसुरा, गाना-बजाना एवं ध्वनिरचना में कोई विशेष माधुर्य हो तो वह उसके समझमें नहीं आता है । ऐसे विद्यार्थी को तो प्रथम पर्याप्त प्रमाण में गाना बजाना सुनना चाहिए । अपने कण्ठ से एक भी स्वर निकालने से पहले उसको सुन-सुनकर अपना श्रवण सामर्थ्य बढाना चाहिए । ऐसे विद्यार्थी को सुरीला गाना बजाना सुनाने के जितने अवसर संभव हो प्राप्त कर देना, इस बात पर संगीत अध्यापक को लक्ष्य पहुँचाना चाहिए । जिस संगीत छात्र के कान भी कुशाग्र हों और कण्ठस्वर भी मधुर हो उसको संगीत क्षेत्र में यश प्राप्त करने में कोई संदेह नहीं होता । ऐसे छात्र संगीत अध्यापक के पास रख्खी हुई मौल्यवान वस्तु ही के रूप में समझना चाहिए, जिसको किंचित् भी हानि न पहुँचे, वरन् वह अपने पूर्ण तेज से प्रकाशमान हो, इस बातपर अति सावधानी रखते हुए उसको सिखाना, यह बडा भारी उत्तरदायित्व संगीत अध्यापक का होता है । छात्रों के अंगस्वभाव, उनके कण्ठस्वर का धर्म, उनकी आर्थिक; समाजिक परिस्थिति इत्यादि पर ध्यान पहुँचा कर ही उन प्रत्येक की संगीत शिक्षा का मार्ग लगाना चाहिए । वर्षानुवर्ष परिश्रम करके श्रोताओं को तो क्या, पर स्वयं अपना मनोरंजन न कर सका, तो उस संगीत विद्यार्थी को, जो वास्तव में संगीत विद्या का, संगीत कला का निःसीम भक्त करके उसकी सेवा में तन-मन-धन अर्पण किया हुआ हो तो कितनी निराशा होती होगी ! ऐसी निराशा में मरणप्राय दुःख में सदा के लिये डूबे हुए कई सज्जन मेरे देखने में आये हैं । योग्य मार्गदर्शन न होने के कारण निसर्गतः रहते हुए सांगीतिक गुणों का नाश हो कर ही रहता है, और निराशा पल्ले पडती है । अथवा कण्ठस्वर अनुकूल न हो तो किसी वाद्य पर अभ्यास करना अथवा स्वर रचना, गीत रचना करना, वाद्यवृंद चलाना इत्यादि कई विशेषज्ञता के मार्ग हमारे विद्यार्थियों के सम्मुख है, जिनमें से केवल एक ही पर अपनी अपनी परिस्थिति के अनुसार परिश्रम करके उसी में प्रावीण्य संपादन किया जा सकता है ।

५

आर्ष संगीत

आज की चर्चा 'आर्ष संगीत' पर है। 'आर्ष' शब्द 'ऋषि' से निकला है। अर्थात् 'आर्ष' यानी ऋषियों का, ऋषियोनें बनाया हुआ। संगीतशास्त्र ग्रंथों में 'आर्ष संगीत' नाम से किसी विशेष संगीत का उल्लेख नहीं है। यहाँ 'आर्ष संगीत' का अर्थ 'ऋषियों के समय का संगीत' ही लेना होगा। ऋषियों का युग, ऐतिहासिक युग से पूर्व का है। इसे वैदिक अर्थात् वेदों का युग समझा जाता है। इस युग के धार्मिक, सामाजिक सांस्कृतिक विचार-व्यवहारों के सम्बन्ध में चार वेद एवं तज्जन्य षड्दर्शन, उपनिषद्, पौराणिक कथादि वाङ्मय में जो कुछ सूचनात्मक उल्लेख मिलते हैं इन्हीं से हमें अपनी कल्पनाशक्ति के बल तत्कालीन संगीत से, जैसा, जो कुछ हो सके, परिचय कर लेना होगा।

भरतनाट्यशास्त्र हमारा सब से पुराना ग्रंथ है कि जिसमें संगीत के सम्बन्ध में कुछ चर्चा की गई है। इससे भी प्राचीन कोई ग्रंथ हो तो वह आज उपलब्ध नहीं है। वास्तव में यह ग्रंथ भी संगीत पर विशेष नहीं है। यह नाट्यकला को समझाने वाला ग्रंथ है। उस में संगीत की चर्चा, संगीत को नाट्य का ही एक अंग समझ कर की गई है। इस में समझाया हुवा संगीत अधिकतर शब्दप्रधान, प्रासंगिक, नाटकों में आते हुए दृश्यों से सम्बन्धित, ऐसा है। 'राग' कि जिसे हम लोग आज हमारी संगीत का प्राण समझते हैं, भरत नाट्यशास्त्र में नहीं है। विद्वानों का मत है कि भरत के समय में, 'राग'-अर्थात् संगीत की परिभाषा में जिस वस्तु को 'राग' कहते हैं सो-प्रचार में आये नहीं थे। भरत के पश्चात् के ग्रंथों में, बृहद्देशी, रागार्णव, संगीत मकरंद, रत्नाकर इत्यदि सब में मुख्यतः राग ही समझाये गये हैं।

भरतनाट्यशास्त्र वेदकाल की अपेक्षा बहुत अर्वाचीन है। इतिहास संशोधकों नें इस ग्रंथ का समय ईसवी २ री से ५ वीं सदी तक कहा है। वेदकाल इसवी सदीं के पूर्व ४-५ हजार वर्षो तक निश्चित किया गया है। संभव है, अधिक संशोधन के फलस्वरूप यह काल और भी इससे प्राचीन प्रतीत हों !

वेदकालीन संगीत को गान्धर्व, मार्गसंगीत कहा गया है जिसका उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, वरन् आत्मिक उन्नति था। संगीत की उत्पत्ति के सम्बन्ध में भरत मुनि कहतें हैं :-

एवं संकल्प्य भगवान् सर्ववेदाननुस्मरन्।
नाट्यवेदं ततश्चक्रे चतुर्वेदांगसंभवम्॥
जग्राह पाठ्यमृग्वेदात् सामभ्यो गीतमेवच।
यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि॥

अर्थात् ब्रह्माजी नें सर्व वेदों का मनन कर के ऋग्वेद से भाषा, सामवेद से स्वर, यजुर्वेद से अभिनय एवं अथर्व वेद से रसशास्त्र उत्पन्न करके यह नाट्य वेद, जिसमें चारों वेदों के

अंग संकलित हैं, निर्माण किया ।

यदृच्छा से उत्पन्न होनेवाली सब वस्तुओं को हम लोग ब्रह्मलिखित कहते हैं । इसका भावार्थ यही है कि किसी एक व्यक्तिनें संकल्पपूर्वक, हेतुपूर्वक वह वस्तु निर्माण नहीं की । वस्तुस्थिति एवं मनुष्य स्वभाव के फलरूप अपने आप अस्तित्व में आनेवाली ये वस्तु होती हैं । अस्तु ।

पं. शाङ्र्गदेव संगीत रत्नाकर में गान्धर्व की परिभाषा इस प्रकार करते हैं :-

अनादिसंप्रदायं, यद्गंधर्वै संप्रयुज्यते ।
नियतं श्रेयसो हेतुस्तद्गांधर्वम् जगुर्बुधाः ॥

अर्थात, जिसकी परंपरा अनादि है यानि किसनें, कब, कैसे उसको उत्पन्न किया सो कहा नहीं जा सकता, जिसका प्रयोग गंधर्व अर्थात् स्वर्गीय गायक करते थे और जिससे अवश्यमेव आत्मिक उन्नति होती है, ऐसा जो संगीत सो गांधर्व ।

रत्नाकर के टीकाकार कल्लिनाथ इसको वेदों की भाँती अपौरुषेय अर्थात् ईश्वर निर्मित मानते हैं । यही कल्लिनाथ गांधर्व को मार्ग संगीत ही समजना चाहिए, ऐसी सूचना अपनी टीका में करते हैं, यद्यपि स्वयं, शाङ्र्गदेव ने ऐसा कहीं नहीं कहा है । शाङ्र्गदेव मार्गसंगीत की परिभाषा इस प्रकार करते हैं : -

यो मार्गितो विरिंच्याद्यैः प्रयुक्तो भरतादिभिः ।
देवस्य पुरतः शंभोर्नियताभ्युदयप्रदः ॥

अर्थात, मार्ग संगीत वह संगीत है, जिसको देवतादिकों नें संशोधित कर के शास्त्रबद्ध किया, जिसका प्रयोग भरतादिकों नें शिवजी के सन्मुख किया और जिस से अवश्यमेव अभ्युदय प्राप्त होता है ।

गांधर्व तथा मार्ग संगीत की तुलना करते हुवे कल्लिनाथ का इन दोनों को एक ही भावार्थ में समझना ठीक प्रतीत होता है ।

मार्ग धातु का अर्थ अन्वेषण यानि खोज, संशोधन, तलाश, इत्यादी होता है । 'मृग' शब्द से यह धातु उत्पन्न हुवा है । शिकारी हिरन का पता उसकी पगडंडियों से लगाते हुए उसका पीछा करता है और उसकी प्रगति की दिशा की खोज करता है, उसी को मार्ग कहते हैं । यही शब्द पर्याय से राह, रास्ता, पताह् इत्यादि अर्थ में रूढ हुवा है । मार्ग संगीत की परिभाषा में उसको विरिंच्याद्यैः, अर्थात् ब्रह्मादिकों द्वारा संशोधित, केवल ब्रह्माजी द्वारा नहीं, तो और भी विभूतियों द्वारा संशोधित, माना गया है । केवल ब्रह्माजी द्वारा संशोधित होता तो उसको वेदों की भाँती अपौरुषेय माना भी जा सकता था, क्यों कि वेदों की उत्पत्ति ब्रह्माजी के चार मुखों से मानी गई है और फिर भी वे अपौरुषेय कहलाते हैं । ब्रह्माजी मनुष्यातीत कोटि के माने जाते हैं, अतएव वेदों का अपौरुषेयत्व माना जाता है । गंधर्वों में हाहा, हूहू, कंबल, अश्वतर;

ऋषि-मुनिओं में नारद, तुम्बुरु, हनुमान, भरत, दत्तिल, कोहल, याष्टिक, कश्यप, मतग्ङ तथा अन्य विभूतियों में रावण, अर्जुन, यह सब संगीत के बडे ज्ञाता माने गए हैं । इन में से नारद, भरत, दत्तिल, कोहल तथा मतङ्ग के ग्रंथ उपलब्ध हैं । पौराणिक नारद एवं हनुमान्जी यह दोनों व्यक्ति ग्रंथकार नारद एवं हनुमन्मत के प्रचारक हनुमानजी से भिन्न होंगे, ऐसा विद्वानों का मत है । अस्तु ।

गांधर्व तथा मार्ग संगीत का फल एक ही है । गांधर्व को 'नियतं श्रेयसो हेतुः' तथा मार्ग संगीत को, नियताभ्युदयप्रदः ' कहा गया है । दोनों का फल आत्मिक उन्नति (Spiritual Strength) है । गांधर्व का प्रयोग गंधर्व, अप्सराओं नें किया, मार्ग संगीत का प्रयोग भरतादिकों नें किया, गांधर्व की परिभाषा में उसके शास्त्र का उल्लेख नहीं है, मार्ग संगीत के नाम ही में उसके शास्त्रबद्ध होने की सूचना है ।

अब इस चर्चा का व्यावहारिक दृष्टि से विचार करें । अपौरुषेय का अर्थ अपने आप उठा हुवा, स्फूर्तिजन्य, संकल्प पूर्वक नहीं, ऐसा होता है । किसी एक व्यक्ति द्वारा हेतु पूर्वक, विचार पूर्वक बनाया हुवा नहीं वरन् अनेक व्यक्तिओं की स्फूर्ति का, समयानुसार प्रसंगानुसार, मनोवृत्ति के अनुसार, फलरूप हो कर प्रचार में आया हुवा; उस प्राचीन कला के प्रभावशाली, प्रतिभाशाली, शक्तिशाली, गंधर्वो के मधुर कण्ठ स्वर से जिसका आविष्कार हुवा, ऐसा जो संगीत सो गांधर्व । वास्तव में हमारे वेद भी तत्कालीन विभूतियों के स्फूर्तिजन्य उद्गारों का एक अथाह संग्रह ही तो है ! अपने जीवन में जिस किसी महात्मा को जो जो अनुभव धार्मिक, सामाजिक, व्यावहारिक एवं नैसर्गिक बाबतों में आये सो ही उसनें अर्थपूर्ण सूत्रात्मक उक्तियों द्वारा प्रकट किये । यही वाक्य अधिकार वाणी का सम्मान पा कर, त्रिकालाबाधित तत्वों को समझाने वाले सूत्र, मंत्र, ऋचा, जो कुछ कहिए, उनके रूप में हमारे यहाँ के ज्ञानकोष के आधार बन गये । यही ज्ञानकोष हम 'वेद' इस नाम से मानते हैं । इसी प्रकार गांधर्व का भी अपौरुषेयत्व समझना चाहिए ।

मंत्र विद्या का प्रभाव इस युग में भी हम लोग कभी कभी देखते हैं । मंत्राक्षरों में अद्भुत शक्ति होती है, यह विश्वास आज भी हम लोगो में है । सूर्य नमस्कारों के साथ 'ॐ ह्राम्, ॐ ह्रीम, ॐ ह्रूम' इत्यादी अक्षरों का उच्चार करने की प्रथा है । क्यों कि इन अक्षरों में ओज है और उनके उच्चरण से हमारे समस्त शरीर में एक शक्तियुक्त ज्योति सी प्रज्वलित होती है, ऐसा हम लोग मानते हैं । हो सकता है कि गांधर्व में भी ऐसी ही कुछ अद्भुत शक्तियाँ रही हों । वरन् अक्षरों की अपेक्षा मधुर कण्ठ से निकले हुवे सुस्वर आलाप अधिक प्रभावशाली होंगे, ऐसा कोई कहे तो आश्चर्य नहीं ।

गांधर्व का शास्त्र जो कुछ हो उसका कोई विशेष ग्रंथ तो उपलब्ध नहीं है । सामगान पर लिखे हुवे शिक्षा ग्रंथों में अंशतः गांधर्व का शास्त्र पाया जा सकता है, अनेक महान् आचार्यो एवं ऋषिमुनियों ने वेदमंत्रों के शुद्ध उच्चारण समझाते हुए ये शिक्षाएँ बनाई हैं । इनमें हमारी वर्णमाला में आते हुए प्रत्येक स्वर तथा व्यञ्जन का उच्चार, कण्ठ तथा मुख के किस स्थान

से होना चाहिए, अनुस्वार, युक्ताक्षर, विसर्ग, आदि का परिणाम अन्य अक्षरों पर क्या होता है और उस परिणाम के अनुसार उन अक्षरों के उच्चार कैसे करने चाहिए, मंत्रों में आनेवाले कण्ठ स्वर के चढाव, उतार , एवं ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत इत्यादि बातों की चर्चा है । परन्तु यह सब बातें क्रियात्मक है और उनके प्रयोगों के साथ उनका स्पष्टीकरण होना चाहिए । अल्प प्राण, महा प्राण, घोष, अघोष, विवाद संवाद, आभ्यन्तर प्रयत्न, बाह्य प्रयत्न इत्यादि परिभाषा अक्षरों के सम्बन्ध में, उदात्त, अनुदात्त तथा स्वरित इन स्वरों के सम्बन्ध में, ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत यह कालमान के सम्बन्ध में जब तक यथा योग्य रीतिसे सप्रमाण, सप्रयोग समझाये नहीं जायेंगे तब तक सामगान की यथार्थ कल्पना करना कठिन ही है । सामगान करनेवालों में से जो भी कोई आज जीवित हैं वे इन बातों पर प्रकाश डालने में असमर्थ प्रतीत होते हैं । उनके गायन से भी सामगान के मूल सिद्धान्तों का पता नहीं चलता ।

सामवेद गेय अर्थात् गाया जानेवाला वेद है । जैमिनी सूत्र में 'साम' शब्द का अर्थ 'गीतिषु सामारख्या' कह कर गायन ही समझाया गया है । छान्दोग्य उपनिषद में भी शिक्कादि संवाद में 'का साम्नोगतिः ?' यह प्रश्न कर के उसका उत्तर स्वर दिया गया है । इसी प्रकार बृहदारण्यक में 'तस्य ह एतस्य साम्नः यः स्वं वेद भवति, ह अस्य स्वं तस्य स्वर एव स्वं' यह विधान है । साम विधान में 'स्वरो वाव साम्नः स्वम्, क्रुष्टादि भेद भिन्नः स्वर एव सान्मः स्वम्' अर्थात्, क्रुष्ट प्रथम इत्यादि भेदों में स्वर ही साम वेद का स्वरुप है । सूत्र व्याख्यान में यूँ कहा गया है :-

"सामवेदे संति सहस्त्रं गीत्युपायाः । आह कतमे ते गीत्युपाया नाम ? उच्यते गीतिर्नाम क्रियाहि आभ्यन्तरजन्या स्वरविशेषाणामभिव्यज्जका सामशब्दाभिलष्या, सा नियतप्रमाणायाम् ऋचिगीयते । तत्संपादनार्थोऽयं ऋगक्षरविश्लेषः विकर्षणम्, अभ्यासः विरामः स्तोभः इत्येवमादयः सर्वे सामवेदे सामान्मायन्ते ।

अर्थात्, सामवेद में अधिक तर ऋग्वेद के ही कुछ मंत्र कण्ठ स्वर के यथायोग्य प्रमाण में उतार चढाव एवं अक्षरों का तोडना, लम्बाना, दोहराना, विश्रांति. इत्यादि क्रियाओं के सहित पढे जाते हैं । अर्थात् ऋग्वेद के कुछ मंत्र ले कर उनको पूर्वाचार्यों के बांधे हुए नियमानुसार सुस्वर आलापों के साथ गाना, यही सामगान है । गायन करते हुवे मंत्राक्षरों का तोड़ना मरोड़नः उस समय में ही भी मान्य था । गायन में शब्दों को सुनने वाले कवि तथा काव्य लोलुप रसिकोंको मैं साम संहिता उठाकर उसमें ऋचाओं के अक्षरों का एवं शब्दों का स्वरूप क्या से क्या हो गया है सो देखने की सूचना अवश्य देना चाहता हूँ । अस्तु ।

इन उक्तियों से सामवेद गेय अर्थात् गाया जानेवाला था यह तो सिद्ध हुवा । सामवेद में आनेवाले स्वरों को 'यम' कहते हैं । यह उतरती श्रेणी में क्रमशः क्रुष्ट, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, मन्द्र तथा अतिस्वार्य कहलाते हैं । इनमें से 'प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ' ये पहले प्रचार में आये होंगे । पश्चात् क्रुष्ट यानि सब से ऊँचा तथा मन्द्र नीचा और अतिस्वार्य ये और तीन जोड़ दिये गए होंगे, ऐसा कुछ विद्वानों का मत है । यमों के नाम तो उपलब्ध हैं परन्तु

क्रुष्ट, प्रथम इत्यादि स्वर आपस में क्या ध्वन्यन्तर रखते थे, अर्थात किसी एक ऊँचे स्वर को यदि क्रुष्ट माना जाय तो उससे कितना नीचे प्रथम, प्रथम से कितना नीचे द्वितीय इत्यादि अन्तिम अतिस्वार्य तक इनके वास्तविक ध्वनिस्थानों के सम्बन्ध में हम लोगों को कुछ ज्ञान उपलब्ध नहीं है। वर्तमान सामपाठियों से जो कुछ सामगायन सुनने में आता है उससे यह नहीं विदित होता है कि वे लोग कोई विशेष निश्चित स्वरान्तरों को, किसी विशेष स्वरग्राम में गाते हैं। हाथ की उंगलियों पर तो ये स्वर ठीक बताये जाते हैं। परन्तु गले में कौन से और कैसे स्वर निकाल रहे हैं, उनके ध्वन्यन्तर ठीक रहते हैं या नहीं इस बात पर कोई विशेष ध्यान दिया जाता हो, ऐसा नहीं जान पडता। ऋग्वेद के पाठ में उदात्त, अुनदात्त तथा स्वरित अर्थात् कण्ठ स्वर का चढाव, उतार तथा इन दोनों का जोड़ ये केवल तीन क्रियाएँ रहती हैं। इनमें आपस में कोई निश्चित ध्वन्यन्तर होते थे, यह नहीं कह सकते। संभव है किसी विशेष ध्वन्यन्तर के प्रमाण में नहीं वरन् वैसे ही कण्ठ स्वर को चढा उतार कर ये मंत्र पढे जाते होगें। वर्णोच्चारो के तथा उनके ह्रस्व, दीर्घ, वृद्ध इत्यादि कालावकाशों के नियम अवश्य अनुल्लंघनिय थे। परन्तु चढाव उतार के ध्वन्यन्तर निश्चित न होगें। सामवेद में ध्वन्यन्तर और बढ गये और उनको यम नाम से कहा जाने लगा। मैंने अभी बताया है कि इनके भी ध्वन्यन्तरों का निश्चित रुप से पता नहीं चलता। सामगायन के शतशः पाठ भेद होते हैं जिससे अनेक शाखाएँ सामपाठियों की बनी हुई होती हैं। एक ही मंत्र विविध शाखाओं के सामवेदी विविध रीतियों में पढने लगते हैं तब श्रोता को वास्तविक रुप का बोध होना असंभव प्राय हो जाता है। ध्वन्यन्तरो की यथायोग्यता पर स्वयं सामवेदी तो अपनी परम्परागत शैली में मंत्र पढने के अतिरिक्त कोई प्रकाश डालने में असमर्थ रहते हैं।

सामगायन के सात प्रकार थे। इनके नाम क्रमशः १) गायत्र गायन २) आग्नेय गायन ३) ऐन्द्र गायन ४) पावमान ५) याँचवे में अर्क पर्व, द्वन्द्व पर्व तथा व्रत पर्व ये तीन उपभेद ६) शुक्रिय गान तथा ७) महानाम्नी, इस प्रकार हैं। इन प्रकारों में से पहिले चार प्रकार सर्वसाधारण समाज में गाये जा सकते थे जिससे उनको ग्रामगेय कहते हैं और शेष प्रकार आरण्यक, अर्थात् एकान्त में पढने और पढाए जानेवाले थे।

ऊपर बताये हुए सात यमों के अतिरिक्त और भी आठ स्वरान्तर प्रत्युक्रमः, अतिक्रमः, कर्षणः, स्वारः, विनतः, प्रणतः, उत्स्वरितः एवं अभिगीतः नाम के, सामगायन में आते हैं।

सामगायन यज्ञ में किया जाता था। इसके गाने वाले को उद्गाता कहते थे। उसके साथ और भी गानेवाले एवं वैणिक भी, संभवतः सुर छेडनेवाले होते थे। सामगायन का उद्देश्य ऋग्वेद के मंत्रों से निमंत्रित देवताओं का अवांतर भोज्य वस्तुओं के साथ सुस्वर गायन का भी उपहार सादर करना होता था।

इन सब बातों से यह सिद्ध होता है कि सामगायन पर्याप्त नियमबद्ध था। इसी सामगायन से उस वस्तु की कि जिसे हम संगीत कहते हैं, उत्पति हुई।

सामवेदादंगीतम् संजग्राह पितामहः।

अर्थात् - सामवेद से ही ब्रह्मानें संगीत निर्माण किया, इस उक्ति को हमारे शास्त्रकार प्रामाणिक मानते चले आये हैं । यही मार्ग संगीत है । सामगायन तो धार्मिक उत्सवों में किया जाता था । परन्तु साथ ही साथ लौकिक जीवन में भी गायन होता रहा । उस प्राचीन समय में भी प्रत्येक मनुष्य के आजन्ममरणान्त जीवन में होनेवाले सब संस्कारों में संगीत तो अवश्य होता था । कौटुम्बिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय समारंभो में कोई भी बिना संगीत के न था । यह संगीत काव्यच्छंद, नाटकादिकों ये गाये जाने वाले ध्रुवागीत, आर्यागीति, प्रबन्ध, वस्तु, रूपक, अष्टपदियाँ, मंत्रपुष्पांजलियाँ, देवतास्तोत्र, आरतियाँ, मंगलाष्टकादि, आशीर्वादात्मक गीत इत्यादि के रूप में प्रचलित था । यह संगीत अधिकतर शब्द प्रधान था । शब्दों में व्यक्त की हुई भावनाओं के अनुरूप उनके स्वरकरण भी होंगे ऐसा समझें तो बाधा नहीं । इन स्वरकरणों पर अर्थात् गानों के ध्वन्यात्मक भाग पर जब विचार दौड़ने लगे तब संगीत का स्वतंत्र शास्त्र बनने लगा । उस समय में जो जो विचार व्यवहार गायन वादन के सम्बन्ध में प्रचलित थे उनका संग्रह कर के उनकी क्रमबद्ध प्रणाली बन गई, जिसे शाङ्र्गदेवादिकोंने मार्ग संगीत कहा है ।

सामगायन में क्रुष्ट, प्रथम, द्वितीय इत्यादि नाम, स्वरों के, उतरते क्रम में थे । संगीत के स्वर चढते क्रम में षड्ज ऋषभ, गांधार इत्यादि नाम के हैं । यह नाम तो सर्व प्रसिद्ध हैं; परन्तु इनके उस प्राचीन समय के परस्पर ध्वन्यन्तर क्या थे, यह भी एक बडा प्रश्न है । कुछ ग्रंथकारों ने सामगायन के यम एवं संगीत के स्वरों की तुलना की है । नारदीशिक्षा में "यः सामगानां प्रथमः स वेणोर्मध्यमः स्वरः । अर्थात् सामगायकों का जो प्रथम वही वेणु यानि बीन पर मध्यम नाम से प्रसिद्ध है " ऐसा विधान किया गया हैं । बीन का अर्थ वीणा नहीं, बीन नाम का फूँक का बाजा होता है । इस प्राचीन वेणु का वर्णन, वेणु नाम से किया हुआ, उसकी लम्बाई उसके स्वरोत्पादक छिद्रों के अन्तर इत्यादि के नाप किसी ग्रंथ में मिलते नहीं । कई प्रकारके फूँकके बाजोंका वर्णन, नाप, इत्यादि मिलते हैं । परन्तु वेणु का वर्णन नहीं मिलता । आज कल तो हम सपेरे की पुंगी को बीन कहते हैं । परन्तु यह तो एक ग्रामीण वाद्य है । उसमें चार से अधिक स्वर मैंने नहीं सुने । वेणु का अर्थ बाँस होता है । बाँस के किसी बाजे को वेणु कहते थे ऐसा ज्ञान पड़ता है । संभव है, ऐसी ही कोई पुंगी अथवा पाँवा उस समय प्रचलित हों; जिसका उल्लेख नारद करते हैं । नारद मुनि का यह भी एक श्लोक है, जिसमें वे कहते हैं :-

उदात्ते निषादगांधारावनुदात्तेऋषभधैवतौ ।
स्वरित प्रभवाह्येते षड्जमध्यमपंचमाः ॥

अर्थात्, निखाद गांधार उदात्त से, ऋषभ धैवत अनुदाक्त से तथा षड्ज, मध्यम, पंचम, स्वरित से उत्पन्न हुवे हैं ।

प्राचीन संगीत के स्वरग्राम अर्थात् शुद्ध-स्वर-सप्तक का निश्चय अभी तक हो नहीं पाया है । भरत-शाङ्र्गदेव स्वरान्तरों के नाप श्रुति नामक सूक्ष्म ध्वन्यन्तरों द्वारा देते हैं । स्वयं श्रुति का नाप, उनके समय में प्रचलित दो ग्रामों के, अर्थात् षड्जग्राम तथा मध्यमग्राम के पंचम

स्वरों का ध्यन्यन्तर बताते हैं । यह दोनों ग्राम आज प्रचार में नहीं हैं । अतएव इनके पंचमों का आपस का ध्यन्यन्तर निश्चित किया नहीं जा सकता । जान पडता है कि श्रुति भी कोई निश्चित प्रमाण का ध्वन्यन्तर न होगा । स्वरान्तरों के विषय में भरत का यह श्लोक सब ग्रंथकार प्रामाणिक मानते हैं :-

चतुश्चतुश्चतुश्चैव षड्जमध्यमपंचमाः ।
द्वे द्वे निषादगांधारौ त्रिस्त्रीऋषभधैवतौ ॥

अर्थात् - षड्ज, मध्यम, पंचम ये चार चार श्रुति के, धैवत-ऋषभ ये तीन तीन श्रुति के एवं गंधार निखाद ये दो दो श्रुति के स्वर हैं । इसको इस प्रकार समझना चाहिए । किसी एक स्वर पर षड्ज बांध कर उसके आगे दो सूक्ष्म ध्वन्यन्तर गा कर तीसरे पर ऋषभ, ऋषभ से आगे एक सूक्ष्म ध्वन्यन्तर गा कर दूसरे पर गांधार, गांधार के आगे चौथे पर मध्यम, मध्यम के आगे चौथे पर पंचम, पंचम के आगे तीसरे पर धैवत, धैवत के आगे दूसरे पर निखाद एवं निखाद के आगे चौथे पर तार सप्तक का षड्ज, इस प्रकार षड्जग्राम की स्वरावली थी । इसमें 'नि से सा, ग से म एवं म से प' - ये चतुःश्रुतिक, 'सा से री एवं प से ध' - ये त्रिश्रुतिक तथा 'री से ग और ध से नि' - ये द्विश्रुतिक, ऐसे तीन प्रकार के स्वरान्तर निश्चित होंगे यानि नि से सा जितना ऊँचा होगा उतना ही ऊँचा ग से म और उतना ही ऊँचा म से प होगा ।

मध्यमग्राम में म और प का स्वरान्तर तीन श्रुति का और प से ध का अन्तर चार श्रुति का था । बस यही भेद षड्जग्राम से मध्यमग्राम का था ।

प्राचीन संगीत की प्रणाली ग्राम, मूर्छना, जाति की थी । तीन ग्राम षड्जग्राम, मध्यमग्राम एवं गांधार ग्राम-ऐसे तीन स्वर स्वप्तकों का उल्लेख ग्रंथकार करते हैं । इन तीन ग्रामों में से गांधारग्राम ग्रंथकारों के समय तक लुप्त हो चुका था । केवल षड्जग्राम व मध्यमग्राम ये दो ही प्रचार में थे । इन्हीं दो ग्रामों में से, उनके सात स्वरों में से, प्रत्येक स्वर से उठ कर पूरा एक सप्तक गाते हुए आरोह अवरोह करने पर प्रत्येकशः सात सात मूर्छनाएँ होती थीं । मूर्छनाएँ भी स्वर-सप्तक ही थे । भिन्न भिन्न स्वरों से उठने पर स्वरान्तरों का क्रम बदल जाता था जिससे विविध मेल उत्पन्न होते थे । हमारी वर्तमान संगीत प्रणाली में ये ग्राम नहीं है । हमारे शुद्ध स्वर सप्तक में 'सा से री, म से प तथा प से ध, यह चतुःश्रुतिक, 'री से ग तथा ध से नि' यह त्रिश्रुतिक एवं 'ग से म तथा नि से सां' यह द्विश्रुतिक स्वरान्तर हैं ।

मार्ग संगीत में जातियाँ नामक स्वर-रचनाएँ प्रचलित थीं । ये जातियाँ तालबद्ध स्वर-रचनाएँ थीं । जिनको हम लोग आजकल चाल, तर्ज समझते है उसी अर्थ में ये थीं । देवालयों में, यात्राओं में, सामाजिक उत्सवों में कुछ सर्व प्रचलित लोकप्रसिद्ध तर्जो पर गीत गाए जाते थे । यही तर्जे जातियों के नाम से शास्त्र में बताई गई हैं । गान की भिन्न भिन्न शैलियाँ भी उस समय में प्रचलित हुई जिनको गीतियां कहते हैं । भरत नें चार गीतियां मागधी, अर्ध मागधी, सम्भाविता तथा पृथुला-बताई हैं । रत्नाकर में गीतियां पाँच बताई हैं जिनके नाम शुद्धा, भिन्ना, गौडी, वेसरा तथा साधारणी, इस प्रकार हैं । हमारें आजकल के संगीत के जीवभूत राग जातियों

से स्वर एवं गीतियां से गाने की शैली लिए हुए बने थे । ग्राम, मूर्छना, जाति गीति, ध्रुवा, कपाल, कम्बल, वस्तु, रूपक, प्रबन्ध, काव्यछंद, गीतछंद, इत्यादि यह सब बातें मार्ग संगीत के अंतर्गत आती हैं । मार्ग संगीत में राग आते थे. ऐसा मतङ्ग शार्ङ्गदेवादिकों नें अपनें ग्रंथों में लिखा है । इन रागों के छः प्रकार-ग्रामराग, उपराग, राग, भाषा, विभाषा तथा अन्तरभाषा-इन नामों से समझाए गये हैं । परन्तु भरत के नाट्यशास्त्र में उनका कोई उल्लेख नहीं है । सम्भव है कि भरत के समय राग अस्तित्व में आये भी हों तो उनके प्रयोग नाटकों में न होते हों, न वे विशेष प्रचलित हुए हों । अतएव उन्होंनें उनको हल्के-फुल्के गाने समझकर छोड़ दिये हों !

वाद्य के चार प्रकार ग्रंथों में बताए गए हैं, जिनके नाम तत, अवनद्ध, सुषिर तथा घन-इस प्रकार हैं । तत वाद्य का अर्थ तंतुवाद्य अर्थात् तना हुआ तार, रेशम का दोरा, अथवा ताँत इत्यादि का बना हुआ वाद्य । अवनद्ध वाद्य का अर्थ लकडी, मिट्टी का कुंडा किसी आकृति का जिस पर पतला चमड़ा मढ़ा हुआ हो । यह वाद्य ताल बजाने के लिये होता है । फूँक से बजनेवाले सब वाद्य सुषिर वाद्य कहलाते हैं । धातु का, लकड़ी का टुकड़ा किसी आकृति का जिस पर हथौड़े से आघात करने पर लम्बी, सुस्वर ध्वनि निकलती है. वह घन वाद्य । शंख, डमरू अथवा हुडुक तथा थाल ये सब प्राचीन वाद्य हैं । इनमें से किसी में एक से अधिक स्वर नहीं निकलते । धनुष्य के दोरी के टणत्कार से तंत्री का अर्थात् तने हुए सूत्र की कल्पना उत्पन्न हुई और उसी से तंतुवाद्य एवं एकतंत्री, त्रितंत्री, सप्ततंत्री, किन्नरी इत्यादि विविध प्रकार की वीणायें उत्पन्न हुई । डमरू के पश्चात् डफ और अंत में मृदंग अथवा मर्दल उत्पन्न हुए । सुषिर वाद्यो की कल्पना तो शंख से ही उत्पन्न हुई है । शंख के बाद शृंग, जंगली म्हैसे के सींघ क्वचित् पोली हड्डियों का भी सुषिर वाद्य समझकर उपयोग होता था । परन्तु इनमें एक ही एक स्वर बडा बुलंद बज सकता था । इनका उपयोग रणक्षेत्र पर ब्यूगुल की भाँति सैनिकों को जगाने को, उनमें वीरश्री उत्पन्न करने के लिए ही होता था । शिवजी के हाथ में डमरू तथा सींघ यह दो बाजे होते हैं । परन्तु अनेक स्वरों में बजनेवाले सब से पुराने फूँक के बाजे, उदाहरणार्थ, वंश वाद्य, बीन, बाँसुरी, पुंगी इत्यादि बाँस के ही बने हुए थे । उनके बाद फिर धातु की, लकडी की, नलिकाएँ बनने लगीं । घन वाद्यों में थाल, घंटा, झांझ, करताल घुंघरू यह उत्पन्न हुए । इन सब वाद्यों में तंत तथा सुषिर ये स्वर वाद्य तथा अवनद्ध और घन ये ताल वाद्य हैं ।

(अखिल भारतीय आकाशवाणी के सौजन्य से)

६

हिन्दुस्तानी संगीत की स्वरलिपि

श्रीकृष्ण नारायण रातनजनकर, बी. ए. संगीताचार्य

हिन्दुस्तानी संगीत स्वरलिपी की पद्धति कोई नई वस्तु नहीं है । वैदिक वाङ्मय में मंत्र पढने में आवाज की उच्चनीचता अर्थात् उदात्त अनुदात्त के चिन्ह लिखे ही नहीं जाते थे वरन् हस्त संकेत में भी होते थे षड्ज, ऋषभ, गाँधार, मध्यम, इत्यादि सप्तस्वरों के नाम छोटे करके उनको स, रि, ग, म, इत्यादि कहना भी एक स्वर संकेत (स्वरलिपी) की ही प्रणाली है । जबसे षड्ज, ऋषभ, इत्यादि संज्ञायें प्रचार में आई तभी से संगीत ग्रन्थों में उनको छोटा करके स, रि इत्यादि छोटे नामों से पुकारने लगे । उनके शुद्ध विकृत भेदों के लिये कोई चिन्ह ग्रन्थों में नहीं होते थे । इसका कारण यह है कि स्वर 'रागों' में या 'जातियों' में आते हैं । प्रत्येक 'जाति' के स्वरों की शुद्ध-विकृत अवस्थायें जाति के ग्राम मूर्छना अथवा राग के 'मेलों' से निश्चित होती थी । अतएव उनको और विशेष चिन्हों की आवशयकता न थी । इसका उदाहरण यों समझिये कि 'बागेश्री' 'काफी' मेल से उत्पन्न हुआ है इतना कहने से ही उसमें गंधार, निषाद कोमल एवं बाकी सब स्वर शुद्ध निश्चित मान लिये जाते थे । गंधार निषाद को उनकी कोमल अवस्था दिखलाने के लिये विशेष चिन्ह न थे । इसी लिये पुराने ग्रन्थों में विकृत स्वरों के लिये चिन्ह नहीं है ।

संगीत रत्नाकर में मन्द्र तथा तार सप्तक के स्वरों के लिये चिन्ह हैं, मन्द्र स्वरों के ऊपर बिन्दी होती है एवं तार स्वरों के ऊपर एक खडी लकीर होती है । गीत के शब्द के अन्तिम स्वर के ठहराव के लिये उसके आगे पूज्य दिया जाता है । एक मात्रा के अवकाश में आने वाले अनेक स्वर एक साथ छोटे अक्षरों में लिखे जाते हैं रत्नाकर के स्वराध्याय में सातवें जाति प्रकरण में "पंचमी" नाम की जाति का गीत ऐसे लिखा गया है :

पा धनि नी नी मा नी मा पा ह र० मू ० र्ध जा ० न	१	गा गा सा सा मां मां पां पां नं म हे ० श म म र	२
पां पां धां नीं नीं नीं गा सा प ति बा ० हु स्तं ० भ	३	पा मा धा नी निध पा पा पा न म नं ० तं० ० ० ०	४
पा पा री री री री री री प्र ए मा ० मि पु रु ष.	५	मां निंग सा सध नी नी नी नी मु ख० प द्म० ० ल ० क्ष्मी	६
सा सा सा मा पा पा पा पा ह र मं ० बि का ० प	७	धा मा धा नी पा पा पा पा ति म जे ० यं ० ० ०	८

इस उदाहरण से स्पष्ट है कि गीत के शब्द नीचे और स्वर ऊपर लिखे हुये हैं । पूरे एक मात्रा अवकाश के स्वर दीर्घ लिखे गये हैं जैसे सा, री, गा, मा इत्यादि । आधे मात्रा अथवा उससे भी कम अवकाश के स्वर ह्रस्व लिखे जाते है जैसे धनि, निध, सध इत्यादि । मन्द्र स्वर ऊपर विन्दी देकर लिखे गये हैं और तार स्वर ऊपर खडी लकीर देकर लिखे

हुये हैं ।

ग्रनथों में ताल की मात्रायें, उनके हिस्से एवं आधार जैसे द्रुत, लघु, गुरु, प्लुत इत्यादि के भी चिन्ह होते है पर वे ताल प्रकरण में ही काम आते है, गीत में नहीं । रत्नाकर में बहुत से गीत दिये हुये हैं पर उनमें लघु, गुरु के चिन्ह नहीं है । एक मात्रा में कई स्वर आते हों तो वे सब एक साथ लिखे गये हैं जैसे रागविवेकाध्याय में "षड्जग्राम" नामक राग के उदाहरण में सातवी पंक्ति में "रि स रि" लिखा है ।

स्वरलिपी साधन है, साध्य नहीं । सीढी है मंजिल नहीं अतएव वह सीढी सरल होनी चाहिये । स्वर लिपि क्लिष्ट होने से संगीत पढने में कठनाई होती है । हिंन्दुस्तानी संगीत की स्वर लिपि अति सरल है । वैदिक 'उदात्त', 'अनुदात्त' संकेत एवं रत्नाकर की स्वरलिपि के आधार पर वह साधी हुई है । उसका बिचार आगे किया जाता है ।

किसी भी गीत को अथवा वाद्य प्रबंध को स्वर ताल चिन्हों के सहित लिखने की रीति को स्वरलिपि कहते हैं ।

पुराने ग्रन्थों की भाँति हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति में भी स्वर छोटे नामों से पुकारे तथा लिखे जाते हैं जैसे सा, रि, ग, म, प, ध, नि ।

गीत या वाद्यप्रबंध राग में बंधे हुये होते है और उनके शुद्ध विकृत स्वर निश्चित होते है परनतु स्वरों की विकृत अवस्था बनाने के लिये चिन्हों की आवश्यकता होती है, कारण यह कि बहुत से रागों में एक ही स्वर कभी कभी शुद्ध एवं विकृत दोनों अवस्थाओं में लगता है । जिन जिन रागों में कोमल निषाद आता है उनके आरोह में प्रायः शुद्ध निषाद भी लगता है । जैसे खमाज, तिलंग, देस, सारंग आदि रागों के आरोह में शुद्ध निषाद ही लगता है गो कि मेल (ठाठ) की दृष्टि से उनमें कोमल ही निषाद आना चाहिये । हमीर, केदार, बिहाग, गौडसारंग, पूर्वी, रामकली, ललित, बसंत, परज इनमें दोनों मध्यम लगते हैं । जैजैवन्ती, पीलू, गारा में दोनों गांधार लगते है । इसी कारण शुद्ध और विकृत स्वरों के चिह्न रखने पडते हैं ।

हिन्दुस्तानी संगीत में मुख्य सात स्वर येह हैं ।

नं.	नाम स्वर	छोटे नाम
१	षडज	सा
२	ऋषभ	रि अथवा रे
३	गाँधार	ग
४	मध्यम	म
५	पंचम	प
६	धैवत	ध
७	निषाद	नि

इन सात स्वरों में षड्ज (सा) एवं पंचम (प) अचल अर्थात अपने स्थान से न हटनेवाले हैं । किसी भी ध्वनि को जो अपने कंठ स्वर के या वाद्य के अनुकूल हो, हम षड्ज मानकर गा बजा सक्त हैं । पर एकवार "स" कायम किया कि फिर उसको कोई विकृत नहीं कर सकता जो अपने स्थान से हट नहीं सकता । अचल माना जाता है । और इसी 'स' से 'प' भी अपने आप योग्य जगह पर निश्चित हो जाता है और वह भी अचल माना जाता है ।

पंचम कुछ रागों में बर्जित होता है यानी वह उस राग में बिल्कुल नहीं आता पर जिन रागों में पंचम लगता है उनमें वह अपने 'स' के अनुसार निश्चित स्थान पर लगता है । तात्पर्य यह है कि 'स' और 'प' अपने अपने नियत स्थानों पर लगते हैं हट नहीं सकते इसीसे वह अचल स्वर कहे गये हैं ।

शेष पांचों स्वर री, ग, म, ध, नि ऊंचे एवं नीचे दो अवस्थावों में होते हैं । ऊंची अवस्था में उनको 'तीव्र' कहते हैं एवं नीची अवसथा में कोमल जैसे री तीव्र उंचा, री कोमल नीचा; ग तीव्र उंचा, ग कोमल नीचा; म तीव्र ऊंचा, म कोमल नीचा; ध तीव्र ऊंचा, ध कोमल नीचा; नी तीव्र ऊंचा, नी कोमल नीचा ।

"शुद्ध मेल"

हिन्दुस्तानी संगीत का शुद्ध मेल "बिलावल" माना गया है क्योंकि संगीत सीखनेवालों को पहले इसी ठाठ स्वरों की तालीम दी जाती है । बिलावल (शुद्ध मेल) के स्वर ये हैं :

स - री तीव्र - ग तीव्र - म कोमल - प - ध तीव्र - नी तीव्र - यह सब स्वर शुद्ध मेल के स्वर हैं इसी लिये शुद्ध स्वर कहलाते हैं ।

शुद्ध स्वरों के लिये हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति के स्वरलिपि में कोई चिन्ह नहीं होता । वह इस प्रकार लिखे गये हैं ।

स, री, ग, म, प, ध, नी

बाकी पांच स्वर अर्थात री कोमल, ग कोमल, म तीव्र, ध कोमल, नी कोमल, विकृत स्र कहलाते हैं । विकृत के मानी बदले हुये, यानी वह अपने शुद्ध स्थान से हटे हुए होते हैं । विकृतस्रों के लिए चिन्ह होता है । कोमल विकृत का चिन्ह स्वर के नीचे आडी लकीर देने से होता है जैसे <u>री</u> = कोमलरी; <u>ग</u> = कोमल ग; <u>ध</u> = कोमल ध; <u>नि</u> = कोमल नी । तीव्र विकृत केवल एक स्वर मध्यम है । उसका चिन्ह ऊपर खडी लकीर देने से होता हैं जैसे "म॑" = तीव्र म

यही दो स्वरचिह्न वैदिक स्वर संकेत में आते हैं । अनुदात्त यानी वो अक्षर जो नीचे के स्वरो में कहे जाते हैं उनके नीचे आडी लकीर दी जाती है । ऋग्वेद में स्वरित यानी ऊँचे स्वरों में कहने वाले अक्षरों के ऊपर खडी लकीर दी जाती है ।

हिन्दुस्तानी संगीत के १२ स्वर निम्नलिखित रीति से लिखे जाते हैं ।

१ - सा - शुद्धसा
२ - <u>री</u> - कोमल री (विकृत)
३ - री - तीव्र री (शुद्ध)
४ - <u>ग</u> - कोमल ग (विकृत)
५ - ग - तीव्र ग (शुद्ध)
६ - म - कोमल म (शुद्ध)
७ - म॑ - तीव्र म (विकृत)
८ - प - शुद्ध प
९ - <u>ध</u> - कोमल ध (विकृत्र
१० - ध - तीव्र ध (शुद्ध)
११ - <u>नि</u> - कोमल नी (विकृत)
१२ - नि - तीव्र नी (शुद्ध)

"सप्तक"

ये सब स्वर मिल कर एक सप्तक होता है । हिन्दुस्तानी संगीत शास्त्र में एक से दूसरा ऊँचा ऐसे पांच सप्तक होते है परन्तु मनुष्य के कंठ से इन में से तीन ही सप्तक और

वह भी बडे प्रयास करने पर पूरे निकल सकते हैं - इस लिये व्यवहार में तीन ही सप्तक माने गये हैं इन सप्तकों को स्थान कहते है जिनके नाम ये हैं :

१) मन्द्र स्थान २) मध्य स्थान ३) तार स्थान । ये स्थान स्वर सप्तक की मंजिलें है - जिस ऊँचाई में कोई मनुष्य बिना श्रम के स्वर सप्तक गा सकता है वो उसकी आवाज का मध्य स्थान है और वो मध्यसप्तक माना जाता है । उससे नीचे मन्द्र सप्तक होता है और उससे ऊँचे तार सप्तक माना जात है ।

हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति की स्वरलिपि में मन्द्र सप्तक के स्वरों के नीचे बिन्दी रक्खी जाती है और तार सप्तक के स्वरों के ऊपर बिन्दी रक्खी जाती है। मध्य सप्तक के स्वरों के लिये कोई चिन्ह नहीं होता है । तीनों सप्तकों के स्वरों के लिखने की रीति ये है ।

मन्द्र सप्तक - सा रि॒ री॒ ग॒ ग म॒ म॑ प ध॒ ध॒ नि॒ नी॒

मध्य सप्तक - सा रि॒ री ग॒ ग म॒ म॑ प ध॒ ध नि॒ नि

तार सप्तक - सां रिं रीं गं गं मं मं पं धं धं निं निं

हिन्दुस्तानी संगीत में स्वरों के लिखने के लिये वैदिक चिन्ह तीव्र कोमल के लिये और रत्नाकर के चिन्ह मन्द्र तार के लिये, थोडे अंतर के साथ, लिये गए हैं । रत्नाकर में मन्द्र सप्तक के स्वरों के ऊपर बिन्दी होती है वही बिन्दी हिन्दुस्तानी संगीत में तार स्वरों के ऊपर और मन्द्र स्वरों के नीचे दी जाती है । ऊपर बिन्दी रखने से वाद्यसंगीत का संकेत होता है क्यों कि वाद्यों में मन्द्रसप्तक के स्वर ऊपर की तरफ बजते हैं । रत्नाकर के तार सप्तक के स्वर का चिन्ह तीव्र विकृति के लिये उपयोग किया गया है यह विकृति केवल मधयम स्वर को ही होती है, अतएव मध्यम के ऊपर 'म॑' ऐसी खडी लकीर देकर तीव्र मध्यम समझा जाता है तार सप्तक के स्वरों के ऊपर बिन्दी रखने से बडी सरलता हो गई है ।

रत्नाकर के अनुसार हिन्दुस्तानी संगीत स्वरलिपि में भी गीत के अक्षरों के ऊपर उनके स्वर लिखे जाते हैं । इसी ग्रंथ के अनुसार एक मात्रा के अन्दर आने वाले सब स्वर एक साथ लिक्खे जाते हैं । रत्नाकर में एक मात्रा काल के स्वर दीर्घ एवं आधी मात्रा या उससे भी कम अवकाश वाले स्वर ह्रस्व करके लिखे गये हैं । हरएक स्वर या अक्षर का अवकाश अलग अलग चिन्हों से नहीं दिखलाया गया । हि. सं. स्वरलिपि में एक पूरी मात्रा अवकाश के स्वरों की अपेक्षा एक मात्रा से कम कालावधि के स्वर छोटी आकृति करके लिखे जाते है । यह छोटे स्वर सब ऐसे एक 'कंस' (tie) में लपेटे जाते हैं । उदाहरणार्थ 'ग' यह एक पूरी मात्रा का एक स्वर हुआ, 'गम' इसमें आधी मात्रा का एक एक ऐसे दो स्वर, 'गमप' इसमें' तिहाई मात्रा का एक एक ऐसे तीन स्वर एवं 'रेगमप' में एक चौथाई मात्रा का एक एक ऐसे चार स्वर हुए । इसी प्रकार 'रेग-प' में रे $\frac{१}{४}$ मात्रा, ग $\frac{१}{२}$ मात्रा एवं प $\frac{१}{४}$ मात्रा ऐसे तीन स्वर, पुनश्च 'रे - - प में रे $\frac{३}{४}$ मात्रा एवं प $\frac{१}{४}$ - रे - प में प्रथम $\frac{१}{२}$ मात्रा विश्रांती, रे $\frac{१}{२}$ मात्रा एवं प $\frac{१}{४}$ मात्रा इस प्रकार एक मात्रा से कम अवकाश के स्वरों की गिनती

होती है । गीत के अक्षरों की भी ऐसी ही गिनती होती है । फर्क इतनाही है कि स्वर के ठहराव का चिन्ह '-' ऐसी आडी लकीर उसके आगे दी हुई होती है जहॉ गीतके अक्षरों के ठहराव के लिये 'ऽ' ऐसा अवग्रह लिखा जाता है । कोई स्वर एक मात्रा से अधिक अवकाश लेता हो तो उसके आगे भी '-' ऐसी आडी लकीर लिक्टी जाती है । जैसे 'ग-' दो मात्रा ग, 'ग - -' तीन मात्रा ग 'ग - - -' चार मात्रा ग । यह ठहराव एक मात्रा से कम अवकाश वाला होतो उसका हिसाब उसके साथ आने वाले और स्वर को अथवा विश्रांति चिन्हों को एक कंस में बांधकर लगाया जाता है । जैसे 'ग-री' । इसमें ग $१\frac{१}{२}$ मात्रा और री $\frac{१}{२}$ मात्रा अथवा 'ग -' ग $१\frac{१}{२}$ मात्रा विश्रांती $\frac{१}{२}$ मात्रा । गीत के अक्षरों का हिसाब लकीर के बजाय 'ऽ' अवग्रह देकर लगाया जात है जैसे कि ऊपर बतलाया गया है रत्नाकर में 'ऽ' अवग्रह की जगह पूज्य '०' दिया जाता है । मात्रा का कोई भी विभाग शास्त्रोक्त गणित रीति से लिखने की शक्ति इस स्वरलिपि में हैं । देखिए । एक मात्रा में आने वाले कई स्वरों में एक $\frac{३}{५}$ मात्रा अवकाश का है दूसरा $\frac{३}{१०}$ मात्रा का है एवं तिसरा $\frac{१}{१०}$ मात्रा का है । तो ये स्वर यूं लिखे जायेंगे । ग - - - - - रे - - सा वास्तव में इतना बारीक हिसाब प्रत्यय गाने में क्वचित्ही आता होगा । ऐसे अपूर्णांकों के चिन्ह भी नहीं है । जो लघु, गुरु इत्यादि सीधे हिसाब के मात्रा - विभाग के चिन्ह हैं उनका काम भी उक्त प्रकार मात्रा के अंश करने से बहुत शीघ्र होता है । आँखो के सामने ही प्रत्येक स्वर का अवकाश प्रत्यय दिखलाई देता हैं । उसमें लघु, गुरु, प्लुत इत्यादि चिन्हों द्वारा मन में हिसाब लगाने की आवश्यकता नहीं रहतीं यह एक विशेष गुण है । ग्रंथों में भी लघु, गुरु चिन्ह गीत की स्वर लिपि में नहीं आते । उनका आधार इस प्रणाली को है ।

भारतीय संगीय की विशेषता यह है कि उसमें स्वरोच्चार करते समय प्रायः स्वर का आरम्भ क्या गाने में क्या बजाने में ठेठ उसी पर नहीं किया जात । किसी और ऊँचे या नीचे स्वर से उठकर उद्दिष्ट स्वर पर आया जाता है । 'प' का उच्चारण ठेठ 'प' ही पर नहीं वरन् सा, रि अथवा कोई अन्य स्वर पर से उठकर किया जाता है । इस प्रकार उच्चारण करते हुये जिस स्वर से उठा जाता है उसको छोटी आकृति में मुख्य स्वर के ऊपर बाई ओर लिखा

सा री ध

जाता है इस छोटे स्वर को 'कण कहते है । जैसे 'प,' 'प,' अथवा 'प' इनमें सा, री ध यह कण हैं । इनका प्रत्यय स्वरूप सा प - - - - - - होता है । इन कणों का उपयोग हमारी

पऽऽऽऽऽऽऽ

संगीत में बहुत महत्त्वपूर्ण है । वरन् यूं कहिये कि इनमें हमारे संगीत का प्राण है । पुराने ग्रंथों में स्वरोच्चार के विषय में 'गमक' समझाये गये हैं । गमक की व्याख्या यूं है :

'स्वरस्य कंपो गमकः श्रोतृचित्तसुखावहः ।'

अर्थात स्वर पर किसी प्रकार का कंपन देना ताकि वह सुनने में मधुर मालुम हो इसको

गमक कहते है। स्वर पर कंपन देने से या किसी प्रकार की क्रिया करने से उसके साथ और अडोस पडोस के स्वरों के कण लगते ही रहते हैं। अतएव गमकयुक्त स्वर प्रायः 'कणयुक्त' (और स्वरों के कण लगाकर उच्चारण किये हुये होते हैं। हमारी संगीतके "मींड" "आन्दोलन" "कंपन" "जमजमा" "गिटकिडी" "बहलावा" इत्यादि सब गमकयुक्त अर्थात करणयुक्त स्वरोच्चार हि होते हैं। ग्रंथो में १५ १६ प्रकार के मुख्य गमक एवं और कई उनके उपभेद बतलाये गये हैं। वे सबके सब आजकल प्रचार में नहीं हैं। पर उनमें से कुछ "मींड" "जमजमा" "आन्दोलन इत्यादि नये नामों से प्रचार में हैं ऐसा विद्वान लोगों का मत है। बिना इन कणों के किसी राग का स्वरूप स्पष्ट नहीं होता और न उनमें जान आती है। इसलिए स्वरलिपि में कणों का महत्त्व विशेष है। प्रत्यय गाने बजाने में इनका काम बहुत आता है। उदाहरणार्थ :-

'म प ध, प, नि ध, प, धमपग, रे, सा'।

इन्ही स्वरों को एक बार बिना कणों के गाकर फिर

प नि प नि निपम सा

म प ध, प नि ध, प, ध, मपग, रे, सा।

इस प्रकार कणों के साथ गाया जाय तो हमारे कहने का आशय समझ में आवेगा।

दूसरा उदाहरण :-

'नि, सा रे ध नि, प, म प ध ध नि, ध, नि रे सा'।

इनको निम्नलिखित के अनुसार गाना चाहिए।

सा नि नि ध नि नि सा सा नि

'नि, सारे, ध ध, नि प, म प ध ध नि नि ध नि रे, सा'

भीमपलासी के आरोह में 'नि' को 'सां' का कण देने से हि 'नि' ठीक अपनी जगह पर लगैगी जैसे

म प सां सां सां सां सां सां सां

प, प ग, म प नि, नि, सां नि, सां गं रें सां, नि नि सां नि ध प

इत्यादि। बागेश्रीके में इन कणों की आवश्यकता नहीं रहती है। जैसे :-

ग, म, नि ध, नि नि सां, सां, नि सां नि नि सांरे, सां, निसां, निध इत्यादि।

गाने बजाने में एक स्वर से दूसरे स्वर पर जाते हुए उन दोनों के बीच के स्वरों को स्पर्श करते हुवे गाना इस क्रिया को मींड़ कहते हैं। जैसे 'प' से 'ग' पर जाते समय बीच में 'म' (तीव्र म) को स्पर्श करके जाना। मींड का चिन्ह यूं दोनों स्वरों के बीच में ऊपर कमान बनाना होता है। 'पग' उसको 'पमग' इस प्रकार आवाज को न तोडते हुवे गाया जाता है।

हिन्दुस्तानी संगीत में और एक क्रिया स्वरों पर होती है, जिसको 'खटका' कहते है। जिस स्वर पर खटका होता है उसको दो बार बहुत जल्द गाया जाता है जिसमें पहली बार उसके ऊपरके स्वर का कण, एवं दूसरी बार उसके नीचे के स्वर का कण दिया जात है।

ध म̣ ध म

पंचम पर खटका हो तो उसको पप - - - - अथवा प प - - - - अर्थात 'धपमप - - - -'

रे नि̣

षडज पर खटका हो तो सा सां . . . अर्थात रेसानि̣सा - - - - यूं गाया जाता है । यह खटका उद्दिष्ट स्वर को एक कंस के अंदर (प), (सा), (म), यू लिख कर दिखलाया जाता है ।

एक मात्रा के विभाग कभी कभी उपविभागों के बीच में ',' ऐसा एक काँमा (स्वल्पविराम) देकर बताये जाते हैं । जितने काँमे होंगे उनसे एक अधिक समविभाग मात्रा के होंगे फिर स्वर उनमें चाहे जितने हों । एक काँमा हो तो दो समविभाग, दो हो तो तीन समविभाग । उदाहरणार्थ 'ग म प, ग म' इसमें १/२ मात्रा में 'ग म प' एवं बाकी आधी मात्रा में 'गम'; निसांरेसां, निसां, धनिसां इसमें मात्रा की पहली तिहाई में 'निसांरेसां,' दूसरी तिहाई में 'निसां' व तिसरी तिहाई में 'धनिसां' इस प्रकार स्वर गाये जाएंगे ।

मात्रा विभाग के अतिरिक्त और भी एक काम में काँमा का उपयोग होता है । वह केवल गीत के टुकडे या वाक्य पृथक दिखलाता है जैसे

सांनिसां	नि ध म प	नि सां-, सां	नि रे सां रें
ऽआऽज	म न ब स	ग ईऽ, सां	ऽ व रे कि

इत्यादि इस उदाहरण में आज मन बस गई' यहाँ तक गीत का एक टुकडा पूरा हुवा । उसके बाद 'सांवरे कि' इत्यादि - से दूसरा टुकडा शुरू होता है । इन दोनों को पृथक दिखलाने के लिये उनके बीच में काँमा दिया गया है ।

इस स्वरलिपि में ताल के चिन्ह देने की रीति यूं है । ताल के सम का चिह्न × यूं एक क्रास है और उसको पहला जब समझा जाता है । हर एक ताल सम से शुरू होता । गीत चाहे जिस मात्रा से, चाहे जिस जव से शुरू हो सकता है । सम को पहला जब समझकर उसके हिसाब से और तालियों के अंक लिखे जाते है । खाली के लिए शून्य '०' दिया जाता है । यह सब चिन्ह गीत के अक्षरों के नीचे अथवा निरा सरगम हो तो स्वरों के नीचे लिखे जाते हैं ।

७

ठाठ पद्धति

पिछली बार, प्राचीन मूर्च्छनाओं पर बात करते हुए प्रचलित संगीत की जन्य-जनक अर्थात् ठाठ-राग प्रणाली को पूर्ण परंपरा का आधार उन मूर्च्छनाओं में मिलता है, यह हम बता चुके हैं। उस चर्चा में थोडासा उल्लेख जातियों के संबंधमें भी मैनें किया था। प्राचीन यानी भरत के समय, जब कि रागों का प्रचार शुरू नहीं हुआ था तब जातियाँ गायी जाती थीं। ये जातियाँ चंद ऐसी धुनें या तर्जें थीं कि जो सर्वत्र रूढ एवं लोकप्रिय थीं। इन्हीं जातियों के अंग-प्रत्यंगोंके रूपान्तर हो कर रागों का प्रचार हुवा। मतंग मुनि अपने बृहद्देशी नामक ग्रंथ में "जाति" की परिभाषा दो तीन प्रकारसे करते हैं। उनमेंसे एकमें 'जाति' का लक्षण यूं देते हैं, "सकलस्य रागादेर्जन्म हेतुत्वाज्जातयः"। अर्थात् "सब रागों को जन्म देनेवाली सो जातियाँ"। अब यहाँ एक प्रश्न उत्पन्न होता है। जब कि मेल भी रागोंके उत्पादक और जातियाँभी, तो 'मेल' और "जाति" इनमें भेद क्या है? भेद बहुत कुछ है। 'मेल' अथवा "ठाठ" यह कोई गाने बजाने की चीज नहीं है। "मेल" एक नीरा स्वर सप्तक होता है कि जिसमें से पांच, छः, या सतों सूर लेकर राग बनाये जाते हैं। रागमें कौन कौन से तीव्र कोमल स्वर लगेंगे सो मेलसे स्पष्ट होता है। जातियों से रागोंकी उत्पत्ति जाति के अंग-प्रत्यंग, स्वर-संगतियाँ, अथवा मुरक्कीबाद लेकर होती थी। जातियाँ गाई बजाई जाती थीं। ठाठों से घबड़ानेवाले लोगों को जातियों का यह एक अच्छा हवाला मिल सकता है। वे लोग नित्य कहते रहते हैं, राग से हि राग निकले हैं। मैं उन लोगों को एक कदम आगे बढाकर बता सकता हूँ कि रागों से क्या, छोटी छोटी धुनों से भी बड़े बड़े राग निकले हैं। इन छोटी धुनों का पता देहाती, ग्रामीण संगीत (Folk Music) में बहुत कुछ लगता है। हमारी प्रचलित संगीत में रागों का बादशाह भैरव राग भी, एक छोटीसी देहाती या घरेलू कहिये, धुनमेंसे निकला है। यह धुन कुछ गौरी, कालिंगडा, एवं जोगिया इन रागों के अंग लिए हुए है। देखिए :- रे, रे रे, सारे, नि, सा, ध, निसा, रेग, रे, गमप, गमगरेसा, रेनिसा। म, म, गमपध, मपमग, रेग, मगरेसा, रेनि, सा। सासा, म, म, मध, म, रे, पम, गरे, सा, सा, रे, नि, सा। इन्ही स्वरों के उच्चार विश्रान्तिस्थान, थोडीसी विलंबित लयमें, रिखब धैवत पर आन्दोलन देते हुए, गवैयांना ढंग में करने पर भैरव खुल जायेगा। ये धुनें यानि गौरी, जोगिया, कालिंगडा, आजकल प्रचार में जो भैरव है उससे बहुत पूर्वकालीन हैं। ग्रंथोंके समय का भैरव तो रि प वर्जित औडव था। सो तो अब प्रचारमें नहीं है। आजकल की आसावरी, पंजाब की देहाती धुन आसा, हमारे यहाँ का जोगिया एवं दक्षिण पद्धति की सावेरी, इनसे बहुत कुछ मेल रखती है। हमारा जोगिया और कर्णाटकी संगीत का सावेरी ये तो लगभग एकही से हैं। सावेरीमें तीव्र गंधार जोगिया की अपेक्षा अधिक प्रमाणमें आता है। कर्नाटकी गायिका 'वीणाधनं" का सावेरी का ग्रामोफोन रेकार्ड एवं हमावे यहाँ की प्रसिद्ध गायिका "जोहराबाई" आग्रेवाली का जोगिया का रेकार्ड सुननेपर ये दो राग आपसमें कितने मिलते हैं सो सुनने समझने योग्य है। जोगिया-आसावरी का जोड तो गायकों में भी प्रचलित है। जैसे, बागेश्री-बहार, सुहा-सुघराई, परज-कालिंगडा,

वैसे जोगिया-आसावरी का भी एक प्रसिद्ध जूही-चमेली जोड है । यह जोड इसलिये बने हैं कि वे दोनों एक दुसरे के साथ बहुत कुछ मिलते जुलते हैं । देखिए :- जोगिया का आरोहावरोह :- सा, रे॒म, मपध॒, मपध॒सां, सां, ध॒, मप, मप, ध॒, नि॒ध॒, प मपध॒, म, रे॒सा ये सब स्वर लगभग आसावरी के ही हैं । केवल कोमल गंधार नहीं है । सो इसमें दे कर आसावरी, ध्रुपदियों की, ख्यालियों की नहीं, पूरी हो जायगी । पंजाब का आसा एक देहाती धुन है । उसमें जोगियाके कोमल ऋषभ धैवत को जरासा ऊंचा कर दिया जावें तो कुछ आसा का स्वरूप बन आवैगा। देखिए :- सा, रे॒म, प, ध॒, पध॒, सां, नि॒ धप, म, पधनि॒, ध॒, प, म, गरे॒, सा । आसा और जोगिया, जो दोनों पुरानी देहाती धुनें हैं, इन्हीं के सुरों को जरा शान्तता के साथ, कोमल गंधार निखाद लगाकर, गायकी के ढंगमें गानेपर आसावरी हो जाती है ।

हमारे यहाँ मंदिरों में आरती की एक धुन प्रसिद्ध है । सो इस प्रकार है :-

सां ध रें ध

ध सां सां सां सां सां सां नि॒धप, मधपसां, नि॒ध पमगरे, सा रेगरे, गमग, सा रेगरे, गमग, सारेसासा, सा सा । सा सानिसारे, रेगमपप, प पध नि॒, धप, मगरे, रेगमगरे, रेग सासासा । प्रचार में एक बिलाबल प्रकार है जिसको कुकुभ बिलावल कहते हैं । दाक्षिणात्य पद्धतिमें बिलहरी नामक रागसे भी यह मिलती है । इस प्रकार बहुतसे उदाहरण दिये जा सकते हैं । सारंग के प्रकार, कुछ कान्हडे, मल्हार, धनाश्री, सिंदुरा, सोरठ, मांड, गौरी, बिहारी, पहाडी, पीलु, उत्यादि बहुतसे राग हैं जिनकी जड ग्रामीण गीतों में पाई जा सकती है । और आजकल का ग्रामीण संगीत प्राचीन समय का शास्त्रोक्त संगीत हो सकता है अथवा कमसे कम इस ग्रामीण संगीत के संशोधन से प्राचीन संगीत के रीतिरिवाज जो आजकल लुप्त हो गये हैं स्पष्ट हो सकते हैं या नहीं यह एक मनोरंजक प्रश्न है । कोई कोई विद्वान तो यह आशा रखते हैं कि आजकल शुद्ध ग्रामीण संगीत में जो धुनें सुननेमें आतीं हैं वह जैसी हो वैसीही प्राचीन परंपरा से देहातियों के कंठस्थ होतीं चली आयीं हैं । और उन्ही धुनों से ग्रंथोक्त जातियों का पता चल सकता है । यह अवश्य है कि आजकल रेलवे, हार्मोनियम वगैरह के प्रभाव से चार झोंपड़ियों का छोटा कसबा भी शहरोंकी चाय पीकर हार्मोनियमके दांत पीस रहा है । फिर भी सर्वांगीण परिस्थिति को देखते हुवे यह कह सकते हैं कि हमारे मुल्क की असलीयत जो देहातों में पायी जाती है, अभी गई बीती नहीं है और दीगर वस्तुओंकी भांति संगीत में भी देहतियोंसे कुछ विचारणीय बातें, केवल प्राचीन परंपरा के जीवित रहने की आशापर, हम पा सकते हैं । मेरी जाती राय तो यही है कि ग्रामीण संगीत, हमारे देश के संगीत का एक महत्त्वपूर्ण विभाग है जिसका अभ्यास अवश्य होना चाहिए । इस छोटीसी बातचीत में हम इस बडे विषय पर और अधिक कुछ नहीं कह सकते । ग्रामीण संगीत का भी अभ्यास आवश्यक है जितना शास्त्रीय संगीत का है।

आजकल संगीतशास्त्र, स्वरतालिपि, प्रत्यक्ष स्वरज्ञान, ये सुलभ होने से साधारण श्रोतागण भी संगीतमें कुछ जानकारी रखते हैं । पचास वर्ष पूर्व यह परिस्थिति न थी । न रागज्ञान, न स्वरज्ञान, इतना सर्व प्रचलित था जैसे कि आज है । अतएव रागों का स्मरण किसी प्रसिद्ध

एवं लोकप्रिय गीत के शब्दोंसे किया जाता था । नाटक के गीतों के रागों के नाम न देकर "फलां, फलां गीत की तर्ज पर गाया जावें" यह लिखा जाता था । गायक वादक लोगों के कान प्रत्यक्ष स्वरलिपी या नोटेशन की दृष्टि से अगर सुसंस्कृत न थे तो भी रागों के स्वरुप उनके ध्यान में थें । किसी राग का नाम लिया तो उसको वे अपनी ध्वनि स्मरणशक्ति से ही अलाप सकते थे । पर उनमें भी कभी कभी, एक दूसरे के बहुत निकट आनेवाले यानि समान स्वरूपी रागों की पहचान चीजों के बोलोंपर से ही करनेवाले लोग अब भी पाये जाते हैं । जैसे "राजाराम हिंदुपत सुलतान" यह शुक्लबिलावल, "विद्याधर" यह खट, "चमत्कार दीदार" यह देवसाख, "रसिया हों न जाऊँ" यह मारुबिहाग ऐसी कुछ खरी अशर्फियाँ गायक वादकों के पास होती हैं । अगर कोई इन रागों को नीरे आलाप में गावें तो शुक्लबिलावल की जगह कोई उसको लच्छासाख, कोई कुकुभ, कोई नट बिलावल एवं खट की जगह झीलफ, मारूबिहाग की जगह नंद कहे तो कोई आश्चर्य नहीं । ऐसे समय गाता या श्रोता इनमें से एक अवश्य दिवाना होता है । अस्तु ।

ग्रंथो में कुल जातियाँ अठारह बतायीं हैं । लगभग उतनीही घरेलु धुनें सब देशभर सुनाई देती हैं । सारंग, सोरठ, गौरी, पहाडी, मांड, बिहारी, झिंझोटी, धनाश्री, बिलावल, सिंधकाफी, भैरवी, कल्याण, मल्हार, कानडा, पिलु, छायानट, कुकुभ, जोगिया, आसावरी, ये सब हमारे यहाँ घरेलू और देहाती गीतों में सुनाई देते हैं । हो सकता है कि इनमें से कुछ प्राचीनकाल की जातियों से मिलते हों ।

रागांगों में से ही निर्माण किये हुवे कुछ राग आज भी प्रचलित हैं । ऐसे कई रागांग है कि जिनमें से अनेक राग पैदा होते हैं । जैसे केदारा अंग में से चांदनी केदारा, मलुहा केदारा, जलधर केदारा, भैरव अंगसे अहीर भैरव, बंगाल भैरव, शिवमत भैरव, आनंदभैरव, प्रभातभैरव इत्यादि । कान्हडे, मलार, सारंग, बिलावल, कल्याण, देस, धनाश्री, बहार, नट ये सब रागांग हैं जो अनेक रागों के उत्पादक हैं । पर इनमें से बहुत से एक रागांग दूसरे किसी राग में जोड देकर निर्माण किये हुवे राग प्रकार हैं । ग्रंथों में 'छायालग' अथवा 'सालग,' और 'संकीर्ण' नाम से जो रागों के प्रकार बताये गये हैं उनके समान ये राग प्रकार हैं । जातियों में से जो राग निकलते हैं सो इन्हीं जातियों के अनेक रूपांतर हैं । जातियोंमें आनेवाले स्वरों के स्थानभेद, उच्चारभेद, अल्पत्व-बहुत्व भेद, रचना भेद, लयभेद, इत्यादि अनेक प्रकार उत्पन्न करके राग उत्पन्न किये गये थे । ये प्रकार गीतियों के यानि गाने की रीति (Style of Expression) आधार पर उत्पन्न होते थे । ग्रंथों में "शुद्धा," "भिन्ना," "गौडी," "वेसरा," "साधारणी,' भाषा,' एवं 'विभाषा' ऐसी सात गीतियां यानि गायनशैलियां समझाई गई हैं जिनके आधार पर जातियों में से राग निर्माण किये गये थे, न कि एक राग में दूसरा राग मिला दे कर । अस्तु ।

पर यह सब खटाटोप, यानि जातियों में से राग और फिर रागांगों से और दूसरे उपराग निर्माण करना यह स्वयं जातिओं के और रागांगों के तीव्र कोमल स्वर निश्चित होंगे तभी हो सकता है । जातिओं के शुद्ध विकृत स्वर निश्चित करनेवाली वस्तु ग्राम मूर्च्छना एवं रागों के

तीव्र कोमल निश्चित करनेवाली वस्तु ठाठ अथवा मेल । अतएव क्या प्राचीन संगीत में और क्या आजकल की संगीत में स्वरग्राम अथवा स्वरसप्तक अर्थात् मेल अथवा ठाठ की अपेक्षा तो रहती ही है । प्राचीन संगीत में दो ही मुख्य स्वर सप्तक षड्जग्राम एवं मध्यमग्राम और उनपर से निकली हुई चौदह मूर्च्छना थीं । उन्हीं की जगह आज मेल अथवा ठाठ हैं । समय समय पर प्रचलित रागों की आवश्यकता के अनुसार किसी ने बीस, किसी ने उन्नीस, किसी ने १५ किसी ने बारह अलग अलग स्वर सप्तक मेल करके अपने अपने समय के रागों के वर्गीकरण के लिये माने हैं । रामामात्य ने बीस, सोमनाथ ने पंदरह, व्यंकटमखी नें उन्नीस, मेल बताये हैं । आजकल की संगीत में दस ठाठ माने गये हैं । ठाठ की संख्या कितनी होनी चाहिए, कौन से स्वर सप्तक आजकल के रागों के अनुसार माने जाएँ इस बात पर मतभेद हो सकते हैं और हैं भी । पर आवश्यकता से अधिक मेल न हों एवं कम भी न हों इस बातपर ध्यान अवश्य देना चाहिए । हमारी हिंदुस्तानी संगीत में एक स्वर के दोनों रूप लेनेवाले राग अनेक हैं । शास्त्रदृष्टि से तो इन रागों का कोई मेल ग्रंथों में नहीं पाया जा सकता है । क्यों कि मेल में सात से अधिक स्वर न हों और कोई स्वरनाम वर्जित भी न हो ऐसा नियम है । अर्थात् सा, रे, ग, म, प, ध, नि, ये सातों नाम हर मेल में होनें ही चाहिये और सात से अधिक स्वर न हों । अब लीजिए, केदारा, छायानट, हमीर, पूर्वी, रामकली, बसंत, परज, खमाज, काफी, जैजैवंती इत्यादि राग, कि जिनमें किसी न किसी स्वर के दोनों रूप, शुद्ध, विकृत, आना आवश्यक है और जिनमें सातों स्वर लगते हैं इनको तो कोई ठाठ नहीं पा सकता । पुराने समय के संगीत में एक स्वर के दो दो, तीन तीन स्थान तीव्र, तीव्रतर, तीव्रतम इत्यादि होते थे और उसका उलटा यानि एक ही ध्वनि को दो दो स्वरनाम ये भी होते थे । पंचश्रुति ऋषभ, जिसको हम तीव्र ऋषभ कह सकते हैं, वो हि शुद्ध गांधार भी कहलाता था, एवं साधारण गांधार को ही षट्श्रुति ऋषभ भी कहते थे । उसी प्रकार शुद्ध मध्यम कभी कभी "अतितीव्रतम गांधार," नाम से किसी ठाठ में आता था । किसी राग में दोनों मध्यम आते हैं तो शुद्ध मध्यम "अतितीव्रतम गांधार" गांधार नाम पाता था । उदाहरणार्थ, लोचन पंडित अपने सारंग मेल में "अतितीव्रतम ग" नाम से शुद्ध मध्यम और तीव्र-तर म' नाम से विकृत मध्यम ये दोनों लेते थे । इससे मध्यम के दोनों स्वरूप शुद्ध एवं विकृत ये उस मेल में आगये और गंधार बिलकुल वर्ज्य हो गया । उनका सारंग मेल यूं है । सा, रे, म, म', प, नि नि सां । सां, नि, नि, प, म', म, रे, सा । यह मेल हमारे प्रचलित शुद्ध सारंग नाम के राग का ही स्वरसप्तक है । एक हि ध्वनि के दो दो स्वर-नाम होने से कई राग कि जिनमें एक ही स्वर के दो दो रूप अलग अलग स्वरनाम पाकर ठाठों के अंदर आते हैं । पर यह सहूलियत हमारे प्रचलित संगीत में नहीं है । हमलोग मध्यम को, चाहे वह शुद्धहो तीव्र हो, मध्यम ही कहेंगे, गांधार नहीं । उसी प्रकार गांधार, शुद्ध हो कोमल हो, गांधार ही कहेंगे, ऋषभ नहीं । और इसी के कारण पं. व्यंकटमखी के समझाए हुए बहत्तर मेलों मे से हमारे हिंदुस्तानी संगीत की दृष्टि से उनमें से केवल बत्तीस ही मेल यथायोग्य हैं, शेष चालीस मेल निरुपयोगी हैं ।

आज हिंदुस्तानी संगीत में प्रचलित रागों की संख्या लगभग दो सौ हैं । इनमें से लगभग

पचहत्तर राग सर्वत्र प्रसिद्ध एवं लोकप्रिय हैं । लगभग सौ राग ऐसे हैं कि जो विद्वान एवं घरानेदार गायक वादकों को ही याद हैं । और बाकी पच्चीस राग, जैसे टोडीओं के कुछ प्रकार, बहादुरी तोडी, अंजनी, तोडी, एवं कान्हडे, सारंग, मल्हार, इत्यादिकों के प्रकार हैं जिनके संबंध में स्वयं गायकों में भी संदेह है । इन सब दो सौ रागों को स्वर्गीय गुरुवर श्री भातखंडेजीनें दस प्रसिद्ध एवं लोकप्रिय रागों के ठाठों में बांट दिया है । ये दस ठाठ यूं है । १ ला शुद्ध ठाठ बिलावल का, सब शुद्ध स्वर लिये हुवे है । इसके सुर ऐसे हैं :- सा, रे, ग, म, प, ध, नि, सां । २ रा, ठाठ यमन का, जिसमें केवल तीव्र मध्यम यह एक ही विकृत है जैसे :- सा, रे, ग, म', प, ध, नि, सां । ३ रा ठाठ खमाज का-कोमल नी यह एक विकृत स्वर लेता हुवा जैसे :- सा, रे, ग, म, प, ध, नि, सां । इस प्रकार ४ था ठाठ भैरव कोमल ऋषभ धैवत लेता हुवा । ५ वां पूर्वी का-कोमल री, ध, एवं तीव्र मध्यम लेता हुवा । ६ ठ्ठा मारवे का - जिसमें कोमल ऋषभ एवं तीव्र मध्यम ये दो विकृत है । ७ वा काफी का-गंधार निषाद कोमल लिये हुवे । ८ वां आसावरी का-गंधार, धैवत, निषाद कोमल लिये हुए । ९ वा भैरवी का, जिसमें सब कोमल स्वर हैं । और दसवां टोडी का-जिसमें कोमल-ऋषभ, गंधार, धैवत, एवं तीव्र मध्यम ये विकृत स्वर होते हैं । इन दसों ठाठों के नाम और स्वर जिन रागोंपर से निश्चित किये गये हैं वे सब बहुत चौडे यानी जिनके अंग-प्रत्यंगों से अनेक राग बन सकते हैं, और जो लोकप्रिय, सर्व साधारण समाज में प्रचलित हैं ऐसे हैं । प्रचलित दो सौ रागों के लिये अगर किसी सज्जन को ये दस ठाठ न जंचते हों तो पंडितजीने हिंदुस्तानी संगीत पद्धति में आ सकते है ऐसे बत्तीस मेल व्यंकटमखी के बहत्तर मेलोंसे अलग निकालकर समझाये ही है, उनमें से कुछ इनके बजाय या अतिरिक्त वे लोग मान लें ।

पर हमारे रागों के वर्गीकरण में अडचन उन्हीं रागों में अधिकतर आवेगी कि जिनमें एक हि स्वर के शुद्ध विकृत ये दोनों दर्जे आते हैं । जैसे केदारा, कामोद, छायानट, ललित, बसंत, परज, रामकली, ये दोनों मध्यम लेनेवाले राग एक ही मध्यम लेनेवाले ठाठों में कैसे आ सकते हैं, यह प्रश्न अवश्य उठता है । इसमें दो मार्ग हो सकते हैं । या तो एक हि स्वर के दोनों दर्जे, दो अलग स्वरनाम देकर लेनेवाले ठाठ बनाये जाए, जैसे कि व्यंकटमखीने समझाया है । उनकी रीति से एक हि स्वर ध्वनि एक ठाठ में पंचश्रुतिऋषभ नामसे आती है और दूसरे किसी ठाठ में शुद्ध गंधार हो कर आती है । यह रीति केवल री, ग, ध, एवं नि के ही बाबत है । षडज् पंचम तो अचल हैं सो उनके संबंध में तो कोई प्रश्न नहीं । रहा मध्यमः मध्यम चाहे विकृत हो चाहे शुद्ध हो, कर्नाटकी पद्धति में किसी दूसरे स्वर के नाम से नहीं आता । उत्तर पद्धति के कुछ ग्रंथों में शुद्ध मध्यम, अति तीव्र तम गंधार एवं तीव्र मध्यम, मृदु पंचम के नाम से आता है । संगीत पारिजात में तो पंडित अहोबलने २२ श्रुतियों को केवल बाईस ही नहीं वरन् उनतीस स्वर नाम दे रख्खे हैं । जैसे ४ थी श्रुति पर षड्ज ५ वीं पर पूर्व ऋषभ, ६ ठ्ठी पर कोमल ऋषभ, ७ वीं पर शुद्धऋषभ जिसको वे पूर्व ग भी कहते है, ८ वीं पर तीव्र ऋषभ, एवं कोमल गंधार भी । इस प्रकार कुल उनतीस नाम देकर फिर उनमें से एक विकृत ओर बाकी सब शुद्ध स्वर लेनेवाले, दो विकृत और बाकी शुद्ध स्वर लेनेवाले

ऐसे हजारहो मेल जिनको पं. अहोबल मूर्च्छना कहते है, गणित से समझाते हैं । पर उन्होंने रागाध्याय में यह सब पसारा छोडकर केवल बारा स्वरों के आधार पर कोई सौ एक राग वर्णन किये हैं । तो अगर किसी सज्जन को डेढ दो सौ रागों के लिये पच्चीस हजार मेल, केवल कुछ राग ठाठों में शुद्ध विक्त स्वरों की दृष्टिसे, ठीक बैठते नहीं, इसलिये बनाना पसंद हो तो भले वो उनका स्वीकार करले । पर पद्धति की दृष्टि से यह तो वही कहावत हुई कि खोदने को तो पहाड़, निकलने को चुहिया ।

अब दस ठाठों में जो जो राग स्वर्गीय पंडितजीनें रखे है सो उन रागों के केवल स्वरही नहीं पर उनके अंग-प्रत्यंगों पर ध्यान देकर रख्खे हैं । अगर कोई राग को दो ठाठ अपनी तरफ खींचते हों तो उनमें से किस ठाठ के अनुकूल अधिक बातें उस राग के अंगों में रहती है यह देखकर उसी ठाठ में वह राग उन्होंने माना । केदार, कामोद, छायानट, गौडसारंग इत्यादि दो मध्यम लेने वाले रागों में एक तो पूर्वांग प्रबलत्व, 'प प सां, सां रें सां' यह अन्तरे की शुरुवात, रागों की वक्र प्रकृति ये सब उन रागों की प्रकृतियाँ कल्याण की सी दिखाते हैं, न कि बिलावल की । बिलावल के विशेष स्वरविन्यास गरेसा, गमगरे, ध, प, ध, मगरे, निधनिसां, धप, पपधनि, धनिसां, रेंसां, धप, धमगरे, गमपमग, मरे, सारेसा ये हैं । ये केदार, कामोद, छायानट, हमीर, गौडसारंग, श्यामकल्याण इनमें से किसी में नहीं आते हैं । पंग, मपधनिमधप, निध, सां, नि, ध प, निधप, परे, ग, रे, सा, प, धप, सां, रें, सां, पं गं, मं रेंसां, निध, रेंसां पनिधसां, प(प)ग, परे, सा । ये कल्याण के टुकडे इन रागों में किसी में, ये सब के सब, किसी में इनमें से कुछ आ सकते हैं । इतनाही नहीं वरन् यह भी हो सकता है कि पूरा यमन का आलाप बनाकर उसमें आवश्यक उतनाही परिवर्तन कर के इनमें से कोई राग बन सकता है । देखिएः- ग, रे, सा, निरेसा, ग, ग, पमग, धममग, निधप, मधनिधप, धपमग, पमग, गरे, निरेसा । अब इन्हीं स्वरों में जहाँ गंधार है वहां शुद्ध मध्यम रखकर केदारा बनेगा । देखिए :- म, रे, सा, सारेसा, मम, पमम, धपमम, निधप, मधनिधप, धपमम, पमम, मरे, सारेसा । इस राग में शुद्ध मध्यम वादी है जो कल्याण ठाठ का स्वर ही नहीं है । पर इस राग का धड पूरा कल्याण का है । केवल शुद्ध मध्यम का वादित्व देखकर उसको बिलवल ठाठ में, कि जिसमें शुद्ध मध्यम कोई महत्त्व का स्वर भी नहीं है, मानना किसी को पसंद हो तो हो । ठीक इसी प्रकार मारवा ठाठ में ललित का शुमार है । ललित में कोमल धैवत लेनेवाले गायक उसको पूर्वी ठाठ मे अथवा भैरव ठाठ में मानेंगे । पर आलाप तक तो कोमल धैवत की खैर है, पर सरल तानै लेते समय सीधे निरें निध मधम यह मारवे का टुकडा लेकर शुद्ध मध्यम पर आकर खडे रहते हैं । कोमल धैवत लेकर फिर तीव्र म और शुद्ध मध्यम ये दोनों लगातार लगानें में धैवत तीव्र मध्यम से जरा दो कदम दूरही रहना चाहता है । खैर पूर्वी, या भैरव, यूं भी ललित का ठाठ नहीं माना जा सकता क्यों कि उन ठाठों में पंचम यह एक जोरदार और जरूरी सुर होता है । उनमें एकाद ही राग ऐसा होगा कि जिसमें पंचम वर्जित होता है । भैरव ठाठ में कोमल ऋषभ धैवत का उच्चार ललित में किस प्रकार हो सकता है?

भूपाली में स्पष्ट कल्याण का अंग है । देशकार में बिलावल का है । देखिए :- पहले

बिलावल :- ध, प, धनि, धप, ध, ग, मरे, गप, धनि, धनिसां, रेंसां, ध, निधप, ध, म, गरे, गप, धमग, मरेसा । इन्ही में निषाद की जगह धैवत एवं मध्यम की जगह गांधार देकर ये सब देशकार के आलाप होंगे । देखिए :- ध, प, ध, धप, ध, ग, गरे, गप, धध, धसां, रेंसां, ध, धध, प, ध, प, गरे, गप, ध, पग, रेसा ।

इन्हीं बातों पर ध्यान पहुँचाकर रागों का वर्गीकरण ठाठों में किया गया है । जिस राग का नाम ठाठ को दिया जाता है वह राग आश्रय राग, जो, मैंने अभी जैसे कहा था, चौडा होता है ।

जैजैवन्ती, गारा, दोनों गंधारें लेनेवाले राग हैं । पर इनमें कोमल गंधार पराया, मेहमान जैसा, होता है, घर का नहीं होता । उसकी आवभगत जरूर होती है पर वह अपनी बताई हुई कोठरी में ही रह सकता है । घर भर नहीं फिर सकता । अतएव राग की प्रकृति खमाज या देस की होने से ये दोनों खमाज ठाठ ही में मानना ठीक है । इस प्रकार के अनेक उदाहरण दिये जा सकते हैं । पूर्वी में कोमल मध्यम, भैरव व बिलावल में कोमल निखाद, बसंत व परज में कोमल मध्यम, रामकली में तीव्र मध्यम, और सब से अंत में सब की प्यारी रागनी भैरवी में आज कल लगता हुए तीव्र मध्यम कि जिसके सिवाय श्रोतागण के कान ही भैरवी से भरते नहीं ये सब ऐसे ही मेहमान है । अब इन मेहमानों के कारण घर ही पलट देना मेरे विचार में ठीक न होगा । ऐसा कभी नहीं होता वरना दुनिया में चलना मुश्किल हो जाएगा ।

(अखिल भारतीय आकाशवाणी के सौजन्य से)

८

राग पद्धति

संगीत सीखना माने संगीत में समझाए हुए राग सीखना यही समझना चाहिए। आजकल हमारी जनता संगीत विद्यासे सर्वशः अपरिचित है, यह बात नहीं है। जनता में संगीत का प्रचार अवश्य है। पर संगीत का शास्त्रीय ज्ञान जनतामें इतना नहीं है, जितना कि होना चाहिए। "संगीत शास्त्र" का भावार्थ प्रचलित राग रागिणीयों का यथायोग्य सुसमंजस वर्गीकरण एवं उसके नियमादियों का स्पष्टीकरण, यही कहा जा सकता है। ऐसी सुव्यवस्था अभी आज अपने प्रचलित संगीत की नहीं है, यह बात सर्व मान्य है। यह बात नहीं है, कि हम लोग आजकल जो कुछ गाते बजाते है वह सब अनियमित एवं ऊटपटांग है। कहनेका आशय इतना ही है कि जो कुछ हम लोग गाते बजाते हैं उसके नियम धर्म शास्त्रीय रीति से समझाने का प्रयत्न अभी भली भाँति हुआ नहीं है।

हमारा संगीत अतिप्राचीन है यह बात सर्व मान्य है। प्राचीन संस्कृत ग्रंथ भी हम लोगों को मिल सकते है, यह भी सच है। पर अपना प्रचलित संगीत अणुरेणु ग्रंथोक्त संगीत ही है यह नहीं कहा जा सकता। तो भी प्रचलित संगीत को प्राचीन वर्गीकरण के सिद्धांत लागू किये जा सकते हैं। देशकालानुरूप रूचिपरिवर्तन के अनुसार संगीत के राग स्वरूपों में कहीं कहीं परिवर्तन भले हो गया हो, पर रचना के तत्त्व प्राचीन ही है, यह हम कह सकते हैं। यह बात इस लेखके द्वारा स्पष्ट होही जाएगी।

संगीत के समंजस रीति से, ३ मुख्य विभाग किये जा सकते हैं। एक प्राचीन संगीत, अर्थात ग्रंथोक्त, दूसरा आधुनिक अर्थात आजकल जो प्रचार में है एवं तीसरा जो भविष्य मे होना चाहिए, ग्रंथोक्त स्वरूपोंसे भ्रष्ट हुए, राग स्वरूपोंमें यथायोग्य शुद्धि करके उनको ग्रंथोक्त स्वरूपोमें कहाँ तक मिलाया जा सकता, यह देखना चाहिए। जान पडता है कि ग्रंथ एवं शास्त्र की ओर उदासीनता के कारण रागोंके रूपों में अनावश्यक परिवर्तन होते चले आये हैं, उनको पुनश्च सुधार लेकर ग्रंथों के द्वारा उनको साधार बनाया जा सकता है।

आज की संगीत के लिये आधार ग्रंथ पिछले पाँच सौ वर्षों में लिखे गये ग्रंथ ही समझे जा सकते हैं, क्योंकि अति प्राचीन कालका संगीत स्वरूप जानने का मार्ग उपलब्ध नहीं है। और हो भी, तो वह संगीत आज पुनश्च प्रचार में आना असंभवसाही है। संस्कृत संगीत ग्रंथों में आपसमें मतभेद रहे हो, और वेसे थे भी-तथापि उनकी लेखन प्रणाली एवं शास्त्र रचना अवश्य अनुकरणीय है। रत्नाकर, दर्पण, चतुर्दण्डी, रागलक्षण, रागविबोध, पारिजात, स्वरमेल, सारामृत, संगीत समयसार इत्यादि ग्रंथ देखने पर बडा हर्ष होता है। और इच्छा होती है अपने प्रचलित संगीत पर भी ऐसा एक ग्रंथ अवश्य होना चाहिए। 'Hindustani Music made easy' नाम से हमनें दो पुस्तकें लिखी ही हैं। अब इस पुस्तक में संस्कृत संगीत ग्रंथों के रागरचना तत्त्व एवं परिचित राग स्वरूपों पर विवरण लिखने का मुख्य हेतु है।

संसार में प्रत्येक शास्त्र की जड़ में वर्गीकरण तत्त्व होता है। प्रथम मुख्यवर्ग तत्पश्चात् उपवर्ग इत्यादि बहुत मनोरंजक व्यवस्था होती है। प्राचीन पंडितोंनें इसी प्रकार संगीत की रचना दिखाई थी यह बात हम आगे स्पष्ट समझाना चाहते हैं। हमारे अनेक प्रचलित राग ग्रंथोंमें समझाए गये हैं और उनके नियम धर्म बताये गये हैं यह बात स्पष्ट होगी। वे नियम जहाँतक उपयुक्त होंगे स्वीकृत किये जाने चाहिए। हमनें अपनी "First step in Hisdustani Music" नाम की पुस्तिका में दस मुख्य ठाठ समझाये हैं। इन दस ठाठोंको मुख्य अथवा "जनक" ठाठ मानकर आगे उन्हींके आधार पर सब रचना बतायी है। इस बातपर पाठकोंके मनमें यह प्रश्न उठेगा, "क्या प्राचीन शास्त्रमें यही दस ठाठ रागजनक कहे गये हैं?" उसपर यही उत्तर देंगे कि यद्यपि ठीक यही दस जनकमेल "जो हमने स्वीकृत किये हैं, ग्रंथों में नहीं माने गये होंगे तो भी उनका वर्गीकरण तत्त्व यही था। भिन्न भिन्न जनक संख्या मानी थी एवं भिन्न भिन्न मुख्य राग माने थे। हम हपने मुख्य जनक ठाठ आज के प्रचलित संगीत के अनुसार बता रहे हैं। फिर भी उनमेंसे कई एक प्राचीन प्रणाली में भी मुख्य माने गये थे। यह भी यहाँ कह देना आवश्यक समझता हूँ। 'जनक' मेल एवं 'जन्य' राग माननेसे संगीत शीघ्रता से सीखा जा सकता है, यह बात अल्प अनुभवसे ही जंच जाएगी। जब कि हमारे प्राचीन ग्रंथकारोंने दस मुख्य राग जनक माने नहीं है तो हमलोग कैसे उनको मान सकते हैं, इस प्रकार की शंका अब इस समय पूछने की आवश्यकता नहीं है। जनक संख्याके संबंधमें ग्रंथों में भी मतभेद है। जिस ग्रंथकारको जितनी संख्या आवश्यक जान पडी उसने उतनी ही ग्रहण की। उसके 'जनक' मेल उसकी प्रणाली समझाने भरके ही होंगे। उसनें अपनी राग रचना अपने मुख्य जनक मेलों के आधार पर समझायी हों तो उसमें कोई दोष नहीं है। वास्तवही में प्रत्येक ग्रंथकारनें अपनी अपनी रागसंख्या स्वतंत्र बतायी है। इसी प्रकार हमनें प्रचलित राग रचना दस ठाठों में समझायी है। "चत्वारिंशच्छत रागनिरूपणम्" नामके प्राचीन ग्रंथमें दस ही मुख्य जनक राग बताये हैं। चतुर्दण्डि प्रकाशिका के ग्रंथकारनें तो मुख्य ७२ जनकठाठ बताये हैं। यह ग्रंथकार बहुत विद्वान था इसमें संदेह नहीं। उसके ग्रंथ का भी उपयोग हम अपनी प्रणाली में करेंगे यह कहना आवश्यक है। हमारी प्रचलित संगीत में बहुतसी वस्तुओं के नाम हमलोग चर्चा में लेते रहते है पर उनका मर्म समझते नहीं। उदाहरण के लिये श्रुति, ग्राम, मूर्छना, शुद्धतान, कूटतान, वर्ण, जाति, शुद्ध, छायालग, संकीर्ण रागांग, भाषांग, औडुवत्व, षाडवत्व इत्यादि ये सब पारिभाषिक संज्ञाए हम सुनते सुनाते हैं। पर इनका वास्तविक अर्थबोध अज्ञातसा ही है। ये सब तत्त्व हमारी आज की संगीत में भी बताये जा सकते हैं। मेरे विचार में केवल प्राचीन है इसी एक बात पर प्राचीन रचना हम लोगों को आज के संगीत के लिये भी मान ही लेनी चाहिए यह आवश्यक नहीं है। हम इतनाही तत्त्व ध्यान में रखेंगे कि हमारी बतायी हुई रचना सुसमंजस एवं उपयुक्त होनी चाहिए।

देखिए। अपने कुछ ग्रंथों में ६ राग तथा ३० अथवा ३६ रागिनियोंकी रचना समझायी गयी है। हमारे गायकगण भी ६ राग मुख्य एवं उनकी रागिनियां हैं यह बात कहते हैं। पर ये ऐसी रचना क्यों? यह प्रश्न पूंछें तो उसका संतोषजनक उत्तर नहीं मिलता। ये ऐसी बातें

केवल मान ले बैठनें में क्या हेतु सधता है? मुख्य प्रश्न यह है कि यह रचना क्यों और किन तत्त्वों के आधार से मान ली गयी । सारा संगीत छह 'जनक' रागोंपर आधारित करकें शेष रागोंको योग्य नियमोंके साथ भिन्न भिन्न वर्गो में रखना यह अति विद्वत्ताका कार्य है । सधजाए तो इसी प्राचीन ६ राग, ३६ रागिणीयों की रचना के आदर्श पर प्रचलित संगीत के अनुसार नया वर्गीकरण करके हमारा संगीत सशास्त्र एवं साधार करके लोकप्रिय किया जाए तो अच्छाहि है । हम तो यह भी सूचना देंगें कि इस प्रणाली का आधुनिक मत का एक ग्रंथ 'संगीतोद्धार" नामका लिखा जाय । हमको तो उससे प्रसन्नताही होगी । वरन् हम भी आगे इसी दिशामें विचार करेंगे । पर इस समय प्रथम एक सीधीसादी सरल रचना करके वह लोकप्रिय एवं प्रचलित होने के पश्चातही उस अन्य दिशामें प्रयत्न किया जाय तो वह अच्छा सफल होगा यह मेरी मान्यता है । जिस समय यह राग रागिनी प्रणाली प्रचलित हुई उस समय राग रागिनीयों के स्वरूप उनके प्रचलित स्वरूपों के सदृश नहीं थे यह बात साधार सिद्ध की जा सकती है । तब भी उनके प्राचीन नाम तो अभी आज तक चलते आये हैं । प्राचीन रागस्वरूप आज परिवर्तित हो जाने के कारण अमुक राग की रागिणी अमुक क्यों ? यह बताना आज कठिण हो गया है । जिस समय ये मत प्रचलित थे उस समय उसको समझनेमें कोई कठिनाई न रही होगी यह तो स्पष्ट है । वरन् आज भी यदि दक्षिणकी ओर उपलब्ध ग्रंथों में बताये हुए राग स्वरूपोंका सूक्ष्म निरीक्षण हम करें तो प्राचीन ६ राग एवं उनकी रागिनीयों का निकट संबंध दिखायी दे सकता है । वह बात हमारी हिंदुस्तानी संगीत के संबंध में कही नहीं जा सकती । इसका कारण इतनाही है कि संगीत कला आज कई शताब्दियों से ऐसे लोगोंके हाथमें थी कि जिनके लिये ग्रंथों से समझकर प्राचीन राग उनके शुद्ध रूप में सम्हाल रखना असंभव था । उससे कोई ऐसी बाधा नहीं है । आज के प्रचलित संगीत स्वरूपको ही देखकर उसीके अनुसार हम नयी रचना करें तो कोई हानि नहीं । हमनें जो दस राग माने हैं वे भी तो इसी विचार प्रणाली से माने हैं यह बताने की आवश्यकता नहीं है । आज यदि हम संगीत संशोधनार्थ देशभर भिन्न भिन्न प्रांतोंमें प्रवास करते फिरें तो हमें यह दिखायी देगा कि भिन्न भिन्न प्रांतोंमें रागस्वरूपों में कुछ कुछ भिन्नता है । मुख्य राग ६ ही मानने का व्यवहार सब दूर है, तो भी ये छह राग भी भिन्न भिन्न स्थान पर भिन्न भिन्न माने गये हैं । तो फिर उनके जन्य रागोंके स्वरूपोंमें भेद होना बहुत संभव है । यह स्थिति प्राचीन समय में भी रही होगी, अतएव भिन्न भिन्न मत समय समय पर प्रचलित हुए । इन मतों के ग्रंथ भी अपने अपने अलग होंगे ही । आज यदि उन ग्रंथों को इकट्ठा करें और उनमें कोई आपसमें एकवाक्यता नहीं है, ऐसा आक्षेप करें तो वह किस प्रकार योग्य होगा ? इसलिए उस घटाटोप में न पडकर प्रचार में चलता हुआ संगीत ही लेकर उसको प्रथम नियमबद्ध करके रखना ही योग्य होगा ।

९
आश्रय राग

पिछले समय मैंनें आश्रयराग एवं रोगों के विषय पर बातचीत करते हुए काफी थाट के रागों का थोडेमें वर्णन किया था। अबकी भैरव ठाठके राग लेकर ठाठ, आश्रयराग एवं उसके अंग प्रत्यंगोंसे निकले हुए रागों को समझाता हूं।

भैरव ठाठके स्वर कोमल रिषभ धैवत एवं शेष सब शुद्ध स्वर हैं। उदाहरणार्थ, सा, रे, ग, म, प, ध, नि, सां। भैरव, जो हमारे आजके संगीतमें एक बडा भारी राग माना जाता है, कोई बहुत प्राचीन राग नहीं है। ठाठ तो इसका प्राचीन अवश्य है। पर उसका नाम गौरी मेल है जिसको दाक्षिणात्य पद्धतिमें आजकल मायामालवगौळ कहते हैं। गौड, गौळ, गौरी ये नाम रागोंके प्राचीन ग्रंथोंमें पाये जाते हैं। गौडी नामक गीति, अर्थात् गायन शैली प्राचीन ग्रंथोंमें बताई गयी है। उस गीति की गायन शैलीमें गाये जानेवाले राग, गौड कैशिक, गौड पंचम, गौडकैशिकमध्यम, बताये गये हैं। दाक्षिणात्य संगीतमें कर्नाटगौळ, रीतिगौळ, सारंगगौळ, देशवालगौळ इत्यादि गौळ प्रकार मिलते हैं। पर भैरव नामक राग रत्नाकरके पूर्वकालीन किसी ग्रंथोंमें नहीं मिलता। रत्नाकर में भी वह एकदेशी राग कि जिसमें मार्ग रागों की भांति श्रुति स्वर, ग्राम, जाति, इत्यादि आवश्यक वस्तुओं का शास्त्रोक्त विवरण नहीं होता कहा गया है। भैरव राग प्रचारमें आया तब उसका स्वरूप आजकलकें भैरवका सा नहीं था, यह कह सकते हैं। कुछभी हो पर आजकी हमारी संगीतमें तो यह एक अति महत्त्वका एवं उच्चश्रेणीका राग माना जाता है। उसमें आनेवाले स्वर सप्तकको उसीका नाम देकर भैरव मेल उत्पन्न हुवा है। भैरव राग, भैरव मेल, जन्य रागोंका आश्रय है। उसीके अंग प्रत्यंगोसे अनेक भैरव प्रकार, बंगाल भैरव, प्रभात भैरव, अहीर भैरव, आनंद भैरव, शिवमत भैरव इत्यादि निकले हुवे हैं।

पंडित भावभट्ट जी औरंगजेबके समय के एक विद्वान संगीतज्ञ थे, अपने अनूप संगीत रत्नाकर नामक ग्रंथमें औडव, षाडव एवं संपूर्ण ऐसे तीन प्रकारका भैरव एवं वसंत भैरव, नंद भैरव, आनंद भैरव, स्वर्ण भैरव, आकर्षण भैरव, गांधार भैरव, पंचम भैरव, बहुली भैरव तथा राम भैरव एसे नौ और प्रकारके भैरवोंका उल्लेख कहते हैं। पर उन्होंने उनके लक्षण नहीं समझाये हैं। होगा। हम लोगोंको तो प्रचलित भैरवमेल जन्य रागोंसे उद्देश है।

भैरव स्वयं एक संपूर्ण राग है, जिसमें धैवत और रिषभ प्रबल स्वर हैं। इन स्वरोंपर एक विशेष प्रकार का आन्दोलन दिया जाता है जो एक इस रागका एवं और सब भैरव प्रकारोंका विशेष चिन्ह है। उदाहरणार्थ

सा ग

ध ~~प, म, प, म, ग, म, (म), रे ~~ सा। ये स्वर सावकाश कहने से भैरव राग खुलता है। गांधार, निखाद इस रागमें दुर्बलही है। निखाद षड्जके एवं गांधार मध्यमके साथ रहता है। इनपर न्यास किया भी जाय तो षड्जपर पहले खूब न्यास करके निखादपर

एंव मध्यमपर वैसेही न्यास करके गांधारपर आकर ठहर सकते है और फिर निखादसे षड्जपर लौटकर अथवा धैवतपर आकर ठहरना होगा जिससे निखादका न्यास खटकेगा नहीं । उसी प्रकार गांधारसे मध्यमपर लौटकर अथवा रिषमपर आकर ठहरनेसे गांधारका न्यास युक्त होगा।

जैसे ग म ध, सां, नि, सां अथवा ग म ध, सां,,, नि,, ध,,, ... । इसी प्रकार

ग ग

रे ग म,,, ग, म,,, ग,,, म, अथवा रे ग म,,, ग,,, रे,,, । निषाद गांधार पर न्यास न करना ही श्रेयस्कर होगा । भैरवमें मध्यम-रिषभ एवं षड्ज-धैवतकी स्वर-संगत अच्छी होती है । वैसे तो यह संपूर्ण एवं बहुत लंबा चौडा राग है । कुशलता के साथ इसमें आनेवाले हर सुरका परामर्श लिया जा सकता है । अभी मैनें बताई हुवी सुरसंगतियां एवं रिषभ धैवतके आंदोलन इस रागको बहुत कुछ और रागों से बचाते रहते हैं । भैरव के संबंध में हमारे मध्यकालीन ग्रंथकार बडे आदर के साथ कहते हैं ।

ब्राह्मे मुहूर्ते गातव्यो भैरवो रागसत्तमः ।

अर्थात् प्रातःकालमें पहली ही घटिका में भैरव जो रागों में एक राग है, गाया जाय। भैरव नाम शिवजी का है और उनका एक अतिप्रिय रागही नहीं पर स्वयं शिवजी के मुखसे निकला हुवा आदि राग इसको राग-रागनी पंथी लोग बतातें हैं जो अपनी प्रणालीको शिवमत कहलाते हैं । शिवमत भैरव नामका दूसरा एक स्वतंत्र भैरव प्रकार है जिसमें कोमल गांधार निखाद आते हैं । ग्रंथोंमें शिवजीके प्यारे भैरवको रि प वर्जित औडुव राग बताया गया है । शिवमतका आधार ग्रंथ दामोदर पंडितका संगीत दर्पणभी भैरवको रि प वर्जित औडुव बताता है । लीजिए अब ये तीन भैरव हो गये । आजकलका प्रचलित भैरव, दुसरा शिवमत भैरव और तीसरा रि प वर्जित औडुव भैरव । इनमें से किस भैरवसे शिवाजी प्रसन्न होंगे यह प्रश्न शिवमत वालों से ही पूछा जाय । हमारे श्रोतागण तो आज इसी भैरवसे, जो आजकल प्रचारमें है, प्रसन्न होते हैं । शिवप्रिय भैरवके प्रत्यक्ष स्वरूपका परिचय यदि हो सके तो क्या ही है? कोई विद्वान करादें तो जनता उनकी अत्यंत ऋणी होगी । प्रचलित शिवमत भैरवको शिवजीका प्रिय राग भैरव मान लें तो उसको ग्रंथोंमें कहीं आधार नहीं मिलता । यह रागभी बहुत मधुर एवं गंभीर है । है अप्रसिद्ध रागोंमें से । पर अपना एक स्वतंत्र परिणाम करनेवाला राग है । उसको शिवमत कैसे, क्यों और कब प्राप्त हुवा यह कह नहीं सकते ।

हमारे आज के भैरव को भैरव ठाठ का आश्रय माना गया है । इसी के रिषभ धैवत के आन्दोलनों को रखते हुवे, और स्वरों की प्रबलता दुर्बलता, अथवा कहीं ठाठ के बाहर का एकाद स्वर जोड देकर, कहीं स्वर-संगतियों द्वारा भैरव प्रकार एवं रिषभ धैवत के आन्दोलनों को हटाकर अर्थात उनको स्थिर रखकर, तथा वर्ज्यावर्ज्य नियमों के द्वारा अनेक और राग इस ठाठ में से उत्पन्न होते हैं । भैरव प्रकार ये हैं :- बंगाल भैरव, शिवमत भैरव, अथवा शिव भैरव, और सौराष्ट्र भैरव । कुछ राग जिनमें भैरव का नाम नहीं आता पर भैरव अंगसे गाये जानेवाले जो रामकली, गुणक्री अथवा गुणकरी नाम से प्रसिद्ध हैं । शेष राग ऐसे

है कि जिनमें रिषभ धैवत आन्दोलन अर्थात् झोंके, नहीं होते, सो ये हैं :- जोगिया, कलिंगडा, बिभास, मेघरंजनी, गौरी, ललित-पंचम । अतिरिक्त एक गौरी के ये सब राग प्रातर्गेय अर्थात् प्रातःकाल में गायेजानेवाले राग हैं । गौरी संध्या समय में गाई जाती है ।

अब सब से पहले भैरव का प्रत्यक्ष स्वरूप कैसा होता है सो देखिए :-

नि ग सा सा ग सा सा नि ग
सा, रे, रे, रे, ~ सा, नि, सा, रे, रे, रे, सा, ध ~ ध, नि, सा, रे
सा सा ध नि प प नि ग सा
रे, रे, सा, नि नि, सा रे, सा । सा, ध, ध, ध, प, प ध, नि सा, रे, रे,
सा रे रे ग ग प ग नि
रे, सा । रे, ग, ग, म, म (म) रे, रे, सा, सारेगमप, रे रे सा ध ~ नि सा
ग ग ग ग
रे रे सा । नि सा म, ग म, रे, ग, म, धनिसारेगम, प, म, म, (म), ग, म रे रे, सा,
ग रे ग
नि, सा सा रे, सा । सा रे ग म प, रे, प, म प, ग म, रे, ग, ग, म, प, म, ग, म, रे,
ग नि सा ग नि
रे, सा, ध नि सा, रे, सा । सा ध, प, म प, ग, म म ध, प, म प, रे ग म, प,
रे ग ग ग ग नि प प
प, म, ग, म रे, रे – सा, नि नि सा, रे, रे, सा । प, ध, ध ध, प, म, प,
नि नि नि ध
प ध ~ प, ग म, म ध, प, रे ग म प, ग म ध, प, सां, नि ध, प, म प,
म प नि प
ध ध प म प, ग म, रे, ग म, प, म, ध ~ प, रे प, रे सा । इस प्रकार मन्द्र एवं मध्य सप्तकों में इस में खूब विस्तार होता है । अंतरा इसका यूं चलता है :-

म नि नि
प, पध, नि सां, नि सां, सां, ध, ~ नि सां, रें, रें, रें, सां, नि, सां, ध, प, म, गम, ध, ध
ध रे ग
सां, ध, प, म, प, म, गम, रे, रें, रें, सां, रे, रे, सा ।

यह एक ही राग यदि योग्य स्वरस्थान, स्वरोच्चारों में सध जाय तो राग-संगीत का, जिसको शब्द-पंडित निरर्थक कंठशोष कहते हैं, रहस्य बहुत कुछ समझ में आवेगा । कवि कहता है और गायक गाता है । कवि की कही प्रथम मस्तिष्क मे भेंट करके उसकी चिट्ठी लेकर ही अंतःकरण तक पहुँच सकती है । गायक के पास तो सुर एवं लय ये राज मुद्रायें सतत होतीं हैं जिनके द्वारा वह सीधा अंतःकरण को पहुँचता है । कवि की कही को गायक सजाना चाहे तो सजा सकता है । पर उसमें, उस कही का, स्वाभाविक रंग ढंग, नोंक झोंक,

सम्हालते हुए उसको सजाना पडेगा । अपने तान पलटों में उसकी गठड़ी बाँधकर भागा तो हंसी होगी । प्रचलित रागदारी संगीत के योग्य ऐसे गीत प्रबंध कि जिनमें अर्थ गांभीर्य भी हो ऐसे अभी निर्माण हुवे नहीं । एक आध दाना कहीं मिलता है। उससे पूरा नहीं पडता । जो कुछ गीत रागदारी संगीत में ख्याल, ठुमरी, टप्पा, प्रचार में हैं उनको शब्दार्थानुसार गाया जाय तो रागदारी संगीत सभा थिएटर का बन जायगा । उदाहरणार्थ :- भैरव का एक प्रसिद्ध ख्याल देखिये :- 'प्याला मुझ भर देरे,' अब सबेरे प्याला भरके मांगने वाला स्वाभाविकता से अधिक रसिक होना चाहिये । यह प्याला चाय का नहीं यह तो आपलोग समझे ही होंगे । काव्य की दृष्टि से ये गीत क्षुद्र ही हैं । पर गीत बनानेवाला न कवि था न काव्य रचना उसका उद्देश्य था । हाँ इतना कह सकते हैं कि मांगनेवाला भक्तिरस का प्याला मांग रहा है । पर संगीत सभा में बैठनेवालों में इतनी गहराई में पहुंचे हुवे कितने होंगे ? और कोई हो तो भी उसका लक्ष्य भैरव राग के शृंगारपर, गायक के कंठ से निकलती हुई सुंदर ध्वन्यात्मक सृष्टिपर रहता है न कि शब्दार्थो की गहराई और तदनुसार स्वरलापों की योग्ययोग्यता पर । रागदारी संगीत के मींड, गमक तानादि युक्त आलापों को स्थान देनेवाली कविता स्वयं गायक कवि हो तो, संभव है, बन सकती है । तब तक न काव्य को रागाधीन न राग को काव्याधीन करना अच्छा होगा । अस्तु ।

बंगाल भैरव षाडव राग है क्यों कि निषाद इसमें वर्ज्य है । गांधार अवरोही में वक्र है । शेष सब बातें भैरव की ही इस में हैं । धैवत वादी, प्रातःकाल में गाना, "सां ध" की सुरसंगति रिषभ धैवत का आन्दोलन ये सब इस में भी है । बंगाल भैरव का बंगाल एवं बंगाली नामक दो रागों से कोई सम्बन्ध नहीं है । यह राग अपने स्वरूप में स्वतंत्र है । बंगाल भैरव का चलन यूं है :-

सा

सा, ध, ध ~ प, ग, म प ग म, रे, सा । ध ~सा, रे ग म प ग म, रे सा । प म ग म, रे,

नि नि

सा, ध, प, म, प, गम, प, ध, सां, ध, प, ग, म प ग म, रे, सा । प प ध, सां सां, रें, सां, ध, सां, रें, सां ध, प, ग म प, ध, सां, ध, प, ग म प, ग म, रे, सा । इत्यादि ।

आनंद–भैरव, अहीर–भैरव, एवं, सौराष्ट्र–भैरव ये वास्तविक मिश्र राग हैं और मेलोत्पन्न हैं । पर अधिकांश भैरव ही के अंग से चलते हुए भैरव प्रकार कहलाते है, अतएव भैरव ठाठ में माने गये हैं ।

आनंद भैरव में पूर्वांग में भैरव के साथ उत्तरांग में बिलावल जोड दिया जाता है ।

ग

जैसेः– म, रे, गमप, म, रे, सा । म, गम, म, प, सां ध, निध, प, म, ग, रे, गमप, म, गम, रे, सा । मध्यम इस में वादी स्वर है । प्रातःकाल के समय गाया जाता है । रिषम धैवत आन्दोलित हैं । कुछ लोग इसके आरोह में कोमल धैवत लेना कहते हैं । आनंद–भैरवी नामक राग से यह भिन्न है । इसका विस्तार इस प्रकार होगा :–

सा प

सा, रे ~सा, प, म, गम, रे, सा, सारेगम, म, म, प, मप, सां, धनिधप, म, गम, ध, पध,

ग ग

मग, म, रे, गमप, म, रे, रे, सा। अंतरा यूं होगा :– पपसां, सां, रें, सां, गंमं, रेंसां, सां, रें, सां, धनिप, ध, मग, मरे, गमप, मग, म रे, सा। अब रही तानों की अडचन। उसी के लिये कदाचित् आरोह में धैवत लेने की सुविधा रख्खी गई है, जिस से "सा रे ग म प ध नि सां। सां नि ध प म ग रे सा"। इस प्रकार तान फिरत कर सकतें होंगे।

अहीर भैरव में पूर्वांग भैरव एवं उत्तरांग में काफी के स्वरों का जोड होता है। अर्थात् तीव्र धैवत एवं कोमल निषाद स्पष्ट लगेंगे। रिषम तीव्र भी आरोह में कहीं कहीं लगता है। कोमल रिषम आन्दोलित भैरव के रिषभ की भांति लगेगा। वादी स्वर मध्यम, संवादी षड्ज है। प्रातःकाल का ही राग है। भैरवांग लेता हुआ भैरव प्रकार माना जाता है। भैरव ठाठ में ही इस की गिनती की जाती है। दो मेलों के स्वर इस में आते हैं जिस से यह एक रंगीबेरंगी राग लगता है। अप्रसिद्ध रागों में से है। भैरव–बहार नामक राग से इस को बचाना महा कठिन समस्या है। "निधनिसां नि, प, मप, गम, नि, ध, निसारेंनिसां, " यह बहार के विशेष स्वरालाप इस राग में न लेने चाहिये। इस राग का स्वरविस्तार इस प्रकार होगा : –

ग

सा, म, गम, रे, रे, सा, सा, रे, ग, म, म, रे, ग, प, म, गम, रेसा, सा, रे, सा। सारे, ग, म, म, प, धनिधप, धमपध, म, ग, मरे, गप, मगम, रे, सा। निधनिधप, मप, ध, म, गम, रे, गप, मगम, रे, सा। अंतरा इस प्रकार होगा :– म, रेम, प, मप, म, प, ध, नि, ध, प, ध, मपध, म, ग, म, रे, गप, मगम, रे, सा। तानें यूं चलेंगी : – सारेगमपमगमरे, सा। सारेगमप, धनिधप, धमपधमगमरेसा। मरेमप, धनिधप, मपमपधनिधपमगरे, गमपमगरेसा। सारेंसां, गमपमगरे, सा। पधनिधपमगरे, गमपमगरेसा, सा। इत्यादि.

सौराष्ट्र भैरव, जिसको सौराष्ट्र टंकभी कहते हैं, दोनों धैवत लेता हुवा भैरवांग मंडित ऐसा एक भैरव प्रकार है। आरोह में तीव्र धैवत, अवरोह में कोमल। वादी इसका मध्यम, संवादी षड्ज है। प्रातर्गेय राग है। निषाद इस में नहीं सा हि हैं। कोमल रिषभ धैवत पर आन्दोलन होता है। यह राग यूं चलता है। सा, धनिसाम, म, म, मरे, गम, मरे, सा। म, गमध, धमधसां, सां, रें, सां, म, मपमगम, रेसा, । अंतरा इस प्रकार है : – म, म, प, प, ध, प, म, प, मगमरे, सा, सां, सां, रेंसां, मधसां, म, प, म, रे, रे, सा।

शिवभैरव अथवा शिवमत भैरव में दोनों गांधार और दोनों निखाद लगते हैं। कोमल गांधार निखाद अधिक तर अवरोह में लगते हैं। भैरव अंग का राग है अतएव आन्दोलित रिषभ धैवत होंगे। धैवत वादी, रिषभ संवादी है। यह एक अप्रसिद्ध राग है। मतभेद इसके संबंध में हो तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है। आरोह में तीव्र गांधार निषाद होने से भैरव अंग स्पष्ट है। अवरोह में कोमल गांधार के कारण कुछ तोडी का आभास होना संभव है। कुछ लोग इसी को शुद्ध भैरव मानते हैं। प्रचार में जैसा कुछ स्वरूप इस का है बहुत मीठा

है । स्वर विस्तार इस प्रकार होगा :–

सा नि म म
म, ध प, मप, ग, ग, मरे, सा, सा म, गम, गमप, ध ध सां निसां, रें सा, रें ध ध,
प नि नि
प, नि, ध, प, म (म), रे, सा । अंतरा यूं होता है :– प प ध ध, सां, सां नि सां, सारें,
नि नि नि नि
सां, ध, ध, ध, प, पप ध, सां, सां नि ध प, नि, ध, प, म, म(म), रे, रे, सा ।

प्रभात भैरव में शुद्ध मध्यम वादी है । थोडासा तीव्र मध्यम ललित में जिस प्रकार से शुद्ध मध्यम के साथ लगता है उसी प्रकार इस में लगता है । यह राग संपूर्ण है । प्रातःकाल में गाया जाता है । शेष सब भैरव की बातें इसमें भी होतीं हैं । मध्यम पर ललित की भांति न्यास होता है । इस का स्वर विस्तार यूं है : –

म नि नि
सा, रे, ग, म, म, म, मप, म, गम, रे, सा, नि, सा, रे, सा, म, गम, ध, ध, ध, धप, म,
ग ग ग
ग, म, म, म, ग, रे, रे, ग, म, ध म, म, ग रे रे म, म, म, ग, रे, सा । सारे, ग, म, ममप,
ग
प, ध, ध, प, ध, प, म, गमम म, ग, रेग, म, प, म, ग, रे, सा ।
नि नि नि
इसका अंतरा इस प्रकार होगा :– मप ध, सां, निसां, ध, निसां, रें, सां, नि सां, ध, प,
नि नि ग ग ग ग
म, ध, ध, प, म, ग, म, म, मग, म रे, रे सा ।

अब इस के पश्चात् भैरव के प्रकार नहीं पर भैरव अंगसे चलनेवाले रामकली एवं गुणक्री का विचार करेंगे ।

रामकली में भी दोनों मध्यम आते हैं । पर तीव्र मध्यम प्रभात भैरव की भांति ललितांग का नहीं होता है । प्रभात भैरव में तो वह शरमता हुवा आता है । शुद्ध मध्यम की आड में इधर उधर थोडासा झांकता रहता है । अब रामकली में उसका हौसला कुछ अधिक बढाता है । सीधा आरोह में "म, प, ध, नि, ध, प," ऐसी ढिठाई करता हुआ चलता है । ये ही नहीं, वरन् यह तीव्र मध्यम युक्त स्वर समुदाय रामकली का एक चिह्न ही बन बैठा है । वह न हो तो रामकली ही नहीं । हां, यह अवश्य है कि रामकली में अतिरिक्त इस स्वर समुदाय के और कहीं तीव्र मध्यम नहीं आने पाता । उसमें न "ग म प," और न "प म ग, " हो सकता है । " म, प, ध, नि ध, प, " इस स्वर समुदाय को सावकाश गाते हुवे कहीं कहीं जोडकर पंचम पर बीच बीच में आरोहावरोह दोनों में न्यास करते हुवे, विशेष मंद्र सप्तक में न जाकर भैरव की भांति विस्तार करने पर रामकली हो जाती है । इसका विस्तार गाकर सुनाने की

आवश्यकता नहीं है। क्यों की आजकल यह राग इतना प्रसिद्ध है कि श्रोतागण भैरव की अपेक्षा इसी से अधिक परिचित है। संगीत परिषदों में कहिये, रेडिओ में कहिये, संगीत सभाओं में कहिये, जो आया सो सबेरे इसी राग को लिये बैठता है। भैरव को तो कोई छूताही नहीं। परिणाम में प्रत्यक्ष भैरव को तो गायक एवं श्रोतागण भूल से जा रहें हैं।

गुणक्री अथवा गुणकरी में गांधार निखाद वर्ज्य है। गांधार निखाद वर्जित अथवा कहिये गांधार निखाद दुर्बल ऐसा दूसरा एक जोगिया नामक राग इसी भैरव ठाठ से उत्पन्न होता है। पर गुणक्री में गांधार निखाद मूलतः वर्ज्य हैं। वे कभी लिये नहीं जाते। अतिरिक्त इस बात के गुणक्री में भैरव अंग स्पष्ट है। रिषभ धैवत पर आन्दोलन होता है। जोगिया में ये स्वर स्थिर रहते हैं। गुणक्री में धैवत वादी है, जोगिया में मध्यम वादी है। गुणक्री भैरव की भांति मींडों से सजी हुवी, गंभीर प्रकृति की रागिनी है। जोगिया में मींडें अधिक नहीं होतीं। पर रिषभ, मध्यम, एवं धैवत पर न्यास बहुत होता है। रे म और ध म की सुर-संगत इस रागकी विशेषता जानी जाती है। थोडा सा गांधार एवं निखाद का प्रयोग भी होता है। पहले गुणक्री देखिए :—

ग सा नि़ सा
सा, रे, रे, रे, सा, ध सा, सा, रे, रे, सा। प, म, प, रे, रे, सा, ध, सा, रे, सा; सा, ध~~
प, म प म, रे, रे, सा। अंतरा देखिये :— प, प, ध, ध, सां, सां — ध, ध, सां, सां रें, सां, सां,
ध, प, म, प, प, ध, रें, सां, ध, प, म प म रे, सा।

प
जोगिया इस प्रकार होगा :— सा, ध, पम, रे, पमरे, सा, सा रे म, म, प, प, मप, ध म,
प
रे म पध, मध, म, रे, पम रे, सा, रे, ममप, धम, पध, मपधसां, निध, प, मप ध, नि ध प, म,
रे सा। इत्यादि। जोगिया का परिणाम सचमुच किसी योगिनी का भाव उत्पन्न करता है।

विभास में मध्यम तथा निखाद वर्जित होते हैं। इस कारण यह सब भैरव मेल जन्य रागोंसे स्वतंत्र ही प्रकाशित होता है। यह भी एक मधुर राग है। किसी सज्जन को भक्तिरस परिपूर्ण यह राग लगे तो आश्चर्य नहीं। ध, प, गप, ध, प, गप, गरे सा, सा रे ग प, गप, पध, प। ये स्वर धैवत पर एवं पंचम पर यथा योग्य न्यास करते हुवे गाने पर इष्ट परिणाम होता है। वादी इसका धैवत और संवादी गांधार है। इसका नाम प्राचीन है।

अब गौरी और कालिंगडा लीजिए। इन में गांधार निखाद, इस ठाठके और रागों की अपेक्षा अधिक प्रतिष्ठा रखते हुवे रहते हैं। गौरी पूर्वांग प्रबल संध्या समय की रागिनी है। इस के दो तीन प्रकार हैं। पर दूसरे प्रकार अन्य ठाठों में हैं। गौरी में मंद्र मध्यसप्तकों में ही अधिक विस्तार होता है। मंद्र निखाद पर न्यास होता है। चलती हुवी प्रकृति है। वादी स्वर रिषभ संवादी पंचम है। रागविस्तार इस प्रकार होगा :— सा, रे, सा, रे, नि़ सानि़, ध नि़, सा, रे ग, मगरेसा, रेनि़सा। धनि़सारे, गमगरे, सारे, ग, रे सा, रे नि़, सा, ध, पध, नि़सा, रे सा रे ग, रे सा। प, म, म ध प, रे ग, रे म ग रे सा रे नि़, सा। तार सप्तक में अथवा मध्य सप्तक के उत्तरांगमें अधिक जाने से कालिंगडा होने की संभावना रहती है। इसी गौरी को मध्य सप्तक

एवं तार सप्तक में ले आने पर बहुत कुछ कालिंगडे का स्वरूप बनता है । गौरी में जहां निषाद पर न्यास होता है, कालिंगडे में गांधार पर होता है । कालिंगडे का वादी स्वर धैवत है, कोई पंचम मानते हैं । कालिंगडा इस प्रकार होता है :– धप, गमग, रेग, म, गमपधपगमग, नि, धप, मपध, गमग, मपमगरेसा सारेगम, । अंतरा इस प्रकार होगा :- ध, पधनि, सां, रें, सारेंनि, सां, धनिसां, धप, गमपध, गमग, रेंसां, निधप म, निनिधपमपगमग, रेग, मपमगरेसा । कालिंगडा प्रातर्गेय राग है ।

मेघरंजनी में पंचम और धैवत दोनों वर्जित हैं । मध्यम वादी है और उसपर न्यास होता है । तीव्र मध्यम भी लगता है । ललितांग से मंडित है । प्रातःकाल का राग है । स्वरुप स्वतंत्र है । देखिए :–

नि

निरेगम, म, ममग, मरे, गम, रे, साम, गम, नि, सां, रेंसां, रेंसां, सांम, मममग, मरे, सा, निरेगम ।

झीलफ भी एक भैरव मेलजन्य प्रकार है । कुछ खट की भांति उसमें स्वरोच्चार होते हैं । पर ये सब स्वर भैरव ठाठ ही के होते हैं, जैसे :–

म नि नि नि नि नि

निसा, ग, गमप, प, प, पप, ध, ध, धसां, ध, प, मपग, म ध प, मप, गमरे, सा,

नि नि नि नि नि नि

ग, मग, मप, प, पप ध ध ध ध धप, प, पप ध, निसां, ध, प, मपप म गम पधनिसां,

म म

गमप ग ग मरे सा ।

इस लेख में एक विशेष बात पर आपलोगों का ध्यान पहुंचाना चाहता हूं सो यह कि आजकल की संगीत में रागों की वादी संवादी प्राचीन श्रुत्यंतरों के तत्व पर अथवा नूतन संशोधित ध्वनिशास्त्र के सिद्धांतों पर से निश्चित नहीं किये जाते हैं । स्वर्गीय श्री. भातखंडेजी के संगीत शास्त्र ग्रंथों में वादी-संवादी की व्याख्या में इसके संबंध में चर्चा की गई है । बहुत से संगीतज्ञ एवं संगीत विद्यार्थियों को कोमल रिषभ वादी और पंचम संवादी अथवा कोमल धैवतवादी और शुद्ध रिषभ उसका संवादी किसी राग में कहा गया हो तो वह शास्त्र विरुद्ध सा लगता है । मुझ से कुछ लोग पत्र द्वारा इसका स्पष्टीकरण पूंछते हैं उनको मेरे यही उत्तर हैं कि प्राचीन संवाद तत्त्वके ही अनुसार आजकल के रागों में वादी संवादी होने चाहिये ऐसा कोई नियम नहीं समझा जाता है । प्रायः षड्ज-पंचम अथवा षड्ज-मध्यम संवाद बहुत से रागों में होना अवश्य है । पर आजकल का जैसा कुछ प्रचार है उस में इस नियम को अपवाद भी बहुत हैं । श्रीराग में रिषभ के अतिरिक्त पंचमही और सब स्वरों से अधिक बढता है, न धैवत ही इतना बढता है, न तीव्र मध्यम, जितना कि पंचम बढ़ता है । अतएव पंचम को रिषभ का संवादी माना जाय तो घबडाने की आवश्यकता नहीं । तीव्र रिषभवाली आसावरी में कोमल

धैवत वादी है । उसमें गांधार तो एक दुर्बल स्वर है । रिषभ ही एक ऐसा स्वर है कि जो धैवतको छोडकर शेष सब स्वरों से अधिक प्रबल है । पंचम अगर कुछ प्राबल्य रखता भी है तो भी धैवत के अति निकट होने से उसका संवादी नहीं हो सकता । वस्तुस्थिति यह है कि आजकल के वादी-संवादी का तत्व इतना ही है कि वादी से जरा दूरी पर रहता हुवा प्रबल स्वर उसका संवादी हो सकता है । प्राचीन ग्रंथोंका स्वर संवाद तत्त्व तो भी श्रुतियों की गिनती पर निर्भर है? दो स्वरों के बीच में ८ अथवा १२ श्रुतियों का ध्वन्यन्तर तब ही ठीक माना जा सकता है जब की एक श्रुत्यंतर का प्रभाव ठीक निश्चित हो । केवल सा का प, रे का ध, ग का नि इत्यादि संवादी मानने से तो यह समस्या पूरी नहीं हो सकती? कौन कह सकता है कि प्राचीन षडज् पंचम का ध्वन्यंतर वही था जो आजकी संगीत का है ?

(अखिल भारतीय आकाशवाणी के सौजन्य से)

१०
मूर्च्छना

मेरी बातचीत का विषय राग संगीत है । वास्तव में राग संगीत स्वयं तो एक बहुत बडा विषय है । मैं आज उसका केवल एक छोटासा प्रकरण, जिसको कि 'मूर्च्छना' कहते हैं, लेकर उस पर दो बातें कहना चाहता हूं ।

आज से लगभग तीस वर्ष पूर्व, यदि किसी से पूछा जाता कि "क्यों साहब बागेश्री राग का ठाठ कौनसा?" तो वह हंस पडते और कहते 'क्या कहते हो जी? बागेश्री का स्त्रीवाचक नाम लेते हुवे फिर उसको राग करके कहते हो? तिसपर उसका-- क्या कहा, अभी तुमने? -- हाँ 'ठाठ' । ठाठ क्या चीज? रागरागनियों का भी कहीं ठाठ होता है? यह ठाठ कहां से लाये तुम? खुद शिवजी की बानी से राग निकले हुए हैं । उनको समझो । ठाठ रहने दो ।" तात्पर्य, गायकों की बातचीत में 'ठाठ' यह वस्तु आती ही नहीं थी । अब भी पुरानी परंपरा के कुछ गायक विद्यमान् है जिनको 'ठाठ' यह क्या वस्तु है, इसका परिचय नहीं है । आजकल हम लोगों को न राग बागेश्री खटकता है न 'ठाठ' से चौंक उठते हैं । हां, वाद्य बजानेवाले ठाठ से अपरिचित न थे । सितारिये को 'भैरों' बजाना हो तो रिषभ और धैवत के पर्दों को बांई और हटाना आवश्यक होता है । 'चलठाठ' एवं 'अचलठाठ' ये दो प्रकार सितार में उस समय भी प्रचलित थे । गायक के गले में ठाठ मिलाने की क्या आवश्यकता? कान का सच्चा हो तो वह चाहे जो ठाठ तुरन्त गले से गा सकता है । पर सितार पर गत तोडा बजाने में पर्दे राग के स्वरों के अनुसार ही रहने चाहिए ।

सरंगियों का भी ठाठ होता है । गाने बाले से पहले पूछा जाता है कि कौन सा राग गाया जायगा । और गाये जानेवाले राग के अनुसार तरबें मिलाई जाती हैं । सरंगी मिलाने की रीति को भी वे लोग 'ठाठ' कहते हैं । नाच की परिभाषा में भी 'ठाठ' शब्द आता है । वाद्य तथा नृत्य की परिभाषाओं में तो यह शब्द पुराने समय से प्रचलित है । संगीत के पुराने संस्कृत ग्रंथों में भी 'ठाठ' का नाम पाया जाता है । पं. सोमनाथ अपने 'रागविवोध' के तीसरे अध्याय में मेलों की परिभाषा लिखते हुए 'ठाठ इति भाषायाम्" अर्थात् मेल को भाषा में 'ठाठ' कहते हैं । रागविवोध लगभग आज से साढे तीनसौ वर्ष पहले लिखा गया था । अतएव ठाठ' को पुराना आधार भी है ।

अब ठाठ यह क्या वस्तु है सो देखना चाहिए । ठाठ के अर्थ अनेक हैं । जैसे रूवाब, मिजाज, सजावट, रचना, व्यवस्था, साज सजाना, अंग्रेजी में Adjustment, arrangement, paraphernalia कहते हैं ।

संगीत की परिभाषा में 'ठाठ' को संस्कृत ग्रंथों में मेल अर्थात् सुरों का मिलाना, इकट्ठा करना कहते हैं । मेल या ठाठको समझाते हुए ग्रंथकार लिखते हैं :-

मेलः स्वरसमूहः स्याद्रागव्यंजन शक्तिमान् ।

अर्थात् मेल यानी ऐसी एक स्वर रचना अथवा स्वरपंक्ति कि जिसमें से अनेक राग उत्पन्न हो सकते हैं । ठाठों को रागों के जन्म देने वाले, पैदा करने वाले समझा जाता है। अब यहां एक प्रश्न उत्पन्न होता है, कि यदि ठाठ रागों के जनक समझते जाते हैं तो क्या ठाठ पहले बनाये गये और फिर उनमें से राग बनाए गये? लोग ऐसे प्रश्न कर भी बैठते हैं। यह कुछ प्रश्न ऐसे ही है जैसे कि भाषा और व्याकरण के सम्बन्ध में किया जा सकता है। भाषा से व्याकरण बना या व्याकरण से भाषा बनी? इसका उत्तर यही है कि भाषा का चरित्र व्याकरण है । वैसे ही रागों का चरित्र बताने वाली वस्तुओं में ठाठ एक है जो प्रचलित रागों को तो अपने में समेट लेती ही है पर उनके अतिरिक्त हजारों और नये नये रागों को उत्पन्न कर सकती है । उदाहरणार्थ भैरव ठाठ लीजिए । विकृत अथवा कोमल रिखव धैवत और बाकी सब शुद्ध स्वर लेनेवाले राग इकट्ठे किये गये । इन रागों में से कुछ पांच स्वरों के, कुछ छः के कुछ सातों स्वर लेने वाले राग हैं । पर सब में सा, कोमल री, शुद्ध ग, शुद्ध म, प, कोमल ध, और शुद्ध नी, इन्हीं सात स्वरों में से स्वर लिए गए हैं । यह स्वर सप्तक यूँ है ।

"सा, रे, ग, म, प, ध, नि, सां ।" इस स्वर सप्तक के अन्दर आने वाले प्रचलित राग तो दस बीस ही हैं । पर वर्ज्यावर्ज्य की रीतिसे इस एक ही स्वर सप्तक में से लगभग ५०० राग उत्पन्न हो सकते हैं। देखिये, इन स्वरों में से कोई भी एक स्वर वर्ज्य करते रहें तो चंद राग ऐसे मिलेंगे कि जो प्रचार में नहीं है । अपने प्रचलित संगीत में 'सा' एक मुख्य स्वर, सब स्वरों का आधार माना जाता है । अतएव वह किसी राग में वर्ज्य नहीं हो सकता । बाकी बचे हुवे छः स्वरों में से कोई भी एक वर्ज्य हो सकता है । जैसे :- (१) सा ग म प ध नि सां। (२) सा रे म प ध नि सां । (३) सा रे ग प ध नि सां । (४) सा रे ग म ध नि सां । (५) सा रे ग म प नि सां । (६) सा रे ग म प ध सां ।

वास्तविक, इनमें से एक भी प्रचार में नहीं है । यह तो केवल आरोह की रचना हुई। अवरोह भी इतने ही होंगे । जैसे (१) सां ध प म ग रे सा । (२) सां नि प म ग रे सा । (३) सां नि ध म ग रे सा । (४) सां नि ध प ग रे सा । (५) सां नि ध प म रे सा (६) सां नि ध प म ग सा । हमारे रागों के लिये यह आवश्यक नहीं हैं कि आरोह में जो और जितने सुर लगते हैं अवरोह में भी वे ही और उतने ही स्वर लगने चाहिए । अतएव अभी आपने सुने हवे छः आरोह प्रकारों में से हर एक के साथ छः अवरोह प्रकार जोड दे सकते हैं । सुनिए (१) सा ग म प ध नि सां - सां ध प म ग रे सा। (२) सा ग म प ध नि सां - सां नि प म ग रे सा । (३) सा ग म प ध नि सां - सां नि ध म ग रे सा । (४) सा ग म प ध नि सां - सां नि ध प ग रे सा । (५) सा ग म प ध नि सां - सां नि ध प म रे सा । (६) सा ग म प ध नि सां - सां नि ध प म ग सा ।

इसी प्रकार बाकी पांच आरोहों के साथ ये छह अवरोह जोड दिए जा सकते हैं । इन सब रागों को षाडव जाति के या खाडव राग कहा जाएगा । षट या खट यानि छः । षट से षाडव अथवा खट शब्द से खाडव अर्थात् छः स्वरों का । ये सब मिलकर ३६ होते हैं ।

इसी प्रकार दो दो सुर आरोह में और अवरोह में एक सुर या आरोह में, और दो सुर अवरोह में अथवा उसके उलटा यानि दो सुर आरोह में और एक सुर अवरोह में घटा कर या फिर आरोह में सातों सुर लेकर अवरोह में एक या दो सुर घटा देकर सैंकडो राग इस एक ही ठाठ में से उत्पन्न किये जा सकते हैं। मैं अभी कह चुका कि इस प्रकार से रागों की संख्या लगभग ५०० तक पहुंचती है। हां, यह अवश्य है कि इस बडी संख्या में से केवल उतने ही राग वास्तविक होंगे कि जो सुनने में अच्छे लगेंगे और वे ही गाये बजाए जायेंगे। बाकी सब केवल स्वरपंक्तियां बन कर रह जायेंगी। पर 'ठाठ' बनाने से यह तो नहीं होगा कि किसी राग का वर्णन करते समय उसमें चढी री या उतरी, गंधार चढी या उतरी, मध्यम चढी या शुद्ध, इस प्रकार स्वर का जप करना पडे। भैरव ठाठ अर्थात जिस ठाठ में से भैरव, जो एक प्रसिद्ध और लोक प्रिय राग है निकलता है, इतना कहने से स्वर सप्तक चट समझ में आता है। उदाहरणार्थ जोगिया भैरव ठाठ का राग है। इतना कहने से कोमल रिखब धैवत और बाकी सब शुद्ध स्वर जोगिया में लगेंगे यह समझ में आता है।

'ठाठ' यह शब्द तो ३०० वर्ष का पुराना है, यह तो ऊपर बताया ही गया है। पर "ठाठ राग" अथवा मेल और तज्जन्य राग अथवा जन्य-जनक व्यवस्था की कल्पना ठाठ शब्द से भी बहुत प्राचीन है। और इसी के सम्बन्ध में 'मूर्च्छनाओं' का उल्लेख आता है। पुराने ग्रंथों में से संगीत पारिजात, संगीत दर्पण, और चंद और ग्रंथ जो राग रागिणी प्रणाली का पुरस्कार कहते हैं उनके सिवाय और सब ग्रन्थों में रागों का वर्गीकरण अर्थात् खानेशुमारी इसी जन्य-जनक प्रणाली में की गई है। कर्नाटकी प्रणाली के सब ग्रंथ और उत्तरी यानि हिंदुस्तानी संगीत प्रणाली में प्रधान सद्राग चन्द्रोदय, राग मंजरी, रागविवोध, रागतत्वविवोध, हृदयप्रकाश, हृदयकौतुक, ये सब ग्रंथ जन्य-जनक प्रणाली के ही पोषक हैं। ये सब ग्रंथ उस समय के हैं कि जब हमारी प्राचीन ग्राम, मूर्च्छना, जाति की पद्धति मिट गई थी। सप्तक के सब शुद्ध विकृत स्वर मध्य सप्तक के सा से तार सप्तक के सां के बीच में आ गये थे। सा और प जो प्राचीन समय में विकृत हो सकते थे अचल हो कर अपनी अपनी जगह पर कायम हो चुके थे। पंद्रहवीं सदी ईसवी के पहले हमारे यहा ग्राम मूर्च्छना की प्रणाली थी। उस समय दो मुख्य स्वर सप्तक प्रचार में थे। जिनको षडज ग्राम अंर मध्यम ग्राम कहा जाता था। स्वरांतर यानि दो दो स्वरों का ध्वन्यंतर श्रुतियों के आधार पर नापा जाता था। श्रुति सूक्ष्म ध्वन्यंतर लगभग पाश्चात्य संगीत के quarter tone के बराबर था, जिसके प्रमाण पर उक्त दोनों ग्रामों के स्वर रचे जाते थे। निखाद के बाद सा तक, गंधार के बाद मध्यम तक, एवं मध्यम के बाद पंचम तक चार चार श्रुतियां, षडज के बाद रिखब तक, एवं पंचम के बाद धैवत तक तीन तीन श्रुतियां एवं रिखब से गंधार तक तथा धैवत के बाद निषाद तक दो दो श्रतियां षडज ग्राम में और नि के बाद सा तक, ग से म तक, और प से ध तक चार चार श्रुतियां, सा के बाद रि तक, एवं म से प तक तीन तीन एवं री के बाद ग तक और ध के बाद नि तक दो दो श्रुतियां मध्यम ग्राम में मानी जातीं थी। इन ग्रामों के स्वर इस प्रकार ठीक समझा कर फिर मूर्च्छना का वर्णन आता है।

पुरानी संगीत प्रणाली में 'मूर्च्छना प्रकरण' बहुत महत्त्वपूर्ण था। भरतनाट्य शास्त्र के समय में तो विकृत स्वर दो ही थे। सात शुद्ध स्वर और "अंतर गंधार" "काकली निखाद" ये दो विकृत मिलकर कुल ९ स्वरों में ही संगीत की रचना होती थी यह भ्रम होता है। पर ऐसा न था। क्योंकि मूर्च्छना के द्वारा अनेक स्वर सप्तक बनते थे।

'मूर्च्छना' शब्द के यूं तो बहुत अर्थ हैं। "जिसके द्वारा राग का विकास होता है और श्रोता गण जिससे मुग्ध होते हैं उसको मूर्छना कहना चाहिए" ऐसा संगीत रत्नाकर की टीका में कल्लीनाथ कहते हैं। मूर्च्छना की परिभाषा ग्रंथों में यूं है।

क्रमात्स्वराणां सप्तानामारोहश्चावरोहणम्।

अर्थात कोई भी सात स्वरों की पंक्ति के क्रमानुसार आरोह और अवरोह को मूर्च्छना कहते हैं। यह तो हुई परिभाषा। प्रत्यक्ष व्यवहार में इसका उपयोग षडज संक्रमण जिसको पाश्चात्य संगीत प्रणाली में Change of key अथवा Modulation करके कहते हैं होता है। यानि सा का और उसके द्वारा बाकी सब स्वरों को दूसरे स्वरों के स्थान पर सरकाना अथवा स्वर पंक्ति का केन्द्र बदलना।

उदाहरणार्थ, आज के शुद्ध स्वर सप्तक को जिसको बिलावल कहा जाता है थोडे समय के लिये षड्जग्राम ही मान लें। ये स्वर सप्तक यूं है : सा, रे, ग, म, प, ध, नि, सां। इनको आकार में गायें। अब इसी बिजावल के मन्द्र निखाद से आरंभ करके मध्य निखाद तक आकार में स्वर गायेंगे तो यह एक दूसरा ही स्वर सप्तक लगता है। पहले निखाद से निखाद तक स्वरों के नाम कहते हुए बिलावल ही सुर गायेंगे। नि़, सा, रे, ग, म, प, ध, नि। स्वरों के नाम कहते हैं तो यह बिलावल ही है। पर अब इसको आकार में गायें तो यह एक निराला स्वर सप्तक ही कान को लगता है। नि़, सा, रे, ग, म, प, ध, नि।

आ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ

इसी प्रकार मंद्र धैवत से मध्य धैवत तक बिलावत ही के सुर आकार में गायें तो आसावरी का स्वर सप्तक होता है। ध़, नि़, सा, रे, ग, म, प, ध। अब इन्हीं को आकार में गाए हुए ध़, नि़, सा, रे, ग, म, प, ध।

आ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ

इसी प्रकार मंद्र प से मध्य प तक खमाज, मंद्र म से मध्य म तक यमन, मंद्र ग से मध्य ग तक भैरवी, और री से री तक काफी ऐसे अलग अलग स्वर सप्तक बिलावल के स्वर कायम रखते हुए बनते हैं। जिनको हार्मोनियम से प्रेम है वे सफेद पट्टी को सा मानकर एक बार उससे आरम्भ कर दाहिनी अथवा बाईं ओर की सब सफैद पट्टियां बजाकर बिलावल ठाठ बजा लें। फिर उसके बाद बांई ओर की एक एक सफेद पट्टी से आरंभ करके उससे आंठवी तक यानि ८ वीं सफैद से १४ वीं सफैद तक, फिर ६ ठी सफैद से १३ वीं सफैद तक, इस प्रकार बजाते जावें तो ७ अलग अलग स्वर सप्तक सुनाई देंगे जैसे कि मैं ने अभी

बताए थे । इन्हीं स्वर सप्तकों को आज की मूर्च्छना कह सकते हैं । आज का शुद्ध स्वर सप्तक बिलावल है । भरत शारंगदेव के समय में दो स्वर सप्तक मुख्य थे । जिनको षडजग्राम और मध्यमग्राम कहते थे । इन दो ग्रामों का प्रत्यक्ष स्वरूप यानि उनके स्वरस्थान प्रत्यक्ष कौनसे थे इस पर अभी निश्चित सिद्धांत नहीं हुए हैं । अतएव उनको गाकर सुनाया नहीं जा सकता ! जैसे कुछ हो पर इन्हीं स्वरस्थानों को कायम रखते हुए मूर्च्छनायें अभी समझाई हुई रीति से निकाली जाती थीं । ग्राम वैसे तो तीन, बताए गए हैं । और इन तीन ग्रामों में से हर ग्राम में सात सात करके कुल इक्कीस मूर्च्छनाओं का उल्लेख हमारे पुराने पंडित लोग करते हैं । पर व्यवहार में उनके समय दो ही ग्राम थे और इन्हीं दो ग्रामों में से निकली हुई १४ मूर्च्छनाएं वे उपयोग में लाते हैं ।

पाश्चात्य संगीत में भी प्राचीन काल में स्वर सप्तकें बनाने की रीति लगभग ऐसी ही थी । उनके यहां मेजर टोन, मायनर टोन, एवं सेमिटोन ये तीन मुख्य प्रमाणिक स्वरांतर माने जाते हैं । उनका शुद्ध स्वरसप्तक लगभग अपने बिलावल सप्तक का सा ही है । इसको वे लोग (C major) कहते हैं । इस स्वर सप्तक में मैंने अभी बताए हुए तीनों स्वरांतर यानि मेजरटोन, मायनरटोन और सेमिटोन ये रहते हैं । पहले से दूसरा जिसको हमलोग सा से री कहेंगे, चौथे से पांचव जो हमारे यहां मध्यम से पंचम होगा, और छटे से सातवां यानि लगभग ध से नि ये स्वरांतर मेजरटोन हैं । २ रे से ३ रा यानि री से ग एवं ५ वें से ६ ठा यानि प से ध ये मायनरटोन हैं । तथा ३ रे से ४ था यानि ग से म एवं ७ से ८ यानि नि से सां (ऊपर का) ये सेमिटोन हैं । अब इन्हीं स्वरांतरों को नीचे ऊपर बदल कर वे लोग अलग अलग स्वर सप्तक बनाते थे । उदाहरणार्थ (C major) में ३ रा और ७ वां ये स्वरांतर (minor tone) हैं । उन्हीं को क्रमशः २ रा और ६ ठा स्वरांतर बना लिया यानि ग म का स्वरांतर री ग में कर दिया और नि सां का स्वरांतर 'ध नि' में कर दिया । इसका प्रत्यक्ष परिणाम इतना ही होता है कि जहां बिलावल में शुद्ध गंधार निखाद थे अब वे कोमल हो गये । अपने यहां का यह काफी का स्वर सप्तक होता है । सुनिये सा, रे, ग़, म, प, ध, नि़, सां । उक्त तीन स्वरांतरों से बडा या छोटा और कोई स्वरांतर किसी सप्तक में उनके यहां उस समय नहीं होता था। अतएव Semitone अगर पहले और पांचवें स्थान पर रखा जाएगा तो उसके आगे मेजरटोन या मायनरटोन इन्ही में से कोई आएगा । इस रीति से Semitone पहले और पांचवे स्थान पर हटा देने पर स्वर सप्तक भैरवी का होजाता है । सा, रे़, ग़, म, प, ध़, नि़, सां । इस प्रकार पाश्चात्य संगीत की प्राचीन प्रणाली में जो स्वर सप्तक निकाले जाते थे उनको वे लोग modes कहते हैं । ये modes अपने यहां की प्राचीन मूर्च्छना का ही एक स्वरूप है। अपने यहां मूर्च्छनाओं के नाम जैसे 'उत्तरमंद्रा' 'रजनी' इत्यादि होते थे वैसे पाश्चात्य संगीत की modes के भी नाम 'एओलियन' 'प्रिजियन' 'लिडियन' 'डोरियन' इत्यादि होते थे।

अब इन मूर्च्छनाओं का उपयोग क्या होता था सो देखिये । प्राचीन काल में राग नाम से कोई वस्तु संगीत में न थी । 'राग' की जगह उस समय जातियां गाई जाती थीं । ये जातियां कुछ तर्ज थे जो कि उस समय सर्व साधारण में प्रचार थे । ग्रंथों में जातियों के वर्णन और

उदाहरण जो दिये हैं उनमें उनके स्वर, मूर्च्छना, अंशस्वर, न्यसस्वर, स्वर-संगतियां, वर्ज्य स्वर, एवं ताल भी बताए गए हैं। उदाहरणार्थ :-

आर्षम्यां तु त्रयोऽशाः स्युर्निषादर्षभधैवताः ।
द्विश्रुत्योः संगतिः शेषैर्लघन पंचमल्पच ॥
षाडवं षड्ज लोपेन सपलोपादिहोडवम् ।
मूर्च्छनापंचमादिश्च तालश्चंचत्पुटो मतः ॥
अष्टोकला भवन्तीह विनियोगस्तु पूर्ववत् ।

यह आर्षभी जाति का वर्णन है इसका भावार्थ यूं है। आर्षभी जाति में निखाद, रिषभ एवं धैवत ये अंश स्वर यानि प्रबल स्वर हैं। गांधार निखाद की ओर स्वरों के साथ संगत होती है जिससे वे सुर प्रबल हो जाते हैं। पंचम इसमें बहुत अल्प यानि थोडा लगता है। यही आर्षभी जाति कभी कभी षाडव और कभी औडुव होती है। जब षाडव होती है तब सा वर्ज्य रहता है और औडुव स्वरूप में सा और प ये दोनों स्वर वर्ज्य होते हैं। यह जाति पंचमादि मूर्च्छना से उत्पन्न होती है। इसका ताल तंचत्पुट है जिसमें आठ मात्रा होती है।

इस वर्णन से यही सिद्ध होता है कि जातियां ये बनी बनाई बंदिशें थीं। आजकल के रागों की भांति उनमें गायक को आलापादि करने की छूट न थी। वैसी की वैसी निश्चित ताल में बंदिश के अनुसार गाई जाती थीं। इन्हीं जातियों से बाद में राग रीति का प्रचार हुआ। जातियों की उत्पत्ति मूर्च्छनाओं में से होती थी। जब राग प्रचार में आए तब कुछ समय तक रागों की भी मूर्च्छनाएं कही जाती थी। पर जब रागों का गायन पूर्णता को पहुंचा, यानि सब तीव्र कोमल स्वरांतर जो पहले मूर्च्छनाओं के द्वारा सिद्ध होते थे अब सा से तार सां तक में ही सिद्ध होने लगे तब मूर्च्छना का पहला उपयोग मिटकर केवल राग के शुरू का स्वर बताने के लिये मूर्च्छना का उल्लेख किया जाता था। देखिए पं. अहोबल वसंत राग का वर्णन करते हुए लिखते हैं :-

षडजादिमूर्च्छने मान्ते गनी तीव्रो वसन्तके ।

अगर मूर्च्छना से राग में आने वाले तीव्र कोमल स्वर निश्चित होते तो गनी तीव्रों कहने की आवश्यकता न थी। तब भी षडज की मूर्च्छना तो कही है। और आगे राग का स्वरकरण देते हुए राग का उठाव सा से ही करते हैं। जैसे 'सा रे ग म प ध नि सां सां नि ध प म प म ग म"। "मान्ते" यानि जिसमें मध्यम पर न्यास होता है। इसीलिये उठाव के अंत में मध्यम स्वर आता है।

इस प्रकार संगीत पारिजात में वर्णन किए हुए हर एक राग के वर्णन में मूर्च्छना अवश्य कही जाती है पर वह केवल शुरू का स्वर एवं उठाव ही बताने के लिये है।

अहोबल ने इसी ग्रन्थ के आरम्भ में एक एक श्रुति के भेद से हजारों मूर्च्छना समझाई हैं। ये मूर्च्छना तो उसी अर्थ में है जिस अर्थ में प्राचीन मूर्च्छनाएं लिखी गई हैं, यानि ये सब अलग अलग स्वर सप्तक हैं। इस सब चर्चा से यही निर्णय होता है कि मूर्च्छनाएँ रागोत्पादक

मेलों का ही प्राचीन प्रकार था । ठाठ राग पद्धति के लिये प्राचीन परम्परा का प्रबल आधार है ।

आज हमारे संगीत में मेल अथवा ठाठों का प्रचार होने से मूर्च्छनाओं की आवश्यकता राग के शुद्ध विकृत स्वर निश्चित करने के लिए नहीं है । पर षडज संक्रमण यानि केंद्र की हेरफेर आज के संगीत में भी कहीं कहीं प्रचार में दिखाई देती है । कुछ कुशल गायक वादक राग गाते बजाते समय बीच बीच में ऐसे चमत्कार करके दिखाते हैं । उदाहरणार्थ कोई गायक भैरवी गा रहा है । गाते गाते भैरवी से महफिल का वायुमंडल भर गया, श्रोतागण भैरवी में ही मुग्ध होकर डोल रहे हैं । ऐसे समय गायक ने अचानक राग का केन्द्र बदल कर कोमल रिषभ से तार सप्तक के कोमल रिषभ तक भैरवी के ही सुरों में आलाप करना शुरू कर दिया । या कहिए भैरवी के रिषभ की मूर्च्छना में ही आलप करना शुरू किया परिणाम यह हुआ कि भैरवी के सुर तंबूरे के हिसाब से होते हुए भी कान को वह भैरवी के उलटा यानि यमन सुनाई देने लगा । भैरवी में सब कोमल सुर होते हैं, यमन में वे सब तीव्र होते हैं ।

सा, ग, सारेसा, सागमप, मगम, रेसा । साग, मग, सारीसा । सारेगम, पम, सागमपधपम, गमपमगम, रेसा । प, प, धप, मप, गमप, ध, निधप, सारेगमध, प, गप, धपम, गमपम, रेसा । गमधनिसां, धसां, निरेंसां, पधनिसां, गं, सांरीसां, रेंनिसां, रें, सां, धप, सांनिधप, गमप, मगम, रेसा ।

अब आगे - रे, साग, सागम, रेगरे, धपम, गम, सागम, ध, म, निधपम, गम, गमपध, मग, मगरे, निसागरे । रेगरे, रेगमप, म, गम, धपम, निधपम, सांनिधपम, ध, गम, ग, रे, सा ।

इस प्रकार बहुत से रागों में यह चमत्कार दिखलाई दे सकता है । भैरवी के रिषभ की मूर्च्छना पर जैसे यमन, उसी प्रकार यमन के निखाद की मूर्च्छना में भैरवी सुनाई दे सकती है । जैजैवंती में रिषब तो बादी स्वर ही है । उस पर बार बार अवरोही आलाप आकर समाप्त कर दें तो भैरवी की छाया उत्पन्न होती है । जैजैवंती में निध, गम, रेगरे, सां, निध, मधपनिध, मपधगम, रेगरे, मपधनिध, गम, रेगरे, धनिरी, गमप, गम, रेगरे ।

ये सब स्वर भैरवी की छाया उत्पन्न करेंगे । उनको अंत में केवल नि, सा, निधनि, सा । इतना टुकडा जोड देने पर वे सब स्वर जैजैवंती के ही शरण आवेंगे । कुछ लोगों का कहना है कि प्रचलित रागों में से कुछ ऐसे सहज परिवर्तन से भी उत्पन्न हुए होंगे । तंबूरे में मिलाये हुए पंचम पर केन्द्र यानि षड्ज की कल्पना करके कालिंगडा गाने पर पीलू हो जाता है ।

पीलू ऐसे ही षड्ज संक्रमण से निकला होगा यह कोई कहे तो क्या आश्चर्य? इसी प्रकार शुद्ध मध्यम को सा मानकर अवरोही वर्ण में खमाज गाने पर गारा, पंचम से भैरवी गाने पर सिंधभैरवी इस रीति से राग आपस में मेल रखते हैं । षड्ज संक्रमण, षड्ज परिवर्तन केन्द्र बदलना, ये सब एक ही क्रिया के नाम हैं और उसका परिणाम एक ठाठ या राग से दूसरे ठाठ या दूसरे राग का आभास उत्पन्न होना, एक राग में ही दूसरे राग की भ्रान्ति सुननेवालों में उत्पन्न होना होता है ।

११

वसन्त और संगीत

वसन्त नवीन जीवन और प्रेरणा का प्रतीक है । सृष्टि मानो अपने सोलह सिंगारों से सजी हुई हर्षोत्कर्ष में गाती, बजाती, नाचती हुई दिखाई देती है । शीतल सुगन्धित समीर द्वारा वृक्ष, वेलि एवं प्राणिमात्र को मधुर स्पर्श करती हुयी सृष्टि सबको आनन्दोत्सव की प्रेरणा देती है । फूल खिलते हैं, उन्हीं का अनुकरण करते हुये युवक-युवतियों के मनों में आनन्द उमगता है । तरु, लता झूमते हुए अपने आनन्दोत्सव में भाग लेने के लिये समस्त संसार का आव्हान करते हैं । आम्रवृक्ष पर कोकिला अपने मधुर कण्ठ-स्वर में सबका स्वागत करती है । दुख-पीडितों को क्षण भर के लिये सुख का अनुभव करा देनेवाले वसन्त का वैभव कवियों एवं गायकों ने स्वर तथा रागरागिनियों द्वारा उद्घोषित किया है ।

संगीत में ऐसे कई राग एवं गीत हैं जो विशेषतः वसन्त ऋतु में गाये जाते हैं । वसन्त, बहार, हिंदोल, ललित, पंचम, परज इत्यादि कुछ ऐसे राग है जिनमें वसन्त ऋतु की प्रशंसा गीत, स्वर, एवं लय द्वारा बहुत सुन्दर रीति से की गयी है । इन रागों के सम्मिश्रण से बने हुये कतिपय अन्य राग जैसे - वसन्त-बहार, वसन्त-पंचम, हिन्दोल-बहार, ललित-पंचम, हिन्दोल पंचम, गाये-बजाये जाते हैं ।

वसन्त, हिन्दोल, पंचम, सोहनी ये राग-नाम प्राचीन संगीत में पाये जाते हैं । वसन्त ऋतु के सिंगार का वर्णन करते हुए वसन्त राग में ही श्री जयदेव कहते हैं :

विहरति हरिरिह सरस बसन्ते ।
नृत्यति युवति जनेन सभं सखि विरहि जनस्य दुरन्ते ।
ललित लवंगलता परिशीलन कोमल मलय समीरे ।
मधुकर निकर करम्बित कोकिल कूजित कुंज कुटीरे ।

प्राचीन संगीत का यह एक गेय प्रबन्ध अर्थात् गायी जानेवाली बन्दिश की चीज है, जिसमें वसन्त ऋतु में की हुई भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन है । प्रायः यह वसन्त आजकल दक्षिणात्य संगीत के बसन्त राग के समान है ।

आज के बसन्त में पूर्वी ठाठ के स्वरों के साथ कुछ ललित अंग देकर, उत्तरांग में अधिकतर अवरोही वर्ण में मींड, गमक आदि से सजाते हुए राग का सिंगार होता है । वसन्त के लगभग सब गीतों में पुष्प, लता, कोयल, आम्रवृक्ष, सुगन्धित समीर का वर्णन होता है । जैसे

कैसी सरस बसन्त नई बन बेली फूल रही बेला चमेली ।

मालती केतकी फूल रही फुलवारी,
बरन बरन के उपवन नौ बहार,
बसंत भंवर गुंजारत अत कंवल ।
तैसी गुल चमन की रोक आस लगत,
देखत एक चलत पवन सीतल मन्द सुगन्ध देत अत कंवल ।

बहार

बहार फारसी शब्द है जिसका अनुवाद हिन्दी में वसन्त ही होगा । तथापि यह राग वसन्त से बहुत भिन्न है । काफी ठाठ का राग है । आरोही में पंचम एवं अवरोही में धैवत तथा गांधार को गौण अर्थात् दुर्बल रखते हुए गाया जाता है । इसका भी सिंगार अधिकतर उत्तरांग में होता है । बहार के गीतों में भी सृष्टि शोभा का वर्णन रहता है । वृक्ष, लता, पुष्प, आम्रवृक्ष इत्यादि की शोभा की प्रशंसा होती है । जैसे -

बहार आयी बेलरिया फूल रहीं
अमरैया बौरानी बाग बाग मलिया
बोले राब थांब थांब थांब थांब
किनि वाले लाज बैल वाले लाज ।
डार डार और पात पात पर, भंवर फिरत
रैया, पीहं पीहूं रटत पपियरा
चहुँदिस हसन बसन्त सुनाई अतमन भाई ।

हिन्दोल

हिन्दोल के गीतों में भी आनन्दोत्सव का वर्णन होता है । इसमें पंचम, ऋषभ, दो स्वर वर्जित है । शेष सब स्वर तीव्र हैं । उत्तरांग में ही इसकी सजावट अधिकतर होती है । एक-दो गीत आनन्दोत्सव के हैं, जैसे -

बरन बरन के फूल फूले,
सखियाँ मनभाये ल्याये,
कान्ह के सीस मोतियन को सेहरा ।
इजिके गर सोहत मोहन माला ।
सुख से झूलत मन्द मन्द हरि,
कृष्ण मुरारि चतुर बनवारी ।
सब सखियाँ हिन्दोल झुलावत,
गावत-हरिगुन हरख भरे भारी ।
ऋतु बसन्त राग हिन्दोल गावत,
गायन गुनी गन्धर्व पण्डित ।

परज

परज भी वसन्त की भांति पूर्वी ठाठ में से उत्पन्न होनेवाला उत्तरांग प्रबल राग है। इसमें भी वसन्त की भांति दोनों मध्यम लगते हैं। पर ललित का लाग परज में नहीं होता, जो बसन्त का एक परिचायक भाग है। परज का एक गीत आनन्दोत्सव का है।

पवन चलत आलि किये चन्द्र खेतु
चलो मितवा बालम बगवा हम तुम
मधवा पिये करें रंगरलियाँ
पकर बैयाँ परत पैयां बल जैयां
सनद पिया तोरी फुलवारी चटक रही कलियाँ।

सोहिनी

सोहिनी मारवा ठाठ का एक षाडव अर्थात् ६ स्वरों का राग है जिसमें पंचम वर्ज्य है। उत्तरांग प्रबल राग यह भी है। इसमें आनन्दोत्सव के गीत हैं, जैसे -

तूंही गडुवा ला, आई वसन्त बहार
भई है सगरो फूल उघरो डारे पात गहे।
नरगिज, गुलाब, सेवती गुलखेरू
गुल लाल गेंदा बहार मोर अचपल बजाये गाये।

ललित

ललित प्रभात समय का राग है। इसमें शुद्ध मध्यम प्रधान स्वर है, शेष सब मारवा ठाठ का शृंगार इसमें होता है। यह भी षाडव राग है क्योंकि पंचम इसमें वर्जित है। यह एक गीत -

पियु पियु रटत पपीयरा बोले
और कोयलिया सकुन देत भोरे
पियु को मिलन को आज।
झिंगुर झिंगारे, दादुर बोले
मुरवा बोले बन बन के आवन सुनी
मनरंग पीतम की मगन भये सब घर के जियरा।

इस प्रकार अनेक गीत वसन्त ऋतु की प्रशंसा के हमारे गायक गाते है। अवश्य गेय पदों में कवि-कल्पनाओं की गहनता तो नहीं होती और होनी भी नहीं चाहिए। गेय पदों में स्वर, ताल एवं कंठस्वर के यथायोग्य उच्चारण द्वारा गायक को अपनी मनोभावनायें व्यक्त करनी होती हैं। उसका ध्येय तो एक प्रभावी वातावरण अपने मधुर गायन से उत्पन्न करना होता है। पुष्पों की सुगन्ध, शीतल समीर, कोयल की कूक, वृक्ष-वेलियों के ललित हाव-भाव,

सृष्टि देवी का सोहाग इत्यादि का अनुभव अपने गायन-वादन द्वारा श्रोताओं को करा देने वाला गायक-वादक स्वयं मूर्तिमान वसन्त ही है ।

होली, चैती, फाग ये गीत वसन्त ऋतु में ही गाए जाते हैं । होली, फाग ये होली-क्रीडा के वर्णन के गीत है । चैती, चैत्र मास में गाया जाने वाला गीत होता है । ये सब गीत हलकी धुनों में जैसे काफी, पीलू, पहाडी, झिंझोटी, जंगला, खमाज इत्यादि में होते है । इनमें शृंगारिक कल्पनाएं होती हैं ।

होली का एक प्रकार अभिजात रागदारी में गाया जाता है जिसको 'होरी' कहते हैं । यह गीत धमार ताल में होता है और लगभग सब बड़े-बड़े रागों में होता है । इसमें होली-क्रीड़ा का वर्णन बहुत मनोरंजक होता है ।

जैसे --

राग सारंग

ब्रिज में धूम मचाई,
मोहन कृष्ण मुरारि
गावत होरी तारी दै दै ।
एक गावत एक मृदंग बजावत एक नाचत गत होरी तारी दै दै ।

राग देस

ये अत धूम मचाई कन्हैया ने सब सखियन के संग ।
अबीर गुलाल और केसर रंग
संग है, कुमकुम परत है रंग के संग ।

(भातखण्डे संगीत महाविद्यालय द्वारा १७ अप्रैल १९५५ को आयोजित वसन्तोत्सव के अवसर पर सूचना विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रकाशित स्मारिका से साभार ।)

१२

श्री स्वामी हरिदासजी और हिंदुस्तानी संगीत

संगीत संसार में ऐसा कौन व्यक्ति है जो हरिदासजी एवं उनके शिष्य तानसेन के नाम से परिचित न हो? संसार के किसी क्षेत्र में कृतकार्य विभूतियाँ राष्ट्रीय भावनाओं की, आकांक्षाओं की, विचारों की जीती जागती मूर्तियां होती है , और इन विभूतियों की जीवनियों का, उनके किये हुये महत्कार्यो का संस्मरण नित्य करना यह हर राष्ट्र का कर्तव्य हो जाता है ताकि राष्ट्र को प्रगति के मार्ग का विस्मरण न हो । संगीत क्षेत्र में भरत मुनि, मतंग, शाङ्गदेव, जयदेव कवि, गोपाल नायक, अमीर खुस्रो, बैजू बावरे, हरिदासजी, तानसेन ये ऐसी ही चिरस्मरणीय विभूतियाँ है ।

हम भारतीयों का सांस्कृतिक पुनरुज्जीवन स्वतंत्र भारत की पुनर्जागृति का एक शुभ चिन्ह है । सहृदयता, रसिकता, मानव दाक्षिण्य भारतीय संस्कृति के प्रधान अंग हैं । प्राचीन काल से संगीत, नृत्य, नाट्य, चित्रकला, काव्य, मूर्तिकला इत्यादि का मधुर अनुभव भारतीयों के कौटुंबिक, सामाजिक जीवन में प्राप्त होता रहा है और आज भी हो रहा है । स्वतंत्रता की विजय पताका फहराते ही इस प्राचीन राष्ट्र की दबी हुयी उमंगें पुनश्च उभर आवें इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है । आज इस भरत भूमि में दिन रात में एक क्षण भी न बीतता है कि जिसमें कहीं न कहीं संगीत की ध्वनि का प्रवाह न बहता हो ।

हमलोगों को कुछ ऐतिहासिक तथ्यों पर विचार करते हुए उनसे हमारी प्रचलित संगीत प्रणाली का जिसको हम दाक्षिणात्य संगीत प्रणाली से भिन्न कहकर हिंदुस्तानी संगीत अथवा उत्तर भारतीय संगीत प्रणाली नाम देते हैं, स्वामी हरिदासजी से क्या और कहाँ तक संबन्ध लगाया जा सकता है यह देखना होगा ।

संगीत कला स्वभावतः प्रगमनशील है । आज जो इसका स्वरूप है वह सौ वर्षों के पूर्व न था न आज से सौ वर्ष पश्चात् यह स्वरूप रहेगा । अतएव संगीत शास्त्र त्रिकालाबाधित नहीं है । हर सौ पचास वर्ष की अवधि पर संगीत का प्रत्यक्ष स्वरूप परिवर्तित होता रहाता है, और नये-नये आविष्कार निर्माण होते हैं, नये-नये ढंग के गीत प्रबन्ध प्रचार में आते हैं, रागों के रूप बदल जाते हैं और नया शास्त्र लिखने की आवश्यकता आ पडती है । पचास वर्ष पूर्व भावगीत, चित्रपटीय गीतों का नाम भी न था । अब ये नये आविष्कार प्रचार में आकर संगीत पर अपना दृढ प्रभाव डाल रहे हैं । अब संगीत शास्त्रकारों को इनका भी परामर्श लेना होगा, उनके मूल तत्त्व एवं नियमों पर संशोधन एवं विचार करके उनको भी संगीत शास्त्र में स्थान देना होगा, क्योंकि ये नये आविष्कार अब पीछे हटनेवाले नहीं हैं । चिन्ता इतनी ही है कि ये नये आविष्कार कहीं संगीत की भारतीयता ही गँवा न बैठें । संगीत एक जागतिक भाषा है, उसमें स्वदेश-परदेश का भेद-भाव न मानना चाहिए । यह सदुपदेश मान भी लिया जाय तो भी, जब तक समस्त विश्व का, समस्त मानव जाति का विश्व-बन्धुत्व, एक राष्ट्रीयत्व प्रस्थापित

नहीं होता है तब तक अपनी-अपनी संस्कृति, अपने-अपने आचार-विचार, अपनी-अपनी ललित कलाएँ, अपना-अपना भाषा साहित्य जागतिक वायुमंडल में बहा देने को कोई भी राष्ट्र सिद्ध न होगा । अस्तु ।

हरिदासजी का अवतार भक्तियुग में हुआ था । उनके जन्म का दिन भाद्रपद शुक्ल ८ मी संवत् १५३७ अर्थात् ईस्वी सन् १४८० बताया जाता है ।

शाङ्गदेव, गोपालनायक, हजरत अमीर खुस्रो, बैजू बावरा जो तानसेन के समकालीन एवं हरिदास के एक शिष्य बैजूनायक से भिन्न व्यक्ति माने जाते हैं, इत्यादि संगीत के युग-प्रवर्तकों की अवतार समाप्ति होकर लगभग दो सौ वर्ष बीते थे । यह दो सौ वर्ष भारतीय संगीत का उत्क्रान्ति युग ही था । ग्राम महीना-जाति एवं तज्जन्य राग की प्रणाली शनैः शनैः तिरोहित होकर उसके स्थान पर मध्य षडज से तार षडज पर्यंत एक ही ग्राम शुद्ध-विकृत स्वर मिलकर १२. १४, अथवा १५ स्वरों का, उससे शुद्ध-विकृत स्वरों के भिन्न-भिन्न स्वर सप्तक जिनको मेल नाम से कहा गया एवं उन मेलों से राग इस प्रकार मेल-राग प्रणाली विशेषतया दाक्षिणात्य संगीत में अधिक प्रचलित हुई । विजयानगर के रामामात्य का स्वरमेल कलानिधि प्रथम ग्रंथ है जिसमें मेल-राग प्रणाली बतायी गयी है । यह प्रणाली रामामात्य के भी पूर्व विजयानगर ही के प्रधान मंत्री माधवाचार्य ने जो पश्चात् संन्यासाश्रम में श्री "स्वामी विद्यारण्य"कहलाये सर्वप्रथम प्रस्थापित की थी । इनका लिखा हुआ "संगीतसार" उपलब्ध नहीं है । लोचन, हृदयनारायण देव, सोमनाथ, पुंडरीक, विठ्ठल, व्यंकटमखी आदि ग्रंथकारों ने मेल-राग प्रणाली ही बतायी है। इधर उत्तर भारत में, ग्रामराग उपरागादि दशविध राग प्रकारों का कहिये, मूर्छना जाति-राग प्रणाली का कहिये अवशेषरूप राग-रागिणी प्रणाली का प्रचार रूढ हो गया । एक ही राग के अंग-प्रत्यंगों से विविध राग निर्माण करने के तत्व के आधार पर ही यह राग-रागिणी प्रणाली समझी जाती है, जब कि मेल-राग प्रणाली में रागों में लगते हुए शुद्ध विकृत स्वरों के आधार पर रागवर्गीकरण समझा जाता है ।

इस प्रकार प्राचीन प्रणाली मिट कर अभी मैने बतायी हुई दो नई प्रणालियाँ प्रचलित हो गयी भीं । इसी कालावधि में भक्तियुग को भी आरंभ होकर देश-प्रदेशों में भारत भर अनेक भक्त, कोई वैष्णवपंथी, कोई नाथपंथी, कोई शैव इत्यादि निर्माण होकर एक बहुत बडा भक्ति-गीतों का भंडार भर के चले गये । इन भक्त कवियों में कई अच्छे संगीतज्ञ भी हो गये । विशेष तया वैष्णवपंथी अष्टछाप कवियों में कुंभनदास, सूरदास परमानन्द दास एवं गोविन्द स्वामी के नाम उल्लेखनीय हैं । स्वामी हरिदासजी तो तानसेन के गुरु ही कहलाते हैं । अष्टछाप कवियों के लगभग समकालीन ही स्वामीजी थे ।

अभी हाल स्वामी हरिदासजी की जीवनी एवं कार्य पर संशोधन हो रहा है । जो लेख उनकी जीवनी पर सप्रमाण, निष्प्रमाण प्रकाशित हुए हैं उनसे ये चंद बातें विदित होती हैं ।

१. स्वामीजी का जन्म एक सनाढ्य ब्राह्मण कुल में मथुरा जिले में संवत् १५३७ में अर्थात् सन् १४८० में हुआ था । उनके पिता का नाम गंगाधर था । स्वामीजी की जन्मतिथि,

पिता एवं जाति के संबन्ध में मतभेद भी हैं। कोई उनको गौड ब्राह्मण बताते हैं। कुछ लोग उनको आशुधीर नामक एक महात्मा के पुत्र बताते हैं। कुछ लोगों के मत से स्वामीजी का जन्म संवत् १५६९ अर्थात् सन् १५१२ में बताते हैं। पर कुछ बातों पर सब विद्वानों का मतैक्य है। उदाहरणार्थ -

२. स्वामीजी वैष्णव पंथी भक्त थे और उसमें भी राधाकृष्ण की भक्ति एक विशिष्ट भावना में उनको श्यामा एवं श्याम कहकर करते थे। कृष्णा को किसी और स्वरूप में अथवा और नाम से उन्होंने न देखा न पुकारा।

३. स्वामीजी ने उनके अठारह सिद्धांतों पर अठारह गीत एवं श्याम श्यामा की भक्ति के गीत ११० रचे। इन गीतों के अतिरिक्त किसी और उनकी रचना का उल्लेख नहीं मिलता।

४. स्वामीजी आशुधीर के शिष्य थे पर आशुधीर से उन्होंने अध्यात्म ज्ञान पाया अथवा संगीत की शिक्षा पायी इस संबंध में कोई उल्लेख नहीं मिलता। स्वामीजी के संगीत गुरु कौन थे, किस प्रणाली में उन्होंने संगीत शिक्षा पायी, उनके गीतों पर जो राग नाम लिखे पाये जाते हैं वे स्वयं उनके हाथ के लिखे हुये हैं अथवा पश्चात् के किसी लेखक ने लिखे हैं इत्यादि बातों पर अभी संशोधन होना आवश्यक है। हो सकता है कि अष्टछाप कवियों में से किसी विशेष संगीतज्ञसे स्वामीजी ने संगीत शिक्षा पायी हो। कहा जाता है कि क्या अष्टछाप कवियों का और क्या स्वामी हरिदासजी का संगीत निराला ही था जिसमें कोई भ्रष्टता नहीं आने पायी थी और वह प्राचीन परंपरा को ही शुद्ध रखते हुये चलता था। एक किंवदन्ती भी है कि तानसेन ने अपना गाना अष्टछाप कवियों को, प्रायः गोविन्द स्वामी को सुनाया तो उन्होंने उससे कहा तुम्हारे गाने का मूल्य हम एक कौडी से अधिक नहीं समझते। तब यह भक्तों की गायन-शैली सचमुच कुछ अपूर्व होगी। स्वामी हरिदासजी निरे भक्त नहीं कहलाते। वे एक परम योगी कहे जाते हैं। उनको प्रत्यक्ष भगवान् का साक्षात्कार होने का उल्लेख पाया जाता है। तब स्वामीजी ने अपने गायन में योगबल से दैवी शक्ति, दैवी प्रभाव संपादन किया होगा यह समझा जा सकता है। योगी पुरुष के लिये कोई कार्य असंभव तो है ही नहीं।

५. तानसेन स्वामीजी के संगीत छात्रों में से प्रमुख थे। तानसेन के अतिरिक्त बैजू नायक, गोपाल लाल, रामदास, इत्यादि अग्रगण्य संगीताचार्य स्वामीजी के छात्र थे।

६. हरिदास डागुर नामक एक अन्य संगीत आचार्य हुए थे जो स्वामी हरिदासजी से पृथक थे। कहा जाता है कि ये हरिदास डागुर तानसेन के भी पश्चात हुए थे। हमारे रागदारी संगीत में जो इने-गिने ध्रुवपदादि गीत हरिदास के नाम पर प्रचलित हैं वे सब इन हरिदास डागुर की ही रचनायें मानना होगा। क्योंकि मैंने अभी बताया कि अतिरिक्त अठारह सिद्धांतों के गीत एवं श्याम-श्यामा की भक्ति के ११० गीतों के अतिरिक्त स्वामी हरिदास की किसी और गीत रचना का उल्लेख उनके इतिहास में पाया नहीं जाता। अतएव अतिरिक्त इस एक बात के कि वे तानसेन के गुरु थे, स्वामीजी का संबन्ध आज ४ सदियों की परंपरा से प्रचलित हिंदुस्तानी, उत्तर भारतीय संगीत के साथ जोड़ने के लिए कोई विशेष प्रमाण उपलब्ध नहीं

है । कुछ लोगों के मत से तानसेन स्वामीजी की सेवा में अल्प काल ही रहे । क्योंकि उनके आचार-विचारों पर नागरिकता का एवं राजसभा का प्रभाव पडा था और हरिदास जी के आश्रम के एकांत वास एवं नियम धर्म का यथायोग्य पालन वे न कर सके । फलतः अल्पावधि में ही उनको हरिदास जी का सहवास छोडना पडा ।

आज हम लोग जिस परंपरागत रागदारी प्रणाली के अनुसार गाते बजाते हैं उसकी प्रगति दो मार्गो में हुई है । एक ध्रुपद गायकी, जिसमें प्राचीन प्रबन्ध, वस्तु, रूपकादि गीत प्रकार, राग विस्तारक्रम इत्यादि अंशतः प्रचलित रहे । रागों के रूप भी प्रायः भ्रष्ट न हुए हों । दूसरा मार्ग ध्रुवपद प्रणाली के अतिरिक्त ख्याल, तराने, टप्पा, ठुमरी, इत्यादि गायन शैलिओं का । निमित्त मात्र को ही क्यों न हो पर हजरत अमीर खुस्रो इस प्रणाली के आद्य प्रवर्तक माने जाते हैं । हजरत अमीर खुस्रोने संगीत को लौकिक स्तर पर लाने का प्रयत्न किया । "राजा कालस्य कारणम्" के न्यायवश अमीर खुस्रो के आँके हुए मार्ग पर बहुत से संगीत व्यवसायी चलनेलगे । कहते हैं कौवाली हजरत अमीर खुस्रो का ही आविष्कार माना जाता है । अमीर खुस्रो ने बहुत से परंपरागत भारतीय रीति-रिवाजों का परिवर्तन उस समय के राज्य शासन की आवश्यकता के अनुसार कराया । कौवाली हमारे यहाँ के भजन का ही एक प्रकार है । कौवाली की गायन शैली का प्रभाव रागदारी संगीत पर भी पडा और कौवाल बानी नाम से एक गायन शैली ही प्रचलित हुई । तान की गलेबाजी कौवाल बानी का ही प्रभाव है । केवल कौवाली गाने वाले गायक आज भी ऐसे विद्यमान हैं कि बडे-बडे नामांकित खानदानी गायक गुनिजन जिनकी पक्केदार सपाट् तानें एवं कण्ठ स्वर की पहुँच पर प्रसन्न हो जाते हैं । अस्तु ।

तानसेन एवं उनके वंशज ध्रुवपद शैली के अनुयायी थे । उनके वंशजों में से किसी ने अभी तक अतिरिक्त ध्रुवपद शैली के गीतों के और कोई गीत गाया नहीं । उन्हीं के वंशज नियामत खां एवं नौबाद खां ने ध्रुवपद की ही शैली पर नये गीतों की रचना की जिसमें तान आलाप करने की छूट रखी । ये ही गीत आज तक बडे ख्याल, विलंबित ख्याल अथवा अस्थाइयां, नाम से प्रचलित हैं । इनमें यथासंभव विलंबित स्वर विस्तारों द्वारा रागों के शुद्ध स्वरूप दिग्दडित किये जाते हैं । और इन्हीं गीतों के टुकडों को लेकर शब्द सहित अथवा नीरे आकार इकार में राग विस्तार किया जाता है । गायकों की भाषा में इसको अस्ताई भरना कहते है । जैसे किसी चित्र का जरतार लगाते हुए भरत काम होता है उसी प्रकार यह स्थायी भरना, स्थायी को सजाना होता है । जिसको ध्रुवपद की शिक्षा भली भाँति प्राप्त है वही यह स्थायी भरना यथायोग्य रीति से कर सकता है ।

ख्यालों का दूसरा प्रकार द्रुत ख्याल, छोटा ख्याल, अथवा कहीं-कहीं चीज भी कहलाता है । यह कौवाल बानी के ख्याल समझे जाते हैं । इन में लंबी चौडी तानें, बोलबाँट एवं लयकारी का प्राचुर्य रहता है ।

इस प्रकार एक ओर तानसेन एवं दूसरी ओर अमीर खुस्रो ये ही दो व्यक्ति हिंदुस्तानी संगीत अर्थात् शार्ङ्गदेव, गोपाल नायक, बैजू बावरे के पश्चात् के उत्तर भारतीय संगीत के आद्य-प्रवर्तक माने जाते हैं । एकाध स्थान पर मैने यह भी एक मत पाया कि प्रचलित उत्तर-

भारतीय संगीत की नींव डालने में गोपाल नायक का भी हाथ था । अस्तु ।

अब हमारे समक्ष यह एक बहुत जटिल प्रश्न है कि स्वामी हरिदास जी ऐसा कौन सा गाना गाते थे कि तानसेन, बैजू नायक, रामदास, गोपाल लाल जैसे महान् संगीताचार्य उन्होंने सिखाकर संसार में भेजे ? क्या सुर का लगाव एवं स्वर साधन जिसको Voice production तथा Voice culture कहते हैं उन्होंने इन शिष्यों को सिखाया? तानसेन को ध्रुवपद शैली की शिक्षा उनके स्वामी जी की सेवा में आने से पूर्व ही प्राप्त थी; वरन् उन्होंने उसमें पर्याप्त प्रावीण्य पाया था ऐसे उल्लेख उपलब्ध हैं । क्या स्वामीजी की गायन शैली उनके भ्राता जगन्नाथ जी के वंशज जो अब भी उनकी गद्दी वृन्दावन में चला रहे हैं अथवा उनकी आध्यात्मिक शिष्य परंपरा में जिनको विरक्त कहते हैं अब भी उपलब्ध है? उनके रचे हुए पद संभवतः अब भी वृन्दावन में गाये जाते हैं । क्या ये गायक उसी प्रभाव के साथ उन गीतों को गा रहे हैं जो प्रभाव स्वयं स्वामी जी की वाणी में था ? और जिस को सुनकर हमारा प्रचलित राग संगीत कौडी मोल प्रतीत हो जाय जैसे स्वयम् तानसेन का गायन गोविन्द स्वामी के समक्ष हुआ ?

तानसेन के चरित्र से तो यह विदित होता है कि उनकी प्राथमिक संगीत शिक्षा उनके पिता मकरंद पाण्डे के पास हुई थी । तत्पश्चात् राजा मान के ग्वालियर में चलाये हुए एक संगीत विद्यालय में हुई थी जहाँ प्रायः ध्रुवपद शैली की ही शिक्षा दी जाती थी क्योंकि राजा मान इसी शैली के पक्षपाती थे । और पच्चीस वर्ष की अवस्था तक उन्होंने गायन कला में इतना प्रावीण्य संपादन किया कि राजा मान के पुत्र विक्रमाजित ने उनको "तानसेन" की पदवी प्रदान की । तत्पश्चात् राजदरबारों में राज गायक की नौकरी की । उस अवधि में स्वामी जी की कीर्ति सुनकर उनकी सेवा में कुछ समय बिताया । इस कुछ समय में स्वामी जी से जो कुछ शिक्षा उन्होंने पायी हो - वह किस प्रकार थी इस एक समस्या पर संशोधन होने की आवश्यकता है ! इस समस्या का समुचित उत्तर प्राप्त हो तब तक हम लोगों के पास अतिरिक्त इस बात के कि स्वामी हरिदास जी एक बहुत बडे भक्त, योगी, संगीतज्ञ महात्मा ईसवी १६ वीं सदी में थे जो प्रायः तानसेन, बैजू नायक, रामदास, गोपाल लाल आदि बड़े बड़े इतिहास-प्रसिद्ध संगीताचार्यों के गुरु थे, और कोई प्रमाण स्वामीजी का संबन्ध प्रचलित संगीत के साथ जोडने के लिये है नहीं । हम लोगों का, यह एक पवित्र कर्तव्य हो जाता है कि स्वामी हरिदास जी की गायन शैली का स्वरूप सप्रमाण प्रत्यक्ष करने में अपनी सर्व शक्तियाँ खर्च करें । मैं तो यही समझता हूँ कि हमारे संगीत विद्वान सज्जन तथा गायक गुणिजनों के सम्मुख यह एक चुनौती ही है कि जिन स्वामी हरिदास जी के नाम पर हमलोग अभिमान रखते हुए हिंदुस्तानी संगीत की परंपरा का गौरव समझते हैं, उनकी गायन शैली का साक्षात्कार जनता को करा दें । यह उत्तरदायित्व विशेषतया स्वामीजी की गद्दी पर विराजमान महंतवर तथा उनके अनुयायियों पर, अन्यथा स्वामीजी की आध्यात्मिक परंपरा के "विरक्त" कहलानेवाले सज्जनों पर निर्भर है ।

बंबई ११-१०-७१

१३
ध्रुवपद – गायकी

ध्रुवपद गायन प्रणाली का इतिहास एक जटिल समस्या है। यह गायनशैली किसने, कब प्रचलित की, इस प्रश्न पर सन्तोषजनक जानकारी कहीं नहीं मिलती। आज हम लोग इसके सम्बन्ध में जानते हैं वह इतना ही कि ग्वालियर नरेश राजा मानसिंह तोमर इस गायनप्रणालीके बडे पुरस्कर्ता थे। राजा मानसिंह १५ वीं शताब्दीके उत्तरार्ध में हुए थे। कहीं ऐसा भी उल्लेख पाया जाता है कि इनके आश्रयमें एक संगीत पाठशाला भी ग्वालियर में चलती थी जहां होनहार बालकोंको संगीतकी, विशेषतया ध्रुवपद गायनकी शिक्षा दी जाति थी। इस संगीत पाठशालामें कौन-कौन अध्यापक थे, अभ्यासक्रम क्या, कैसा, कितने वर्षों का था इसके सम्बन्धमें किसी प्रकारका उल्लेख कहीं नहीं पाया जाता है। यह भी कहा जाता है कि तानसेन भी इसी संगीत पाठशाला में ध्रुवपदकी शिक्षा पाते थे। तानसेन तो स्वामी हरिदासके शिष्य माने जाते हैं, तब फिर स्वामीजीनें तानसेनको क्या सिखाया होगा यदि तानसेन उनके पास आनेसे पूर्व ही गायन कलामें, ध्रुवपद गायन शैलीमें विख्यात हो गये थे ?

प्राचीन समय से भारत में गायन-वादन के प्रयोग मुख्यतः धार्मिक कार्यों के समय होते चले आये है। वैदिक काल में ऋग्वेद की ऋचाओं का गायन स्वरालापों के साथ हुआ करता था जिसको सामगान कहते हैं। इसी से हमारे संगीत का आरम्भ हुआ। आहुति-मंत्रों द्वारा देवताओं का स्वागत, उनकी स्तुति स्वर-लयान्वित आलापों के साथ करना, यह प्रथा प्राचीन कालसे आज तक हमारे यहां प्रचलित है। आज भी किसी जनपद सभा में, किसी लोकप्रिय, लोकप्रसिद्ध, कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति को मुख्य अतिथि के रूप में निमंत्रित किया जाता है, तब उसके गुणवर्णन का एकाध गीत स्वागतगीत के नाम से हम लोग प्रस्तुत करते ही हैं। सामगानका उद्देश्य भी यही था। बादमें जब देवताओंकी मूर्तियाँ बनीं, देवालय बने, यज्ञ समारम्भमें, इन्द्र, वरुण, सूर्य, उषा, रुद्र, मरुत आदि आधिभौतिक तत्वोंके देवताओंकी पूजा, जो आर्यो की अपनी परम्परामें प्रचलित थी, मिटकर अथवा पीछे पडकर शिव, शक्ति एवं भगवान विष्णु के विविध स्वरूपों की पूजा उक्त देवालयों में एवं कौटुम्बिक निवासस्थानों पर होने लगी, तब सामवेदके स्थानपर इन्हीं देवताओं के स्तुतिपद रचे जाने लगे। इनकी लीलाओंका वर्णन भक्तिभाव से गीतों द्वारा गाया जाने लगा। इतना ही नहीं, वरन् ये लीलाएं नृत्य प्रयोगोंद्वारा भी गीतों के साथ-साथ दिखाई जाने लगी। देवस्थान, कौटुम्बिक निवासस्थानों के अतिरिक्त यात्रा, मेलों में यह गीतनृत्य का प्रचार भक्तिभावपूर्ण गीत गाकर जगाना, तत्पश्चात् उनको नहलाना, देवता को अलंकार पहनाना, उसका शृंगार सजाना, गंधाक्षता, फूल, पत्ते चढाना, भोग लगाना एवं अगरबत्ती, धूपदीप दिखाते हुए देवताकी आरती करना, दर्शनार्थ आये हुए भक्तजनोंके लिए देवद्वार खुला रखना, इत्यादि सब संस्कार बास्तविक पूजा विधिके मंत्रोंके अतिरिक्त गायन, वादन, नृत्य प्रयोगों के साथ होने लगे थे, जो अब भी उसी प्रकार हो रहे

हैं। दोपहर के ३-४ घण्टे देवद्वार बन्द रहता है जब कि देवता आराम करते हैं, ऐसी भावना होती है । सायं चार बजे पुनश्च स्नान, गन्धाक्षता, पुष्पादि तथा शृंगारादि होते है, दर्शनार्थी भक्तजनोंका तांता लगता है। इस समय भी बडी धूपधामके साथ गीत-नृत्य होते हैं। अन्तमें रात्रिमें देवताको सुलानेकी आरती - मराठीमें इसको शेजारति कहते है - गायी जाती है और तत्पश्चात रात्रिभरके लिए देवद्वार बन्द रहता है। इस दिनचर्यामें गाये हुए गीत शृंगार, वीर, करुण, अद्‌भूत, शांत आदि रसके होते है। भक्तोंने न जाने कितने गीत प्रबन्ध भगवान्‌के चरित्र एवं लीलाओंपर रचे है। वे ही गीत दैनंदिन सेवाओंमें मृदंगकी संगतिसे गाये जाते हैं।

प्राचीन समय में जाति नाम का गीत-प्रकार प्रचार में था। इन्हीं गीतों में से रागों का विकास हुआ। 'संगीत रत्नाकर' में जातियोंके कुछ उदाहरण स्वरलिपि सहित दिये हुए हैं। वे सब भगवान् शिवजीकी स्तुतिपर है। ये सब संस्कृतमें हैं। पर 'रत्नाकर' के समय जातिका प्रचार मिट चुका था और कई सदियोंसे रागोंका गायन रूढ हो चुका था। शाङ्‌र्गदेव के समय संस्कृत एवं प्राकृत भाषाओंमें प्रबन्ध, वस्तु, रूपक नामके गीत गाये जाते थे। इन प्रबन्धोपर शाङ्‌र्गदेवने एक संपूर्ण अध्याय लिखा है जिसमें प्रबन्धोंके सैकडों प्रकार समझाये हैं। पर किसी प्रबन्धका, प्रत्यक्ष उदाहरण स्तरलिपि सहित, नहीं दिया जैसे जातियोंके दिये गये हैं।

रागोंमें रचे हुए गीतों का सबसे प्राचीन संग्रह जो आज उपलब्ध है, जयदेव कवि का 'गीत-गोविन्द' है। वे गीत प्रबन्धों के ही रूपमें हैं, ऐसी कुछ विद्वानों की मान्यता है। गीत-गोविन्द राधा-कृष्णकी प्रेम-कहानी ही है, भक्तिरस से ओतप्रोत है। इन गीतों को व्यवहार में अष्टपदियां कहते है। हर एक अष्टपदीपर 'वसंतरागेण गीयते' अथवा 'मालव रागेण गीयते' इस प्रकार रागनाम लिखे हुए है। अब वे रागनाम स्वयं जयदेवके ही हाथ के लिखे हुए हैं अथवा पश्चातके किसी व्यक्ति द्वारा लिखे हुए हैं, इस पर संशोधन की आवश्यकता है। वे 'रागनाम' लगभग ईसवी पन्द्रहवीं शताब्दी के प्रचलित रागों के हैं। इसी समय लिखी हुई दरभंगा के लोचन कवि की 'रागतरंगिणी' में रागनाम पाये जाते हैं। लगभग इसी समय मैथिली भाषा के महाकवि विद्यापति का उदय हुआ था। विद्यापति ने भगवान् श्रीकृष्ण की लीलाओं पर अनगिनत भक्तिगीत राग-रागिनियों में रचे। कहा जाता है कि लोचनका और एक बडा ग्रन्थ 'संगीतसंग्रह' नामसे है, जिसमें विद्यापति के गीत स्वरलिपि सहित दिये हुए हैं। यह ग्रन्थ देखनेका सौभाग्य मुझे अभीतक प्राप्त नहीं हुआ है। जयदेव कवि इन दोनों से लगभग चार सौ वर्ष पूर्व हुए थे। क्या वे राग, जिनके नाम गीत-गोविन्द में दिए गए हैं, जयदेव के समय भी प्रचलित थे ? यह एक मौलिक समस्या है।

विद्यापति के समय एवं तत्पश्चात् कई सदियों तक भक्तिपंथ बहुत बढता गया, यहां तक कि इन चार-पांच शताब्दियों की कालावधि को इतिहास में भक्तियुग कहते हैं। सैकडों भक्त कवियों ने भगवद्‌भक्ति के गेय पद, जो राग-रागिनियों में गाने योग्य थे, रचें। जिस प्रकार विद्यापति ने मैथिली में गीत रचे उसी प्रकार अन्य देश-प्रदेशों के भक्तों ने भी अपनी-अपनी निजी प्रादेशिक भाषाओं में भक्तिगीत रचे। बंगाली, असमिया, उडिया, व्रजभाषा, अवधी, भोजपुरी, बिहारी, मारवाड़ी, गुजराती, मराठी, कन्नड, तेलुगु, तमिल इत्यादि सब प्रादेशिक

भाषाओं में भक्तों ने भक्तिभावपूर्ण गीत रचे । वे ही गीत देवस्थानों में दैनिक सेवामें मृदंग, वीणावादन एवं नृत्यके साथ गाये जानेकी परम्परा आजतक प्रचलित है । इन सब प्रादेशिक भाषाओंका विकास लगभग ९ वीं शताब्दिमें होना आरम्भ हुआ । उससे पूर्व महाराष्ट्री, मागधी, लाटी, द्राविडी, अपभ्रंश इत्यादि नामोंसे प्रादेशिक भाषाएं व्यवहार में थीं, वे सब प्राकृत भाषाएं कहलाती थी। इन भाषाओं में रचे हुए कोई गीत-प्रबन्ध मेरे देखनेमें नहीं आये हैं । सम्भव है, 'आलाप गाम्म' नामके अति प्राचीन, लगभग इसवी पहली अथवा दूसरी शताब्दीमें लिखे हुए द्राविडी भाषाके गीत-प्रबन्ध एक कथा-पुस्तकमें पाये जाते हों ।

देवस्थानों की भांति राजभवनों में भी बन्दी, भाटचारणों द्वारा संगीत के प्रयोग होते रहे। रामलीला, रासलीला, पौराणिक कथाओंपर रचे हुए नाटकादिके प्रयोग तो लगभग नित्यप्रति होते थे। पौराणिक विभूतियोंके प्रशस्तिगीत, उनके पराक्रमों के वर्णन के, उन चरित्रों में आये हुए सुख-दुःख-प्रसंग इत्यादिका भावपूर्ण वर्णन गीत द्वारा एवं उसके अभिनयके प्रयोग मनोविनोदके हेतु राजसभाओंमें नित्य होते थे ।

नृत्यके साथ गाये जानेवाले एक गीत-प्रकारको भी ध्रुवपद कहा जाता था । सम्भव है ये वे गीत होंगे, जिन्हें अंग्रेजीमें 'कोरस' कहते हैं । उत्तरमें, दिल्ली तथा दक्षिणमें तंजौर ये दो मुख्य राजदरबार दिखाई देते हैं, जहां उस समय राजाश्रित गायक-वादक राजदरबारोंमें एकाकी गायन-वादन करते थे । अन्यत्र देवस्थान, कौटुम्बिक उत्सव तथा यात्रा मेलोंमें सामूहिक गायन-वादन, नृत्यप्रयोग होते होंगे, ऐसा अनुमान है ।

भक्त कवियों में संगीत क्षेत्रमें विशेष संस्मरणीय नाम श्री स्वामी हरिदास का है । उनके रंचे हुए गीतोंका संग्रह बहुत बडा तो नहीं है, पर इनकी गायनशैली बहुत प्रभावशाली थी, ऐसा कहा जाता है । यहां तक कि वह गायन सुनने के लिए जंगल में पशु-पक्षी भी आकर्षित होकर उनके पास एकत्र होते थे । तानसेन इन्हीं स्वामीजीके शिष्य कहलाते हैं । श्री स्वामी ध्रुवपद ही गाया करते थे और इसी गायकी की शिक्षा उन्होंनें तानसेन, बैजूनायक, रामदास, गोपाललाल आदि अपने कीर्तिमान शिष्योंकों दी थी, यह बात मानी जाती है । अब यह इतनी प्रभावपूर्ण गायकी, जिससे पशु पक्षी भी रीझ जाते थे, जिसके कारण स्वामीजीके तानसेन आदि शिष्योंके नाम अब भी हम लोग सदियों बाद गर्व एवं आदर भावके साथ स्मरण करते हैं, किस प्रकारकी होगी ? क्या उसमें कण्ठस्वरका उच्चारण और अभ्यास कोई विशेष रीतिसे किया जाता था ? अथवा वह तालप्रधान थी कि जिसमें गायक एवं मृदंगवादक की लडन्त-भिडन्त हो ? स्वामीजी जब वृन्दावनमें अपनी कुटियामें बैठकर गाते थे, क्या उसके साथ वे तालका खेल खेलते थे?

ध्रुवपद गायकीकी चार वाणियोंका उल्लेख-डागुर, खण्डार, नोहार गौरहारी नामसे पाया जाता है । इन नामों की व्युत्पत्ति एवं लक्षणों का विश्वसनीय स्पष्टीकरण अभी तक कहीं उपलब्ध है नहीं । कुछ विद्वानोंका अनुमान हैं कि इन वाणियोंका मूल प्राचीन ग्रन्थोंमें वर्णन की हुई पंचगीतियोंमें हो सकता है । ये पंचगीतियां शुद्धा, भिन्ना, गौडी, बेसरा एवं साधारणी नामसे हैं। ये गायनशैलियां ही थीं । ग्रंथों में कई रागोंके नाम इनबाणियों से सधे हुए हैं,

उदाहरणार्थ - शुद्ध साधारित, गौड-पंचम, गौड कैशिक, भिन्न षड्ज, भिन्न पंचम, वेसरषाडव आदि । उपर्युक्त वाणियोंमेंसे एक वाणीके ही ध्रुवपद गानेवालोंके घराने कहलाते हैं । भिन्न-भिन्न गायनशैलियोंमें गानेवालों की वंशपरम्परा में गायी जानेवाली गायकियोंके केवल उल्लेख मिलते हैं । प्रत्यक्ष उदाहरण एक-एक गायकीकी अन्य गायकियोंसे विशेषता किस बातमें? इसपर प्रकाश डालनेवाला कोई ध्रुवपद गायक हो, तो उनके दर्शनका सौभाग्य मुझे अभीतक प्राप्त नहीं हुआ ।

जो कुछ थोडी बहुत जानकारी एवं गायन-प्रयोग ध्रुवपदके आज हम लोगोंके देखने-सुननेमें आते है उनसे यह अनुमान किया जा सकता है कि ध्रुवपद एक अर्थप्रधान और सामूहिक गीतों का प्रकार होगा । गीत के वाक्य के मूलपाठों को भिन्न-भिन्न रीतिमें सजाकर अथवा पाठ में परिवर्तन करते हुए विविध स्वर-संगति में उनको गाकर इसका विस्तार होता होगा । तानें, मुरकियां, खटके आदि खयाल, ठुमरी, टप्पामें उपयोगमें आनेवाले अलंकार ध्रुवपद में न होने चाहिये, यह भी प्रथा है, यद्यपि स्वानुभवसे मै यह कह सकता हूँ कि कहीं-कहीं वे अलंकार भी ध्रुवपदमें प्रयुक्त किये हुए सुनाई देते हैं । स्वर्गीय हरिनारायणजी मुखर्जी तथा इन्दौरके स्वर्गीय केशवराव आपटेजीके गाये हुए ध्रुवपदों में मुरकियां, खटके, मैंने सुने हैं । हरिनारायणजी तो लखनऊके मैरिस कॉलेज ऑफ हिन्दुस्तानी म्यूजिकमें कई मास ध्रुवपदकी एक कक्षा चलाते थे ।

प्राचीन प्रबन्धोंका ही अवशिष्ट रूप ध्रुवपद होगा । प्रबन्धोंका गायन पीछे पडकर, प्रादेशिक भाषाओंमें लिखे हुए भक्तिगीत गानेका प्रचार देवस्थानोंमें तथा अन्यत्र होने लगा, यह बात अभी मैंने कही थी । देवस्थानोंमें गाये जानेवाले गीत प्रायः वृन्दगीत ही थे । इन्हींको लेकर अथवा उसी प्रकारसे नये गीत रचकर राजसभाओंमें गाये जाने लगे । देवालयोंमें हुए गीतोंका उद्देश्य इष्ट देवताका नाम जप, उसकी आराधना, विनती था । भक्तिभाव या मुख्य साधन गायन ?

इधर राजसभाओंमें किये हुए गायनका हेतु केवल मनोरंजन था, गायनकलाका अनुभव श्रोतागणको कराना था । प्रथम ध्रुवपदका मूलपाठ जैसा बंधा हुआ हो, मुख्य गायकके साथ दो, तीन शिष्य सब उनके साथ मिलकर खुले कण्ठस्वरमें गाते, तत्पश्चात् मुख्य गायक गीतके साथ वाक्योंको लेकर मूलपाठमें किंचित् फेर करते हुए भिन्न-भिन्न स्वरसंगतियोंमें गाते हुए अन्तमें गीतका प्रारंभिक वाक्य सब गायक साथ मिलकर गाते हुए समपर आते । इस विस्तारके साथ मृदंगपर तालपरन धूमधामके साथ चलते रहते । स्वयं गायक के लिए अपने कण्ठस्वर तथा गायनशैलीमें किसी प्रकारकी कठोरता दिखानेकी आवश्यकता नहीं है । ध्रुवपद मर्दाना गायन अवश्य कहलाता है, पर ऊटपटांग उछलकूद की अपेक्षा शांति एवं गांभीर्य रखकर मर्दाना मिजाज अधिक अच्छा रखा जा सकता है । जहाँ वीररसप्रधान शब्द हों अथवा बादलों का गरजना, बिजली का कडकना बताया हो, वहाँ गमक का उपयोग और वह भी स्वर की मर्यादा न छोडते हुए करने में कोई बाधा नहीं होनी चाहिये । वैसे तो कुछ ध्रुवपद गायक ध्रुवपद का विस्तार करने के पक्षमें नहीं है । आलाप, नोम-तोम करके ध्रुवपद जैसा का वैसा गाया

जाय यह उन लोगोंकी, राय है, पर मेरे विचारसे यह विचार तब प्रचलित हुआ जब तालकी गुत्थियोंमें ध्रुवपदके शब्द और अर्थमें भी तोड-मरोड सुनी न जा सकी होगी। शब्दार्थ तथा वाक्यार्थको न छेडते हुए, गांभीर्यके साथ यदि विस्तार हो, तो वह ग्राह्य होना चाहिये।

अन्त में पण्डित भावभट के अनूप संगीत रत्नाकर में से ध्रुवपद के संबंध में कुछ श्लोक देना चाहता हूं। वे श्लोक इस प्रकार हैं -

गीर्वाण मध्यदेशीय भाषासाहित्य राजितम्
द्विचतुर्वाक्यसंपन्नं नरनारीकथाश्रयम्।
शृंगाररसभावाद्यं रागालापपदात्मकम्,
पादांतानुप्रासयुक्तं पादांतबुगर्कं च वा।
प्रतिपादं यत्र बद्धमेवं पादचतुष्टयम्,
उद्ग्राह ध्रुवकाभोगान्तरं ध्रुवपदं स्मृतम्।

अर्थात् संस्कृत अथवा हिन्दीमें रचा हुआ दो अथवा चार तुकोंमें बँधा हुआ, जिसमें शृंगारादि रसपूर्ण नर-नारियोंकी कथाएँ बतायी गयी हों, जिसके शब्द रागालापोंसे सजे हुए हो, जिसका प्रत्येक चरण अनुप्रास अथवा यमकयुक्त हो, जिसके उद्ग्राह ध्रुव, आमोग एवं अन्तरा ये चार तुक प्रत्येकशः चार-चार पंक्ति के हों, ध्रुवपद कहलाता है। यह कहने की आवश्यकता नहीं हैं कि जब दो तुकों का ध्रुवपद हो तो उसमें केवल उद्ग्राह एवं ध्रुव ये ही दो तुक होंगे।

('आज' साप्ताहिक से साभार)

१४

ध्रुवपद गायकी की समस्याएँ

भारतीय संगीत के रागवाचक गीतों को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी रचना-परम्परा प्राचीन गीत - प्रबन्धों पर से ही प्रचलित हुई है । राग - प्रणाली से पूर्व 'जाति' नाम की स्वर-रचना की प्रणाली भारत में रूढ़ थी । वास्तव में ये स्वर-रचनाएँ निरी स्वर-रचनाएँ न थीं । ये स्वरताल बद्ध गीत ही थे । हर एक समाज में निश्चित एवं सर्व परिचित स्वर-रचना में गाये जाते हुए गीत जैसे, ईशस्तवन, लोरियाँ, वीरगीत, श्रमजीवी जनता के गीत, प्रातःस्मरण, सायंस्मरण, यात्रा-मेलों में गाये जाते हुए गीत, आरतियाँ, काव्यछन्द, विवाहोत्सव के गीत, नाटक के गीत, इत्यादि प्रचलित रहते हैं । 'जाति' इसी प्रकार लोकगीत थे, जिनकी स्वर-रचना पर विशेष लक्ष्य दिया गया । प्रायः वे सामुदायिक अथवा वृन्दगीत थे; क्योंकि इनके आरम्भ के एवं समाप्ति के स्वर, स्वर-रचना की रुपरेखा, ताल, स्थान-स्थानपर रहते हुए न्यास स्वर इत्यादि सब नियमबद्ध थे ताकि वृन्दगायन में कहीं असम्बद्धता न सुनाई दे । सर्वसाधारण श्रोतृ समाज किसी गीत की रचना को उसके शब्दों द्वारा ही स्मरण रख सकता है एवं उसको पहिचान लेता है । आज भी किसी लोकप्रिय चित्रपटीय गीत का उल्लेख उसके शब्दों द्वारा ही किया जाता है । कुछ वर्ष पूर्व महाराष्ट्र में मराठी नाटकों के गीत बहुत लोकप्रिय थे यहाँ तक कि स्वर्गीय भास्करबुवा, स्वर्गीय अब्दुल करीम खाँ साहेब, स्वर्गीय सवाई गंधर्व इत्यादि धुरीण गायकों को भी कार्यक्रम के अन्त में सौभद्र, शाकुन्तल, स्वयंवर, इत्यादि का कोई नाटकी गीत, गाने की सूचना मिलती थी और उनको गाना पडता था । स्वयं भास्करबुवा एवं अब्दुल करीम खाँ साहेब को नाटकी गीतों से कोई विशेष प्रेम नहीं था । उनके शिष्यों में से कोई नाटक कम्पनी में गया तो वह बात उनको कभी प्रिय नहीं लगती थी । पर लोकाग्रह पर उनको एक खिलवाड के नाते नाटकी गीत गाना पड़ता था । क्रियासिद्ध गायक होने के कारण ये दोनों नाटकी गीतों में भी प्रभावशाली प्रतीत हुए इसमें सन्देह नहीं । अब्दुल करीम खाँ साहेब के सौभद्र नाटक के मराठी गीत 'उगिच कां कांता गांजितां' तथा 'नच सुंदरी करू कोपा' ये दो ग्रामोफोन रेकॉर्ड में अब भी बिकते हैं । अस्तु । इस सम्बन्ध में विशेष बात यह है कि इस प्रकार के गीतों को रागनाम नहीं दिया जाता है । उनके शब्दों में ही उनका उल्लेख किया जाता है । यदि कोई गीत इन्हीं गीतों की स्वररचना पर केवल अन्य शब्दरचना करके बाँधा जाय तो उसका उल्लेख 'उगिच कां कांता' की चाल पर अथवा 'नच सुंदरी करू कोपा' की चाल पर, इस प्रकार किया है, न कि अमुक राग, अमुक ताल । उर्दू में 'तर्ज', 'लहजा', 'नगमा' इत्यादि शब्दों से जिस वस्तु का उल्लेख होता है वही वस्तु 'चाल' है । प्राचीन जातियाँ भी इसी 'चाल' के अर्थ में थीं । 'संगीत रत्नाकर' में कई जातियों के उदाहरण स्वर-ताल-लिपि सहित दिये हुए हैं । ये सब गेय पद हैं । इनकी स्वर - ताल रचना पर विस्तृत विवेचन दिया हुआ है ; अर्थात् ये सब उपरिनिर्दिष्ट 'चाल' , 'तर्ज', 'लहजा' के ही विवेचन हैं ।

हमारी आज की संगीत - प्रणाली का मूल सिद्धांत 'राग' है। कोई भी गीत सुनने पर प्रथम जो विचार हमारे मन में उठता है, वह उस गीत के राग के सम्बन्ध में। "किस राग का यह गीत है" यह प्रश्न हमारे मन में उठता है। प्राचीन 'जातियों' की स्वर-ताल-रचना पर स्वतंत्र रूपसे, शब्दों को छोडकर, विचार होने लगा तब जातियों के ध्वनिसौंदर्य, श्रवणीयता, अर्थात् रंजकता के तत्त्वों पर ध्यान गया और 'राग' अर्थात् जातियों में रहते हुए रंजक तत्त्व के सिद्धान्तों की उत्पत्ति हुई। "राग" की प्राचीनताको, उसके प्रचलित पारिभाषिक अर्थ में, भरतमुनि तक कुछ विद्वान् पहुँचाते हैं, पर भरत ने अपने ग्रंथ में कहीं भी रागों के न वर्णन किये है, न उदाहरण दिये हैं। अवश्य, एक - आध स्थान पर 'राग' का उल्लेख उन्होंने किया है। उससे कुछ केशसूत्राधार इस मत को मिलता है। हो सकता है, भरत के समय में 'राग' की कल्पना का नया उद्‌गम हुआ हो। पर उसको शास्त्रबद्धता, सुनियमितता तब तक न प्राप्त हुई हो और भरत ने उसको केवल एक स्थान पर निर्देश करके छोड दिया हो। कुछ सज्जन तो रागों की भरत - कालिदासकालीन प्राचीनता 'अभिज्ञानशाकुन्तल' में सूत्रधार ने नटी से कहे हुए श्लोक के आधार पर सिद्ध करते हैं। वह श्लोक इस प्रकार है :-

तवास्मि गीतरागेण हारिणा प्रसभं हृतः।
एष राजेव दुष्यन्तः सारंगेणातिरंहसा॥

इस में 'राग' तथा 'सारंग' ये दो शब्द इस अनुमान के आधार स्वरूप लिये जाते हैं। पर वास्तव में इनसे यह सिद्ध नहीं होता कि, 'राग' कालिदास के समय में प्रचलित थे तथा 'सारंग' राग प्रचलित था। 'गीत रागेण' का अर्थ 'गीत की माधुरी, गीत की रंजकता' लेना होगा। 'सारंग' नाम न किसी जाति का, न किसी राग का दिया हुआ उस समय के ग्रंथों में मिलता है। फिर, कालिदास को क्या एक सारंग ही राग का नाम विदित था? और कोई राग हैं, जिनके नाम उस महाकवि की किसी काव्य रचना में दिखाई नहीं देते ! मल्लीनाथ ने भी अपनी टीका में 'राग' का अर्थ संगीत विषयक राग तथा सारंग का अर्थ 'सारंग' राग श्लेष में भी बताया नहीं है। अतएव कालिदास के समय में राग - प्रणाली प्रचलित हो चुकी थी, यह विधान साधार प्रतीत नहीं होता। अस्तु।

यह एक विशेष विचारणीय वस्तु है कि, 'आलाप' अर्थात् अनिबद्ध गायन-वादन का विचार रागाध्याय में ही आया है। जाति प्रकरण में 'आलाप' का नामनिर्देश नहीं है। इससे यही सिद्ध होता है कि जातियाँ निबद्ध स्वर-रचनाएँ थीं। उसके विभाग, ताल, ग्रह, न्यासादि नियमित होते थे। क्या आज हमारे देश में सर्वत्र देशप्रदेशों में प्रचलित जो ग्रामीण गीत, लोकगीत, भक्तिगीत इत्यदि सुनाई देते हैं, प्राचीन जातियों के ही अवशेष न हों ? ऐसा एक मनोरंजक प्रश्न मन में उत्पन्न होता है। जातियाँ सब मिलकर अठारह बताई गई हैं। हमारे उपर्युक्त लोकगीतों की भी चालें लगभग उतनी ही समस्त देशमें प्रचलित हैं। इस प्रकरण पर अनुसंधान होना आवश्यक है।

'राग' की परिभाषा ग्रंथकार निम्नलिखित श्लोक में देते हैं :-

योऽयं ध्वनिविशेषस्तु स्वरवर्णविभूषितः ।
रंजको जनचित्तानां स रागः कथ्यते बुधैः ॥

अर्थात् उस ध्वनिविशेषको, जो स्वर - वर्णो में विभूषित हो एवं जो रंजक अर्थात् श्रुतिमधुर हो, राग कहते हैं । यह व्याख्या देकर प्रत्येक राग का वर्णन ग्रंथकार देते हैं । हर एक राग की उत्पत्ति किसी न किसी जाति से बताते हैं । पर किसी राग के वर्णन में ताल का निर्देश नहीं है । राग गायन-वादन में निबद्ध तथा अनिबद्ध ये दो प्रकार उसके प्रयोग के बताए हैं । 'अनिबद्ध' नाम के प्रयोग में केवल आलाप कुछ स्थूल मार्गदर्शक नियमों के अनुसार करके राग गाया-बजाया जाता था, जिसमें कोई ताल नहीं लगता था, न कोई शब्दयुक्त रचना थी। इसको दाक्षिणात्य संगीत - प्रणाली में 'तानम्' कहते हैं, जो मनोधर्म से किये हुए आलाप होते हैं । हमारी हिन्दुस्तानी संगीत - प्रणाली में उसी प्रकार रागालाप किये जाते हैं ।

'निबद्ध' नाम के प्रयोग में सब प्रकार के गीत - प्रबन्ध आते हैं जो तालबद्ध होते हैं । ये गेय पद होते है । काव्यच्छन्दों को भी गेय रचना में बाँधा जा सकता है । पर विशेष रूप से गेय पद काव्यच्छन्दों से भिन्न होते हैं । ये छंन्दोबद्ध नहीं, पर तालबद्ध अवश्य होते हैं । इन गेय पदों को मतंग की बृहद्देशी में प्रबन्ध कहा गया है । 'संगीत रत्नाकर' में तो प्रबन्धों पर अर्थात् गीत रचनाओं पर एक स्वतंत्र बडा अध्याय है, जिसमें सैकडों प्रकार प्रबन्धों के बताए गये हैं । इन प्रबन्धों की रचनाओं को देखते हुए यही प्रतीत होता है कि क्या दाक्षिणात्य संगीत में, क्या हिन्दुस्तानी संगीत में गीतों की रचना में प्राचीन प्रबन्धों की ही परम्परा आज भी बहुतांश प्रचलित है । प्रबन्धों के चार, तीन, दो तथा क्वचित् पाँच तुकडे हुवा करते थे । दो तुकों से कम से कम कोई प्रबन्ध न होता था । हमारे यहाँ भी दो चार तुकों के और क्वचित् तीन और पाँच तुकों के गीत ध्रुवपद, ख्याल, तराने, टप्पे, ठुमरियाँ, इत्यादि आज गाये जाते हैं । प्रबन्ध के विभागों के नाम उद्ग्राह, ध्रुव, मेलापक तथा आभोग ये चार और क्वचित् अन्तरा, थे । 'उद्ग्राह' के स्थान पर आज हमारे यहाँ के गीतों में स्थायी, आभोग के स्थान पर अन्तरा, मेलापक के स्थान पर संचारी एवं पुनश्च आभोग के स्थान पर आभोग, होते हैं । प्राचीन प्रबन्धों में 'ध्रुव' नाम का भाग अनिवार्य होता था । अतएव द्विधातुक अथवा दो तुके प्रबन्ध में उद्ग्राह तथा ध्रुव होते थे । त्रिधातुक अथवा तीन तुके प्रबन्ध में अधिकतर उद्ग्राह, ध्रुव तथा आभोग ये तीन विभाग तथा चतुर्धातुक प्रबन्ध में ये चारों उद्ग्राह, ध्रुव, मेंलापक तथा आभोग होते थे । 'ध्रुव' का आशय 'टेक' है, जिसको बार बार दुहराया जाता है । हमारे आजकल के गीतों में, दो तुके गीतों में केवल 'स्थायी' तथा 'अंतरा', तीन तुकों में 'स्थायी' तथा दो अन्तरे जिसमें दुसरे अंतरे को 'आभोग' भी कहा जा सकता है तथा चौतुकों में 'स्थायी' 'अंतरा', संचारी तथा 'आभोग' इस प्रकार दो; तीन अथवा चार तुक होते हैं । चारों तुक ध्रुवपदों में ही अधिकतर होते हैं । कई होरियाँ, जो धमार ताल में ध्रुवपद अंग से गायी जाती हैं, चौतुकी होती हैं । चतरंग, त्रिवट इत्यादि अन्य गीत ध्रुवपद शैली के होते हैं ये भी तीन तुके या चौतुके होते हैं । ख्यालों में अधिकांशतः दो ही तुक, स्थायी तथा अंतरा होते हैं ।

ध्रुवपदों के सम्बन्ध में पंडित भावभट्ट कहते हैं :-

गीर्वाणमध्यदेशीयभाषासाहित्यराजितम् ।
द्विचतुर्वाक्यसम्पन्नं नरनारीकथाश्रयम् ॥

अर्थात् दोतुका अथवा चौतुका गीत प्रबन्ध, जो संस्कृत अथवा हिन्दी भाषा में रचित हो, जिसमें नरनारी कथाएँ वर्णित हों, ध्रुवपद कहलाता है । इससे दोतुके ध्रुवपद भी भावभट्ट के समय से अर्थात् औरंगजेब के समय से ही प्रचलित थे । कुछ ध्रुवपद गायक दोतुके ध्रुवपदों को अशास्त्रीय, अनधिकृत समझते हैं । पर इन दोतुके ध्रुवपदों का प्रचार पुराना ही है । भावभट्ट ने ध्रुवपदों के विभागों को प्राचीन ही नाम दिये हैं । कहते हैं :-

उद्ग्राहध्रुवकाभोगान्तरं ध्रुवपदं स्मृतम् ।

इनके ध्रुवपद में मेलापक नहीं है । उद्ग्राह, ध्रुव, आभोग तथा अन्तरा ये ही चार विभाग हैं । कहीं - कहीं 'मंझा' अर्थात् 'मध्य' अथवा बीच का' ऐसे अर्थ में गीतों का एक भाग माना जाता है । क्या यही मेंलापक तो न होगा ? यह प्रश्न विचारणीय है । अस्तु ।

इस सब चर्चा से हमारे प्रचलित रागांगीण गीतों की परम्परा प्राचीन ही है, यह माना जा सकता है ।

ध्रुवपदों की परम्परा हमारे यहाँ देवस्थानों में गाये जाते हुए स्तुति - गीतों से ही है ऐसा प्रतीत होता है । नाथद्वारा, विष्णुपुर, द्वारका, जगन्नाथपुरी, मथुरा, वृन्दावन इत्यादि बडे बडे वैष्णव पंथीय देवस्थानों में तथा बारह ज्योतिर्लिंगादि शिवालयों में भगवान् की सेवा सूर्योदय के समय, संध्यासमय में, तथा रात्रि में गायन-वादन नृत्य के साथ होती थी और आज भी होती है । इन गीतों को मृदंग के साथ गाया जाता है । ये कीर्तन अर्थात् भगवद्यशोगान के रूप में होते थे । प्राचीन समय में संस्कृत में ये गाये जाते थे । ग्रंथों में दिये हुए संस्कृत प्रबन्ध राग ताल में बंधे हुए ऐसे कीर्तनात्मक हैं । जयदेव कवि का गीत गोविन्द भी ऐसा ही एक प्रबन्धों का भण्डार है, हरिभक्ति का स्रोत है । ये अष्टपदियाँ गाने का प्रचार जयदेव के समय से ही मंदिरों में आज तक चालू है । संस्कृत के स्थानपर देशी प्राकृत भाषाओं का ब्रजभाषा, पूर्वी, मैथिली, बंगाली, गुजराती, मराठी इत्यादि का उदय लगभग ईसवी ९ वी शताब्दी में होने लगा; तब संस्कृत भक्ति-गीतों के स्थान पर इन देशी प्राकृत भाषाओं में साहित्य निर्माण होने लगा; गीत प्रबन्ध, काव्यादि भी रचे जाने लगे । भक्तियुग के महान् भक्तगण चैतन्य महाप्रभु, चण्डीदास, शंकरदास, विद्यापति, बैजू बावरे, स्वामी हरिदासादि भक्तों ने सहस्र गेय पद भगवान् की भक्ति में रचे और ये ही गीत देवालयों में गाये जाने लगे । ये गीत सुनियमित, सुसंबद्ध, स्वरालापों में तथा लयकारी में बढाए जा सके, ऐसे होते थे । इन्हीं गीतों को तथा इन्हीं गीतों के ढाचों पर रचे हुए गीतों को राजगायकों ने उठा कर गायनकलापूर्ण शैली में राजसभा में गाना आरम्भ किया । देवालयों में गाये जानेवाले ध्रुवपदों के गायन में देवता की भक्तियुक्त आराधना यह उद्देश्य होता था, जबकि राजसभा में लौकिक ध्रुवपद गायन में गायन पटुता ध्येय

होता है; यही भेद देवालयीन ध्रुवपद गायन में और लौकिक ध्रुवपद गायन में होता है । भक्तिगान में इष्ट देवता का नामोच्चारण पुनः पुनः दोहराते हुए गीत के विभागों को दोहराया जाता है ताकि देवता तक हाँक पहुँचे, जबकि लौकिक ध्रुवपद में स्वर-रचना तथा लय-चमत्कारों द्वारा श्रोतृ समाज को रिझाना होता है ।

स्वामी हरिदासजी स्वयं एक महान भक्त थे । केवल भक्तिभाव में भगवान का नामस्मरण सुस्वर कण्ठ में एवं संगीतकला के नियमानुसार गाते थे । स्वामीजी के रचे हुए कुछ ध्रुवपद अब भी तानसेन परम्परा में प्रचलित हैं । तानसेन इन्हीं स्वामीजी के शिष्य थे । इनकी गायनशैली, गायकी, ध्रुवपदों की ही थी । यह ध्रुवपद परम्परा अब भी उनके घराने में प्रचलित है । तानसेन के वंशजों को सैनिये कहा जाता है । बीन, रबाब बजाना एवं ध्रुवपद गाना, ये ही सैनियो का व्यवसाय है । अभी ६०-७० वर्ष पूर्व बह्मुदर हुसैन खाँ नामक एक महान् विद्वान एवं कला कुशल सैनिये ने सुरसिंगार नामक एक नया वाद्य निर्माण करके बजाया । किसी भी सैनिये ने ख्याल अथवा ठुमरी कभी गाई नहीं । अभी हाल तानसेन के वंशजों के अतिरिक्त उनके शिष्यानुशिष्यों को भी सैनिये कहा जाता है । कई पीढियों से सभागायन सैनियों ने किसी कारण बन्द किया । गायन की शिक्षा और वह भी विशेषतः ध्रुवपद-धमार गायन की शिक्षा तो हर सैनिये को प्राप्त होती थी । जिसे प्रत्येक राग के ५-७ ध्रुवपद-धमार गले से गाना न आता हो वह बीनकार, रबाबिया इनके यहाँ नहीं माना जाता था । रागका शुद्ध स्वरूप ध्रुवपदों में ही बना रहता है । ख्यालों कीं तान, लपेट, गिटकारियों में राग का स्वरूप कुछ बिगडने की अधिक संभावना रहती है । तानसेन स्वयं काली के भक्त थे । उसके रचे हुए कई ध्रुवपद इस देवी की प्रशंसा में हैं ।

ग्वालियर के राजा मान भी संगीत के और विशेषतः ध्रुवपद गायन शैली के एक अग्रगण्य पुरस्कर्ता माने जाते हैं । उन्होंने अपने शमनकाल में एक संगीत परिषद उस समय के गायक - नायकों की बुलाई थी । इसी परिषद के फलस्वरूप 'मान कुतूहल', जो संगीत पर लिखे हुए महत्त्वपूर्ण ग्रंथों में से एक माना जाता है, रचा गया । अस्तु ।

दिल्ली के तीसरे मुहम्मदशाह, जिनको संगीत संसार में 'मुहम्मदशाह रंगीले' के नाम से पहचाना जाता है और जिनका राज्यकाल ईसवी १७१९ से १७४१ तक का माना जाता है, संगीत के बडे प्रेमी थे । उन्हीं के दरबार के दो महान् गुणी गायकों ने ध्रुवपद ही के नियमों को कुछ शिथिल करके ख्याल नामक गीतों की रचना की; और अपने शिष्यों द्वारा उनका बहुत कुछ प्रचार कराया, यहाँ तक कि ध्रुवपद से ख्याल का ही गायन लोगों के कानों पर पड़ने लगा, जिससे ध्रुवपद गायकी को बडा आघात लगा । सदारंग - अदारंग ये दोनों तानसेन के ही वंशज थे; पर स्वयं ख्याल कभी नहीं गाते थे, ध्रुवपद से ख्याल को गौण कोटि का, क्षणिक मनोरंजन करनेवाली क्षुद्र वस्तु समझते थे । पर उनकी शिष्यपरम्परा में उसका प्रचार बढता रहा, जिसके फलस्वरूप आज जहाँ एक ध्रुवपद गायक है वहाँ पचास ख्याल गायक हैं ।

सदारंग-अदारंग के पश्चात् उनके वंशजों ने सभागायन स्थगित कर दिया और रबाब, बीन, सुरसिंगार आदि वाद्यों को बजाने की प्रथा आरंभ की; जिससे सम्भवतः शुद्ध ध्रुवपद गायन घटता चला गया। आज की हमारी ध्रुवपद गायन शैली के सम्बन्ध में हम लोगों के पास विशेष विश्वसनीय जानकारी नहीं है। एक लम्बे-चौडे गीत का सीधा-साधा गायन और उसके साथ मृदंग वादक का कबड्डी का खेल, यही ध्रुवपद गायकी का स्वरूप आजकल बन गया है।

आज पुनश्च ध्रुवपद गायकी की ओर हमारी संगीत प्रेमी जनताकी दृष्टि दौड़ रही है। सम्भव है कि पुरानी ख्याल गायकी भी अवास्तव गलेबाजी, शब्दों की मनःपूत तोड-मोड, राग की शुद्धता पर दुर्लक्ष्य, गीतका अपूर्ण आविष्कार, असंगत लयकारी इत्यादि वैगुण्यों के कारण विक्राल स्वरूप हो जाने से श्रोतृगण ख्याल गायन से भी त्रस्त हुए हों; और ध्रुवपद गायकी पर जिसमें उपर्युक्त दोष इतने अधिक प्रमाण में नहीं होते हैं जितने कि इस ख्याल गायकी में दिखाई देने लगे हैं, पुनश्च दृष्टि मोडते हों। पर ध्रुवपद गायकी के पुनरुज्जीवन के ये चिन्ह किस संगीत प्रेमी को भले नहीं लगते ? पर इस नवजागृति के कारण हमारा यह उत्तरदायित्व है कि यथासम्भव प्राचीन ध्रुवपद गायन शैली पुनश्च ऊपर उठाने का प्रयत्न हम लोग करें।

इसी सम्बन्ध में कुछ प्रश्नों पर विचार होना चाहिए। उन पर विश्वसनीय जानकारी जिस किसी संगीत विद्वान के पास हो, प्राप्त कर लेनी चाहिए। प्रश्न इस प्रकार हैं :-

(१) 'ध्रुवपद' की परिभाषा तथा 'ध्रुवपद' शब्द का उद्‌गम कैसे, कहाँ से और कब हुआ?

(२) 'ध्रुवपद' की उत्पत्ति कैसे, किस वस्तु से और कब हुई?

(३) 'ध्रुवपद' गायन शैली की श्रोतृ चित्तरंजकता की दृष्टि से कौन सी विशेषता है ?

(४) क्या ध्रुवपद केवल कण्ठस्वर में ओज, स्थिरता एवं सुस्वरता निर्माण के हेतु अभ्यास के पाठ थे अथवा संगीत सभा में श्रोतृरंजन गायन प्रयोग के योग्य गीत थे?

(५) यदि कोई एक ध्रुवपद ही केवल आधा-पौन घण्टे तक गाना हो, तो उसमें कौन कौन से प्रयोग और किस अनुक्रम से किये जाने चाहिए ताकि श्रोतृ समाज उससे मुग्ध हो जाय? क्या गायक एवं मृदंग वादक की स्पर्धा, पखवाजी की 'धा' को धोखा देते हुए अपने गीत का 'सम' इधर-उधर खिसकाते रहना तथा पखवाजजी का आडे-चौडे विसंगत परन बजाते हुए गायक को 'सम' से आगे पीछे ढकेल देना इत्यादि लय फंदे बाजी का ही यह प्रयोग होता है?

(६) ध्रुवपद गायन से पूर्व आजकल आलाप गायन, जिसे आजकल व्यवहार में 'नोम् तोम्' कहते हैं, किया जाता है। आलाप गायन का अनुक्रम क्या है ? विलम्बित आलाप में लय किस प्रकार बताई जाती है? क्या विलम्बित आलापों में सिवाय 'सम' दिखाने के समय

अन्यतः अर्थात् आलाप करते समय बीच में लय दिखाने की आवश्यकता नहीं होती ? आलाप में मध्यलय को कब और किस रीति से आरंभ किया जाता है? उसी प्रकार द्रुतलय कब और किस रीति से आरम्भ की जाती है? क्या आजकल के निरे रागालापों में स्थायी, अंतरा, संचारी, आभोग इत्यादि विभाग, जैसे कि प्राचीन रूपकालापों में बताये गये हैं, किये जाते हैं?

(७) प्राचीन ध्रुवपद गायनशैली के चार प्रकार थे, जिनको बानियाँ कहते हैं; ऐसा माना जाता है। इन चार वाणियों के नाम भी हैं अर्थात् डागुरी, गौरहारी, खंडारी, नौहारी। इन नामों की क्या व्युत्पत्ति है? ये नाम इन वाणियों के क्यों रखे गये?

(८) प्राचीन संगीत ग्रंथों में जो पाँच गीतियाँ, शुद्धा, भिन्ना गौडी, वेसरा, साधारणी, बतायी गयी हैं क्या उनका कुछ सम्बन्ध इन वाणियों से है?

(९) ध्रुवपद गायन में मृदंग वादक को मृदंग किस प्रकार बजाना चाहिए? ध्रुवपद गायन में मृदंग पर साथ-संगत होनी चाहिए अथवा स्पर्धा?

(१०) ध्रुवपद गायन के लिए कण्ठस्वर तथा उसका अभ्यास किस प्रकार होना चाहिए? क्या ध्रुवपद गायक का बेटा ध्रुवपद गायक ही होना चाहिए, यद्यपि उसके कण्ठस्वर का स्वभाव-धर्म ध्रुवपद गायन के योग्य न हो।

(११) ध्रुवपद गायन में कौन - कौन से विशेष गमक, अर्थात् स्वरों पर की हुई कलात्मक क्रियाएँ, होनी चाहिए ताकि ख्याल, ठुमरी इत्यादि अपेक्षाकृत निम्न कोटि के गीतों से वह भिन्न एवं उच्च स्तर का सुनाई दे?

१५
काफी ठाठ के राग

हिन्दुस्तानी संगीत - प्रणाली के जनक मेलों में काफी मेल सबसे बडा है, क्योंकि इस मेंल से उत्पन्न होने वाले प्रचलित रागों की संख्या बहुत बडी है। काफी मेल का नाम इसमें से उत्पन्न होने वाले लोक-प्रसिद्ध एवं लोकप्रिय काफी राग के नाम पर दिया गया है।

काफी मेल के स्वर इस प्रकार हैं :- षड्ज, शुद्ध ऋषभ, कोमल गांधार, शुद्ध मध्यम, पंचम, शुद्ध धैवत एवं कोमल निखाद। इन स्वरों में से कोमल निखाद के स्थान पर शुद्ध निखाद आरोह में बहुत से रागों में लेने का प्रचार, गले की सहूलियत के लिए कहिये अथवा रूढि के प्रभाव से कहिये, हो गया है। कोमल निखाद से षड्ज का स्वरान्तर सुनने का अभ्यास हमारे कानों को नहीं है। कुछ विचित्र - सा अवश्य लगता है। किसी एक - आध राग में शुद्ध गांधार एवं कोमल धैवत भी विवादी रूप में आते हैं। अस्तु।

काफी मेल में से उत्पन्न होने वाले रागों के नाम ये हैं :- (१) काफी (२) सैंधवी (३) बरवा (४) धनाश्री (५) धानी (६) भीमपलासी (७) हंसकंकनी (८) पटदीपकी (९) पटमंजरी (१०) वागीश्वरी (११) शहाना (१२) नायकी (१३) सूहा (१४) सुधराई (१५) देवसाख (१६) कौंसीकान्हडा (१७) पीलु (१८) बहार (१९) वृन्दावनी सारंग (२०) मध्यमादि सारंग (२१) बडहंस सारंग (२२) सामंत सारंग (२३) मियाँ का सारंग (२४) शुद्ध सारंग (२५) लंकदहन सारंग (२६) शुद्ध मल्हार (२७) गौड मल्हार (२८) मेघ मल्हार (२९) मियाँ की मल्हार (३०) मीराबाई की मल्हार (३१) नटमल्हार (३२) सूरमल्हार (३३) चरजू की मल्हार (३४) चंचलसस मल्हार

इस ठाठ में विविधता है। अभी बताए हुए रागों के छः भिन्न भिन्न रागांगों के अनुसार वर्ग हैं। ये इस प्रकार हैं :-

१ - प्रथम, काफी अंग जिनमें, (१) काफी (२) सैंधवी (३) बरवा एवं (४) पीलु, ये चार राग आते हैं।

२ - दूसरा, धनाश्री अंग जिनमें, (१) धनाश्री (२) भीमपलासी (३) धानी (४) पटदीपकी एवं (५) हंसकंकनी, ये पाँच राग आयेंगे।

३ - तीसरा सारंग, अंग जिनमें, (१) वृन्दावनी सारंग (२) मध्यमादि सारंग (३) बडहंस सारंग (४) सामंत सारंग (५) मियाँ का सारंग (६) शुद्ध सारंग (७) लंकदहन सारंग एवं (८) पटमंजरी, ये आठ सारंग अंग के राग होंगे।

४ - चौथा, कान्हडा अंग, जिनमें, (१) शहाना (२) नायकी (३) सूहा (४) सूधराई (५) देवसाख और (६) तीव्र धैवत लेनेवाला कौंसी कान्हडा ये छः राग होंगे।

५ - पाँचवाँ, बागेश्री अंग जिनमें, (१) बागेश्री (२) बहार एवं (३) कौंसी कान्हडा।

बहार और कौंसी कान्हडा बागेश्री एवं कान्हडा अंगों के मिश्रण से बने हैं, तथापि दोनों स्वतंत्र हैं । बहार में तो आरोह बागेश्री का एवं अवरोह कान्हडे का होता है, जहाँ कौंसी में मुख्य कान्हडे का ही आधार ले कर कहीं-कहीं बागेश्री का अंग दिखाना होता है । अस्तु ।

६ - छठा मल्हार अंग जिनमें, (१) शुद्ध मल्हार (२) गौड मल्हार (३) मेघ मल्हार (४) मियाँ की मल्हार (५) मीराबाई की मल्हार (६) नट मल्हार (७) सूर मल्हार (८) चरजू की मल्हार (९) चंचलसस मल्हार, ये नौ राग आते हैं ।

अब इन रागांगों को क्रमशः लेकर उनसे बने हुए रागों की चर्चा करेंगे ।

काफी अंग इस प्रकार है :- रे रे ^{म} ग, $^{रे}$ सा रे प,

सा सा

मपधमप, ग रे, मग, रे, नि, सा, ममपसां, निधप, मपध, मग रे, पमगरेसा ।

ये स्वर समुदाय काफी एवं सिंदुरा, दोनों में आते हैं ।

काफी एक अति लोकप्रिय एवं सर्वश्रुत राग है । आबालवृद्ध सब इसकी धुन से परिचित हैं । यह एक छोटी - सी धुन है । इसमें बहुत मींड काम अथवा गमकादि नहीं होते, न विलम्बित ख्याल होते हैं । बिलम्बित आलाप के योग्य यह राग नहीं है । होलियाँ, ठुमरी, टप्पे जैसी छोटी गीत रचनाएँ इसमें बहुत होती हैं । यह नाम भी परदेशीय है । संगीत रत्नाकर के पश्चात् के कुछ ग्रंथों में इसका नाम मिलता है और स्वर भी येही हैं । ग्रंथों में इसको एक श्री राग मेंल जन्य राग कहा गया है । ग्रंथों का श्री राग मेल अपना प्रचलित काफी मेल ही है । अतः हमारी आज की काफी को ग्रंथाधार भी है । व्यंकटमखी, रागलक्षणकार, तुलाजेन्द्र, लोचन, महाराज प्रतापसिंहजी इत्यादि ग्रंथकारों ने काफी का उल्लेख किया है ।

प्रचलित काफी के आरोहावरोह सरल एवं संपूर्ण हैं । उदाहरणार्थ, सा, रे, ग, म, प, ध, नि सां । सां, नि, ध, प, म, ग, रे, सा । इसका वादी पंचम और संवादी षड्ज है । यह राग सार्वकालिक माना जाता है । परन्तु इसका शास्त्रोक्त गान समय रात्रि के दूसरे प्रहर के अंत में माना गया है । इसका विस्तार इस प्रकार होता है :-

म रे म

सा, रे रे ग, सा, रे प, मपधमप, गरे, म, ग, रे, नि, सा, रे ग, रेगमपमप, धप, निधप,

म

सांनिधप, मपध, मग, रे, रेपमप, मगरेसा, रे ग, मपम, प । ममपधनि, सां, धनिसां, मंगरेंसां, निधनि, पधमप, सां, निध, मपधमप, गरे, रेगमपधनिसां, निधपमगरेसा ।

काफी में नमक मिरच के नाते कभी कभी शुद्ध गांधार एवं कोमल धैवत भी गायक लोग एवं तंतकार लगा ही देते हैं, बिचारी छोटी - सी धुन तो ठहरी ! "गरीब की बहू सब की भाभी" कोई आवें और बकें, सिवाय हँसकर टाल देने के अलावा और क्या कर सकती है? अस्तु ।

काफी अंग का दूसरा राग 'सैंधवी' है। सैंधवी नाम सब प्राचीन ग्रंथोंमें मिलता है। संगीत रत्नाकर में भी इसका उल्लेख है। परन्तु रत्नाकर के स्वर भी अभी गुप्त हैं तो रागों की कौन कहे? तत्पश्चात् के सब ग्रंथों में सैंधवी के स्वर यही काफी ठाठ के मिलते हैं। ग्रंथोक्त सैंधवी औडुव - संपूर्ण, आरोह में ग-नि वर्जित है। प्रचार में सैंधवी नाम से तो नहीं परन्तु सिंधूरा, सिंधोडा इत्यादि नाम से जो राग गाया जाता है उसका स्वरूप बहुतांश सैंधवी जैसा ही है। सैंधवी का ही नाम भाषा में सिंधूरा, सिंधोडा है ऐसा सोमनाथ अपने रागविबोध में बताते हैं। परन्तु सिंधुराके आरोह में निखाद लेनेवाला एक स्वर समुदाय आज उसका जीवभूत हो बैठा है। इसी टुकडे से सिंधूरा पहिचाना जाता है। 'सैंधवी' शुद्ध गाना हो तो यह टुकडा उसमें नहीं आवेगा। सिंधूरे में वह आवश्यक है, परंतु शेष सब नियम, आरोह में गांधारका वर्ज्य होना एवं निषाद का दुर्बलत्व, सैंधवी के ही समान हैं। शुद्ध सैंधवी भी प्रचार में सुनाई देती है। सैंधवी, सिंधूरा, दोनों में वादी स्वर षड्ज, संवादी पंचम है। गाने का समय रात्रि का दूसरा प्रहर है। सैंधवी के आरोहावरोह इस प्रकार हैं :- सा, रे, म, प, ध, सां। सां, नि, ध, प, म, ग, रे, सा। इसका चलन इस प्रकार है :-

सा, रेमपधसां, रेंनि, धप, मधप, ग, रे, म, ग, रे, सा। रेमपध, मप, गरे, सारेमपधसां, निध,
म
मपध, गरे, मग, रे, सा। ममपधसां, धसां, रें गं, रेंसां, धसां धरें, नि, धप, मपधसां, निधप, धग, रे, मगरेसा, रे, ममप, ध, सां।

सिंधूरे में आरोह में निखाद लेने वाला वह टुकडा लेकर इस प्रकार विस्तार होगा :-

मं प म रे रे सा ध
सा, मपनिसारें गं, रें, सां, रें, नि, ध, प, मपध, ग, रे, म, ग, रे, निसा, रे, ममप, ध म, पनि,
मं सां म म
सां, रें, गं, रें, सां। प, मपध ग, रे, म, पधसां, रेंगं, रें सां, निसां, निसारें, नि, ध, प, मपध ग,
रें म म सा सां प मं
रे, सां निध, मपध ग, रे, म, ग रे, सा, रेमपध नि ध म, पनि, सां रें गं, रें, सां। सारेंगं
म रें सां
रेंसांनिधप, निधप, धमपध ग, रे, नि, ध, प, धम, पनि, सां, रेंगं, रें, सां। सारेमपध मपधरें नि,
प म सां
धप, धम, पनि, सां, मंगरेंसां निध ध, रेंनिधप, धम, निधप, ध ग, रे, मगरेसा, रेमपध नि, ध,
मप, नि, सां।

काफी अंग के रागों में एक छोटी - सी धुन बरवा नाम की भी है। ग्रंथों में यह राग नहीं मिलता। परन्तु प्रचार में गायक लोग इसको गाते हुए सुनाई देते हैं। इसका वादी स्वर ऋषभ, संवादी पंचम है। आरोह में गांधार दुर्बल है। कुछ गायक इसमें तीव्र गांधार का भी किंचित् प्रयोग करते हुए सुनाई देते हैं। यह अधिकतर रात के समय गाया जाता है। इसके

कुछ रागांग वाचक स्वर समुदाय इस प्रकार हैं :-

म सा सा म

गरे गसा, रेम, पध प, रेगरेसा, रे नि, सा, मगरेसा, नि, सारेम, पनिधप मपध प, रेगरेसा,

सा प म

रे नि, सा । प, मप, सा, रेम, रेमप निधप, रेमपधनि ध, प, मपधमप, गरेगसा, निधप, म,

सा म म सां

पध नि, सा, मगरेसा, सांनिधप, रेम, पधनि, धप, पध प, रे ग, रे, गसा । म, पध नि,

म प

सां, सां सां, प गं, रें, सां, नि, ध, प, मप, रेम, पध प, सां, नि, ध, प, मप, रेगरेसा, मगरेसा ।

म सा

मपनिसां, निसां, सांरेंमं, गं, रें, सां, नि, ध, प, पगं, रें, सां, निधप, पध प, रेगरेसा, रे नि, सा ।

धुन होते हुए भी अपने अंग से स्वतंत्र एवं अति मधुर और मृदुभावनाओं से भरा हुआ स्वरूप यदि हमारे संगीत में है तो वह पीलू का ही है । यह नाम भी बडा विचित्र है । पुराने ग्रंथों में तो इसका उल्लेख मिलता नहीं । उर्दू, हिन्दी, संस्कृत, किस भाषा में से यह नाम आया है, यह कहा नहीं जा सकता । हाँ, पिल्ला, पिल्लू इत्यादि शब्द पशुपक्षुओं के छोटे नवजात बच्चों के अर्थ में कहीं - कहीं आते हैं । पिलोना, पिलाजी, पिलू इत्यादि नाम मनुष्यों के भी होते हैं । ये भी बच्चों के लडौते नाम रखे जाते हैं । पीलू राग की धुन भी लडौती ही है ।

सा सा सा सा

उदाहरणार्थ, ग, नि, सा; मग, नि, सा; पमप ग नि, सा; रेमग, सानि, पनिसा ग, नि, सा । इन स्वर समुदायों को बार बार उलट-पुलट करके दोहराते हुए, तीव्र कोमल सब स्वर यथायोग्य स्थान पर लगा कर गाया जाय तो पीलू का मंडन हो जाता है । इसका वादी स्वर कोमल गांधार एवं संवादी निखाद है । दिन के तीसरे प्रहर से लेकर रात्रि के दूसरे प्रहर के अंत तक किसी समय गाया जा सकता है । बीनकारों की भी यह एक प्यारी धुन है । बडी तल्लीनता के साथ इसकी मीडें, मुरकियाँ खींचते ही रहते हैं । ठुमरी, भजन, चैती, कजरी इत्यादि इस राग में मनमुराद गायी जाती हैं । इसका चलन इस प्रकार है :-

सा सा

सा, ग(ग), सा (सा) नि, निसा, प, ग, सा । निसाग, रेग, सानि, मपनि, निसा, रेम,

म म म

ग, सा, निसा । मपनिसाग, पमपग, सागरेम, ग, सानि, पनिसाग, सा, निसा । सा, निसा ग, ग, मप, गम, गमपग, सा; पधमप ग, सा, निसा, निसारे (सा), निधप, मपधनि, धनिसा, रेमपध पग,

रे रे म

सा, निसा । प, गमप, सागमप, म(म), ग ग, सागमधपग रेग, रेपमप ग, नि-सा, निसागरे-सानि धप, म नि, निसा, रेमपनिपग, (सा) । प, धप, निधप, धप, गपमग, सागमपधप, ग, (सा) नि, सा ।

अंतरे में इसी स्वरविस्तार को ऊपर के सप्तक में लगभग दोहराना होता है ।

अब धनाश्री अंग के राग देखें । धनाश्री अंग की विशेषता ऋषभ-धैवत का दुर्बलत्व एवं सा, म, अथवा सा, प, का प्रबलत्व है । धनाश्री अंग के रागों में से किसी में ये स्वर आरोह में और किसी में मूलतः वर्जित रहते हैं । यह धनाश्री अंग केवल काफी में ही नहीं वरन् और ठाठों में भी जैसे पूर्वी एवं तोडी में भी दिखाई देता है ।

प्रथम धनाश्री का स्वरूप देखेंगे । धनाश्री नाम बहुत पुराना है । लगभग सब प्राचीन ग्रंथों में धनाश्री, धन्यासी, धन्नासी, इत्यादि नाम इसके पाये जाते हैं । मध्यकालीन ग्रंथों में इसका ठाठ, कहीं आजकल का काफी, कहीं आसावरी, कही भैरवी और कही पूर्वी भी बताया हुआ है । प्रचार में अधिकतर काफी ठाठ के स्वरों से ही यह गाया जाता है । कहीं - कहीं दोनों धैवत एवं दोनों ऋषभ भी इसमें लगाए जाते हैं । इसके आरोह में ये स्वर वर्जित हैं । अर्थात् जाति औडुव - संपूर्ण है । पंचम वादी, षड्ज संवादी, और गान समय दिन का तीसरा प्रहर है। प्रकृति कुछ चंचल है । इसमें मींड अधिक नहीं लेनी चाहिए । इसका स्वरूप इस प्रकार है :

म म म

सा, प, ग, मप, ग, रेसा, रेनि, सागमप, गमप, निधप, मपधप, ग, मप, ग, रेसा, मगरेसा । निसागमप, गमप, सांनिधप, मपनिधप, धम, पग, मप, ग, रेसा, रेसानिसागमप,

प म

सारेंसांनिधप, निध म, पग, मप, सामगमप, ग, रेसा, रेनि, सागमप । पपधपमपगमप, सागरेसा, निसागम पधमपगमप, सारेंसांनिधप, मपधमप, ग, मप, ग, रेसा । मपग, मपनि, सां, पनिसांगरेंसां, सांनिधप, मपगमप, ग, रेसा ।

भीमपलासी धनाश्री अंग का ही राग है । धनाश्री के ही सदृश, आरोह में ऋषभ-धैवत वर्जित, औडुव-संपूर्ण जाति का राग है । भीमपलासी का वादी स्वर मध्यम एवं संवादी षड्ज है । गंभीर प्रकृति का आलाप योग्य राग है । दिन के तीसरे प्रहर में गाया जाता है । इसका स्वरूप इस प्रकार है :-

सा सा सा सा

सा, म ग रे सा, नि नि, प नि, सा, ग रे सा, म, ग प, म नि सा म ग प,म, गम,

सा

नि, सा, मगरेसा । प, धप, म, गपम, पनिधप, म, पमगपम, सामगप, म, ग, मगरेसा ।

हंसकंकणी एवं प्रदीपकी अथवा पटदीपकी राग धनाश्री अंग के ही हैं । इन दोनों में दोनों गंधार लगते हैं - आरोह में तीव्र, अवरोह में कोमल । हंसकंकणी में पंचम वादी, प्रदीपकी में मध्यम वादी है । हंसकंकणी का स्वरूप इस प्रकार है :-

म

सा, ग, गमपग, रेसा, निसाग, म, पमपग, गमपनिधप, धपम, पग, गमप, ग, रेसा । मप

सां सां म

नि, सां, सां, मप नि॒सांगंरेंसांनि॒धप, नि॒धपधपम, पग, साग, गमप ग॒, रेसा ।

प्रदीपकी का स्वरूप इस॰ प्रकार होगा :-

सा, म, ग॒रेसा, नि॒, नि॒सा, म, ग, मप, म, नि॒साग, म, मगरेसा, नि॒सारेसा, नि॒धप, प, म, गम, सागमप, धपम, पग, म, सां, पम, पग, म, नि॒साग, म, गमप, ग॒, रेसा ।

आजकल "पटदीप" नाम का एक नया स्वरूप, धनाश्री में ही केवल तीव्र निषाद सुनाई देता है । इसमें धैवत थोडासा आरोह में लिया जाता है । उदाहरणार्थ,

म

धप, ग॒, मप, नि, नि, धनिसां, धप, ग॒, मग॒रेसा, नि॒साग॒मपपनिसांरें, सांनिसां, म, प, नि,

म

धनिसां, धप, ग॒ मप, नि, धप ।

धानी भी धनाश्री अंग का ही राग है । इसमें ऋषभ धैवत आरोह-अवरोह दोनों में वर्जित हैं । अतएव औडुव-औडुव जाति का राग है । ग्रंथों में कहीं - कहीं इसी धानी को धनाश्री कहा गया है । धानी एक छोटी - सी धुन है । अतः गायक लोग उसमें थोडासा स्वेच्छाचार करे तो आश्चर्य नहीं । कोई - कोई गायक इसमें ऋषभ तथा कुछ कोमल धैवत का भी प्रयोग कही - कही करते हैं । "कृष्ण मुरारी बिनती करत कर हारी" यह एक प्रसिद्ध गीत धानी में प्रायः गायी जाती है ।

अब सारंग अंग के रागों का विचार करेंगे । सारंग अंग में गंधार एवं धैवत दुर्बल एवं ऋषभ-पंचम प्रबल होते हैं । सभी सारंग प्रकार दोपहर के समय गाए जाते हैं । सारंग अंग की

प प

पहिचान "रे, प मरे, नि॒, सा, रेमप, नि॒, प मरे, सा" इस स्वर समुदाय से होती है । सारंग अंग के रागों में से केवल एक मध्यमादि सारंग के अतिरिक्त शेष सब में दोनों निखाद-आरोह में शुद्ध, अवरोह में कोमल- इस प्रकार लगते हैं । ऋषभ-पंचम सभी में प्रबल रहते हैं ।

प

वृन्दावनी सारंग में किंचित् धैवत का प्रयोग अवरोह में होता है । जैसे, रेमप म रे, सा, नि॒,

प प

सारे, रेमप नि॒, प मरे सा, नि॒, सारे, रेमप, मपधप मरे, सा, सारेंसांनि॒, प, मपनि॒, पम, रे, सा। मपनि॒प, नि, सां निसारेंमं रेंसां, निसारेंसां, नि॒ पमरे, सा ।

मध्यमादि में केवल कोमल निखाद ही लगता है । यह प्रचार में कम सुनाई देता है। इसका स्वरूप इस प्रकार है :-

म प

रे, नि॒, सारे, रेमरे, सा, रेमप, नि॒प रे, रेमपनि॒, पनिसारें, सांनि॒प मरे, रेमप, रे, नि॒, सा।

प
मपनिप, नि, सां, निरें, सां, निसारेंमरेंसां, निसारेंसां, नि, प, रेमपनि, प मरे, नि सा ।

बडहंस सारंग में मध्यम पर न्यास, अवरोह में धैवत का प्रयोग होता है । इसका स्वरूप इस प्रकार है :-

प प प म प म
मप निनिप मरेसारेम, मप, निसारें, सां, म प, निधप, रे, सा (सा), नि, पनिप,
प प
नि, सा, रेमरेमप, मप नि प म रेसारेम ।

सामंत सारंग में धैवत अवरोह में स्पष्ट लिया जाता है । शेष सब सारंग अंग से विस्तार होता है । उदाहरणार्थ,

प प
पमपनिप, रे, सा, मरेमप, मनिधप, मपनिप, रे, मपनिसां, रेंसां, निपमनिधप, मप निप मरे,
प
सा, रेम, मप, मनिधप ।

मियाँ की सारंग नाम का भी एक सारंग प्रकार प्रचार में सुनाई देता है । इस सारंग प्रकार में धैवत आरोह में "नि धनि, पधनिसां" इस प्रकार लगता है । कहीं - कहीं दोनों निखाद का एक साथ प्रयोग होता है । यह स्वरूप है तो बहुत मनोरंजक । इसका विस्तार बहुत कुछ इस प्रकार होता है :-

म प म
सा, रेमरे, नि, सा, धनि, पधनिसा, रेप, रे, सा, निसा, रेमप, मप, निधनि, प, रे, सा,
ध म
रेमपनि, धनि, पनि नि, पधनिसां, निप, रे, सा, रेमपसां, नि, प, रे, सा ।

शुद्ध सारंग में दोनों मध्यम, दोनों निषाद लगते हैं । धैवत भी स्पष्ट लगता है । मन्द्र निषाद पर न्यास होता है । शेष सब सारंग अंग से ही विस्तार होता है । पूर्वांग में कामोद का आभास होता है । इसका स्वरूप इस प्रकार है :-

म
सा, रेमरे, प, मपध, (प), रे, रेमप, रे, सा, निसारेमरेसा, नि, सा, पनिसा, रेम, रेप, रे,
म
सा, रेमप, सां, निप, मप, रेमपध, प, मप, मरे, सारेप, रे सा । मपनिप, नि, सां, निसारें, सां, रेंमरेंसां,
म
निप, मपसां, निप, मपध, प, (प), रे, रेप, रे, सा ।

लंकदहन सारंग एक अप्रसिद्ध सारंग प्रकार है जिसमें धैवत एवं कोमल गांधार का प्रयोग होता है । उदाहरणार्थ,

म म

सा, रेमप, रे, सा, रेम, रेमप, सां, निधनि, प, मप, ग ग म, रे, सा । मपनिसां, रें, सां,

म म

रेंमंरें, सां, नि, प, मपसां, सांनिधनिप, ग ग म, रे, सा ।

पटमंजरी भी एक सारंग अंग से चलनेवाला राग है । इसमें भीमपलासी एवं सारंग का जोड़ होता है । इसमें सब स्वर लगते हैं यद्यपि इसका चलन वक्र है । वादी इसका षड्ज, संवादी पंचम है । मन्द्र में भी इसका विस्तार होता है । उदाहरणार्थ,

रे सा सा

सा, रेसा, नि, सारेसा, निधप सा, नि, प नि, सारे, गम, रेसा, सा नि, सारे, सा, नि, प, सा ।

म म

निसारेमप, मप, मपध, ग, रेगम, रेसा, सा रे म प नि ग, रे ग म, रे सा निसारेगरेसा, नि प,

प सां सां सां

सा । म, मप, मप, सा, रेगम, रेसा, नि, सारेसा, नि, प, सा । नि नि सां, सां, निसां, म, मप, सा, सारेगम, रेसा, नि, सा ।

अब काफी ठाठ से उत्पन्न होनेवाले कान्हड़ों का विचार करें । कान्हड़ों की उत्पत्ति सारंग-अंग से ही हुई है, ऐसा कुछ विद्वान कहते हैं । सारंग में गंधार हिलती हुई (आन्दोलित) और वक्र करके अवरोह में लगाते हुए एवं कोमल निखाद तथा पंचम की संगति अवरोह में रखने पर कान्हडा अंग स्पष्ट होता है ।

म म म सा

जैसे :- 'नि प, ग, ग, ग, म रे सा' यह स्वर समुदाय सब कान्हड़ों में आवश्यक है।

शहाना कान्हड़े में धैवत स्पष्ट लगता है और वहाँ कुछ काफी का आभास होता है। उदाहरणार्थ,

म म म सा

निधनिप, ध, म, प, सां, नि, ध, नि, प, नि, पमप, ग, म, गमप, ग म, रे सा, सा, म, म, नि प, धम प.... इत्यादि । पंचम इसका वादी स्वर है, षड्ज संवादी है । रात में गाया जाता है ।

नायकी, सूहा, सुधराई - ये तीनों कान्हड़ें भिन्न - भिन्न मतों से भिन्न - भिन्न प्रकार से गाये जाते हैं । मतभेद धैवत पर होते हैं । कोई इन रागों में कोमल धैवत, कोई दोनों धैवत लेना पसंद करते हैं और कुछ लोग इनमें धैवत बिलकुल वर्जित करतें हैं । परन्तु हम यहाँ पर सब से अधिक प्रचार जिन - जिन स्वरूपों का है, उन्हीं का विचार करेंगे ।

नायकी में एवं सूहा में धैवत मूलतः वर्ज्य समझेंगे । नायकी उत्तरांग प्रबल, सूहा पूर्वांग प्रबल होगा । नायकी रात्रि के दूसरे प्रहर के अन्त में, एवं सूहा दिन के दूसरे प्रहर के अन्त में सारंगों के पश्चात् गाया जायेगा । इन दोनों में मध्यम वादी है । नायकी का स्वरूप इस

प्रकार है :-

म म सा नि म
सा, रेप, प, ग, म रे, सा, म, पसां, निप, नि, प, निम, पसां, रें, सां, निप नि, प, म, मप, ग,
नि म म म सा
म, मनि, प, मपनिसारें, सां, रें, सां, निपनि, प, म, प ग, म, रेप, प ग, म, रे, सा । मपनि, प,
नि मं सां नि
निसां, सां, सांनिरें, सां, रें सां, निपनि, प, मपनिसां, गं, मं, रें, सां, रें, सां, निपनि, सां, म,
म सा
पसां, ग, म, रे, सा ।

सूहा का स्वरूप इस प्रकार होगा :-

म म म म सा म म
सा, निसा, ग, मप, प, निप, निपम, प ग, म, गमप, गम, रे सा । निसा ग, मप, मप ग,
म म प म म म सा
म, पनिप, निपम, प ग, म, ग मप, प, निपसां, नि, प, म, प ग, म, गमप, गम, रे, सा ।
म म म म सा
मपनिप, सां, सां, सांनिरें, सां, नि, प, म, ममपसां, निप, म, प, ग, म, गमप, ग म, रे, सा ।

सुधराई में अवरोह में धैवत लगाया जाता है । वादी स्वर इसमें पंचम है । पूर्वांग में कुछ - कुछ काफी का आभास होता है । इसके स्वरूप के सम्बन्ध में बहुत मतभेद हैं । अभी बताये हुए धैवत सम्बन्धी मतभेद इसमें विशेष हैं । धैवत वर्जित, एक शुद्ध धैवत युक्त एवं दोनों धैवत लेनेवाला, ऐसे इसके प्रकार प्रचार में सुनाई देते हैं । इनमें से एक प्रकार, जिसमें तीव्र धैवत लिया जाता है और जो प्रचार में अधिक सुनाई देता है, उसका स्वरूप इस प्रकार है :-

म म म
प, मपधप, रे, रेग, ममप, ग, म, रे, सा, नि, सारेग, म, मम, प, मपनिप, ग म, प, रे,
म म
सा । निसारेसा, निप, सा, नि, सारे ग, म, गमप, रे, सा । मप, निप सां, निसां, निसारेंसां, निप,
म म सा
परें सारें निसां निप, मप, मपध, ग, म, रेसारे, सा, नि, सारे ग, रे, रेग, ममप .... इत्यादि ।

देवसाख, वास्तव में 'साख' नामक रागों का जो एक वर्ग है, उसमें से है । परन्तु साख का अंग क्या है, वह उपलब्ध नहीं है । रामसाख, भवसाख, देवसाख, लच्छासाख, ऐसे चार साख कहलाते हैं । परन्तु ये सब 'साख' नाम से क्यों कहे जाते हैं, 'साख' क्या वस्तु है, उसका लक्षण क्या है, इन बातों पर संशोधन होना आवश्यक है । जो हो, प्रचार में देवसाख किस प्रकार गाया जाता है, यह देखना है । यह राग आज कान्हड़ा प्रकारों में से एक समझकर गाया जाता है । इसमें धैवत वर्जित है । पंचम वादी है । गांधार-पंचम संगति इसमें विशेष रागांग वाचक

है। यह राग भी विशेष प्रसिद्ध न होने के कारण मतभेदों से 'परेशान' है। कुछ गीतों में धैवत एवं दोनों गांधार प्रयुक्त दिखाई देते हैं। ग्रंथों में इसका नाम 'देशाख्य' हुवा पाया जाता है और उनमें यह दोनों गांधार, दोनों निखाद वाला और ऋषभ वर्जित बताया गया है। इसका प्रचलित स्वरूप इस प्रकार है :-

प म

सा, सा, म, ग॒प, मनि॒मप, ग॒म, रे, सा। ग॒म, ग॒प, मनि॒प, सां, नि॒, प, मप ग॒, म, सारेसा,

म म सा म प म म म सा

ग॒, प, ग॒म, रे, सा। ग॒, म, मप, पनि॒, प, सां, नि॒, प ग॒ म, ग॒प, ग॒ म रे, सा। इत्यादि।

कौंसी कान्हड़ा (बागेश्री अंग का) काफी ठाठ से उत्पन्न होता है। इसका वादी स्वर मध्यम है, संवादी षड्ज है। गान समय रात्रि का दूसरा प्रहर है। इसमें मैने बताये हुए कान्हड़ा अंग के विशेष स्वर-समूह तो होंगे, परन्तु उनके साथ - साथ बागेश्री अंग भी होगा। बागेश्री में धैवत एक जोरदार स्वर है एवं 'ध म' संगति होती है, जो इस कान्हड़े में भी आयेगी। इसका स्वरूप इस प्रकार होगा :-

प म म

प, ध म, प ध प, ग॒ म प, ग॒ म, रे, सा। नि॒ सा रे, सा, रे ग॒, म, रे, सा, म, मप,

प प म म म

नि॒प, सां, नि॒ध, मध, नि॒ रें सां, नि॒, प, मप सां, नि॒, प, ध, नि॒ध, मप, प नि॒ प, ग॒, मप ग॒

म

मरे, सा। मपनि॒प, सां, नि॒सां, नि॒सारें, सां, नि॒प, मधनि॒रेंसां, पनि॒पसां, ग॒, म, ग॒मप, ग॒, म, रे, सा।

म म

नि॒प, धम, नि॒प, सां, नि॒ध, नि॒ध, म, प, ग॒, मप, ग॒, मरे, सा ..... इत्यादि।

काफी ठाठ में बागेश्री अंग भी स्वतंत्र है। प्रचलित बागेश्री में पंचम एवं ऋषभ आरोह में दुर्बल रहते हैं। कुछ लोग तो पंचम मूलतः वर्ज्य करते हैं। मध्यम इसका वादी है। यह राग लोकप्रसिद्ध एवं लोकप्रिय है। इसको हर एक गायक - वादक अच्छी तरह गाता - बजाता है। इसका स्वरूप इस प्रकार है :-

रे सा

सा, ग॒, रे, सा, नि॒ ध॒, सा, म, मग॒, मध, नि॒ध, मग॒, म ग॒ रे सा, नि॒ सा रे, सा, नि॒ ध॒,

प सां

म ध॒ नि॒ सा, मग॒, मनि॒ध, मग॒, पग॒, म ग॒ रे सा। मग॒, मध, नि॒ध, सां, नि॒ध, ध नि॒, ध म,

म

मपध ग॒, मनि॒ध, मग॒, पग॒, म ग॒ रे सा, नि॒सारे, सा, नि॒, ध॒, सा। ग॒म, नि॒धसां, सां, नि॒ सां, धनि॒सां,

प सां

मं गं॒ रें सां, नि॒ सां रें, सां नि॒ सां, नि॒ध, मध, ध, नि॒, ध म, ग॒, मनि॒ध, मग॒, म ग॒ रे सा। इत्यादि।

काफी ठाठ में बहार एक वास्तव में सुंदर एवं स्वतंत्र राग है। इसमें बागेश्री अंग आरोह में एवं कान्हड़ा अंग अवरोह में देकर विस्तार होता है। वादी मध्यम, संवादी षड्ज है। रात्रिगेय राग है। इसके आरोहावरोह इस प्रकार हैं :-

सा

निसा गम, ध निसां; सां, निप, ग, म, रे, सा। इसका विस्तार इस प्रकार है :-

सा

सा, निप, नि मप गम, ध, धनिसां, निप, म, मप, गम, गमप, गम, रे, सा, नि, प, म, पग, म, मनिधनिसां; निसांरेंसां, निधनिसां, निप, निम, पग, म, निधनिसां, धनिसां। मग, म, निध, निनिसां,

मं

निसां, निसांरें, सां, निसां, निध, धनिसां, गं मं, रेसां, रेरेसांनिसां, निध, (नि),प, म, निपमप, ग, म,

सा

गमप, ग, म, रे, सा। इत्यादि।

यह एक चलती प्रकृति का राग है और इसकी एक विशेषता यह है कि कई रागों में यह भलीभाँति मिश्रित होकर इन रागों के बहार बना देता है। जैसे, बागेश्री-बहार, मालकौंस-बहार, भैरव-बहार, वसंत-बहार, हिन्डोल-बहार, केदार-बहार, जौनपुरी-बहार, अडाणा-बहार, इत्यादि। इन सबके उदाहरण देना इस समय असंभव है। इसमें तराने, बड़े-छोटे ख्याल, ध्रुपद, धमार आदि सब प्रकार के गीत होते हैं। इस राग के गीतों में वसंत ऋतु का वर्णन अधिक तर होता है। कदाचित् वसंत का ही उर्दू शब्द 'बहार' होगा !

अब काफी ठाठ में आनेवाले मल्हार अंग के रागों का विचार करेंगे। मल्हार अंग में गंधार-निखाद प्रायः दुर्बल होते हैं। मध्यम का प्राबल्य और उस पर न्यास, मध्यम-ऋषभ की मींड, ऋषभ-पंचम की संगति, कुछ जोरदार गमकों के प्रयोग-ये इस अंग की विशेषताएँ हैं, जो सब मल्हारों में आती हैं। सब मल्हार वर्षाऋतु में गाये जाने वाले हैं। अवांतर ऋतुओं में ये रात्रिगेय समझे जाते हैं।

शुद्ध मल्हार में गंधार-निखाद वर्जित होते हैं। मध्यम वादी एवं संवादी षड्ज है। स्वरूप इस प्रकार है :-

सा, रेप, मपधसां, धमप, रेसारेम, मप, धप, मरेप, मपम, पधरेंसां, ध, प, धसां, म, मप, म, रेप, धपम, मप, धसां।

कभी-कभी किंचित् कोमल निखाद का प्रयोग कुछ लोग इसमें करते हैं। जैसे : धनिप, मप, मरे प, धसां, धनिप, मपम ..... इत्यादि।

गौडमल्हार के दो प्रकार हैं। एक ध्रुपदियों का और दूसरा ख्यालियों का। ख्यालियों के गौडमल्हार में गांधार शुद्ध लगता है। ध्रुपदियों के गौडमल्हार में दोनों गांधार लगते हैं। मध्यम इन दोनों में वादी है। ख्यालियों के गौडमल्हार में पुनः दो भेद पाये जाते हैं, जिनमें

से एक में मध्यम प्रबल होता है और दूसरे में शुद्ध गंधार पर न्यास करते हुए उस स्वर को कुछ प्राबल्य दिया जाता है । शुद्ध मध्यम प्रबलवाला स्वरूप इस प्रकार होगा :-

सा, रेगम, म, मपम, मपमग, म, मरेप, मप, मपधपम, गम, रेसा, सा, रेग, रेगम, म,रेप,
सां सां
धप, मपम, मप धसां, धनिप, मपम, गम, रेसा । म, पप, ध, सां, रें, सां, सांरेंसां, धनिप, मप, धसां, धनिप, मप, मग, मरेसा ।

गांधार पर न्यास करते हुए कुछ गायक इसको यूँ गाते हैं :-

सा, रेगरेमगरेसा, रेगमपमग, रेरे, प, मप, मपधसां, धपमपमग, रेगम (प), मगरेसा, सारेग,
रे
रेगम, (प), मग, मपधसांरेंसां, धनिप, मपधनिसां, धनिप, मपमग, सारेग, गम (प) मग, रेमगरेसा ।
सां
पपधसां, सांरेंसां, रेंगंमंगं, मंरेंसां, गंरेंसां, रेंसां, धनिप, मपधसां, धनिप, म (प), मग, रेमगरेसा।

दोनों गांधार युक्त प्रकार के गौड़मल्हार में अधिकतर ध्रुपद होते हैं । " रेरे, ग, म, रे, सा " ऐसा एक स्वरसमूह बीच - बीच में इस राग के ध्रुपदों में आता है । शेष सब अभी बताये हुए स्वरविस्तारके सदृश होता है ।

मेघमल्हार बिलकुल सारंग के ही स्वरों से गाया जाता है । सारंग में तथा मेघमल्हार में भेद इस प्रकार किया जाता है । मेघ में-मध्यम पर न्यास, नि प की मींड और स्वरों के गमक युक्त उच्चार, इनसे सारंग से मेघमल्हार स्वतंत्र रहता हैं । कुछ गायक इसमें आरोह करते समय किंचित् गांधार का प्रयोग करते हैं । मध्यम-वादी, षड्ज संवादी है । इस राग का विस्तार इस प्रकार होगा :-

म म सा म प सा
सा, रे, रे, रेम, रे, सा, रेप, प म, रेम, रेप, मनि प, प, रेम, सा रे प, म, रे, सा ।
म प नि प सा
रे म प नि, मप, पसां, नि, प, नि म प म, रे प, म, सारेम, रे, सा । म प नि सां, सां, निसारें,
मं सां सा
सां, नि, प, मपनिसां, रें मं, रें, सां, निसां, पनि, मप, रेम, सा रे, सा । इत्यादि .... ॥

मियाँ की मल्हार तो एक प्रसिद्ध एवं लोकप्रिय मल्हार - प्रकार है । मल्हार अंग के अतिरिक्त दो निखाद का एक साथ जो प्रयोग किया जाता है, वह इस राग की एक विशेषता समझी जाती है । इसके पूर्वांग में कान्हड़े का अंग भी है । कान्हड़े की 'निप' संगति भी इसमें प्रचुर हैं । धैवत अवरोह में वर्जित है । कुछ लोग तो इसको कान्हड़ा मिश्रित मल्हार मानते हैं । यह मल्हार मियाँ तानसैन ने बनाया, ऐसी मान्यता है । राग तो बहुत सुंदर, गंभीर, आलाप योग्य एवं तीनों सप्तकों में चलनेवाला है । षड्ज इसका वादी स्वर है एवं संवादी मध्यम है ।

इसका विस्तार इस प्रकार होता है :-

सा (सा), नि़ नि़, ध़ नि़, सा, रे, सा, म़, प़, नि़ ध़ नि़, सा, रेमरे नि़, ध़नि़, सा, मरेप, मप,
म म म ध
ग़ ग़ ग़, म, रे, सा, नि़सारेमरेसा, (नि़), प़, म़प़, नि़ नि़, नि़, नि़ सा़ । सा, रेसा, म, रेप, मप, (प),
म म म म म ध
ग़ ग़ ग़, म (म), रेप, ग़, म, रे सा, म रेप, नि़, धनि़ प, मप, ग़ म रे, सा । म, रेप, नि़,
म ध़ ध
नि, सां, नि़, प, मपधनिसां, नि़प ग़, म (म), रे, सा, नि सा रे म रे नि़, निसा । ममप, पनि़, नि,
ध म
सां, निधनि, नि़, नि सां, रें, सां, मं रें सां, सां (सां), ध नि़ प, मप, नि़धसां, ग़, म, रे, सा,
प नि सा
म, रे प, नि़, धसां, रें, रे, सा .. इत्यादि ।

सूरमल्हार में, आरोह में धैवत कुछ देश की भाँति लगता है । वादी स्वर मध्यम है। यह सूरदासजी का बनाया हुआ राग है, ऐसी मान्यता है । सूरदासजी भी कई हो गये हैं । कवि सूरदासजी का यह राग है या दूसरे किसी सूरदास नामक गायक का बनाया हुवा है, इस बात को ऐतिहासिक प्रमाण के अभाव के कारण निश्चित रूप तो कहा नहीं जा सकता। इसका स्वरूप इस प्रकार है :-

ध ध ध
मप निधप, रे, सा, रेम, रेमप, नि़ म, प, रेमपसां, नि़, मप, नि़ प, सां (सां), नि़ प, रेम,
सा ध प
रे, सा, नि़सारेम रे, प, म, मपनिसारें, सां, (सां) नि़, मपसां, नि़ प, मरे, सा । मपनिप नि, सां,
ध प ध सा
रें, सां, निसारेंमं रेंसां, निसारेंसां, नि़ , नि़ म, प, सां, नि़ प, रेम, रे, सा ।

रामदासी-मल्हार भी एक मल्हार - प्रकार प्रचार में है । इस मल्हार - प्रकार में दोनों गांधार लगते हैं । पूर्वांग में कुछ कान्हड़ां अंग इसमें भी है । इसका स्वरूप :-

म म
ग़ ग़ म, रे सा, रेनि़, सा, रेगम, मप, ग़म, पम, निप, ग़, ग़, म, सारेगमप, ग़, म, रे, सा ।
नि मं म म
सा, रेगम, मरे, पम, निप, सां, ध, निप, मप, मगम, पम, निप - प, ग़, म, सारेगमप, ग़ म, रे
सा । प, ध, नि, सां, सां, रें, सां, सां, ध नि़ प, मप, मग, म,रेप, पसां, धनिप, मप, मगम, पम,
म म
निप-नि प, ग़ म, रे, सा ... इत्यादि ।

नट मल्हार में नट एवं मल्हार का योग होता है । 'म रे' की मींड एवं 'रेप' संगति

रे

ये मल्हार अंग दर्शक एवं 'रे, ग, ग म, प, म, (म) रे, सा' यह नट अंगदर्शक भाग इसमें आते हैं। गांधार दोनों अथवा किसी - किसी चीज में एक ही शुद्ध गांधार लिया हुवा दिखाई देता है। दूसरा प्रकार बिलावल ठाठ में माना जायगा। इसका स्वरूप इस प्रकार है :-

रे

सा, रेग, ग (म), रे, सा, नि़सा, रे, सा, रेग, मप, (प), मग, मरे, प, मप, धधपमप, मग,

रे

(म), रे, सा। रे, ममप, मप, मनिध, सां, निधनि, प, ग, म, रे, ग, ग, म, नि, प, म, प ग, म, (म), रे, सा। इत्यादि।

अब मीराबाई की मल्हार, चंचलसस मल्हार चरजू की मल्हार, एवं धूलिया मल्हार- ये अति अप्रसिद्ध प्रकार हैं।

मीराबाई की मल्हार में दोनों गांधार एवं दोनों धैवत आते हैं। इसका चलन इस प्रकार होगा :-

नि नि

मरे, सारेनिसा, गमरेप, म, प, निधनिसां, रें सां. ध ध नि प, मप, निप, सां, ध, निप, मपगम, मप, निप, रेम, पधमप ....इत्यादि।

चरजू की मल्हार में कोमल गांधार एवं शुद्ध धैवत स्पष्ट लगते हैं। इसका चलन इस प्रकार है :-

ग नि म

सा, मरेमप, सांनिधप, गरे, रेगसा, धपसांनि, धपे, गरे, गरेगसा। मप, निसां, सां, रेंगंरेंसां,

ग

निसां, पनिप, सांनिधप, गरे, रेगसा .. इत्यादि।

चंचलससमल्हार में कुछ सारंग अंग विशेष स्पष्ट रूप से आता हुवा एवं कोमल गांधार का थोडा प्रयोग दिखाई देता है। इसका स्वरूप इस प्रकार है :-

म रे म म

सा, रे प, मरेसा, रेसा, सा, निरेसा, निप, प, मपसा, निसा, रे, ग ग म रे, सा। मपसां, सां, निमप, सां, निसां, मपनिसां, रें, निसां, पनि, मप, रेम, सारे, सा।

धूलियामल्हार में देश अंग स्पष्ट रूप से मिला हुवा दिखाई देता है। जैसे :- मरे, ममप,

रे सा

मनिधनिमप, मपसां, रेंनिसां, सांनिधप, मरे, ग रे, ममप। प, मरे मप, मनिधनिप, सां, निधप, मरे,

रे सा

पमरे, ग रे, ममप + ममप + मपसां, निसां, निसारें, रेंगंसारें, निसां, निधनि मप,

रे सा
सां, निमप मरे, ग, रे, ममप । मपसां; रेंमरें, सां, मरेंपं, मंरें, निसां, रेंगंरेंसां, निसां, रें, सां, मपनिसां,
रे सा
नि, मप, ग, रे, ममप ..... इत्यादि ।

देश अंग से भरा हुवा और एक मल्हार प्रकार 'रूपमंजरी मल्हार' नाम से प्रसिद्ध है। इसमें दोनों गांधार लगते हैं -कोमल गांधार अति गौण रहता है । इसका साधारण चलन इस प्रकार है :-

रे सा
सा, मरेप, मगम, रेसा, निधप, ग, रे, ममप, पम, निध, निप, मपमग, रे, सा, रेपमगरे, सा, निधप, सा । सा, रेसा, निधप, मरेप, मगम, रेसा, सा, निधनिप; मगरे, सा; सां, निधप; मगमरे; सा, रें, मप, मनिधप, सां, धनिप, मग, म;, रेगसारे, म, रेप, मगरे, सा, निधनिप, सा । मरें, मप, सां, निसां, मरेंसां, रें, मं, गंरें, सां, रेंपंमंगमंरें, सां, निधप, म, पम, निधनिप, मपगमरे, सा, रेप, मगरे, सा, निधनिप, सा ..... इत्यादि ।

काफी ठाठ में और दो चार राग हैं जो आजकल प्रचलित हुए हैं । अब उनका विचार करें ।

श्रीरंजनी नामक राग में बागेश्री का ही सब स्वरूप है । परन्तु पंचम इसमें बिलकुल वर्जित है । यह दाक्षिणात्य राग है । इसका चलन इस प्रकार है :-

सा, रे, गरेसा, धनिसा, धनिसारेग, रे, म, धमग, रे, गरे, सा, निधनिसा । म, निध, म, गरेम, धनिसां, सारेगम, धनिसा, रेमग, रे, गरेसा, धनिसा । सा, ध, निध, निसारें, निध, मध, रेगम, सारेग, धनिसा, रेगरेसा, निध, सा । निधनिसां, निसां, रेंगंरेंसां, धरें, सांनिध, रें, निध, धनिसांमंगंरें, निसांनिध, मध, गरे; गरेसा, निसा, धनिसा । इत्यादि ।

आभोगी भी एक दाक्षिणात्य स्वरूप बागेश्री अंग से चलता हुवा हमारे संगीत में प्रचलित हुआ है । इसमें पंचम और निखाद मूलतः वर्जित हैं । इसका चलन इस प्रकार है :-

म
गरेसा, धसा, रेगम, धमग, रेसा, गमधसां; धसांधम, गरेसा; धधसा । सारेगरेसा, ध ग, मगरेसा,
म म
मधसा, रेगम, धसां, मधसां; सांधम, ग, रेसा, धधसा । म, गम; ध ग, म, मधसां; धसांधम, रेगम,
म
धसां; धसारेंगंरेंसां; मंगं; मंगंरेंसां, गमधसां, रेंसां, धसांधम, धम, गम, मगरेसा, धधसा । इत्यादि ।

चन्द्रकौंस एक राग है जिसके सम्बन्ध में मतभेद हैं । परन्तु विशेषतः ऋषभ-पंचम वर्जित प्रकार अधिक प्रसिद्ध है । इसे काफी ठाठ का मालकौंस कहा जा सकता है । इसका चलन इस प्रकार है :-

मगसा, निसा, धनिसा, म, गमध, मधनिध, मग, मगसा । नि, धनिसा, मग, सा, साम, गमध, निधमग, मधनि, धनिसां, निगं, सां, निसांनिध, मधनिसां, निधम, गम, सागम, निसा, धनिसाम, गम, निधम, ग, सा । मग, मनिध, निसां, गंमं, गंमंगंसां, गंनिसां, धनिसां, सांनिध, म, गमधनिसांगंसां, निध, म, मग, मगसा, निसागसा, निधनिसा । इत्यादि ॥

(अखिल भारतीय आकाशवाणी के सौजन्य से)

१६

कान्हड़ा – प्रकार

हिन्दुस्तानी संगीत में रागों का वर्गीकरण दो तरह से हो सकता है। एक मेंल वर्गीकरण जिसमें एक ही स्वर-सप्तक में से वर्ज्यावर्ज्य और वादी - संवादी के हेर - फेर के द्वारा बहुत से राग बन जाते हैं। दूसरा वर्गीकरण रागांग वर्गीकरण है। रागांग यानि ऐसी एक विशेष स्वर-संगति जो बहुत से रागों में मिलकर उनका अंग ही बन जाता है और जिसके जरिये ये सब राग एक ही प्रकार के समझे जाते हैं। ऐसे रागांग हिन्दुस्तानी संगीत में कई हैं जैसे, कान्हड़ा, सारंग, मल्हार, तोडी, बिलावल, भैरव, नाट, केदार, बिहाग, कल्याण, साख, ललित, गौरी, गौड, बहार और सोरठ। इस बात पर किसी ने कहा है :-

कान्हर सारंग साख मल्हार।
नाट बिलावल बिहग बहारा॥
भैरव तोडी ललित हूँ गौरी।
सोरठ गौर कल्याण किदारा॥
षोडष राग अंग उजियारा।
बिबुध रसिक गुनिजन मनहारा॥

इन सोलह रागांगों में से एक-एक से अनेक राग बन जाते हैं। इस समय हमे केवल कान्हड़ा-अंग के ही रागों की चर्चा करनी है। यह सब के सब कान्हड़े कहलाते हैं। कुल कान्हड़े अठारह माने जाते हैं। परन्तु इनमें से प्रचार में शायद आठ - दस पाये जाते हैं। अठारह कान्हड़ों में से अब लुप्त हो गये हैं जैसे, मंगल-कान्हड़ा, नागध्वनि-कान्हड़ा, कोलाहल-कान्हड़ा, मुद्रिक कान्हड़ा, हुसैनि-कान्हड़ा, इत्यादि। स्वतंत्र कान्हड़े यह हैं जों कि आजकल सुनाई देते हैं : दरबारी-कान्हड़ा, अडाणा, नायकी, सुधराई, सूहा, शहाना, देवसाख और कौंसी। इनमें भी दरबारी और अडाणा के अतिरिक्त शेष सब कान्हड़ों के सम्बन्ध में मतभेद पाये जाते हैं।

कान्हड़ा यह कर्णाट का अपभ्रंश है। पुराने ग्रंथों में कर्णाट, कर्णाट-गौड या कर्णाटी ऐसे नाम पाये जाते हैं। कर्णाट नाम का एक ठाठ पुराने ग्रंथों में वर्णन किया हुआ पाया जाता है। उसके सुर हमारे आजकल के खमाज ठाठ के सदृश्य होते हैं। हमारे आजकल के कान्हड़ों का मूल इसी कर्णाट में था, वह हम इसलिए मान सकते हैं कि इस कर्णाट मेंल में चंद राग बताये गये हैं जो आजकल कान्हड़ों में ही माने जाते हैं; जैसे बागेश्री, अडाणा, अडाणा, सुधराई गारा-कान्हड़ा। कुछ ग्रंथों में कर्णाट में दोनों गंधार बतायी हैं। आगे चलकर तीव्र गंधार मिट गया और केवल कोमल गंधार ही रहा; जिसमे खमाज ठाठ से निकल कर काफी ठाठ में कान्हड़े आ गये। आजकल के बहुत से कान्हड़े काफी ठाठ के ही राग हैं। अब इस समय कान्हड़ों के सम्बन्ध में बहुत मतभेद हैं। यह मतभेद प्रायः धैवत स्वर पर होते हैं। कुछ कान्हड़ों में धैवत कोमल, कुछ मे तीव्र, एक आध में दोनों धैवत और कुछ

कान्हड़ों में धैवत बिलकुल वर्जित माना जाता है । इस बात पर स्वर्गीय पं. भातखंडे जी इस प्रकार कहते हैं:-

बहुषुकानडाख्येषु भेदेषु तेषु निश्चितम् ।
मतानैक्यं सदा दृष्टं वितंडा मूलकं भृशम् ॥
प्रायो धगौस्वरावत्र सर्वत्र वाद कारणम् ।
केवलं लक्ष्यमादृत्य भवेत्तत्र प्रवर्तनम् ॥

इन सब कान्हड़ों की चर्चा करने से पहले कान्हड़ा अंग कैसा होता है, उसको समझने की आवश्यकता है । कान्हड़ा-अंग दो विशिष्ट स्वर-संगतियाँ और एक विशिष्ट स्वरोच्चार, इन तीन निशानियों (चिन्हों) से दिखलाया जाता है । 'कोमल निखाद से पंचम' और 'पंचम से कोमल गंधार' ये दो स्वर-संगतियाँ और गंधार पर आंदोलन-ये कान्हड़े की निशानियाँ हैं । जैसे, 'नि प, म प ग ~ ~ म प ग म, रे सां' । लगभग सब कान्हड़ों में गंधार अवरोही में वक्र होता है । सिर्फ दरबारी-कान्हड़े में "ग ~ ~ रे सा रें, ग - सां" ऐसा एक प्रयोग होता है ।

कान्हड़ों में आजकल दरबारी कान्हड़ा ही मुख्य समझा जाता है । पंडित भावभट्ट ने अपने अनुपांकुश नामक ग्रंथ में 'जो दरबारी सो शुद्ध कहावे' ऐसा कहकर उसको अग्रस्थान दिया है । आज भी दरबारी कान्हड़ा सबसे प्रसिद्ध और आम पसंद कान्हड़ा है । कहते हैं कि यह राग मियाँ तानसैन ने अकबर बादशाह के दरबार में गाकर बादशाह को बहुत रिझाया, जिससे स्वयं राग को ही दरबारी की उपाधि मिल गई । आज जिस प्रकार इस राग को गाते बजाते हैं, उसका लक्षण स्वर्गीय पं. भातखंडे जी इस प्रकार करते हैं :-

आसावरीसुमेलाच्च जातो रागः सुनामकः ।
कर्णाटाह्वयको लक्ष्ये प्रौढालापार्ह उत्तमः ॥
ऋषभः संमतो वादी संवादी पंचमो मतः ।
गानं सुनिश्चितम् चास्य तृतीय प्रहरे निशि ॥
अपभ्रंशस्तु कर्णाटशब्दस्य कानडा जने ।
दरबारीति यवनैर्गीतत्वाद्राजसंसदि ॥
सदान्दोलितगांधारो विलंबितलयान्वितः ।
मन्द्रमध्यप्रचारोऽयं निपसंगमनोहरः ॥

अर्थात् यह राग आसावरी ठाठ से उत्पन्न हुवा है । यह गंभीर आलाप के योग्य है । इसका वादी ऋषभ ओर संवादी पंचम है । गाने का समय रात्रि का तीसरा प्रहर है । यह कर्णाट का अपभ्रंश है । दरबार में मुसलमानों नें गाकर राजाओं कों रिझाया है इसलिए दरबारी नाम पडा है । गंधार पर सदैव आन्दोलन होता है । मंद्र और मध्य में अधिक विस्तार होता है और 'नि प' संगति मनोहर होती है । विलंबित लय में गाने योग्य है । दरबारी में वास्तविक द्रुत तानें लेना कठिन है । न तो 'सा रे ग म प ध नि सां' यूँ सीधा आरोह कर सकते है, न 'सा रे म प ध नि सां' यूँ करके जौनपुरी से बच सकते हैं । अवरोह तो सीधा हो ही नहीं

सकता । यह राग ही छोटे छोटे टुकडों का बना हुआ है । देखिए :-

नि नि सा सा
सा, रे , , , सा, निसा, रे ध , , , नि, नि, सा, निरे, सा । ध, नि, सा, रे, रेसारे,
म प प म
ग , , , म, रे, सा । सा, निसारे, धनिसारेग , , , म, म, प ग , , , रेसारे, ग सा । ग,
प प ध प म म
म, सारेसा, म, म, प, ध , , , नि, प, मप मनि, प, मप, नि, ग , , , मप ग , , ,
नि प प म म
म, सारे, सा । मप, ध , , , नि, प, सां, नि, प, मप, मपनि, ग, मनि प, मपग , , , रेसारे,
सां सां प
ग सा । म, प, ध , , , नि, निसां, सां, निरें, सां, निसारेंध , , , नि, प, मपसां, ग , , , मपग,
म, सारे, सा ।

इस राग में तानें इस प्रकार चल सकती हैं :- ममरेसानिसारेध, निपसानिरेसा, निसारेमपनिमप, ग, मपनि, मपसां निरेंसारें धनिपमप, गमपगम, सारे, सा । निनिपमरेसानिसा धनिसारेग, मपनिसारेरेंसांनि धनिसां धनिप मप गमरेसा ।

लगभग सभी कान्हड़ों में गंधार अवरोही में वक्र है जिससे 'गमरेसा' प्रयोग करके सा
ग
पर आना पडता है । दरबारी में 'ग , , , रेसारे, सा, यह प्रयोग होता है । इस विषय पर निम्नलिखित श्लोक में इस प्रकार कहा गया है :-

गरिसेति समासेन प्रत्यक्षः कानरो भवेत् ।
तन्निवृत्त्यर्थमाहुस्ते गमरिसेति संगतिः ॥

दरबारी-कान्हडा हिन्दुस्तानी संगीत का एक अत्युच्च नमूना है । एक-एक बारीक पुर्जा इसका खूबसूरती से भरा हुआ है । ऋषभ जैसा जोरदार स्वर इसका वादी है । इसकी झलकती रोशनी, इसके रुबाब के आगे बिचारे गंधार का यह हाल हो जाता है कि जैसे शेर के आगे बकरी । गंधार मानो भाग ही जाना चाहती है, इस डर से कि, न जाने कब मुझे खा जाएगा। उसके पैर जमीन पर ठहरते ही नहीं । उत्तरांग में पंचम को अपनी रोशनी ऋषभ देता है और गंधार अपनी मुसीबत धैवत से बयान करती है, जिससे वह भी बिचारा डर के मारे डगमगा जाता है । मध्यम निखाद अपने-अपने पडोसियों को अपने पीछे छिपाकर सम्हाल लेते हैं । ऐसी दशा में बे खट चलने के लिये रास्ता कैसे मिल सकता है ? स्वरों का यह सब खेल दिखलाते हुए तासीर के साथ इस राग को अदा करने वाले की सचमुच में तारीफ ही है । इन बारीकियोंको जो मैंने अभी बताई है, उनमें जो कुछ आनंद आता हो सो हो, परन्तु इस राग का समस्त परिपूर्ण परिणाम भी बड़ा भारी होता है । सचमुच संगीत का दरबार ही सामने खड़ा हो जाता है ।

अब अडाणा देखें । यह भी एक मस्त राग है । इसके स्वर तो सब आसावरी ठाठ के ही हैं । इसका सब शृंगार उत्तरांग में होता है । इसका वादी स्वर ही ऊपर का अर्थात् तार षड्ज है । 'निप' ओर 'पग' की संगति तथा गंधार पर आन्दोलन कान्हड़े की जात बताते हैं । इसमें भी सरल आरोहावरोह नहीं चलेंगे । इस राग का उठाव तार सप्तक के षड्ज से होता है और इसी स्वर में इस राग की जान है, ऐसा समझना चाहिए । चारों ओर घूम फिर कर उसी स्वर पर आकर विश्रांति इस राग में ली जाती है । इसका चलन इस प्रकार है :

नि नि नि म
सां , , , रें सां – धनि, सां, ध, नि, प, निमपसां, ध निसां प ग , , , म, रे,
नि नि नि नि नि
सा; निसारेमप ध , , , निसां, ध निसां । मप धनि, सां, धनिरें, सां, रें सां, धनि, सां,
नि नि प प नि
धनिप, मपसां, ग , , , मपसां, धनिप, नि निपमपसां, ग, मरेसा; रेमप ध निसां, ध,
प नि नि
निसां । सां, नि, प, मपध , , , निप, सां, धनिसां, ध, निप, मप, धनिरेंसां, रें, सां, ध, निप,
प सा
मपनिपमपसां, नि, प, मपनिग, म, रे, सा; धनिसां, धनि, सां ।

यह राग अवरोह मनोहर है, यानि आरोह के बनिस्बत अवरोह में अधिक चलता है। गंधार व निखाद दुर्बल होने के कारण सारंग का प्रभाव इस राग पर काफी है। परन्तु 'पग' संगति के कारण यह सारंग से बचता रहता है । इसकी तानें भी दरबारी की तरह चलती हैं। केवल भेद इतना ही है कि दरबारी में मध्य सप्तक के षड्ज पर लौटना पडता है और अडाने में ऊपर के षड्ज पर तान समाप्त करना अच्छा होता है । जैसे, निसारें रेंसांनिपमगमरेसा निसा

नि नि नि
रेमप ध, निसां - धनिसां । मंमंरेंसांनिनिपमरेसा, मपध, निसां - धनिसां ।

यह राग नाम कुछ पुराने ग्रंथों में भी पाया जाता है । लोचन, हृदयनारायण देव, भावभट्ट, सोमनाथ, कृष्णानंद व्यास, महाराजा प्रतापसिंहजी, नादविनोदकार पन्नालाल गोस्वामी, महम्मद रजा, राजा सुरेंद्रमोहन टगोर यह सब अडाने का ठाठ कर्णाट यानि प्रचलित खमाज ठाठ मानते है । महाराजा प्रतापसिंहजी और राजा सुरेंद्रमोहन टैगोरने अडानेमें आज के रिवाज के अनुसार कोमल गंधार, धैवत, निखाद मानते हैं । उनका अडाणा कुछ हद तक आज के अडाने से मिलता है । पन्नालालजी धैवत बिलकुल वर्ज्य करते हैं । वैसा एक प्रकार कहीं कहीं सुनने में आता है ।

कर्णाटकी संगीत में 'अठाना' नाम का एक राग है जिसमें धैवत शुद्ध, दोनों निखाद लिये जाते हैं । इस राग का विस्तार कुछ इस प्रकार से किया जाता है :-

म

सां, धनि, धनि, सारेंनिसां, निधनिप, मप रे, पमप, धनि, प, मप, ध, निसारेंनिसां, धनिप,
नि नि म म
मप ध ध, नि, प, मप, रे रे, मरे रेमपधनि, प, मप, सांनिधनि, सां । इस उपरोक्त स्वरूप में थोडा सा हमारे अडाने का चलन सा अवश्य दिखाई देता है ।

अब नायकी-कान्हड़ा की ओर चले । यह राग नायक गोपाल ने प्रचार में लाया ऐसा कुछ विद्वानों का मत है । कान्हड़ा है अतएव 'निप' संगति तथा गंधार पर आंदोलन होता है । इसमें धैवत वर्ज्य है । कुछ लोग कोमल धैवत का अल्प प्रमाण में प्रयोग अवरोह में वक्र करके करते हैं । यह राग उत्तरांग प्रधान है । मध्यम इसका वादी स्वर है । सूहा और सारंग इन दोनों के संमिश्रणसे यह राग बना हुआ है । सारंग का असर इस राग के उत्तरांग में है । सूहा, नायकी और देवसाख यह सब आपस में मिले - जुले हैं । नायकी में 'रेप' संगति रागवाचक समझी जाती है, जिससे यह सूहा से बचता रहता है । नायकी का स्वरूप इस प्रकार है :

म म म
सा, रे, सा, रे, प, प, ग , , , म, रेसारे, सा, नि साः; म, म, प, म पनि, मप, ग , , ,
म
म, नि, प, निमप, ग , , , म, गमप, ग, म, रे सारे, सा । नि, प, सां, नि प नि, प, म
प
प सां, नि प नि, प, म, पनिमप, ग , , , म, सा, रेप, ग , , , म, रेसारे, सा । मपनि, प,
म म
प म
सां, नि, सां, निसारें, सां रें नि सां, पनि, प, मपसांनिप, नि, प, म, पनिमप, ग , , , म, मपनिसारें,
म म
सां, रेंनिसां, निप, नि, प, म प सां, नि प नि, प, म, पनिमप ग , , , म रे प, ग , , , म,
रे सा रे, सा ।

जो लोग धैवत (कोमल) लेते हैं वे इसी स्वरूप में कहीं - कहीं 'सां, नि प नि प, ध, , , नि, प' इस प्रकार टुकडा लगाते हैं ।

नायकी में सूहा = कान्हड़ा का अंग होता है ऐसा अभी मैने कहा ही है । तब स्वयं सूहा कैसा होता है, अब देखें । कुछ प्राचीन ग्रंथों में इस राग का वर्णन पाया जाता है । पुंडरीक विठ्ठल इसे किदार मेल में अर्थात् आजकल के बिलावल ठाठ में मानते हैं । परन्तु लोचन और हृदयनारायण देव इसका ठाठ 'सा रे ग म प नि नि सां' इस प्रकार मानते हैं । इससें यह बात निश्चित होती है कि सूहा में धैवत उन ग्रंथकारों के समय में भी बिलकुल वर्ज्य किया जाता था, जैसे कि आज भी माना जाता है । आजकल सूहा में 'गंधार कोमल रहती है जो कि उस प्राचीन समय में तीव्र मानी जाती थी । महाराजा प्रतापसिंहजी इसमें कोमल धैवत भी लेते हैं । इसें मत की चीज भी एक-आध सुनाई देती है । परंतु सर्वसाधारणतः इसमें धैवत

वर्ज्य ही किया जाता है। सूहा पूर्वांग प्रधान है। दिन के दूसरे प्रहर में गाया जाता है। वादी स्वर मध्यम है। इसके स्वर 'नायकी के ही समान हैं। केवल इसका चलन नायकीके चलन से कुछ भिन्न है। कान्हड़ों की निशानियाँ इसमें भी हैं। नायकी कान्हड़े में आनेवाली 'रे प' संगति इसमें नहीं होती है। इसके आरोहवरोह इस प्रकार होते है :-'निसाग, मप, पनिप, निमप, सां। सां, निप, मपग, म रे सा।' इसका विस्तार इस प्रकार होता हैं :-

म प प म
नि सा ग, , , म प प, नि प प, म, प सां नि, प, म प ग , , , म, ममनिप,
म म म सा
म प ग , , , म, रे, सा, निसा, ग, , , मप ग, , , म रे, सा। नि सा मरेसा, नि प
म म
सा, सा, नि, रे, सा, निसाम, ममप, ग, , , म, रे म प, ग म नि प, नि म प म, प सां,
म म सा
नि, प, म, गम नि, प, मप ग, , , म, म, रे, सा। म प नि प, सां, निसां, निसारें, सां,
प म म सा
निसां, नि, प, म, म, प ग , , , म, म म प सां, नि, प म प ग, , , म, रे, सा।

इस राग में तानें इस प्रकार चलेगी :-

म म म म
नि सा ग म प ग म रे सा, नि सा ग म प नि प म प ग म रे सा; नि सा
म प म म
ग म प नि प म प सां, नि नि प म प ग म रे सा; नि सा ग म प नि सां रें रें सां
म
नि नि प म ग म रे सा।

अब इसके साथ का राग सुधराई देखेंगे। अपने संगीत में कुछ रागों के जोड लगाये जाते हैं जैसे, बागेश्री-बहार, परज-कालिंगडा, जोगिया-आसावरी, छाया-नट, सूहा-सुधराई इत्यादि। यह दो-दो राग आपस में काफी एक दूसरे में दखल देते हैं। इनके झगडे मिटाते-मिटाते नाक में दम आ जाता है। बजाए इस झगडे के दोनों को पकड कर एक साथ कर देना ही कभी कभी ठीक मालुम होता है। सुधराई का उल्लेख भी पुराने ग्रंथों में पाया जाता है। इसका पुराना नाम कहीं-कहीं 'कुडाई' या 'कुलाई' दिया गया है। इसका ठाठ भी कर्णाट यानि खमाज था। आंजकल सुधराई काफी ठाठ में ही है। इसका चलन लगभग सूहा का सा ही है। वादी स्वर पंचम है। इसमें थोडा धैवत भी लगता है। सारंग का प्रभाव इसमें भी है। यह दिन के दूसरे प्रहर में गाया जाता है। कुछ लोग इसमें कोमल धैवत का भी प्रयोग करते है; परन्तु उसका रिवाज बहुत कम है। 'निप' संगति, गंधार पर आन्दोलन तथा उसी स्वर का अवरोह में वक्र होना ये सब कान्हड़े की निशानियाँ इसमें भी है। जैसे :-

म म
सा, ध, ध, नि॒प, नि॒पम, मरे, मप, सां, नि॒प, ग॒ , , , मरे, मपनि॒प, मप, ग॒ , , , म,
म
रे, ध, ध, नि॒प ग॒, , , म, रे, सा । नि॒, सा, रेसारेग॒, मप, रेसा, नि॒सारेसा, नि॒प सा, नि॒सारेग॒,
म
म, धप, मपसां, नि॒, प, मपधप ग॒ , , , म गमप, रे, सा । मपनि॒प, सां, सां, नि॒सां, नि॒सारेंसांनि॒प
म
मपनि॒सारें ग॒ ,,, मं रें सां, नि॒सारेंमंरेंसां, नि॒सारेंसांनि॒प, मपग॒ ,,, मपसां, नि॒प, मपधग॒, , , म,
रेसारेग॒, मप, रेसा ।

कान्हड़ों में शहाना-कान्हड़ा भी अपने नाम से प्रसिद्ध है । यह नाम फारसी है, ऐसी समझ है । इस राग को किसी मंगल तथा आनंदोत्सव के अवसर पर गाया जाता है; क्योंकि इस राग के गीतों में इसी तरह का वर्णन पाया जाता है । लोचन, व्यंकटमखी, रागलक्षणकार, महाराजा प्रतापसिंहजी इसका उल्लेख अपने-अपने ग्रंथों में करते हैं । संस्कृत ग्रंथों में इसका ठाठ खमाज ही पाया जाता है । आजकल यह राग काफी ठाठ में माना जाता है । कान्हड़ा होने से गंधार अवरोही में वक्र और 'नि॒ प' संगति इसमें भी रहना आवश्यक हैं । इसमें धैवत का प्रयोग किया जाता है । वादी स्वर इसमें पंचम माना जाता है तथा उस स्वर पर न्यास भी किया जाता है । इसका विस्तार इस प्रकार चलता है :-

म प म म म
सा, नि॒धनि॒प, मप ग॒म, नि॒प, सां, नि॒धनि॒प, पमग॒, मप ग॒मरेसा । साम, मप, ग॒,
म म म
म, नि॒ध, धनि॒प, धमप, ग॒मरेसा । सा, ग॒मरेसा, नि॒, प, ग॒मरेसा, मपसां, नि॒ध, नि॒प, धमप,
म म म
ग॒म, नि॒प, नि॒सारेमनि॒धप, सां, रेंसां, नि॒धनि॒प मप, ग॒मप, सासा, धधनि॒प, मप, ग॒ , , , मप,
म मं मं प
ग॒, , , म, रेसा । मपनि॒प, सां, सां, नि॒सां, निसारें सां नि॒धनि॒प, गं॒ गं॒ मं रें, सां, निसां, नि॒,
म म
प, मपसां, धनि॒प, धमप, ग॒ , , , मप, ग॒ , , , म, रेसा ।

अब कौंसी-कान्हड़े का स्वरूप देखें । इसका नाम कहीं-कहीं कौशिक-कान्हड़ा भी पाया जाता है । यह राग दो तरह से गाया जाता है - एक बागेश्री- अंग से और दूसरा मालकौंस-अंग से । बागेश्री - अंग का कौंसी-कान्हड़ा बनिस्बत मालकंस - अंग वाले से अधिक सुनने में आता है । वादी स्वर दोनों में मध्यम है । धैवत का प्रयोग भी दोनों में किया जाता है - बागेश्री अंग वाले कौंसी-कान्हड़ा में तीव्र धैवत तथा मालकंस अंग के कौंसी - कान्हड़ेमें कोमल धैवत लिया जाता है । आजकल कौंसी-कान्हड़ा एक काफी मेल में और दूसरा आसावरी मेल

में गाया जाता है। यह राग रात में गाया जाता है। अब इन दोनों प्रकारों का थोडा-सा विस्तार देखेंगे। बागेश्री-अंग का कौंसी-कान्हड़ा इस तरह चलता है :-

प म म म

सा, निप, धम, प ध प ग,,, मनिधनिप, मप, ग,,, म, रे, सा। सा गम, प

प म म

निप, सां, निसां, निध, धनिधप, धम, प ध प - ,,, मधनिध, पधम, प, ग,,, रेंसां निध,

म म

मप, ग ,,, गमरेसा। मपनि, पसां, सां, निसां, निसांरेंसां, नि, प, मध, धनिरेंसां, नि ध, निप,

प म म म

म, प ध प, ग ,,, मप ग ,,, म, रे, सा।

मालकौंस-अंग का कौंसी-कान्हड़ा इस प्रकार है :

म

सा, ध, नि, सा, म, मगप, प, मग, रेगमगरेसा, सा, निधनिसा, धनिसाम, गरेगम, ग, प,

म म

मग, मरेसा, मधनिधम, ग, प, ग, मगरेसा। धनिसा, रेग, रेसा, पमप, मग, मनिधम, ग, मगरेसा। मग, मधनिसां, धनिसां, सां, धनिसां, मं, गं, मंगरेसां, सांनिध, निध, म, ग, प म ग, मरेसा, निसा, धनिसा।

इस प्रकार में कान्हड़ा-अंग बहुत कम है। इसीलिए कुछ लोग इस प्रकार को केवल 'कौंसी' कहते है। उसको कान्हड़ा नाम नहीं देते है। बागेश्री-अंग के कौंसी - कान्हड़ा मे कान्हड़ों की पहचान की ताने होती हैं परन्तु मालकौंस -अंग वाले प्रकार में केवल कही-कही 'ग म रे सा' इस प्रकार की स्वर-संगति, जो कि कान्हड़े के चिन्हों में से एक है, प्रयोग में लाई जाती है।

अब देवसाख देखें। इस राग के नाम पर से तो यह एक 'साख' का प्रकार जान पडता है, परन्तु इसका स्वरूप बहुत कुछ कान्हड़े का है। इसका ठाठ काफी है। वादी स्वर पंचम माना जाता है। गाने का समय दिन का दूसरा प्रहर माना जाता है। पूर्वांग प्रधान राग है। 'निप' संगति, गांधार पर आंदोलन तथा 'गमरेसा' संगति-यह कान्हड़े का अंग बताते हैं। कान्हड़ा और मेघमल्हार इन दो रागों के संमिश्रण से यह राग बना है। ग्रंथों में इस राग का उल्लेख 'देशाश्री', देशाख्य', इत्यादि नामों से किया गया है। 'संगीत-रत्नाकर' में भी इसका नाम पाया जाता है। ग्रंथों में इसका ठाठ 'सा ग ग म प ध नि सा' अर्थात् दोनों गांधार, ऋषभ वर्ज्य तथा शेंष सब स्वर शुद्ध कहे गये है। गंधार - पंचम की संगति राग वाचक समझी जाती है। आजकल इसका स्वरूप इस प्रकार है :-

म म म म म म प

निसा, मरेसा, निसा, ग, ग, पगम, रेसा, निसा, ग ग, प, गम निप, सां, निप,

म म म म म म म प म
प ग म, ग ग प ग, मरेसा, गम, गप मनिप, मप गम, निमप, सां, नि प, गमनि,
म सां सां सां मंमं
मपग, म, रे, सा। मपसां, नि नि सां, पनिप, नि सां गं गं मंरें सां, निपसां, पनिमप,
म म
ग, प, गमरे, सा।

अब मिश्र - कान्हड़ों में से कुछ उदाहरण की दृष्टि से देखेंगे। यह सब अन्य रागों में कान्हड़े का लाग देकर बनते है। जैसे सोरठ में कान्हड़ा मिलाकर सोरठी-कान्हड़ा, जैजैवन्ती में कान्हड़ा मिलाकर जैजैवन्ती कान्हड़ा, गारा और कान्हड़ा मिलाकर गारा-कान्हड़ा इत्यादि। सोरठी-कान्हड़ा इस प्रकार होता है :-

म
सां निप म रे, रेग सारे, मप, निनिसां, पध मप ग, मरे, रेसा, निसा रे, सा। मपनिसां,
म
सां, रेंनिसां, रेंसां नि, प, नि, सां रें मपध, म, रे, रेग सारे मपनि, सां।

अब जैजैवन्ती-कान्हडा देखें :-

म ग ग
सा, निसा, रे, गरे, गमप, म, गमरे, निसा, रेसा, निधनिप, प, रे रे, गरे, मग, मरे,
सा म म
प, गम, रेगरे, रे गम, रेसा। निप मप, ध, गम, सारेग, म, गमप, ग, म, रेसा।

गारा - कान्हड़ा :-

म म
धनिसाग, म, रेगरेसा, गमनिधनिप, म ग, म, रेसा, निधनिप, प, मनि धनिसा, रेग
सा म
म, गमप, गम, रे रे ग, म, रेसा, निसारेसानिध, निप सा।

शेष सब कान्हड़े प्रचार में से लुप्त हो गए हैं। उनके लक्षण नहीं मिलते। कान्हड़ों की चर्चा करते समय एक मनोरंजक बात स्पष्ट होती है। सब कान्हड़े सारंग के आधार पर चलते है। सारंग में गंधार-धैवत मूलतः वर्जित किए हुए होते हैं और कान्हड़ों में यही स्वर शरमिंदा से रहते हैं लग तो जाते हैं, परन्तु मेहमान की तरह बातकल्लुफ रहते हैं, जैसे कि घर के लोगों में से वह नही हैं। इनका मिजाज जरा भी बिगडने न पावे, नहीं तो कान्हड़े की जगह देशी, जौनपुरी, काफी, सारंग, ये राग घुस जाएँगे। अतएव इन्हें सावधानी के साथ बरतना चाहिए।

(अखिल भारतीय आकाशवाणी के सौजन्य से)

१७

तोड़ी – प्रकार

आज मुझे तोड़ी के प्रकारों पर चर्चा करनी है। हिन्दुस्तानी संगीत के रागों में "टोड़ी" अथवा "तोड़ी" एक बहुत प्रसिद्ध एवं लोकप्रिय राग है। वास्तव में इस राग का नाम 'तोड़ी' क्यों और कैसे प्रचलित हुवा, यह कहना कठिन है। पुराने काल में तोड़ी का 'ठाठ' हमारी आजकल की भैरवी का सा था। आज जो तोड़ी हम लोग गाते हैं, उसमें तीव्र मध्यम और तीव्र निषाद लगते हैं। उसका ठाठ इस प्रकार है - "सा, रे॒, ग॒, म॑, प, ध॒, नि, सां"। 'तोड़ी के लगभग १२-१४ प्रकार है। उनमें से दो तीन ही प्रकार ऐसे हैं, जिनमें मध्यम और निषाद तीव्र लगते हैं। शेष सब प्रकारों में शुद्ध मध्यम और कोमल निषाद ही लगते हैं।

'तोड़ी' नाम "संगीत रत्नाकर" में भी पाया जाता है। उसमें "शुद्ध षाडव" नाम के ग्रामराग में से तोड़ी उत्पन्न होती है, ऐसा कहा गया है। परन्तु "संगीत रत्नाकर" के किसी राग का प्रत्यक्ष स्वरूप तभी पाया जा सकता है जब कि उसके 'षड्ज-ग्राम' तथा 'मध्यम-ग्राम' के स्वर कौन से थे, यह मालूम हो। इस प्रश्न की चर्चा बहुत लोग कर गये हैं और अब भी कर रहे हैं। परन्तु अभी तक उसका निश्चय नहीं हुआ है। अतएव रत्नाकर की तोड़ी किस स्वरूप की थी, कह नहीं सकते। रत्नाकर के पश्चात् के मध्यकालीन संस्कृत ग्रंथों में तोड़ी का ठाठ आजकल की भैरवी का ही कहा गया है; और जैसे कि मैंने अभी कहा है, दो तीन तोड़ी-प्रकारों के अतिरिक्त लगभग सब तोड़ी-प्रकारों में मध्यम-निखाद कोमल ही है। तोड़ी में तीव्र मध्यम कब और किसने समावेश किया, यह कहना कठिन है। अपने यहां के स्वर-शास्त्र के स्थूल नियमानुसार तीव्र मध्यम के दाखिल होने पर निखाद के भी अपने तेवर बदलना आवश्यक था। अतएव वह भी ऊँचे दर्जे पर खिसक बैठा। जिस किसी तोड़ी-प्रकार में यदि मध्यम तीव्र है, तो उसके साथ निखाद भी तीव्र हो गया है।

प्रचार में तोड़ी के बारह प्रकार माने जाते हैं। स्वर्गीय पं. भातखंडेजी ने अपनी "हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति" के चौथे भाग में १८ तोड़ियों के नाम दिये है, जो इस प्रकार हैं :- (१) शुद्ध तोड़ी (२) दरबारी तोड़ी (३) लाचारी (४) गूजरी (५) लक्ष्मी (६) बहादुरी (७) मुद्रा तोड़ी (८) अहीरी तोड़ी (९) हुसैनी तोड़ी (१०) अंजनी (११) बिलासखानी (१२) फिरोजखानी (१३) खट (१४) गांधारी (१५) जौनपुरी (१६) देसी (१७) आसावरी (१८) मियाँ की तोड़ी। सन् १९१८ में, अखिल भारतीय संगीत परिषद में जो दिल्ली में हुई थी, इनमें से कुछ प्रकारों के सम्बन्ध में नामी गायक-वादकों के समक्ष इनका प्रत्यक्ष स्वरूप निश्चय हुआ था। शुद्ध तोड़ी, दरबारी तोड़ी और मियाँ की तोड़ी ये सब एक ही तोड़ी (जो आजकल केवल तोड़ी के नाम से प्रसिद्ध एवं लोकप्रिय है) के नाम हैं, यह निश्चय उस परिषद में हुआ। मुद्रा, हुसैनी, अहीरी, अंजनी, एवं फिरोजखानी, ये तोड़ी के प्रकार प्रचार में से मिट गये हैं, ऐसा मानकर उनकी बाबत उस परिषद में निश्चय न हो पाया। अब बचे हुवे तोड़ी के प्रकार

ये हैं:- (१) शुद्ध, दरबारी अथवा मियाँ की तोड़ी (२) गूजरी (३) आसावरी (४) जौनपुरी (५) देसी (६) गांधारी (७) खट (८) लक्ष्मी (९) लाचारी (१०) बहादुरी (११) बिलासखानी। इन सब की चर्चा उस सभा में हुई थी।

इन तोड़ी-प्रकारों में शुद्ध अथवा मियाँ की तोड़ी में, गूजरी में एवं बहादुरी में मध्यम तीव्र और निखाद भी तीव्र लगते हैं। शेष प्रकारों में कोमल मध्यम एवं कोमल निखाद लगते हैं। प्रचलित तोड़ी-प्रकारों को देखते हुए यदि कोई प्रश्न कर बैठे कि 'खास तोड़ी का अंग क्या है और किस कारण से ये सब तोड़ी कहलाते हैं' तो उसका उत्तर देना लगभग अशक्य है। तोड़ी का खास अंग ऐसा कोई नहीं है। ये सब तोड़ियाँ मिश्र राग है। ये किसी एक ठाठ से ही सबकी सब निकलती होती तो उनमें आपस में किसी एक बात पर समानता होती। परन्तु इनमें कुछ तोड़ी ठाठ में से, कुछ भैरवी ठाठ में से, कुछ आसावरी ठाठ में से और एक-आध भैरव ठाठ में से निकलती हैं। उनके स्वर-संगतियों में भी कोई समानता नहीं है। अतएव यह सब प्रकार अपने-अपने ढंग से स्वतंत्र हैं, ऐसा ही समझना उचित होगा।

अब हम इन प्रकारों में से क्रमानुसार एक एक लेकर उनकी चर्चा करेंगे।

पहले दरबारी अथवा मियाँ की तोड़ी लेंगें जो सर्वत्र प्रसिद्ध एवं लोकप्रिय है और जो केवल तोड़ी या शुद्ध तोड़ी समझी जाती है। इसको मियाँ की एवं दरबारी तोड़ी कहने के कारण कुछ लोग यह बताते हैं कि मियाँ तानसेन ने इसे दरबार में गाया था। शायद मियाँ ने पुरानी तोड़ी में जो आजकल भैरवी कहलाती है, कोमल मध्यम की जगह तीव्र मध्यम दाखिल किया और उसी तीव्र मध्यम का साथी तीव्र निखाद भी कोमल निखाद की जगह आ गया। पुरानी तोडी ठाठ यूं था :- " सा, रे, ग, म, प, ध, नि, सां "। अब यूं है :-

"सा, रे, ग, म, प, ध, नि, सां"। आजकल की इस तोड़ी के नाम पुराने ग्रंथों में वराळी, वराटी, शुभपंतुवराळी इत्यादि हैं। प्रचार में तोड़ी एक बहुत मीठा और मस्त राग है। उसका वादी धैवत और संवादी कुछ लोगों की राय में "ग" और कुछ की राय में "रे" होता है। गाने का समय दिन का दूसरा प्रहर है। पंचम इसके आरोही में दुर्बल है परन्तु वर्जित नहीं है। इसका स्वर-विस्तार इस प्रकार है :-

सा, रे, रेसा, निसारेसा, नि ध, मधनिसा, रे, सारेग, रे, गम, म, रेग, रेसा। धनिसारेग, रेग, म, रेग, प, प, प, मपध, ध, प, मपध, मग, रेग, पमधमग, मरेग, रेसा, निनिसारे, सा। ध, मपध, रेगपमध, निध, मधनिध, मनिध, मपध, मग, रेगमप, रेग, रे, सा, सासासानिनिरे, सा। पमपधमग, मधसां, निसां, धनिसारें, सां, निसां, निसारें, निध, मधसांनिरें, सां, धनिसारेंगं, रेंगं, रेंसां, निसारें, निध, मधसांनिरें, सां, धनिसारेंगं, रेंगं, रेंसां, निसारें, निध, मधनिधप, मपध, मग, मरेग, पमधमग, मरेग, रेसा, सासासानिनिरे, सा।

इस राग में तानें खूब सपाट और सरल ली जाती हैं। परन्तु आरोह में तान लेते समय पंचम अपने आप गले की सहूलियत के लिये छुप जाता है। कोमल गांधार के बाद तीव्र मध्यम

दूर अंतर पर होता है। उसके बाद पंचम और कोमल धैवत ये दो अर्धान्तर लगातार आते हैं और इनके बाद फिर तीव्र निखाद दूर अंतर पर होता है। इन स्वरान्तरों को सम्हाल कर द्रुत में ले जाना बीच में ठेंस खाये बिना नहीं हो सकता है। अतएव पंचम को काटकर 'सा रे ग म ध नि सां' ऐसे स्वरों में तान ली जाती है। इसकी कुछ तानें इस प्रकार होगी :- सा, रे ग म रे ग रे सा, ध नि सा रे ग म प ध म ग रे ग रे सा, रे ग म ध नि सां रें सां नि ध, म ध नि सां रें गं रें सां नि ध प म प ध म ग रे ग रे सा, इत्यादि। गायक-वादकों के गुण की कसौटी करने वाले कुछ स्वर थोडे रागों में आते हैं। जैसे, दरबारी-कान्हड़ा का गांधार, ललित का धैवत, श्री राग का ऋषभ, भीमपलासी का धैवत, इत्यादि। इन्हीं सुरों में से एक इस तोड़ी का गांधार भी है। गायक-वादकों के मत से यह गांधार अगर ठीक जगह पर न लगा तो तोड़ी बिगड जाती है। कोई कहता है यह अति कोमल गांधार है, कोई उसे सकारी बतलाता है, कोई निरी कोमल कहता है। मेरे विचार में यह केवल आभास है। तीव्र मध्यम आगे होता है इसी लिए वह गांधार कोमल से नीचा न होते हुए भी नीचा मालुम हो तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है। सूक्ष्म स्वरान्तरों के आधार पर रागों के स्वरूप निश्चित करना कभी लाभदायक न होगा। उसमें अनेक मतभेद होना सम्भव है, और किसी निश्चय पर आना लगभग अशक्य होगा। अतएव बारह स्वरों में ही राग - रचना स्वीकार करना ही सबसे उत्तम मार्ग है। गाते समय स्वर-संगतियों द्वारा सब स्वर अपनी-अपनी जगह पर ठीक आते रहते हैं। वह न आवें तो बेसुरा ही गाना सुनाई देगा।

अब गूजरी तोड़ी देखेंगे। गूजरी का नाम भी पुराने ग्रंथों में 'गुर्जरी' नाम से उल्लेख किया हुवा पाया जाता है। संगीत रत्नाकर में "पंचमषाडव" नामक ग्राम-राग में से गुर्जरी की उत्पत्ति कही हुई है। गुर्जरी के अनेक प्रकार जैसे महाराष्ट्र-गुर्जरी, दक्षिण-गुर्जरी, द्राविडी-गुर्जरी रत्नाकर में वर्णित हैं। मध्यकालीन ग्रंथों में गुर्जरी भैरव ठाठ में बतलाई गई है। इनके बाद के ग्रंथ राधागोविन्द संगीतसार, संगीत कल्पद्रुम एवं नादविनोद ये सब देशी भाषा के ग्रंथ हैं। इनमें से नादविनोद में आजकल की गूजरी तोड़ी को ठीक हवाला मिलता है। आजकल की गूजरी तोड़ी में पंचम वर्ज्य किया जाता है। ठाठ आजकल की तोड़ी का ही है। गूजरी के आरोहावरोह इस प्रकार हैं :- सा, रे, ग, म, ध, नि, सां। सां, नि, ध, म, ग, रे, सा। वादी-संवादी धैवत - ऋषभ या धैवत - गांधार हैं, जैसे कि शुद्ध तोड़ी में माना जाता है। गाने का समय सबेरे का है। ठीक इन्हीं स्वरों से नादविनोद में भी गूजरी बताई गयी है। देखिए :- "नि नि ध ध ध म ध म ध, म ग, रे, सा, सा सा सा म म म ध नि ध ध म म ग ग रे रे रे सा सा सा। म म म ध ध ध नि नि सां ध नि सां रें गं गं रें सां गं गं रें सां नि ध म ग रे रे रे सा स सा।"

नादविनोदकार तंतकार थे, अतएव उनका दिया हुआ यह विस्तार तंत में अच्छा लगेगा। गायक इस राग का विस्तार इस प्रकार करेंगे :-

ग, रेसा, निसां, रेग, रेग, मग, धमग, रेग, रेसा, निरेसा। निनिसारेग, मरेग, मध, निधमग, रेग, मधनिसांनिध, निधमग, रेग, रेसा, निरेसा। मग, मध, रे सां, नि, सांरेंगरेंसां, निनिसांरेंनिध, गं,

रें, सां, नि, सांरें, निध, मध, सासागग, मध, रें, निध, मध, मग, रेग, रेसा ।

"जा जारे पथिकवा" इन शब्दों से शुरू होने वाला एक प्रसिद्ध ख्याल कुछ लोग गूजरी में गाते हैं । परन्तु ग्वालियर में इसको शुद्ध तोड़ी का ही ख्याल समझकर गाते हैं और उसमें पंचम का प्रयोग करते हैं । गूजरी का एक ध्रुवपद ब्रह्मताल में है जिसके बोल इस प्रकार हैं :-
"नारायन हर तूं ही करतार जग पालन हार । तूं ही आद अंत तूं करतार तेरो ही बिस्तार ।"

अब तीव्र मध्यम और तीव्र निखाद लेनेवाला और एक तोड़ी प्रकार है जिसको बहादुरी तोड़ी कहते हैं । यह नाम यावनिक है । शायद मरहूम बहादुर हुसेन खाँ सैनिये जो सुरसिंगार के संशोधक और बहुत ही कुशल वादक थे इस राग का निर्माण किया होगा । ग्रंथों में इसका नाम नहीं है । केवल नादविनोदकार इसका उल्लेख करते हैं । उन्होंने इस राग का स्वरूप इस प्रकार बतलाया है :-

"ध ध प प ध ध रे रे सा, रे नि सा रे ग ग ग रे सा, ध नि रे रे रे सा सा सा । सा नि सा ग ग प म प ध नि सां रें रें सां नि ध, ग ग म ध नि ध म ग रे रे रे सा ।"

इसमें ठाठ तोड़ी का ही है और जाति संपूर्ण है । बहादुरी के निश्चयात्मक लक्षण कहीं उपलब्ध नहीं है, यह हम लोगों का दुर्दैव है । इसमें एक दादरा है जिसके बोल इस प्रकार हैं :-

'वारूं मुखचन्द्र चन्द्रिका पे, चन्द्रिका की घटा वारूं,
रुचि रंभा काम सुंदरी निकाइ पैं ।
वारूं कंज कोमल गुलाब गुलखेरा, फुल प्यारि
मृदुल कंज पद अरुनाइ पैं ॥'

बाकी सब तोड़ी प्रकारों में मध्यम-निखाद कोमल हैं, जैसे कि आसावरी, जौनपुरी, देसी इत्यादि ।

प्रचार में आसावरी दो प्रकार से गायी जाती है । एक कोमल ऋषभ लेकर और दूसरी तीव्र ऋषभवाली । कोमल ऋषभवाली आसावरी ध्रुपदियों की आसावरी कही जाती है और उसे एक तोड़ी का प्रकार समझकर आसावरी तोड़ी कहते हैं । केवल एक, ऋषभ के भेद को छोडकर बाकी सब बातें इन दोनों आसावरी प्रकारों में समान होती हैं । दोनों में गांधार निखाद आरोह में वर्ज्य करके औडव-संपूर्ण जाति मानी जाती है । वादी-संवादी दोनों में धैवत-गांधार माने जाते हैं । गाने का समय दोनों का दिन का दूसरा प्रहर है । दोनों विलंबित आलाप के योग्य हैं । स्वर-संगतियाँ जैसे कि 'धम' 'पग', दोनों में होती हैं । कहते हैं कि वास्तव में आसावरी तो कोमल ऋषभ की ही है । परन्तु यह कोमल ऋषभ गलेबाजी की सीधी तान में दखल देने लगा । ख्यालियों की तान अटक गई । आरोही में 'सारेमपधसां' सीधी तान कान में खटकती है । अवरोह में सीधा 'सांनिधप मगरेसा' यूँ आये तो भैरवी बोलने लगी । अब इस मुसीबत का सामना कैसे करें ? क्या तान सीधी बिलकुल न ली जाय? ओ हो ! यह कैसे हो सकता है?

ख्याल का गाना ठहरा, बगैर तान के ख्याल फिर क्या बना ? किसी तरह उस ऋषभ की खुशामद कर के उसको थोडा चढाना पडा । थोडा चढते चढते वह पूरा तीव्र हो गया । उधर निखाद की गैरहाजरी भी नडने लगी । उसकी भी द्रुत तानों में आवभगत करनी पडी । अतएव ख्यालियों की आसावरी, आलाप करते समय औडव-संपूर्ण और तानों में षाडव-संपूर्ण, हुई इस प्रकार आसावरी ठाठ में जा पड़ी । परन्तु हमें आसावरी-तोड़ी, जो भैरवी ठाठ में है उससे सम्बन्ध है । यह आसावरी इस प्रकार चलती है :-

ग ग सा नि ग ग सा नि नि
सा, रे रे, सा, रे ध ध सा, रे रे, सा, रे म, प, प ध, ध, प, ध म,
प म ग ग म
म प ध ग, रे, रे, सा । सा रे ग, रे रे सा, ध सा, रे म प, ग, रे रे सा । सा रे
प प नि नि प नि म ग
म, म म, प, मप, प ध, ध, प, नि ध, प, ध मप, सा रे म प ध म प, ग, रे,
ग ग म नि प नि नि
रे, सा, सा सा सा रे, सा । म म प, प ध, ध प, नि ध, प, सां, ध प, म ध,
नि प म नि सां
प, रे, म प, ध म, म प, ग रे रे सा । म प ध, ध सां, सां, रें रें सां, गं, रें, रें सां,
सां नि ध नि म
सां, रें ध सां नि, ध प, म प नि ध, प, ध म प, ग, रे, रे सा ।

इसके एक धमार के बोल इस प्रकार हैं :-

"आई है खेलने को फाग लला सों, हमसों छिपावत काहा जिय ठानी । हों तो तिहारी प्यारी सखि हित जानत है तेरी ननंद जेठानी ॥"

अब इसी आसावरी तोड़ी के लगभग समान स्वरूप की बिलासखानी तोड़ी को देखें। कहते हैं कि यह तोड़ी प्रकार मियाँ तानसेन के पुत्र बिलास खाँ ने निर्माण किया । सैनियों में इसे भैरवी ठाठ की रागिनी मानते हैं अर्थात् इसमें सब स्वर कोमल होंगे । वादी धैवत, संवादी गांधार है । यह संपूर्ण है तथा गाने का समय सुबह का है । आरोह में मध्यम निखाद दुर्बल हैं । इसमें "गमपध" ये स्वर सरल नहीं आते हैं । आरोह मध्यम को छोडकर एवं अवरोह पंचम छोड़कर लिये जायेंगे । पंचम अवरोही में दुर्बल है । इसकी खास पहचान की तान इस प्रकार है :-

" सा, रे नि, सा रे ग, रे, ग, म ग, रे, ग रे सा ।"

इसका स्वर-विस्तार इस प्रकार किया जाता है :-

ग ग रे सा रे ग
सा, रे नि, सा रे ग रे, ग, म ग रे, ग, रे सा; रे ग रे नि ध, नि सा, रे,

ग ध म सा नि
रे, नि ध, ग, ग, ग, म ग रे, ग, रे सा । सा, ध, ध, ध, म ग रे, ग प, रे, ग, रे नि
नि नि
ध, रे रे सा । ध, ध सां, सां, सां, रें रें सां, सां रें गं, रें, रें सां, रें, नि ध, प, प ध गं, मं गं, रें गं, रें, नि ध, नि ध म ग रे, ग म ग रे, ग रे, सा, ध ग, रे, रे सा ।

बिलासखानी को भैरवी से बहुत बचाना पडता है । इसके एक ध्रुवपद के बोल इस प्रकार है :-

"अहनत शब्द उपज्यो मों घट में ताको करूं ध्यान अष्ट जाम ।
खरज रिखब गंधार मध्यम और पंचम धैवत निखाद पाऊं अत अभिराम ।।"

अब आसावरी ठाठ की तोड़ियाँ की ओर चलें । ये तोड़ियाँ-जौनपुरी, गांधारी, देसी, खट और लक्ष्मी हैं । इनमें से देसी और जौनपुरी में एक ही ऋषभ तीव्र लगता है, गांधारी में दोनों ऋषभ, खट तो कई रागों को लेकर रंगा हुआ है । लक्ष्मी तो लक्ष्मी ही ठहरी । उसको थोडे में संतोष क्यों होने लगा ? सात सुरों से उसका शृंगार पूरा नहीं होता । उसको दोनों गांधार, दोनों ऋषभों की जरुरत पडी । इतना ही नहीं, कुछ लोग इसमें दोनों धैवत और दोनों निखाद लेकर गाते हैं । तीव्र मध्यम ही एक स्वर है जो इस रागिनी के कब्जे में नहीं आया । इन सब को आसावरी ठाठ में रखने का कारण यह है कि इनका साधारण चलन आसावरी के ही ढंग पर है । यह एक कारण होता है कि रागों में ठाठ के बाहर के स्वर लगते हुए भी उनको उसी ठाठ में माना जाता है ।

जौनपुरी एक सीधी सादी ख्यालियों की पसंद रागिनी है । ठाठ आसावरी, वादी धैवत, संवादी गांधार जो आरोह में वर्जित भी होता है, जिससे रागिनी की जाति षाडव-संपूर्ण है । गाने का समय सुबह का है । जल्द तान लेते समय आरोह में धैवत क्वचित् शरमाता है । वादी संवादी होकर ये स्वर आरोह में तक्ल्लुफ क्यो करते हैं? यह प्रश्न बडा है । वादी-संवादी पर एक अलाहिदा चर्चा होनी चाहिए । फिलहाल हम इतना ही बता सकते हैं कि जौनपुरी उत्तर रागिनी है, अवरोह मनोहर है और आगे सारंग चला आ रहा है । गांधार धैवत की कारकीर्द समाप्त होने पर है, अतएव जौनपुरी, देसी, गांधारी में ये अपनी आबरू कुशलता के साथ बचाये हुए मध्याह्न के समय में मिट जा कर ऋषभ, पंचम, मध्यम, इनको अपना कार्यवाह सोंप कर छुट्टी ले जाते हैं । जौनपुरी में आरोह में गांधार धैवत की दुर्बलता में कोई हर्ज नहीं है । क्यों कि जौनपुरी का शृंगार अवरोह में होता है । स्वभाव में कुछ चंचलता है । जौनपुरी का चलन इस प्रकार होता है :-

म
सा, ध, ध, प, धम, पनि ध, प, मपधमप, ग, रे, गसा, रेम, रेम, रेमप, मप, धधपमप,
रे म सा नि नि म
ग, रे प ग, रे, गसा, रे, सा, निसारे ध, प, मप, ध, सा, सारेम, रेमप, रेमपधपमप, ग,

नि प प
रे, ग, सा । मम, प, प ध, मपनिध, प, सां, निध, प, रेंसारेंनिधप, मप, गं, रेंसां, रेंनिधप,
नि म सा नि
रेमपसां ध, प, मपध मप, ग, रे, गसा । मप ध, धसां, निनिसां, निसारें, सां, रेंनिधप,
नि म
मपधनिसां, धप, निधप, धमप, ग, रे, गसा ।

इस राग में तानें इस प्रकार चलेंगी :-

सारेमप निधपध मपग, रेमपग, रे, सा । सारेमपधनिसां, धनिसारेंगंरेंसां, निसारेंगंसांनिसारेंनिसां, मपधनिसांनिधपमगरेसा ।

इसका एक विलम्बित ख्याल है, जिसके बोल इस प्रकार हैं :-

"हों नहीं जैहों तोरे देस सुंदर, तूं तो तुरकवा, हों बामनी ।
एक निठुराई छाँड दे मों सन अब तूं, हों तो परहूँ तोरे पाय ॥"

तनैत ख्यालियों के लिये यह रागिनी मौज़ है । छोटी-छोटी चीजें इसमें बहुत हैं । उदाहरणार्थ, इसके एक द्रुत ख्याल के बोल इस प्रकार हैं :-

'छोम् छननन छोम् छननन बिछुवा बाजे मोरी माँ, याते मैं जानूं पी को अगम भई ।
चार दिना तें आगम भइलवा, मेरे जिया के सब दुख गईला ॥"

गांधारी तोड़ी लगभग जौनपूरी की ही तरह चलती है । परन्तु इसमें दोनों ऋषभ लगते हैं । आरोह में तीव्र और अवरोह में कोमल । गांधारी का नाम पुराना है । कहते हैं कि जौनपुरी की उत्पत्ति गांधारी से ही हुई है । जौनपुरी प्रचार में आने के बाद गांधारी में कोमल ऋषभ आया होगा, ऐसा विचार कुछ लोगो नें दिल्ली के संगीत परिषद में प्रगट किया था । जौनपुरी की चंचलता को हटाकर यदि उसी को गंभीरता के साथ और अवरोह में कहीं-कहीं कोमल ऋषभ लेते हुए यदि गाया जाय तो गांधारी स्पष्ट होगी । गांधारी का उठाव एक विशेष रीति से होता है ।

सा म सा

देखिए :- " सा, ध ध, प, ध, मप, ग, रे, म, प । " इसके वादी-संवादी वही धैवत-गांधार है । इस राग का विस्तार इस प्रकार होगा :-

म नि नि सा
सा, ध, ध, प, ध, म प, ग सारे, म, प, ध, ध, प, नि ध, प म प ध, ग, रे, म, प ।
म ग ग नि
सा रे म प, ध, प, नि, सां, ध, प, नि, ध, प, मपध ग, रे, रे, रे, सा, रे ध, सा, रे म,
म ग ग गं
प, ध, ग, रे, रे, सा । म प ध, सां, सां, ध, ध, सां, रें गं रें, सां, रें नि ध, प, नि, नि

म ग

नि सां; प, धम, प ध सां ध, प, म प ध, ग रे, सा। इसके एक ध्रुपद के बोल इस प्रकार है :-

"कहियो उधो तुम जो नेह बीज बो गवन कीन्हों, माधो बिरवा लागो राधा के मन। दृग कूप कीन्हें अनुअन जल भरे पलकन सींच सींच जातें और बिरवा भये सघन बन ॥

अब देसी तोड़ी देखें। यह रागिनी अति मनोहर एवं सबकी लाडली है। सारंग और आसावरी का मेल इसमें है। आसावरी ठाठ के राग समाप्त कर के ठीक सारंग में ले जानेवाली परमेल प्रवेशक यह रागिनी है। इसका वादी पंचम और संवादी ऋषभ है। पूर्वांग में सारंग और उत्तरांग में आसावरी, इस प्रकार से यह सजी हुई है। आरोह में गांधार, धैवत वर्ज्य हैं; अवरोह संपूर्ण है। इसके धैवत के बारे में मतभेद हैं। कोई इसमें कोमल धैवत लगाते हैं, कोई तीव्र और कोई दोनों धैवत लगाते हैं। फिर से यहाँ तानों की सहूलियत अपनी दरखास्त पेश करती है। अवरोह में कोमल धैवत लेकर सीधी तान आसावरी या जौनपुरी दिखलाती है। अतएव धैवत तीव्र लेकर ही तान बहुत से लोग लगाकर छुट्टी पाते हैं। जो तीव्र धैवत लेना पसंद नहीं करते, उनको कूट तानें अवरोह में लेनी पडती हैं। अब देसी की चाल देखें :-

म सा नि प म प

सा, रेगरेसा, रेनि, सा, रेप ग, रेग, रेसा, रे नि, सा। सा, धप, म प सा, रेगरेसा,

सा नि सा

रे नि, सा। रेमप, रेमप, धप, मपग, रे, रेप, रेगरेसा, रे नि, सा। निसारेगरेसा, निसारेमप,

नि नि प म नि

धप, रेमप ध म प, गरे, रेमपसां, निसां, प, धप, मपधमप, गरे, रेमप, गरे, निसारेप,

सा प प सां सां सां

रेगरेसा, रे नि, सा। म म पसां निनिसां, रेंसां, रेंगंररेंसां, रें नि, सां नि, निसां, प,

नि प म प नि म सा

धपमप, म प सां, प, धपमप ग, रे, रेमप, रेगरेसा, रे नि, सा।

इसकी एक दो तानें इस प्रकार ली जायेंगी :-

निसारेगरेसा, रेमपरेगरेसा, रेमपध मपसांनिसां पधमप रेगरेसां रेनिसा। निसारेमप, रेमपधमप, रेमपसां पधमप, रेमपनिसां रेंगंरेंसां रेंनिसां पधमप, रेमपसांनिसां पधमप रेगरेसा रेनिसा॥

इस रागिनी में एक मशहूर धमार है, जिसके बोल इस प्रकार हैं :-

"सखी ठाडो सुंदर सांवरो ढोटा कहीयत नंदकिशोर री।
चल झपकत वाकी छबि निरखत आली, करी हो नगरिया में शोर री ॥"

कुछ पुराने ख्याल भी इसमें अच्छे हैं । उदाहरणार्थ,

"नैय्या मोरी भई पुरानी, खेवट सदा मतवार ।
औघट घाट सूझत नाहीं, आन परी मज धार ॥"

अब खट नाम के एक रंग बिरंगे राग की तारीफ करें । खट (षट्) के माने छः होते हैं । छः रागों का मिश्रण इसमें होता है, ऐसी मान्यता गायक-वादकों में है । कुछ लोग इसे भैरव ठाठ में मानते हैं, कुछ आसावरी ठाठ में । इसमें दोनों ऋषभ, दोनों गांधार, दोनों धैवत और दोनों निखाद लगते हैं । इसकी चाल ही उडती हुई है । लगभग हर स्वर पर झोंक होता है । वादी धैवत संवादी गांधार है । गाने का समय सुबह का है । उसमें कुछ कर्नाटकी ढंग का उच्चारण होता है । इसका चलन इस प्रकार है :-

म म नि नि नि ध म नि
निसा ग ग म रे प, प प, ध ध ध निप, सां, धनि, प, मप ग, म ध,
नि म म नि नि नि नि नि
धप, प, गमप, रेग, सारे निसा, ग, म रे प । मप ध, ध ध, सां, सां, सां, ध
सां नि सां सां सां
ध, सां, गंरेंसां, निसां, ध, प, नि, नि, नि, सां, धप, म प ध नि सां, रें सां, ध, प, मप,
म म
ग, म ग प ।

जो लोग भैरव ठाठ में इसको मानते हैं वह इसे प्रकार बरतते हैं :-

नि नि नि नि नि नि
निसा, ग, मप, प ध ध, ध, धसां, सां, धप, म प ग, म ध, ध, प, ग म
ग म
प ग म रे, सा । निसा ग, म प ।

इस प्रकार के खट को झीलफ नाम के राग से बचाना कठिन पडता है । परन्तु कुछ चीजें भैरव अंग की इस राग में अवश्य पाई जाती हैं । इसके एक ध्रुवपद के बोल इस प्रकार हैं :-

"उठो प्यारे भोर भई जगत काहीं नाहीं,
कब की मनावत तोहे प्राण प्यारी ।
दृग खोले देख धूप छिवन लागी,
पंछी मिले और चकवा चकवी ॥"

लक्ष्मी तोड़ी, जैसा कि मैंनें पहले बताया है , दोनों ऋषभ, दोनों गांधार लेकर चलती है । इसके लक्षण ठीक कहीं मिलते नहीं, परन्तु इसका विस्तार कुछ इस तरह चलता है :

नि नि म
सा, रेग, म, मगप, प ध, ध, निप, ग, मपग, मगरेसा, निसा, ग, रे, सा । सा, म,
नि नि नि नि नि
मप, प ध, ध ध, सां, धप, निधपग, रे, सा । सा, रेग, म, मगप, निधप, सां, ध, प,
नि नि नि नि सां
म, गम, ध धनिप, गग पग, मगरेसा । पप ध, धसां, निसां, निनिसारेंसां, निसां, धप,
नि
ध, सां, निसां, ध, प, नि ध प ध ग, रे, सा ।

इसमें एक सूलताल की ध्रुवपद-अंग की चीज है जिसके बोल इस प्रकार है :-

"रूपवंती गुनवंती भागवंती मानमती मुख तेरो ही नीको ।
और तिया तो आगे नीकी न लगे, जैसे दिवस दीपक लागत फीको ।"

इन लछमी जी का राग रंग देखकर ही शायद किसी भले आदमी को यह कविता सूझी होगी ।

लाचारी तोड़ी में षड्ज, शुद्ध ऋषभ, दोनों गांधार, मध्यम शुद्ध, पंचम, दोनों धैवत और कोमल निखाद स्वर लगते हैं । रागिनी संपूर्ण है । इसका चलन कुछ इस तरह है :-

सा म रे सां
सा, म, गमपधमप, ग, रे ग, रे, निसा, ग, रेगम, गमपध निध, निप, मग, रेगम,
म सा म रे म रे
गमपधमप, ग, रे ग, रे निसा । सा, नि, ध, प, सा, रे ग, रे, निसा, निसारेगम, गमप,
म म रे म
निधनिध, म, रेगम, गमपध, मप, ग, रे ग, रे निसा । म, प, पसां, निसां, सांगंरेंसां; निधप,
म रे
म, पमग, रेगम, गमपसां, निधप, म, गमप ग, रे निसा ।

लाचारी की सजावट काफी ठाठ की जान पडती है । एक ख्याल इसमें गाया जाता है, जिसके बोल इस प्रकार हैं :-

"लागो ही आवे मोंसे करत निठुराई एक हूँ ना माने री ।
मंमद साहे सुंदर बालमुवा, सदारंगीली पीत जतावे ॥"

इस तोड़ी प्रकारों के अतिरिक्त पं. भातखंडेजी नें और एक दो तोड़ियों के उदाहरण अपनी पुस्तकों में दिये हैं :-

अहीरी तोड़ी, राधागोविंदसंगीतसार के अनुसार, भैरव ठाठ की रागिनी जान पडती है। इस ग्रंथ में इस राग का विस्तार यूं दिया है :-

"धधसारेगमगरेरेसा, पपमगरेरेसा, धसारेगरेसा। पपधधसांरेंगंरेंसां, पंमंगंरेंसांनिधप, मगरेसा, निधपमगरेसा, धधसारेगरेसा ॥"

इसमें आरोह में निषाद वर्ज्य किया गया है। गांधार, कुछ गौरी की छाया इस पर डालता है। कोई चीज इसमें उपलब्ध नहीं है।

पं. भातखंडेजी को एक सफर में "अंजनी तोड़ी' का एक ध्रुपद श्रीयुत कपूर नामक एक महाशय नें बताया था। इसके बोल इस प्रकार हैं :-

"निद्रा हुं नहीं आवे री माई, श्याम बिना मैंको, कबहुं आवेंगे नंदलाल।
मोर मुकुट, चंदन भाल, मुखतें मुरली अधर। गले सोहत बनमाला।
गोपन के संग आवत खेलत गजा हूं गजती माल।
कृष्ण प्रभु छब पर तन मन धन वार डारूँ, निरखत भई आनिहार ॥"

इसकी बंदिश बड़ी अजीब और सूबसूरत है।

इन तोड़ी प्रकारों को देखकर पुराने गायक-वादकों के अध्ययन-अध्यापन, विद्या की सेवा का अंदाज हम लोग लगा सकते हैं। क्या-क्या नये-नये अजीब नमूने वे लोग पैदा करते थे। दुःख की बात यही है कि उनके समय में सिवाय शिष्यों को दिए हुए मुखपाठ के अलावा और कोई साधन अपनी कलाकृति कों सजीव रखने का न था। परिणाम यह हुवा कि शिष्यों को जैसे स्मरण में आया उन्होंनें उठाया, ठीक याद रहा न रहा, जैसे-जैसे ख्याल में आया अपने-अपने शिष्यों को सिखाया। इतना अवश्य है कि जानबूझकर किसी नें अपनी कल्पनाएँ उनमें लगाई नहीं ; जैसे जो कुछ बच कर चले आए हैं वैसे ही आज इन अछुप रागिनियों के स्वरूप मिलते हैं। स्वरलिपि उस समय होती तो इनके प्रमाण और मजबूत होते। तोड़ियों के प्रकारों में गायकों का सब दारोमदार "मुरक्किबात" यानी राग-संकर के तत्त्वों पर होता है। किस तोड़ी में कौनसा सुरबेब्रा अथवा स्वर-संगति या किस राग का अंग खास पहचान की निशानी होती है, यह बात वे लोग अवश्य मानते हैं। तोड़ी के प्रकारों में इन "मुरक्किबातों" का राज होता है।

(अखिल भारतीय आकाशवाणी के सौजन्य से)

१८

संगीत में परम्परागत चीजों की महत्ता

किसी एक नामांकित गायक से एक संगीत-प्रेमी सज्जन ने पूछा, "गुरुवर, धृष्टता की क्षमा चाहता हूँ, परन्तु आपके मत से अच्छा गायक-वादक कौन है, यह जानना चाहता हूँ।"

"बेटा," गायकवर ने कहा, "संसार में गाना-रोना कौन नहीं जानता ? गाने का अंग मनुष्य स्वभाव में ही है। तथापि संगीत विद्या की दृष्टि से हम लोग आदत, जिगर एवं हिसाब ये तीन कसौटियाँ गुण की जाँच में मानते हैं। उपजत अंग-स्वभाव, परिश्रम अर्थात् नित्याभ्यास, स्वाध्याय एवं सुशिक्षा येही तीन कसौटियाँ हैं। इन तीनों में सौ नंबरी गुणी क्वचित् ही कहीं पाये जाते हैं। किसी में उपजत अंग - स्वभाव है, तो योग्य शिक्षा एवं अभ्यास की कमी है। किसी और को योग्य शिक्षा मिली है तो अंग-स्वभाव नहीं है, न उसने अभ्यास कर रखा है। कोई अभ्यासशील है तो उसको यथायोग्य शिक्षा नहीं मिली है, न अंगस्वभाव ही उसमें है। इस प्रकार कम-अधिक होने के कारण गायकों में न्यूनाधिक गुण होते हैं। हम लोग सब से अधिक उस गुणी को मानते हैं जिसके पास परंपरागत गीत-प्रबंधों का भण्डार है। वैसे तो सिद्धकण्ठ गायक बहुत मिलते हैं, परन्तु कव्वाल लोक, भजनी एवं थिएटर के गाने वाले कई तनैत अर्थात् तैयार होते हैं कि संगीत व्यवसायी गायकों को भी कभी-कभी उनसे हार खानी पडती है। अतएव कण्ठ की तैयारी में गुण का प्रमाण नहीं माना जाता। वास्तव में रागों के अंग-प्रत्यंगों का शृंगार दिखानेवाली विविध रस-रंग की चीजों के भण्डार को ही हम लोग गुण समझते हैं। जिसके पास यह भण्डार है उसका अनुभव एवं कल्पनाशक्ति अवान्तर गायकों से अधिक हो, इसमें आश्चर्य की बात नहीं। ऐसे लोग राग के स्वभाव को चीज की गायकी को एवं उसमें प्रदर्शित की हुई मनोभावनाओं को यथायोग्य, स्वयम् समझते हुए एवं श्रोताओं को जँचाते हुए गायन करते हैं, चाहे दो तानें तैयारी की वे कम ही क्यों न लें, और इन्हीं को हम लोग गुणी कहते हैं।"

गायकवर के ये उद्‌गार संस्मरणीय हैं। कला का आधार कलाकृती ही है। श्रेष्ठ कलावन्तों ने निर्माण की हुई दृश्य-श्राव्य-हृद्य प्रतिमाएँ कला के विकास के लिए आदर्श बन जाती हैं। ये कलाकृतियाँ होनहार कलावन्तों के लिए मार्गदर्शक होती हैं। वरन् कला के स्वरूप, नियम, धर्म इत्यादि के आधार ये ही उच्चतम कलाकृतियाँ होती हैं।

समस्त संसार के संगीत का आधार गेय पद हैं। गाना यह मनुष्यधर्म का एक अंग ही है। मनुष्य के कण्ठ में ठहरी हुई मधुर ध्वनि निकालने का सामर्थ्य है। इस ठहरी हुई मधुर ध्वनि को नाद कहा जाता हैं, जिसमें संगीत का बीज है। ईश्वर का नाम लेते हुए अथवा अपनी सुख-दुःख की मनोभावनाएँ प्रकट करते हुए एक, दो, तन, चार अथवा उससे भी अधिक स्वरों में ठहरी हुई कण्ठध्वनि का प्रथम कुछ छोटे-छोटे साधे शब्दों में होते-होते मनुष्य की वाणी, कविता एवं लयबद्ध पद्य-रचना में विकसित हुई। ऋग्वेद, सामवेद के मंत्र, फिर देवताओं

के स्तोत्र, आरतियाँ, नाटक, यात्रा, मेलों के गेय पद, तदनंतर प्रबन्ध, वस्तु, रूपकादि गीत इत्यादि में विकसित होते हुए अब इस समय ध्रुवपद, ख्याल, ठुमरी, टप्पा, चतरंग, त्रिवट, तराना, सरगम, लक्षणगीत, कजरी, चैती, सावन, झूला एवं दाक्षिणात्य प्रणाली में कीर्तन, कृति, तेवारम्, वर्णम्, पदम्, तिल्लाना, जावली इत्यादि गेय पदों के रूप में परम्परागत संगीत कला हम लोगों तक आ पहुँची है। ध्वनि-मुद्रण यंत्र साधन निर्माण होने से पूर्व संगीत के सभी आविष्कार गीत-प्रबन्ध एवं वाद्य-प्रबंधो में ही मुद्रित होते थे। गायक-वादकों के पास वंश परम्परागत शिक्षा द्वारा गथासम्भव अपने मूल स्वरूपों में ये गीत प्रचलित रहते हुए चले आये हैं। प्राचीन तथा मध्यकालीन इतिहासों में ध्वनिमुद्रण था ही नहीं, न स्वरलिपि होती थी। कण्ठस्थ किये हुए सैकडों गीत-प्रबन्धों के ही द्वारा राग-रागिनियों के स्वरूपों का अभ्यास किया जाता था। संगीत शास्त्र भी जो कुछ था और है, सब इन्हीं गीत-प्रबन्धों पर आधारित है। गीत प्रबन्धों की स्वर-ताल रचना पर केवल विचार होने लगा, तब संगीतशास्त्र का उदय हुआ। इन गेय पदों को उनके शुद्ध स्वरूपों में गाना; इनकी स्वर-रचना को विस्तारपूर्वक सुस्वर कण्ठ में आलापना, वाद्य पर बजाना एवं पदों के भावार्थ को तथा ध्वन्याकृति को मुद्रा, हावभाव, पादाघात द्वारा दिखाते हुए नृत्य करना "संगीत कला" कहलाती है। ये गेय-पद संगीत के आधारस्तंभ हैं। उनको जब उनके शुद्ध स्वरूपों में गाया जाता है तब सुननेवालों पर विलक्षण संस्मरणीय परिणाम होता है। ये पद बडे बडे धुरीण गायकों, नायकों के रचे हुए होते हैं। इन गीतों में प्राचीन, मध्यकालीन, अर्वाचीन, सब प्रकार के नमूने हैं, जो काल-गति के अनुसार नई-नई कल्पना-सृष्टि का वैभव बढाते हुए आए हैं। इन गीतों को गायक-वादकों की व्यावहारिक भाषा में 'अस्ताइयाँ' अथवा 'चीजें' कहा जाता है। इन चीजों में रागों के अंग-प्रत्यंग सुन्दरता पूर्वक गढे हुए होते हैं, जिससे गाने वाला निरक्षर हो, शास्त्र का एक शब्द भी न जानता हो, राग शृंगार उसके शुद्ध स्वरूप के साथ भलीभाँति कर सकता है। ये गीत विविध प्रकार के, विविध गायन शैलियों में, विविध लयकारी में रागों को विविध स्थानों से छेडते हुए भिन्न-भिन्न स्थान पर समाप्त करते हुए रचे हुए होते हैं। एक-एक राग में दस-बीस ही नहीं, सैकडों रंगीलेरसीले गीत-ध्रुपद, ख्याल, ठुमरी, टप्पा, तराने, त्रिवट, चतरंग, सरगम, लक्षणगीत, चैती, कजरी, सावन, झूला इत्यादि विविध ढंग के गेय-प्रबन्ध होते हैं, जिनके द्वारा रागों के स्वरूपों का विकास किया हुआ पाया जाता है। एक राग में जितने अधिक विविध प्रकार के गीत कण्ठस्थ हों, उतना ही अधिक अधिकार राग पर प्राप्त होता है। जिसको सब से अधिक गीत परम्परागत कण्ठस्थ हों, वह सबसे अधिक कसबी गायक माना जाता है। वास्तव में गायकों में गला फिरानेवाला तैयार गायक की अपेक्षा पुरानी चीजें अत्यधिक संख्या में उनके शुद्ध पाठों के साथ गानेवाला ही गायक अधिक माना जाता है। गला फिराने वाले तो कव्वाली, भजन, कीर्तन एवं नाटक के गीत गाने वालों में भी ऐसे तैयार पाये जाते हैं कि खानदानी गायक भी क्षण भर के लिए चकित हो जाता है। पर जहाँ तानों की एवं उलटे-सीधे ऊट्पटांग, अव्यवस्थित आलापों की भरमार हो, वहाँ न राग के माधुर्य के लिए न चीज के संपूर्ण आविष्कार के लिए अवकाश है।

वर्तमान समय में तो पुरानी परम्परागत चीजों का स्थान डगमगा रहा है। इन चीजों की महत्ता पर संगीत व्यवसायियों में से भी कुछ गायकों का विश्वास नहीं सा प्रतीत होता है। कई गायकों को तो चीज पूरी आती ही नहीं, न उनको पूरी सीखने की आवश्यकता जँचती है। स्थायी के मुखडे के दो शब्द मनमानी रीति से सम पर ला कर पटक देना, इतना ही उत्तरदायित्व चीज के सम्बन्ध में वे लोग समझते हैं।

इतनी निश्चितता का कारण संगीत शास्त्र के अर्वाचीन ग्रंथ भी हो सकते हैं, जिनमें हर एक राग का पूरा-पूरा वर्णन विस्तारपूर्वक सोदाहरण दिया गया है। स्वरज्ञान हो व शास्त्रग्रंथ सामनें हो, फिर बुद्धिमान् गायक-वादक को काहे की कमी ? पुरानी चीजों से भी तो राग के उच्चार, लाग-डाँट, चलन का अनुभव लेना होता है। वे तो सब शास्त्र ग्रंथों में दिये ही हुए हैं। फिर क्या आवश्यकता चीजों की रटंती की ? पर इसमें बडी भूल है। वास्तव में शास्त्र नियम कलाकृति में सहायता देने के लिए होते हैं। वे आदर्शों को, प्रतिमाओं को समझाने के लिए होते हैं। परम्परागत चीजों को कण्ठस्थ करने की आवश्यकता शास्त्र-नियमों के कारण मिट नहीं सकती। उनका कण्ठस्थ करना हर एक गायक-वादक का कर्तव्य है। इस बात को केवल रटन्त विद्या का नाम दे कर हम लोग आजकल धुतकार देते हैं कि जन्मसिद्ध, स्वतःसिद्ध गायक को इस रटंत विद्या की क्या आवश्यकता ? यही पक्की बात समझी जाने लगी है। अब हमारे वर्तमान गायकों में कितने जन्मसिद्ध, स्वतःसिद्ध हैं, इसके शोध करना एक बडी जटिल समस्या है। क्या जाने, क्या-क्या मनोरंजक बातें इस संशोधन में निकलेंगी ! जो सचमुच व्युत्पन्न, अद्वितीय सामर्थ्य रखनेवाले कलाकुशल गायक-वादक गुणी होते हैं उनकी कलाकृति का, यद्यपि वह कलाकृति शास्त्रहीन अर्थात् परम्परागत रूढी से निराली भी हो, पर अपूर्व सौंदर्य, अपूर्व माधुर्य युक्त हो, तो उसका अनुकरण सब लोग करते हैं, वही एक रूढी बन जाती है और कुछ समय बीतने पर इसी रूढ़ि का दिग्दर्शक शास्त्रनियम भी बनता है। भैरवी में तीव्र मध्यम, क्या जाने किस कलावन्त ने प्रविष्ट किया, पर इसी विवादी स्वर को एक ऐसे विलक्षण स्थान पर लगाया कि, अब तीव्र मध्यमवाला टुकडा भैरवी में जीवभूत हो गया है। जब तक यह टुकडा नहीं सुनाई देता तब तक श्रोता को भैरवी अधूरी ही रही-सी लगती है; सुननेवाले का जी नहीं भरता, न गायक-वादक का ही जी भरता है; पर यह सब मानते हुए भी यह कदापि नहीं हो सकता कि हर कोई मनमानी अपनी हाँके वह मान्य हो। सर्वसाधारण गायक-वादकों को पूर्व-परम्परा एवं रटंती से ही चलना है। जिसको चीज पूरी कण्ठस्थ नहीं, यदि सीख भी रखी हो तो वह पूरी गाने का अभ्यास न हो, केवल मुखडा ही मुखडा गाते हुए राग का विस्तार करनेवाला कोई गायक यदि राग सही-सही गा सकता हो तो सिवाय इसके कि वह संगीत के शास्त्रीय ग्रंथों का अभ्यास करके गाता बजाता होगा, और क्या हो सकता है। प्रारम्भिक शिक्षा किसी सुरीले गायक अथवा वादक की निगरानी में हुई हो, आकार, इकार, उकार, सरगम, पलटे, तानें अदि रट ली हों, नैसर्गिक कण्ठमाधुर्य प्राप्त हो, शास्त्रग्रंथों द्वारा राग नियम समझकर गा सकना कोई बडी बात नहीं। पर शास्त्रग्रंथों से ही रागों के नियमों का ज्ञान प्राप्त करने के पश्चात् उन्हीं शास्त्रग्रंथों को धुतकार देने की प्रवृत्ति

आजकल हम लोगों में बढ रही है। न परम्परागत चीजों को, न शास्त्रनियमों को सम्हालकर आजकल गाना-बजाना होता है। केवल मनःपूत ऊटपटांग गलेबाजी पर ही जब राग का शृंगार दिखाई देने लगता है तब "इतो भ्रष्टः ततो भ्रष्टः" परिस्थिति देखकर सचमुच जी घबराता है। हमारी सर्वश्रेष्ठ सुंदर रागदारी संगीत का भविष्य संकट में गोते खाता हुआ प्रतीत होता है। अभी हाल ही गुजरे एक जगद्विख्यात कवि की भावना यह थी कि कलावंत की कलाकृति में किसी प्रकार का, न परम्परागत नियमों का, न लोकाचार, शिष्टाचार का बन्धन होना चाहिए। कवि, गायक, चित्रकार, सचमुच निरंकुश हो, तो ही उन्के हृदय की मधुरता जैसी कुछ हो, व्यक्त हो सकती है। यदि यह तत्त्व स्वीकार किया जाय तो हिंदुस्तानी, कर्नाटकी, पाश्चात्य, पौर्वात्य, शिष्टसंमत, लोकसंमत इत्यादि भेद संगीतसे मिट ही जाने चाहिए। चाहे राग हो, धुन हो, हार्मनी हो, ऑरकेस्ट्रा हो, संगीत का व्यक्तिगत ही आविष्कार हो सकता है। जिस किसी व्यक्ति के जैसा कुछ मन में आया, गा बजा दे सकता है। कहते हीं हैं। "गाना रोना कौन नहीं जानता !" मनुष्य स्वभाव में ही यह है। रोने में अवश्य कोई राष्ट्रीय, सामाजिक, प्रादेशिक भेद नहीं होता ; हिंदुस्तानी रोना, कर्नाटकी रोना, पाश्चात्य रोना, पौर्वात्य रोना ये कोई अपने-अपने स्वतंत्र नहीं होते। रोते तो सभी एकसे ही हैं। पर गाना ? गाने में अवश्य ये भेद माने जाते हैं। जब तक राष्ट्रीय, सामाजिक, प्रादेशिक भेद, मनुष्यों की संस्कृति में रहेंगे, तब तक संगीत में भी ये भेद रहेंगे। अखिल मनुष्य जाति का एक ही राष्ट्र बनेगा, एक ही संस्कृति बनेगी तब संगीत के भी ये भेद मिट जाएँगे और ऐसी परिस्थिति में जिस किसी ने जो कुछ गाया-बजाया और उसका परिणाम सब श्रोताओं पर अच्छा हुआ तो वह मान्य होगा। वह संगीत फिर अखिल मनुष्य जाति का संगीत होगा।

(अखिल भारतीय आकाशवाणी के सौजन्य से)

१९

स्वर्गीय पंडित विष्णु दिगम्बर पलुस्कर

स्व. विष्णु दिगंबर पलुस्करजी के सर्वप्रथम दर्शन मुझे १९०८ ईसवी में हुए। इसके कुछ ही दिन पहले बंबई में बादामवाडी में, केनेडी पुल के पास, जहाँ आजकल काँग्रेस हाऊस है, आपने पंजाब से आकर गांधर्व महाविद्यालय की नींव डाली थी। बजाय रोजाना वर्गों के इस स्थान पर संगीत प्रेमियों के लिए हर शनिवार की रात को जलसे किये जाते थे। हरेक जलसे के अंत में, अपने दो खास शिष्य स्व. श्री खांडेकर तथा स्व. श्री ना. मो. खरे को साथ लेकर आप भी गाते थे।

उन दिनों आपके गुरुबंधु श्री अनंत मनोहर जोशी से (जो कि 'अंतु बुवा' नाम से पहिचाने जाते हैं) मैं संगीत की तालीम ले रहा था। बंबई की गुप्त पुलिस (सी. आई. डी.) में मेरे पिता ओहदेदार थे। उन्हें संगीत का बडा शौक था। थोडी सितार भी छेड लेते थे। मेरी और मेरे बडे भाई की संगीत की पढाई के लिए उन्होंनें श्री कृष्णंभट्ट होनावरकरजी को नियुक्त किया। श्री कृष्णंभट्ट होनावरकरजी पतियाला के श्री कालेखाँ के शिष्य थे। संगीत के अद्वितीय अध्यापक की हैसियत से वे उन दिनों बंबई में मशहूर थे। उन्होंनें साल-डेढ साल में मुझे उत्तम स्वरज्ञान दिया। कुछ 'चीजें' और रागों की बढत' भी सिखायी। इनके बाद सन् १९०८ में मैं श्री अंतुबुआ का शिष्य बना। श्री विष्णुबुवा के हर शनिवार की रात को होनेवाले संगीत जलसों में मेरे पिता मुझे ले जाया करते थे। अभी तक मुझे वे जलसे याद हैं। उस समय विष्णुबुवा का भाग्यचंद्र गुण-कीर्ति कलाओं की वृद्धि पाकर प्रकाशमान हो रहा था। आपकी दृष्टि कुछ क्षीण थी; किंतु चेहरा कर्तृत्वशील स्वाभिमानी पुरुष का सा था। आपके गौरवर्ण और सुगठित बदन से देखनेवालों पर आपका गहरा प्रभाव पडता था। पायजमा या पतलून पर फारसियों का सा लंबा काला कोट पहनकर सिर पर कोल्हापूर की फैशन में आप जरीका साफा बांधते थे। आँखों पर काला चष्मा और बूट या पंपशू में आपका व्यक्तित्व निखर उठता था।

परंतु आपकी विशेषता आपकी स्वरलहरियों के साथ ही प्रकट होती थी। आपकी जैसी मधुर और जोरदार आवाज की देन इने-गिने गवैयों में ही मिलती है। यमन में 'बन रे बलैया' ख्याल, पूरिया में 'प्यारे दे गर लागी', बागेश्री में 'कौन गत भई' और खमाज में 'जानकीनाथ सहाय करे तब कौन बिगार करे नर तेरो' भजन आप बहुत ही प्रभावशाली तथा उस्तादी ढंग से गाते थे। मुँह खोलकर, खुली आवाज में गानेवाले क्वचित् ही मिलते हैं। ऐसे ही विशेष व्यक्तियों में सें आप भी एक थे।

मुझे याद है जबकि सन १९१६ में 'गांधर्व महाविद्यालय' सैंडहर्स्ट रोड पर अपनी निजी इमारत में कार्य करता रहा; इसी इमारत में छबाडे, दुबाश लेन में, मैं अपने एक मित्र का मेहमान रहता था। आप विद्यालय की ऊपरी मंजिल पर भजन और 'रामधुन' वगैरह गाया करते

थे। उनका वह गायन मुझे बिलकुल पास बैठकर सुनने का सा आभास होता था। आप जब साप्ताहिक जलसों में गाते थे, तब आपके गुरु बालकृष्ण बुआ की शैली में अच्छी तरह जमकर उस्तादी ढंग से गाते थे। श्रोताओं पर गहरा प्रभाव पडता था। मेरे पिता को वह संगीत बहुत ही पसंद था। यद्यपि मैं छोटा था, दो सालों से संगीत की तालीम पा रहा था, इसीलिए आपके संगीत की रोचकता का अनुभव कर सकता था। आपके जमाने में रेडियो और 'माईक' न थे; होते तो 'माइक' आपके जलसे में लज्जासे मुस्कुराता हुआ कहीं कोने में खडा नजर आता। सिवाय संगीत की कला के आपमें कई महान् गुण थे, जिनके द्वारा आपने अपने गुरुबंधु से ही नहीं किंतु आपके समकालीनों से बढकर अच्छा नाम कमाया है। उस जमाने में हमारा गायक वर्ग व्यभिचारी, सनकी तथा बाहरी दुनिया से किसी प्रकार का संबंध न रखनेवाला अनपढ समाज है, ऐसा माना जाता था। गवैयों तथा बजवैयों की प्रवृत्तियोंके कारण सभ्य और सुशिक्षित समाज में सन्मान का स्थान पाना उनके लिए कठिण था। इस दयनिय अवस्था से आप बडे दुःखी रहते थे। यही कारण है कि आपने निज को तथा अपने शिष्यों को इन बुरी प्रवृत्तियों से दूर रखा। तमाखू या बीडी तो क्या आप सुपारी भी नहीं खाते थे ओर न शिष्यों को ही खाने देते थे। सादे रहनसहन, सुसंस्कृत और सभ्य भाषा का व्यवहार, समय पर काम करने की आदत तथा नियमबद्ध आचरण से आपने विद्यालय के छात्रों के सामने एक पक्का आदर्श खडा किया। इससे विद्यालयको भेंट देनेवालों पर यदि आपकी सभ्यता और विनयशिलता का गहरा प्रभाव पडता तो इसमें आश्चर्य ही क्या?

योजनाबद्ध तथा कल्पनाशील विकास का गुण विष्णु बुवा में पूर्णतया बन पडा था। उनकी योजनाओं से पता चलता है कि एक संगीत शिक्षण संस्था के लिए किन बातों की आवश्यकता है, इसे वे अच्छी तरह जानते थे। संगीत-शिक्षा सफल होने में आवश्यक जो बाते हैं, उनमें गुरु-शिष्यों का सहवास तथा शिष्यों की शारीरिक, मानसिक और व्यावहारिक अनुकूलता को दृष्टिगोचर रखकर श्रेणियाँ बनाना महत्त्वपूर्ण है। इस तथ्य को जानकर आपने अपने छात्रों की दो श्रेणियाँ बनायी थी। एक रोजाना एक-दो घंटों के लिए विद्यालय में आकर संगीत के पाठ लेनेवाले छात्र और दूसरी, केवल संगीत की साधना में दत्तचित्त अपनी आयु उसी कें विकास में लगा देने के लिए तैयार छात्र। दुसरी श्रेणी के छात्रों से नौ-दस साल का एक करारनामा लिखवाकर उनके खाने-पीने तथा रहने-सोने की व्यवस्था विद्यालय में ही कर दी गयी थी। उनको खास तौर पर तालीम दी जाती थी। जहाँ मेरा ख्याल है, ४०।५० छात्र इस विद्यालय से तैयार हो गये होंगे। निस्संदेह गुरुमुख से शिक्षा पानेवाले इनमें इने-गिने ही थे। आपकी आयु के अंतिम १०-१२ वर्षों में विद्यालय का काम बढने से, वृद्धत्व से, संगीत संसार में बढनेवाली चिंताओं से आपको स्वयं तालीम देना कठिन हुआ। आपके ज्येष्ठ और श्रेष्ठ शिष्यों का ही वह उत्तरदायित्व था। यद्यपि विद्यालय में रहनेवाले छात्र उनसे तालीम पाते थे, फिर भी यह कार्य बुवासाहेब की देखरेख में होता था। अपनी सुरीली आवाज, बुद्धिमानी या धूर्तता के कारण, पहली श्रेणी के छात्रों में से कोई चमक उठा हो तो मैं उसे नहीं जानता। मुझे खेदपूर्वक कहना पडता है कि आपके गाने का ढंग जो कि मैंने सुना है,

मानो आज इस संसार से उठ ही गया है । 'गांधर्व महाविद्यालय' की परंपरा को चिरस्थायी बनाने में, दूसरी श्रेणी के छात्रों ने, जो कि विद्यालय में ही रहते थे, काफी हाथ बँटाया है, यह मानना होगा । विद्यालय में रहनेवाले सभी ज्येष्ठ और कनिष्ठ शिष्य पलुस्करजी के निस्सीम भक्त हैं । चाहे मुसीबतों का पहाड क्यों न टूटे, अपनी संस्था के प्रति निष्ठावान बनकर, गुरु की कीर्ति की रक्षा करने के लिये वे आमरण कष्ट उठाते हैं ।

यह तो कोई विशेष बात नहीं कि आजकल का जमाना होड़बाजी का होने से 'एव्हरी थिंग इज् फेअर इन वार एँड लव" जैसे विचार पैदा हो जाय ! परंतु मानना पडेगा कि अपने इच्छित कार्य की महत्ता बुवाजी ने जरूर बढाई है । मेरी राय में हरेक संगीत संस्था को इसी रास्ते पर चलना चाहिए । संगीत की साधना करनेवाले छात्रों में एक श्रेणी ऐसी भी रखी जाय जिसमें छात्र अपने गुरु के सहवास में उन्हीं से तालीम पाए और स्वरों की तथा कलापूर्ण हाथों की कसरत उन्हीं की निगरानी में करें । इसका सीधा अर्थ है कि हरेक विद्यालय का छात्रालय भी एक अंग हो जाय । इसके अभाव में संस्था का नाम रोशन करनेवाले छात्रों की निर्मिति असंभव है; और संगीत में विशेष प्रगति करने की इच्छा करनेवाले विद्यार्थियों को विद्यालयीन वर्गों के अलावा घर पर संगीत की शिक्षा देनेवाले अध्यापक की नियुक्ति करनी पडती है ।

विष्णुबुवा की योजनाबद्धता, कल्पनाशीलता, तथा दूरदर्शिता के प्रमाण स्वरूप हैं :- १) आपका स्वतंत्र रूप से चलाया हुआ संगीत की किताबों का छापखाना और २) वाद्यों का कारखाना । आपको इन कारखानों का भार उठाना, आपकी उस समय की आर्थिक दशा में कदाचित् बडा कठिन मालूम हुआ होगा । द्रव्य रूप से इस समय यदि कोई आपकी सहायता करता तो अपने छापखाने और कारखाने के, गांधर्व महाविद्यालय एक अखिल भारतीय संगीत कार्यालय की तौर पर आज तक सुचारु रूप से चल सकता था । परंतु अपने सामर्थ्य से बढ़कर बोझ उठाने में 'हवाई किलों' की तरह आप सफल न हो सके । बंबई से कर्ज के बोझ के कारण अपना सारा माल असबाब उठाकर आप नासिक गये ।

आप यद्यपि अपने इच्छित कार्य में असफल रहे, आपके बताये हुए रास्ते, अपनाए हुए तरीके वर्तमान संगीत साधकों के लिए बहुत ही उपयुक्त हैं ।

आप बी. ए., एम. ए., तो क्या मैट्रिक भी न थे । शिवाजी, हैदरअली या बादशाह अकबर ने कौनसी मैट्रिक पास की थी ? कलाओं का विकास केवल शिक्षा पर निर्भर नहीं है । आपकी आँखों की रोशनी बचपन में ही किसी दुर्घटना से कम हो गयी थी । फलतः बचपन में ही आपकी स्कूल की पढाई बंद कर दी गयी । आपके पिता के व्यवसाय का संगीत भी एक अंग था । आपकी मधुर आवाज की ओर ध्यान देकर आपके लिए संगीत की पढाई ही अनिवार्य समझी गयी । उस समय तो आपके लिए और कोई चारा न देखकर आपके पिता ने इस कला का आलंबन किया । किंतु पुत्र की उज्ज्वल भवितव्यता का प्रभात देखने वे न रहे । नहीं तो हम जैसे वे भी मानते कि आँखों से संबंधित दुर्घटना एक 'दुर्घटना' न थी बल्कि वह ईश्वरीय 'प्रसाद' था । नियति की गति ही मानो आपको वीणापाणी की साधना में प्रस्तुत

कर संसार का 'पपीहा' बनाना चाहती थी। वरन् आश्चर्य की बात है कि एक हरिकथा करनेवाले गरीब ब्राह्मण परिवार में जन्म लेकर, बिना किसी उच्च शिक्षा के, सिर्फ अपनी बुद्धिमानी, संगीत साधना, कर्तबगारी तथा दृढ निश्चय से कार्य करने की प्रवृत्ति के बलपर उत्तुंग कीर्ति शैल पर विराजित 'श्री' कांत पलुस्करजी अपने सैकडों शिष्यों को आशीर्वाद की छाया देकर, संगीत प्रेमियों पर अपना अटल प्रभाव डालकर, इस लोक से बिदा हुए। अभावों से परिपूर्ण, सहज संगीत की साधना पर, बंबई जैसे बडे शहर में आलीशान निजी इमारत खडी करनेवाले, संगीत की पाठ्य पुस्तकें छापकर तैयार करनेवाले, वाद्यों का कारखाना चलानेवाले, एक खास निजी स्वरलेखन प्रणाली बनानेवाले, जगह-जगह पर संगीत विद्यालयों का निर्माण करनेवाले, और अंत में रामनाम रटते-रटते स्वर्ग सिधारनेवाले, इस महापुरुष पर केवल महाराष्ट्र को ही नहीं, वरन् सारे भारत को गर्व करना चाहिए। केवल अपने को ही नहीं बल्कि अपने परिवार को, अपने समाज को और अपने राष्ट्र को भी संसार में सन्मान का स्थान कमानेवाले व्यक्तियों में से स्व. श्री. विष्णु दिगंबर पलुस्करजी भी एक थे, इसमें संदेह के लिये जरा भी गुंजाइश नहीं है।

भारत के इस महापुरुष को मेरे शतशः नम्र प्रणाम।

(यह वक्तव्य मूलतः मराठी में लिखकर लेखक ने कुछ वर्षों पूर्व आकाशवाणी के पुणे केन्द्र से प्रसारित किया था, जिसका हिन्दी अनुवाद बम्बई के श्री गुणवन्त तावरे ने किया है। -- संपादक)

२०

स्व. श्री राजाभैया पूछवालेजी के प्रति श्रद्धांजलि

श्रीकृष्ण भगवान् के "कर्मण्येवाधिकारस्ते, मा फलेषु कदाचन" उपदेश का अक्षरशः पालन संगीत संसार में यदि किसी नें किया हो, तो वे हमारे स्वर्गीय श्री राजाभैया जी थे, जिनकी संस्मृति में यह श्रद्धांजलि हम लोग अर्पण करने जा रहे हैं । केवल संगीत कला के निरपेक्ष प्रेम के कारण इस महापुरुष का संपूर्ण जीवन इसी कला की सेवा में समर्पित हुआ था । जीवन के पूर्व काल में ग्वालियर संस्थान के एक दफ्तर में श्री राजाभैयाजी काम करते थे । परन्तु संगीत की लगन उनको बचपन से ही लगी थी । उस समय के ग्वालियर के सर्वमान्य संगीत विद्वान स्वर्गीय श्री वामनबुवा देशपांडे तथा स्वर्गीय श्री शंकररावजी पंडित की सेवा दफ्तर की नौकरी भी साथ-साथ सम्हालते हुए श्री राजाभैयाजी ने की जिसके फलस्वरूप लगभग दो-ढाईसौ रागदारी ध्रुवपद एवं ३०० ख्यालों का संग्रह उन्होंने मय गायकी के संपादन किया। इनके अतिरिक्त कुछ छोटे गीत टप्पे, ठुमरी, झूला, सावन इत्यादि तथा सौ-दो सौ तरानेभी उनके संग्रह में थे ।

स्वर्गीय गुरुवर्य भारतखंडेजी को कई वर्षों से ग्वालियर के संगीत-संसार से परिचय प्राप्त करने की उत्कंठा थी। लगभग सन् १९१६ में पंडितजी ग्वालियर संगीत-यात्रा के उद्देश्य से गये । वहाँ बहुत बडे बडे परंपरागत संगीत व्यवसायी विद्वानों से उनका परिचय हुआ, जिन में स्वर्गीय श्री राजाभैय्याजी थे । ग्वालियर के सब संगीत-विद्वानों में से स्वर्गीय राजाभैयाजी पंडितजी को अपने कार्य में अत्यधिक मिली । उसी समय ग्वालियर के स्वर्गीय नरेश माधव महाराज से भी अति घनिष्ठ परिचय पंडितजी को प्राप्त हुआ और वहाँ एक शास्त्रोक्त रीति से चलनेवाली संगीत-पाठशाला खोलने का निश्चय इन दो महानव्यक्तियों ने किया । पाठशाला के अभ्यासक्रम में ग्वालियर में ही प्रचलित एवं वहाँ के लोगों के परिचय के ख्याल, ध्रुवपदादि होना आवश्यक समझकर पंडितजी उनकी तलाश में लगे । इस तलाश में पंडितजी पूर्णतया सफल हुए । जिसका कारण श्री राजाभैया का श्रद्धायुक्त सहकार ही था । वैसे तो ग्वालियर के ख्याल महाराष्ट्र एवं बंगाल में सब गायक लोग गाते-बजाते ही थे और इनका बहुत बडा संग्रह पंडितजी के पास पहले ही इकट्ठा हो चुका था । परन्तु उन पर ग्वालियर की मोहर न थी और स्वयं ग्वालियर में चलाई जानेवाली संगीत पाठशाला में तो ग्वालियर के संमत पाठ उन ख्याल ध्रुपदों के होने चाहिए थे । अतएव इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए पंडितजी को स्व. राजाभैया का ही बहुत बडा सहकार प्राप्त हुवा । राजाभैया ने खुले अंतःकरण से निःसंकोच उनको जितने ख्याल, ध्रुपद, तराने, टप्पे, ठुमरियाँ याद थे, सब पंडितजी की संगीत सेवा में स्वरलिपि बद्ध कर के अर्पण किये । ग्वालियर जाने से पूर्व पंडितजी श्रीमल्लक्ष्यसंगीत, हिंदुस्तानी संगीत पद्धति के प्रथम ३ भाग, अभिनवरागमंजरी, गीतमालिका के २३ अंक, ये सब प्रकाशित कर चुके थे । परन्तु पाठशाला के उपयोग के लिए क्रमिक पुस्तकमाला लिखने

की आवश्यकता पडी और उसमें ग्वालियर प्रणाली से गाए जानेवाले ख्यालों को स्थान देना उचित ही नहीं, वरन् आवश्यक जान पडा। इसी विचार के फलस्वरूप हिंदुस्तानी संगीत पद्धति की क्रमिक पुस्तमालिका छः भागों में प्रसिद्ध हुई, जिसमें स्वर्गीय राजाभैया की सहायता बहुत मिली। अस्तु। इन गीतों कें संग्रह के कार्य के अतिरिक्त ग्वालियर की संगीत पाठशाला के, जो आज भी माधव संगीत महाविद्यालय के नाम से लोक विदित है, संचालन में भी स्व. राजाभैयाजी का ही प्रमुख अंग था। पंडित भातखंडेजी को राजाभैया अपने गुरु मानते थे, और उन्हीं की सूचनाओं के अनुसार उन्होंने माधव संगीत विद्यालय बडी धूमधाम से चलाया और इसमें पूर्णतया यश संपादन किया। यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि स्व. राजाभैयाजी में ही इस पाठशाला के प्राण थे। इसी पाठशाला से उन्होंने प्रभावी गायकों के रूप में अपने अनेक शिष्यों को संगीत संसार में कार्य करने के लिए भेज दिया।

श्री राजाभैया को व्यक्तिशः तो मैं एक अति सुसंस्कृत एवं साधुवृत्ति के पुरुष समझता हूँ। प्रेम की मूर्ति थे। कपट का लवलेश भी उनके स्वभाव में था नहीं, कभी किसी के प्रति रागद्वेश उनके स्वप्न में भी न था। सदा सर्वदा आनंदी वृत्ति, विशाल हृदय, दयार्द्र अंतःकरण इत्यादि गुणों से युक्त, सब के साथ प्रेम का बर्ताव करनेवाले महापुरुष थे। उनकी गायकी का प्रभाव अच्छे गायक वादकों पर पडा एवं वे सब उनको आदर की दृष्टि से देखते थे। उनका वास्तविक नाम बालकृष्ण था और सचमुच वैसे ही बालकृष्ण वृत्तिके ही मूर्ति राजाभैया थे।

स्वयं मेरे लिये तो वे एक परमपूज्य ज्येष्ठ भ्राता के स्थान पर थे। उनका मुझ पर गाढ प्रेम था। अभी हाल मैं मियाँ तानसेन के उर्स में ग्वालियर गया था तब उनके दर्शनार्थ उनके घर गया था। मेरे वहाँ पहुँचते ही उन्होंनें बडी आतुरता के साथ मुझे गले लगाया और प्रेमाश्रुसिंचन करने लगे। मुझे बाबुराव करके पुकारते थे। कहने लगे, "बाबुराव, मैं तो अब कह नहीं सकता कितने दिन जीऊंगा। मैं तैयार हूँ, जब ईश्वर मुझे बुलाए। परन्तु ईश्वर से बार-बार भीख मांगता हूँ कि तुम्हें वह दीर्घायुषी करें और तुम्हारें कार्य में तुमको संपूर्ण यश प्राप्त करा दें।" उन्होंनें मुझे गाना सुनाने की आज्ञा दी और मैं दो बार उनके आगे गया। उनका मन प्रसन्न हुआ। उस समय यही लगता था कि इस आनंदोल्हास से उनके शरीर की प्रकृति में सुधार होगा। किसको क्या खबर थी कि यह उल्हास बुझ जानेवाली ज्योति का अंतिम प्रज्ज्वलन था ?

पिछले रविवार (दि. १-४-५६) के संध्यासमय वे पूर्ण ज्योति में विलीन हुए। शरीरावस्था ७६ वर्षों की थी। संगीत-संसार में इस महापुरुष का नाम एवं चारित्र्य चिरस्मरणीय रहेगा, इसमें संदेह नहीं।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।

(अखिल भारतीय आकाशवाणी के सौजन्य से)

२१

आफताबे मूसीकी उस्ताद फैयाज खाँ : श्रद्धांजलि

हिंदुस्तानी संगीत-संसार में आज अंधकार हो गया। इस कला का सूरज अस्तमान हो गया। आज लगभग ६० वर्ष संगीत के वातावरण के उच्चतम स्तर पर भ्रमण करते हुए संगीत-प्रेमियों को उज्ज्वल ध्वनि ऐश्वर्य का अनुभव करा देनेवाला फरिश्ता अपने धाम चला गया। अब हम लोग कैसे, कहाँ से उस सुख का, उस आनन्द का अनुभव करेंगे जो स्वर्गीय खाँ साहब अपने गले से निकलते हुए ध्वनिसौंदर्य से कराते थे। हमारी संगीत को हुई हानि का कोई पार नहीं है, जो मेरे पूज्य गुरुवर फैयाज खाँ साहब के परलोकवास से हुई है। क्या वह हानि भर आ सकती हैं ? कभी नहीं।

आज से लगभग ३३ वर्ष पूर्व जब मैं बडौदा पहुँचा, तब प्रथम मुझे खाँ साहब के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मेरे पिता मेरे साथ थे। बड़ौदा के एक बाजार में हम लोग कुछ सौदा खरीदने गए थे। वहाँ खाँ साहब भी उसी कार्य के लिए बाजार में पधारे हुए थे। बड़ौदा में खाँ साहब के ही पास सीखने के लिए स्वर्गीय पंडित भातखंडेजी की सिफारिश से मैं गया हुआ था। मेरे पिता ने खाँ साहब की ओर इशारा करते हुए कहा, "ओ देख, तेरे उस्ताद, जिनके पास तालीम लेने तू यहाँ आया है।" मैंने देखा, तो एक नितान्त सुन्दर रुबाबदार मूर्ति, सफेद पायजमा और पतला कामदार सफेद अंगरखा, जिसके अन्दर से एक रंगीन जाकिट चमकता था, पहना हुआ, और सिर पर एक गोल भरजरीदार टोपी टेडी दी हुई, चेहरे पर जोश की सुर्खी नजर आयी। देखते ही मैं आनन्द से लगभग नाचता रहा। पिताजी ने मुझे खाँ साहब के पास ले जाकर मुझसे पैलगी कराकर मेरी उनसे पहचान करा दी। खाँ साहब ने दुवा दे कर कहा, "अच्छा बेटा, खुश रहो। अब किसी दिन आकर मुझसे मिलना, मैं तुम्हें नाड़ा बाँधकर तुम्हारी तालीम शुरू करूँगा।" खैर, नाड़ा बँधवा कर मैं खाँ साहब के घर जाने लगा। यह वाकया अगस्त १९१७ का है। तब से सन् १९२२ तक मैं बड़ौदा रहा और मेरी तालीम चलती रही।

संगीत के उस्तादों के संबंध में मैं बहुत कुछ सुनता था कि वे लोग शागिर्दों से अनजानी खिदमतें लेते हैं, उनकी बहुत परीक्षा करते हैं, अपने बाल-बच्चों को शागिर्दों से लुक-छिपकर असली तालीम देते हैं इत्यादि। पर खाँ साहब के संबंध में मेरा अनुभव इससे बिलकुल उलटा रहा। अपने और कार्यों में व्यस्त होते हुए भी यदि रात के दस-बारह बजे तक भी मैं उनके घर पहुँचता तो मुझे पास बिठाकर बताते। विशेषतः मेरे स्वर्गीय गुरुवर पंडित भातखंडेजी के प्रति खाँ साहब के मन में आदर और प्रेमभाव था और उनका भेजा हुआ होने से मुझ पर खाँ साहब विशेष कृपा रखते थे। मुझे किसी अन्य काम में मन न लगाते थे। यदि स्वयं कुछ सेवा करने जाऊँ तो रोकते थे। खाँ साहब का प्रेम अभी तक मुझ पर वैसे ही रहा।

खाँ साहब एक गंभीर प्रकृति के परन्तु प्रेम से भरे हुए व्यक्ति थे। जितना गंभीर और मधुर उनका कंठस्वर था उतना ही गंभीर और प्रेमी वह हृदय था, जिससे वह अनुपम कंठस्वर एवं चिरस्मरणीय राग विलास व्यक्त होता था और सहस्त्रों आबालवृद्धों को अपनी ओर खींच लेता था। अब वह कंठस्वर, वह रागालाप, वह सुहावना मुखविलास, वह मनोहर वाणी, वह प्रत्यक्ष मूर्ति, जो स्वयं कोई जीता-जागता राग ही श्रोताओं में अपनी कहानी कहती हुई मालूम होती थी, सदा के लिए परब्रह्म में विलीन हो गई।

खाँ साहब की गायकी का वर्णन मैं किन शब्दों में करूँ ? रागदारी संगीत से प्रेम रखनेवाला ऐसा कौन व्यक्ति है, जिसने खाँ साहब का गंभीर और श्रोताओं के हृदय तक पहुँचकर उसमें आनन्दोर्मियाँ उठानेवाला कंठस्वर, किसी भी राग की जीती-जागती मूर्ति सामने खडी करके जादूगर की भाँति उसको हँसाने-रुलानेवाला राग, शृंगार, मनमोहनी रीति से किए हुए शब्दोच्चार, किंबहुना स्वर, लय की भाषा में आत्मनिवेदन न सुना हो ! लगभग ७० वर्ष की अवस्था में घनगंभीर कंठस्वर में इस नए संसार में भला कौन गा सकता है ? ख्याल गायकी में नवज्योति उत्पन्न करके उसको चमकती रखनेवाला यह पुजारी चला गया। देव द्वार सूना पडा है। अब हम लोग किस अधिकार से गाएँ-बजाएँ ? अब दूसरे फैयाज खाँ साहब कहाँ से लायेंगे ? मेरे लिए तो रागदारी संगीत की दुनिया ही मिट गई।

खाँ साहब के चरणों में मेरा शतशः नम्र प्रणाम।

ईश्वर खाँ साहब की आत्मा को शान्ति प्रदान करें।

(अखिल भारतीय आकाशवाणी के सौजन्य से)

२२
उद्घाटन भाषण

उपस्थित सज्जनो और देवियो,

बहुत प्रसन्नता का सुयोग है कि मुझे आज इस सभा में सम्मिलित होने का अवसर मिला। यह सभा संगीत-शिक्षकों की है, और मैं भी एक संगीत-अध्यापक ही हूँ। पूर्वकाल में किसी समय मैं एक छोटा-मोटा गायक भी था, पर आज इस ढलती अवस्था में मेरा गायकत्व अब गौण है। वैसे भी मेरा जीवन अधिकतर संगीत-अध्यापन कार्य में ही बीता है और अब भी वही कार्य कर रहा हूँ अतएव यह मेरे बांधवों की सभा है। यशस्वी गायक वादक गण हम संगीत-अध्यापकों पर दया दृष्टि से कृपा रखते हैं। कहते हैं "अरे ये निरे गायन मास्टर हैं गवैया तो निराला होता है" अवश्य यह उनका कहना मान्य है। पर नत्थन खां, तानरस खां, इमदादा खां सितारिये, बंदेअली खां बीनकर, बालकृष्ण बुवा इचलकरंजीकर, अल्लादिया खां, अब्दुलकरीम खां, तथा आफताबे मूसीकी फैयाज खां साहब इत्यादि अग्रगण्य गायकों- वादकों के उस्तादों के नाम कितने लोग जानते हैं ? जिन्होंनें इन गायक-वादकों को प्रकाशमान किया वे लोग संगीत-अध्यापक ही थे। प्रवीण गायक वादक तो थे ही पर महफिलों में गाकर लोगों को रिझाना उन्होंने पसंद न किया होगा। पर जैसे अंग्रेजी में एक कहावत है - ..." Every tree is known by its fruit" अर्थात् फल का पेड अच्छा अथवा बुरा है, उसे उसका फल चखकर भाँपा जा सकता है। इसी प्रकार जिस गुरु का शिष्य ऐसा चमके कि जिसका नाम अखिल देश एवम् इतिहास में एक आदर्श के रूप में लिया जाता हो, वह गुरु एक अधिकारी पुरुष होना ही चाहिए। मेरे एक गुरुबन्धु जब गायक, वादक तथा संगीत-अध्यापक की तुलना की चर्चा उपस्थित होती थी तब कहते थे "अरे हमलोग - वे भी एक संगीत-अध्यापक कहिए - तो गायक वादकों के गढने बाले हैं, महफिलों में लोगों को रिझाने वाले नहीं हैं। संगीत-श्रोताओं के सम्मुख अपने शिष्यों के गायन-वादन रूप में संगीत कला का आदर्श रखने वाले हम लोग हैं। आपद्धर्म के समान कुछ लोगों को यह बात अवश्य प्रतीत होगी तथापि मेरे उक्त गुरु बन्धु के विधान में कुछ तथ्य अवश्य हैं।

पाश्चात्य देशों के संगीत-संसार में संगीत अध्यापक तथा संगीत-सभा में गाने बजाने वाले ऐसे दो स्वतंत्र वर्ग संगीत व्यवसायी लोगों के माने गये हैं। वहाँ संगीत अध्यापक महफिल में गाने बजाने का कार्य नहीं करते और न महफिल में गानेवाले संगीत अध्यापक का कार्य करते हैं। यह व्यवस्था वहां भी तब हुई होगी जब संगीत छात्रों की संख्या बढने लगी, यहां तक कि शिक्षा-संस्थाओं के निर्माण की आवश्यकता आ पडी। उसके पूर्व गुरु शिष्य परंपरा वहां भी प्रचलित थी क्योंकि छात्रों की संख्या बहुत मर्यादित थी। संगीत में विशेष अनुकूल कंठस्वर व कुशाग्रश्रवण क्षमता रखने वाले व्यक्ति ही किसी सर्वमान्य प्रतिष्ठित कलाकार के पास जाकर वर्षों उनके साथ रहकर संगीत कला प्राप्त कर लेते थे। हमारे यहाँ भी यही प्रथा

अभी अभी चंद वर्षों तक प्रचलित थी । अब समय-परिवर्तन के कारण यहां भी गुरु शिष्य परंपरा प्रचलित रखना असम्भव सा ही हो गया है ।

विगत काल में राजाश्रय था, इसलिए गायक वादकों को उदर-निर्वाह की चिन्ता नहीं रहती थी । केवल अपने अन्नदाता की इच्छा, आदेश के अनुसार कभी दरबार में जाकर गाना-बजाना बस यही उनका कार्य था, शेष सब समय वे मुक्त ही रहते थे । ऐसी परिस्थिति में उनको शुल्क लेकर किसी को संगीत शिक्षा प्रदान करने की आवश्यकता नहीं थी । कोई उनके पास सीखने आये तो उसको प्रथम दीक्षा-जिसको गंडा अथवा नाडाबंधी कहते थें देकर अपना शिष्य बना लेते थे । इस गंडाबंधी में उच्च धार्मिक भावना थी । जिसको गंडाबंध शागिर्द बना लिया हो, उसको लगभग गुरु के कुटुंब का ही एक व्यक्ति समझा जाता था । अध्यापन कार्य तो गुरु की लहर पर निर्भर था । शिष्य को प्रातःकाल प्रतिदिन मन्द्रषड्ज के साधन में, जिसको खरज भरना कहते हैं - जुटाकर, महीनों तक कोई पाठ पढाने का नाम नहीं, शिष्य से नौकर की भाँति चाहे जो काम कराये जाते थे । झाडू लगाना, बाजार से सौदा लाना, उस्ताद के पैर दबाना इत्यादि-इत्यादि । कही एकाध समय उस्ताद की इच्छा हुई तो कुछ प्रसाद मिलता था । पर गुरु घर में जो संगीत चर्चा अन्य गायक वादकों के साथ होती रहती थी उसमें कोई प्रत्यवाय (बाधा) नहीं था. उस समय के उस्तादों की बातचीत तो संगीत के ही संबंध में होती थी, क्योंकि अन्य किसी विषय से वे परिचित थे ही नहीं । उस्ताद का सभागायन कहीं होता तो उसमें भी शिष्य के लिए मुक्त द्वार ही था, शिष्य को अपने साथ गुरुजी ले ही जाते थे । इन बातों पर हम लोग हंसते हैं, पर जरा सूक्ष्म विचार करके सोचा जाय तो इस गुरु शिष्य परंपरा में बहुत कुछ लाभदायक गुण थे । महीनों तक षड्ज साधन में बिताना आजकल हम लोगो को व्यर्थ समय नष्ट करना जैसा प्रतीत होता है । पर नहीं, कंठस्वर में स्थिरता, ओज एवम् श्वास नियंत्रण के लिए यह साधना अत्यावश्यक है । जब तक कंठस्वर पर अधिकार प्राप्त न हो, कांपते हुए, हांफते हुए, रूखे सूखे गले से गाना, न सुर में, न राग में संभव होगा न कान सुरीले होगें । बीच बोने के पूर्व भूमि हल जोतकर नरम कर लेनी चाहिए । इसी प्रकार किसी राग को, किसी गीत को गले में बिठाने के पूर्व गले को अधिकार में लाना आवश्यक है ।

आजकल परिस्थितिवश किसी के पास महीनों तक खरज भरने को न समय है, न उतना किसी को धीरज है । "कितने दिन में हमें गाना आएगा " यह प्रश्न पूंछने वाले अनेक छात्र मेरे लखनऊ के कालेज में भरती होने के लिए आते थे । सिर के बालों की भांति कितने दिन में आने वाली वस्तु संगीत नहीं है । विगत काल से उस्ताद लोग महीनों, वर्षों तक यदि षड्ज साधन में लगाते थे तो वह ठीक था । शिष्य से सेवा लेना, यह भी संभव है उस गुरु शिष्य परम्परा का एक अंग ही था । खरज साधन और गुरु सेवा ये दो कसौटियाँ छात्र अपने ध्येय में अर्थात् संगीत में प्रावीण्य प्राप्त करने के ध्येय में - कहां तक पक्का, कहां तक मजबूत है उसे जांच करने के लिए थीं । इसके अतिरिक्त प्रत्यक्ष शिक्षा आरम्भ होने के पहले गुरु घर में होती हुई संगीत चर्चाएं जिनमें कि गायक वादक लोग पुरानी परम्परागत रचनाएं भी

गाया-बजाया करते थे - उस्तादों के संगीत सभाओं में होने वाले गायन-वादन प्रयोग एवं कलाकारों की साथ-संगति इत्यादि के द्वारा छात्र के कान पहिले ही सूरीले रागीले हो जाते थे, कई पुरानी रचनाएं उसकी सुनी हुई होती थी। कुछ उसमें से जिव्हाग्र भी होती थीं। इतनी पूर्व तैयारी होने के पश्चात् प्रत्यक्ष शिक्षा में उसे रुचि होती हो एवं लगन के साथ उस्ताद के पढाये हुए पाठ वह दुहराता होगा, इसमें आश्चर्य ही क्या ?

पर आज वह परिस्थिति नहीं रही। गायक-वादकों का राजाश्रय छट गया। उदर-निर्वाह के लिए संगीत परिषदों में अथवा खानकी महफिलों में गाने बजाने की आवश्यकता आ पडी है। संगीत-अध्यापकों को घर-घर भटकते हुए प्रायव्हेट ट्यूशन करते हुए मासिक शुल्क, मासिक वेतन द्वारा अपना उदर निर्वाह करना पड रहा है। प्राचीन समय में दरबार हाल में अथवा किसी धनी व्यक्ति के घर के सभा मंडप में सवा सौ श्रोताओं को अपना गाना-बजाना सुनाना पडता था परन्तु अब उसके स्थान पर गायकों को संगीत-परिषदों में हजारों श्रोताओं को, जिनमें प्रदेश के मंत्री महोदय से लेकर होटल के छोरे तक, सब सामाजिक स्तर के व्यक्ति रहते हैं, रिझाना पडता है। "भिन्न रुचिर्हि लोकः" के न्याय से फलतः आज के गायकों को हरफन मौला बनना पडता है।

विगतकाल में जहां दो चार ही भूले भटके छात्र किसी नामी कलाकार के पास दौडते थे, वहां दो सौ-चार सौ छात्र संगीत सीखने वाले हो गये हैं। अतएव संगीत-शिक्षण संस्थाएं, स्वरलिपियां एवं पाठ्य पुस्तकों की आवश्यकता स्वभावतः ही उत्पन्न हुई है। प्राचीन परम्परा के कुछ लोगों का विचार है कि यह सब निरर्थक है, इससे गाना-बजाना नहीं आता। इस विचार से तो केवल संगीत के ही क्षेत्र में क्यों, अन्य सब सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी भाषा की लिपि, पाठ्य पुस्तकें, शिक्षा केन्द्र निरर्थक ही समझना चाहिए। अति प्राचीन समय में क्या वेद, क्या पुराण, क्या दर्शन, काव्य इत्यादि सब कण्ठस्थ करने पडते थे। क्योंकि उस समय लिपि नहीं थी। पर क्या यह लिपि भी परिपूर्ण है ? क्या लिपि में जिन-जिन शब्दों पर जोर देना होता है उन पर कोई वैसे चिन्ह होते हैं ? मान लीजिए कि एक वाक्य है "मैं आज रायपुर जा रहा हूँ" यही वाक्य उसमें आये हुए शब्दों पर क्रमशः जोर देते हुए कहा जाय तो इसी एक वाक्य के छः भिन्न भिन्न अर्थ-आशय होंगे। उदाहरणार्थ "आज रायपुर कौन जा रहा है" के उत्तर में "मैं" पर जोर देकर वाक्य कहा जाएगा। "आप रायपुर कब जा रहे हैं " इस प्रश्न के उत्तर में "आज" पर जोर देकर कहा जायगा। 'आप आज वहां जा रहे हैं के उत्तर में "रायपुर" पर जोर देकर बोला जायगा। "क्या आप आज रायपुर नहीं जा रहे हैं" ? के उत्तर में "जा" पर जोर देकर बोला जायेगा। "क्या आप को आज रायपुर जाना है ना ? के उत्तर में "रहा हूं" पर जोर देना होगा। अतएव लिपि सम्पूर्ण न होते हुए भी केवल सन्दर्भ के द्वारा यही वाक्य उचित शब्दों पर जोर देकर कहा जाएगा। इसी प्रकार संगीत स्वरलिपि भी प्रस्तुत राग में आवश्यक यथायोग्य स्वरोच्चारों के अनुसार पढी जायगी। जिस प्रकार अन्य सब विषय उसके निरासाहित्य पढकर समझ में नहीं आते, उसके लिए गुरुमुख से ज्ञान एवं अनुभव की आवश्यकता होती है उसी प्रकार संगीत में भी स्वरलिपि पाठ्य पुस्तकों के होते

हुए गुरुमुख से विद्याग्रहण करने की आवश्यकता होती है । लिपि एवं पाठ्य पुस्तकों की आवश्यकता तभी उत्पन्न हुई जबकि छात्रों की संख्या बहुत बढ गई । पर प्रत्यक्ष बोलचाल में केवल लिपि ही काम नहीं देती, भाषा बोलने वालों के सम्पर्क में आने पर ही यथोचित उच्चार, यथोचित कंठस्वर के उतार-चढाव सधते हैं । कोई व्यक्ति किसी भाषा लिपि से परिचित होते हुए भी यदि उस भाषा के प्रत्यक्ष सम्भाषण में रहते हुए स्वभाव से परिचित न हो तो वह निराक्षर पढने वाला ही रहेगा । उसमें अर्थ कुछ न होगा । इसी प्रकार निरे स्वरलिपि में लिखें हुए स्वर तथा उनमें आनेवाले गीत के शब्द पढने से गीत का यथोचित परिणाम सुनने वाले पर न होगा । इसी कारण गुरुमुख से उस गीत को सुनकर सीखने की आवश्यकता रहती है कि वह किस प्रकार गाया-बजाया जाता है इस प्रकार गुरुमुख से कई रचनाएं सुनकर उनकी विशिष्ट्य परम्परा, जिसको हम लोग आज घराना कहते हैं - ठीक समझ में आने के पश्चात केवल स्वरलिपि द्वारा भी गीत ठीक गाया-बजाया जा सकता है । पर सामुदायिक शिक्षा में स्वरलिपि तथा पाठ्य पुस्तकों की आवश्यकता तो रहेगी ही ।

आज की शिक्षा प्रणाली में स्वरज्ञान तथा तालों का पर्याप्त परिचय क्षात्रों को आरंभ में ही कराया जाता है । शिक्षा में अध्यापक पाठ्यपुस्तकों में दिये हुए पाठों के आधार पर सब राग एवम् उनकी परम्परागत रचनाएँ स्वयम् बार-बार दुहराते हुए क्षात्रों से दुहरवाते रहते हैं । स्वरज्ञान व तालज्ञान रखते हुए संगीत श्रेणी में क्षात्र एक ही स्तर के नहीं होते । इनमें कुछ के श्रवण कुशाग्र नहीं होते । जो राग यथोचित स्वरोच्चार ग्रहण कर लें तो कुछ क्षात्रों के गले साफ एवम् मधुर नहीं होते, चाहे उनके कान श्रवण कुशाग्र क्यों न हों । ऐसे भिन्न-भिन्न अंग स्वभाव के छात्रों की श्रेणी चलाना आज एक समस्या ही है । ऐसे छात्र जिनमें संगीत साधना के लिए आवश्यक सब गुण हो सौ में पांच न होंगे । संगीत साधन के लिए आवश्यक सब गुणों के स्वभावतः धनी व्यक्ति को भी वातावरण, आर्थिक परिस्थिति, समय सुलभता अनुकूल हो तभी वह संगीत कला में प्रगति कर सकता है । आज अभी तक वह समय नहीं आया है कि संगीत में अनुकूल कंठस्वर श्रवण कुशाग्रता, लय का अवधान रखने वालों को ही संगीत शिक्षा केन्द्रों की श्रेणियों में प्रवेश दिया जाए तथा कंठस्वर की जाति उच्चता-नीचता की मर्यादा, रसग्रहण इत्यदि के अनुसार क्षात्रों की श्रेणियां बनाई जाय । आज कल तो आवाज चाहे मोटी, भारी ढाले स्वर की हो, चाहे पतली ऊंचे स्वर की हो, क्षात्रों को एक ही श्रेणी में इकट्ठा बिठाकर सिखाया जाता है । क्षात्रों की सांगीतिक अनुकूलता प्रतिकूलता की दृष्टि से उनका चुनाव तथा श्रेणियों की रचना करना कठिन है क्योंकि शिक्षा केन्द्रों की आर्थिक क्षमता इतनी नहीं है कि गिने चुने क्षात्रों की श्रेणियों का एवम् कंठ स्वर के अनुसार केवल ध्रुवपद शैली, ठुमरी शैली, टप्पाशैली की स्वतंत्र श्रेणियों का प्रबंध शैलियों के विशेषज्ञ अध्यापक गण रखकर कर सकें । पर संगीत शिक्षा केन्द्रों का यह एक ध्येय होना चाहिए कि प्रथम तीन वर्षों तक एक सर्व साधारण पाठ्यक्रम रखकर ध्रुवदशैली, ख्याल शैली, ठुमरी टप्पा शैली, इत्यादि में छात्रों के कंठस्वर एवम् अंग स्वभाव के अनुसार पाठ्यक्रम रखना चाहिए ! पर इसमें केन्द्रों को द्रव्य सहायता की अत्यन्त आवश्यकता है । इस समय यही हो सकता

है और हो भी रहा है कि पांच वर्षों का एक सर्व साधारण पाठ्यक्रम चलाकर तत्पश्चात् वे क्षात्रगण जिन्हें संगीत में विशेष प्रगति करने की इच्छा हैं किसी सर्वमान्य विशेषज्ञ के पास जाकर उनसे शिक्षा लेते हुए आगे बढे । प्रयोगात्मक संगीत में निष्णात कलाकारों को संगीत परिषदों से रेडियो से एवम् उनके भक्त लोगों से पर्याप्त धन लाभ होता है । इन कलाकारों की मासिक आय किसी प्रथम श्रेणी के सरकारी अधिकारियों के वेतन से कम नहीं हैं । वे कलाकार शिक्षा केन्द्रों में संगीत अध्यापन तो अलग रहा, वर्ष भर में दो तीन महीनो के लिए केन्द्र के छात्रों को केवल अपना गाना-बजाना आदर्श रूप में सुनाने के लिए भी यदि उनको बुलाए जाय तो प्राप्य नहीं रहते हैं । उनमें आर्थिक हानि है, यह उनकी भावना रहती है । संगीत शिक्षा केन्द्रों में उनको रखना केन्द्रों की आर्थिक क्षमता देखते हुए असंभव है और वह निष्फल भी सिद्ध हुआ है । कुछ केन्द्र ऐसे हैं, जिनकी आर्थिक क्षमता इतनी है कि वे बडे बडे वेतन देकर अग्रगण्य कलाकारों को सदा के लिए अध्यापन कार्य के लिए नियुक्त कर सकते है और ऐसी समर्थ संस्थाओं में यह करके भी देखा है पर अभी तक कोई निष्णात सर्वमान्य कलाकार उन संस्थाओं से भी तैयार होकर निकला नहीं । इससे यही सिद्ध होता है कि अन्य शिक्षा केन्द्र जो चले रहे हैं, जिनमें अनुभवी अध्यापक, जो प्रयोगात्मक संगीत में कुछ अधिकार रखते हैं, कार्य कर रहे हैं, वे ही ठीक हैं । वैसे तो "गाना रोना किसको नहीं आता" यह कहावत एवम् उसके उलटे "कलाकार वही होता है जिसमें जन्मतः ही संगीत के लिए अनुकूल होते हैं " दोनों अपने स्थान पर ठीक ही हैं । पर बिना संगीत के मनुष्य जीवन पशु जीवन ही रहता हैं । संगीत सुनने की इच्छा, मैं समझता हूं, मनुष्य मात्र में होती है । उनमें से एक प्रतिशत व्यक्ति भी संगीत सीखने की इच्छा रखता है, तो भी संगीत छात्रों की संख्या पर्याप्त बढ जाती है । यहां तक कि व्यक्तिगत अध्यापन तो दूर रहा सामुदायिक शिक्षा केन्द्रों की संख्या भी, जो आज कार्य कर रहे हैं, पर्याप्त नहीं है ।

जैसे मैं पहले ही कह चुका हूं कि आधुनिक शिक्षा में स्वर ज्ञान, ताल ज्ञान, आरंभ से ही कराकर तत्पश्चात् राग, परंपरामत रचनाएँ, उनकी गायकी इत्यादि सिखाया जाता है । पाठ्य पुस्तकों के आधार पर पाठ्यक्रम, परीक्षाएं इत्यादि सब कुछ हैं । पर इन सब सुविधाओ के ही फलस्वरूप छात्रों के नित्य नियमित यथोचित एवम् पर्याप्त स्वाध्याय करने की ओर बहुत दुर्लक्ष हो रहा है । छात्रों के मस्तिष्क में संगीत लिखा रहता है, पर कंठस्वर में तथा वादन के छात्रों के हाथ की उंगलियो में लिखा नहीं रहता क्योंकि अभ्यास नहीं है । फलतः संगीत केन्द्रों से शिक्षा एवम् उपाधियाँ प्राप्त किए हुए छात्रों में अधिकतर ऐसे ही होते हैं जो अपने मस्तिष्क से गाना-बजाना करते है गले से अथवा हाथ से नहीं कर सकते । शिक्षा श्रेणी में भी छात्र पाठ्य पुस्तक में दी हुई स्वरलिपि पढते हुए अध्यापक के साथ-साथ उसी को सुनते हुए दुहराते रहते हैं । कान एवम् आंखों में यह शिक्षा विभाजित होती है । संगीत का प्रवेश द्वार तो कान है आँखे नहीं तथापि ऐसी द्विदली शिक्षा में आँखें कानों पर मात करती हैं और सीखे हुए पाठ मस्तिष्क में पहुचते हैं न कि गले के साथ में । शिक्षा लेते समय पाठ्यपुस्तक छात्रों के सन्मुख कभी नहीं रहनी चाहिए, न उसके स्वाध्याय में भी पाठ्य पुस्तके सन्मुख रहनी

चाहिए। पाठ्य पुस्तकें तो केवल संगीत रचनाएँ सुरक्षित रखने के लिए हैं ताकि उनके विस्मृत हो जाने पर उनमें देखकर पुनः स्मृति जागृत की जा सके। संगीत एक श्रवण विद्या है, यह सत्य नहीं भूलना चाहिए।

संगीत अध्यापन भी एक महत्त्वपूर्ण एवम् उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य है। गायन में छात्रों के कंठस्वर एवम् वादन में उनकी उंगलियां ये दोनों अध्यापक के हवाले की हुई मूल्यवान एवम् नाजुक वस्तुएं हैं, सुन्दर स्वरूप देना उसका परम पवित्र कर्तव्य है। इनको यथायोग्य संस्कार न देकर भलती ही रीति से, ऊटपटांग लिखना, उदाहरणार्थ कंठस्वर की जाति, शक्ति, ऊंची मर्यादा, श्वास नियंत्रण की क्षमता पर ठीक लक्ष्य न करके सिखाकर उसको सदा के लिए बिगाड देना, एक भारी अपराध है।

एक संगीत अध्यापक को, चाहे वह भले महफिल में गाने बजाने का अभ्यस्त न भी हो, अच्छी सुरीली संगीत रचनाओं के यथोचित स्वरोच्चार शब्दोच्चार में कुशल, ताल पर अच्छा अधिकार रखने वाला होना ही चाहिए। प्रथम दो तीन वर्षों की श्रेणियां सिखाते समय अध्यापक को चाहिए कि वह स्वयम् अपने कंठ से क्षात्रों को राग एवम् उसकी रचनाएँ बार-बार सूनाता रहे। इसलिए उसका अपना कंठस्वर पर्याप्त अभ्यस्त होना चाहिए। अपने गाने-बजाने से छात्रों पर प्रभाव डालने वाला अध्यापक ही क्षात्रों का विश्वास पात्र होगा। नहीं तो क्षात्रों के मन में आदर की भावना उसके लिए नहीं होगी।

अध्यापक को सदा क्षमाशील, सहनशील रहना चाहिए। क्षात्रों पर गुस्सा करते हुए सिखाना अच्छा नहीं होता। गुस्से में स्वयम् बेसुरा बेताला होने का डर रहता है। क्षात्रगण तो गलतियाँ करते ही रहते हैं। उन पर बिगडकर उनकी गलतियाँ दुरुस्त करने से उसका कुछ फल नहीं होता। ठीक गलती समझाते हुए, अपने गले से शुद्ध उच्चार उनको सुनाते हुए उनको सिखना चाहिए। श्रेणीमें छात्र यदि व्रात्यपन करते हैं, चलते हुए पाठ्यक्रम पर ध्यान नहीं देते तो उसको यही समझना चाहिए कि स्वयं अध्यापक में ही कोई कमी है। राग नियम, संगीत शास्त्र की परिभाषा, ताल नियम, गीत प्रबंधों की रचनाएं एवं उनके नियम, गायन शैलियों के नियम इत्यादि से संगीत अध्यापक को भलीभांति परिचित होना अत्यावश्यक है।

संगीत शिक्षा केन्द्रों के लिए, मेरी समझ में छात्रावासों का, जिनमें विशेषज्ञता प्राप्त करने का ध्येय रखने वाले छात्रों को ही प्रवेश प्राप्त हो, रहना आश्यक है। केवल श्रेणी में पाठ ग्रहण कर चुप रहने वाले छात्र कदापि आगे बढ नहीं पायेंगे। यदि कुछ छात्र श्रेणी में प्राप्त किये हुए पाठ को घर पर दुहराते भी हों, तो भी उनके स्वाध्याय पर अध्यापकों की निगरानी रहनी चाहिए। यदि स्वाध्याय में कोई छात्र बेसुरा, बेलय होकर गाता हो और वही बेसुरापन, बेलयपन उसके मस्तिष्क में बैठ जाय तो उसका निकालना कठिन हो जाता है। विशेष छात्रों पर अध्यापकों की निगरानी अवश्य होनी चाहिए। यह गुरुगृह बास जैसा ही होता है, क्योंकि छात्रावास की देख-भाल के लिये कोई अध्यापक नियुक्त होता है और होना चाहिए।

संगीत शिक्षा केन्द्रों में अच्छा पुस्तकालय, ग्रामोफोन तथा ध्वनिमुद्रिकाएं, रेडियो,

टेपरेकार्ड, गले की तथा कान की रचना को समझाने वाले उनके घटकों के मिट्टी के प्रतीक नृत्य सिखाया जाता हो तो उनकी हस्तमुद्राओं के भी प्रतीक इत्यादि होने चाहिए । छात्रों के अवलोकन, संशोधन यात्राओं का भी प्रबंध रहना चाहिए जिससे जहाँ कहीं संगीत परिषद, संगीत सम्मेलन, संगीत महोत्सव होते हों उनमें छात्रों को अध्यापकों के साथ जाकर कलाकारों से प्रत्यक्ष परिचय प्राप्त करना, उनका गाना-बजाना के व्यय में स्वयं कुछ भी सुविधायें प्राप्त हों। छात्रों को इन यात्राओं के रेल कन्सेशन, व जहां जाना है वहां की शिक्षण संस्थाओं के अधिकारियों से प्रार्थना करके ठहरने, भोजन इत्यादि का प्रबन्ध करा सकने का प्रयत्न भीं करना चाहिए ।

हर संगीत शिक्षा केन्द्र को चाहिए कि वह साप्ताहिक अथवा पाक्षिक संगीत का कार्यक्रम रखे, जिनमें शहर के संगीत प्रेमियों को भी निमंत्रण दिये जायं । उन कार्यक्रमों में केवल अध्यापकगण ही नहीं, छात्रों का ही अधिकतर गायन-वादन रखा जाय । मैं तो कहूंगा कि एक सत्र में कम से कम दो कार्यक्रम प्रत्येक छात्र को देना चाहिए । परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए यह एक अनिवार्य नियम बनाना चाहिए । संगीत तो प्रत्यक्ष प्रयोग की कला है। इसलिए सभा गायन-वादन का अभ्यास छात्रों को होना ही चाहिए ।

इन सब सूचनाओं का पालन करने के लिए संस्था के पास पर्याप्त धन की आवश्यकता पडेगी यह बात मैं समझता हूँ, पर सस्ते सौदे में तीन भाग पानी और एक भाग दूध लेने के बजाय अधिक दाम देकर निरा दूध लेने में अधिक लाभ है यह बात समझ लेने के लिए विशेष बुद्धिमानी की आवश्यकता नहीं । पर चूहों के समाज में "बिल्ली के गले में घंटी कौन और किस प्रकार बांध सकेगा" यह समस्या रहती है, वही बात संगीत शिक्षा केन्द्रों के चरित्र में रहती है ।

मैंने आप लोगों का अधिक समय नष्ट किया है उसके लिए क्षमा चाहता हूं । इस सभा के आयोजक मेरे मित्र श्री अरुणकुमार सेन तथा उनके सहकारी गण का अभिनन्दन करते हुए उनके कार्य पर सरस्वती माता का सदा वरद हस्त रहे, उनको अपने कार्य में सदा यश प्राप्ति हो, यही प्रार्थना माता के चरणों में करके आप लोगों से आज्ञा लेता हूं ।

जय भारत

२३

'लक्ष्य संगीत त्रैमासिक अंकों में सम्पादकीय के अंतर्गत व्यक्त किए गए कुछ सांगितिक विचार

१

संगीत साधकों के मुख्यतः दो प्रकार पाये जाते हैं। एक तो स्वभावसिद्ध एवं दूसरे क्रियासिद्ध। स्वभावसिद्ध कलाकार विरले ही होते हैं। ऐसे कलाकार प्रायः पूर्व जन्मादि साधना के फलस्वरूप ही इस जीवन में अति अल्पावस्था में ही अपनी कला में प्राविण्य प्राप्त करते हैं। उनके सभी अंगों में एक विचित्रता पाई जाती है और उनके प्रदर्शन से सब मुग्ध भी होते हैं। ऐसे कलाकार स्वयं ही अपने गुण द्वारा अन्यों को प्रभावित करते हैं।

क्रियासिद्ध कलाकारों के लिये साधना ही एक मात्र उपाय हुआ करता है, क्योंकि वे साधना और अभ्यास से ही उस सीमा को पहुँचते हैं जो कि सभी कलाकारों के लिये अनिवार्य माना जाता है। अतः अच्छे कलाकार बननेवाले लोगों का परम कर्तव्य है कि सर्व प्रथम धैर्य न छोडें क्योंकि साधना में सफलता पाने के लिये धैर्य महत्त्वपूर्ण कार्य करता है। अपने गुरु एवं उस्ताद पर विश्वास रखना उनके भावी जीवन तथा कलाक्षेत्र में बडा ही लाभदायक सिद्ध होगा। किसी भी प्रकार का संशय एवं अवहेलना ही उनके उन्नति-मार्ग का बाधक होगा। इसके अतिरिक्त कठोर अभ्यास और नियमित रूप से अच्छे कलाकारों को सुनना एवं अपनी कला का प्रदर्शन करना उनकी साधना और अभ्यास में लाभदायक सिद्ध होगा। भावी कलाकारों को यह ध्यान रखना चाहिए कि वे समालोचना की प्रवृत्ति से दूर रहने की चेष्टा करें, क्योंकि ऐसी भावना व प्रवृत्ति, उनको बहुत उन्नत होने में कुछ न कुछ बाधा अवश्य ही पहुँचायेगी। साधना के अतिरिक्त उनके लिए संगीत के सभी उपलब्ध ग्रंथों का अध्ययन करना आवश्यक है, जिससे उन्हें क्रियात्मक ज्ञान के साथ-साथ शास्त्रीय ज्ञान भी प्राप्त हो सकेगा, जो कि कलाकारों के लिये अत्यावश्यक है।

संगीत का शिक्षण देना और कलाकार बनाना ये दो भिन्न वस्तु हैं। किसी भी विद्या की शिक्षा सभी को दी जा सकती है और सभी प्रत्येक विद्या सीखने के अधिकारी समझते हैं। परन्तु पारंगत वे ही होते हैं जिन्हें क्रिसी भी विषय में विशेष रुचि हो और तनमन से उसे प्राप्त करने की चेष्टा करते हों। अतः संगीत की शिक्षा प्राप्त करनेके उपरान्त कलाकारों के वर्ग में आने के लिये कलाकारों की-सी वृत्ति, भावना और साधना की आवश्यकता होती है।

साधारणतः जनता धन के मापदण्ड से विद्या व कला की योग्यता का निर्णय करते हैं। प्रायः उच्च कोटि के कुछ ही कलाकारों के अतिरिक्त अन्य सभी कलाकारों का जीवन, मुख्यतः आर्थिक अवस्था संतोषजनक नहीं हुआ करती, जिसके फलस्वरूप समाज में उन्हें उस आदर की दृष्टि से नहीं देखा जाता जैसा कि उन्हें देखना चाहिए। अभी हाल में केन्द्रीय

सरकार ने कुछ 'वित्त' संगीत के उच्च शिक्षार्थियों के लिये प्रदान करना आरम्भ किया है एवं कलाकारों को सन्मान प्रदान करना भी । यह प्रगति आशाप्रद और प्रशंसनीय अवश्य है ।

सभी सरकारी विभाग के कर्मचारियों को 'पेन्शन' अथवा प्रोविडेन्ट फंड' प्राप्त हुआ करता है । अखिल भारतीय आकाशवाणी केन्द्र के कर्मचारियों को ये सुविधाएँ प्राप्त हैं । परन्तु संगीत ही, जो कि इस विभाग का प्रधान एवं रोचक अंग है, कर्मचारियों का कार्य भी ठेके पर चला करता है, अन्य सुविधाओं का तो प्रश्न ही नहीं उठता । कलाकारों का शेष जीवन प्रायः दुःखमय हुआ करता है । क्या राज्य तथा केन्द्रीय सरकार इस ओर ध्यान देंगे, जिससे कला और कलाकारों को उन्नति करना होगा ।

कला की उन्नति साधन में संगीत का प्रारम्भिक ज्ञान सभी को अनिवार्य होना चाहिए अन्यथा कला की उन्नति की आशा करना दुराशा मात्र है । बहुल प्रचार के उपरान्त ही स्वतः ही विशेषज्ञ उत्पन्न होंगे जिससे देश व जाति का कल्याण निश्चित है ।

२

सभी इस बात का अनुभव कर रहे हैं कि सभी विषयक आधुनिक शिक्षाक्रम असम्पूर्ण हैं । परन्तु प्रचलित क्रम को सम्पूर्ण करने के लिए अभी तक कोई भी विशेष प्रयत्न नहीं किया जा रहा है । ऐसी परिस्थिती में स्वतंत्र देश के एक योग्य नागरिक बन जाने के लिए जिन गुणों का होना आवश्यक माना जाता है उनका अभाव आगे भी बने रहने की संभावना है ।

किसी भी विषय की प्रारंभिक शिक्षा ही बालक व बालिकाओं के भावी जीवन के लिए अत्यन्त महत्त्व रखती है । अतः दोषशून्य प्रारंभिक शिक्षा का अनिवार्य होना परमावश्यक है । अतः इस कार्य की पूर्ति वयःप्राप्त, सुयोग्य, अनुभवी और उच्च शिक्षित शिक्षकों द्वारा होना सभी के लिए समान हितकारी सिद्ध होगा । शिक्षित जनता को सचेत करना एवं उनको वर्तमान परिस्थिति से परिचित कराना ही पत्रिकादि का लक्ष्य रहा करता है । संगीत जैसी प्रत्यक्ष विद्या का केवल पुस्तक व पत्रिकादि के अध्ययन से विशेष ज्ञान होने की संभावना नहीं के समान है परन्तु उच्च शिक्षार्थियों के लिए वह लाभदायक होता है । वस्तुतः वर्तमान समय के उत्तरदायित्व को देखते हुए प्रारंभिक शिक्षण क्रम में क्रान्ति किये बिना संगीत के उज्ज्वल भविष्य की धारणा करना कल्पनामात्र है । व्यवसायी संगीतज्ञ अपनी साधना में तत्पर रहे और अब भी हैं । उनमें शिक्षार्थियों को सिखाने का धैर्य व उत्साह प्रायः, नहीं रहा करता है । अतः सभी वर्ग के लोग ऐसे कलाकारों से लाभ उठाने में सदैव असमर्थ रहे और आगे भी रहेंगे, ऐसी धारणा करना अनुचित न होगा । आधुनिक शिक्षित संगीतज्ञों में साधना का अभाव अधिक मात्रा में रहने के कारण ही वे प्रायः संगीत शिक्षार्थियों को कलाकार का रूप देने में असमर्थ रहते हैं । इन अभावों की पूर्ति किये बिना शास्त्रीय संगीत का स्तर को ऊँचा करना कठिन समस्या है ।

आजकल सभी नगरों में ही नहीं, वरन् ग्रामों में भी संगीत के विद्यालय पाये जाते हैं

जहां संगीत की चर्चा अवश्य ही हुआ करती है और भोली जनता भी प्रसन्न होती है। यदि विद्यालयों का यही लक्ष्य बना रहा तो इससे संगीत की हानि होना असंभव नहीं है।

उपर्युक्त समस्याओं के समाधान के लिए जनता के सुविधार्थ कुछ सुझाव दिये गये हैं। आशा है कि संगीतप्रेमी उनपर योग्य ध्यान देंगे :-

१. शिक्षक की आयु, साधारण एवं संगीत-शिक्षण की अवधि, ज्ञान और मान्यता।

२. शिक्षक का स्वभाव, दिनचर्या, पारिवारिक और सामाजिक अवस्था।

३. शिक्षक की निजी विशेषता।

३

भारत की आकाशवाणी के कार्यक्रमों से रागदारी संगीत पर्याप्त प्रमाण में जनता को सुनने में आ रहा है. दिन प्रति दिन कानों पर पड जाने से लोगों को उसके श्रवण का अभ्यास सा हो रहा है एवं उसके कारण उस संगीत की अभिरुचि भी शनैः शनैः बढ रही है। तथापि अभी तो रागदारी संगीत एक बडी गहन एवं गंभीर विद्या है, उससे अंशतः क्यों न हो, परिचित होना, केवल दिखावे के लिये ही सही, पर उसमें कुछ रुचि दिखाना, हर सुशिक्षित व्यक्ति का कर्तव्य है, इसी विचार से उसका स्वागत जो कुछ होता हो, हो रहा है। उसके सच्चे भक्त तो वे ही लोग हैं जिन्होंने बचपन से ही उस संगीत से परिचय श्रवण द्वारा अथवा शिक्षा द्वारा प्राप्त किया है एवं रागदारी गायकों की संगत, सोहबत में रहे है।

वास्तव में रागदारी संगीत में ऐसी कोई बात नहीं है कि उससे अपरिचित एवं अनभिज्ञ जनता घबरा उठे। रागदारी संगीत का हर राग एक सर्वांग परिपूर्ण कलाविष्कार है; हाँ, यदि उसको अभ्यास से सधे हुए कण्ठस्वर में यथायोग्य स्वरोच्चार के साथ गाया जाय। संगीत के राग तो ध्वनि की मधुर तथा सुघड रचना के ही मंत्र होते हैं। उनको अपनी बुद्धि, अपने अनुभव, अपनी साधना द्वारा फैलाना एवं उनमें रहता हुआ ध्वनिमाधुर्य का प्रवाह खोल देना, यही तो रागदारी गायन-वादनकला का रहस्य होता है। फिर ऐसी कौनसी त्रुटियाँ हैं जिनके कारण रागदारी संगीत में रूखापन आ जाता है। क्या आकाशवाणी, क्या संगीत परिषदें और क्या चित्रपट - सभी के सन्मुख यह एक समस्या सी उपस्थित हुई है कि किस प्रकार, किन उपायों द्वारा राग-संगीत को अधिकाधिक लोकप्रिय बनाया जाय।

सूक्ष्म विचार करने से यही प्रतीत होता है कि पुराने समय की अपेक्षा आजकल संगीत विद्यार्थियों को क्या, संगीत व्यवसायियों को भी यथायोग्य मार्ग पर एक-लक्ष्य हो कर गान क्रिया का अभ्यास करने की सुविधा बहुत कम रहती है। सर्व प्रथम तो कण्ठस्वर का यथायोग्य उच्चार करने की शुद्धरीति की शिक्षा नहीं मिलती। अपने कण्ठस्वर की शक्ति एवं उनकी उच्च-नीचता की मर्यादा के अनुसार अभ्यास करने-कराने वाले बहुत कम होते हैं। अपनी मर्यादा के बाहर ऊँचे स्वर में गाने का शौक बहुतों को होता है, जिससे कण्ठस्वर पर अनुचित खींचतान पड कर कण्ठस्वर भारी एवं रुक्ष हो जाता है, उसकी लौंच नष्ट हो जाती है। तिस

पर रागदारी संगीत में जोर से चिल्लाना आवश्यक समझकर कुछ लोग कण्ठस्वर की शक्ति के बाहर जोर से आक्रोश करते हुए गाते हैं । इस आक्रोश से राग का माधुर्य नष्ट होता है, इस बात पर उनका लक्ष्य नहीं जाता । कुछ लोग अयोग्य एवं अनुचित स्थान पर लयकारी एवं ताल की खटपट करते हैं, यहाँ तक कि स्वर, राग एवं गीत के शब्दों को लयकारी के जाल में फंसाकर लथेडते रहते हैं ।

संगीत के प्रत्यक्ष प्रयोग में गमक, मींड, तान, खटके, मुरकियाँ जमजमा इत्यादि अलंकार होते अवश्य हैं, परन्तु वे अपने-अपने यथायोग्य स्थानों पर रखने से ही राग की शोभा बढाते हैं, वरना उनको कई गायक ऐसा बिगाड देते हैं कि राग बैचारा बेहाल हो जाता है । वह राग उस समय के श्रोताओं के मन से उतर जाता है और पुनश्च उस राग को सुनने के लिये वे तैयार नहीं होते । गमक, मींड, खटका इत्यादि की अयोग्य योजना का दुष्परिणाम बेचारे राग को ही भुगतना पडता है । कई लोग तो अपने गुरु से सीखे हुए पाठ ही को महफिल में दुहरा देते हैं । वे यह नहीं समझते कि ये पाठ महफिल में गा-बजाकर दिखाने के लिये नहीं, केवल कण्ठस्वर की साधना के लिये होते हैं । इन पाठों की सहायता से एवं उनके आधार पर राग का शृंगार अपनी-अपनी स्वयं स्फूर्त, अनुभव इत्यादि के द्वारा राग को बढाना, महफिल का गाना होता है । हाँ, अलबत्ता, राग की परंपरागत चीजें; जैसी की वैसी, पाठ के अनुसार गाना आवश्यक है; क्योंकि वे राग के प्रस्ताव के रूप में होती है और जिसे नायकी कहते हैं । राग का शृंगार एवं चीज का शृंगार, जिसे 'स्थायी मरना' कहते हैं, गायकी के अंतर्गत गिने जाते हैं और गायकी हर एक गायक की अपनी स्वतंत्र रहती है । राग का रूप शुद्ध रखते हुए उसे कुशलतापूर्वक सजाना, ताकि श्रोतागण, चाहे वे तज्ज्ञ हो, चाहे अनभिज्ञ हो, आकर्षित हो यह प्रत्येक गायक का ध्येय एवं कार्य रहता है ।

राग की व्याख्या में ही रंजकता का नियम बताया गया है । राग स्वयं तो एक मंत्र अथवा सूत्र सा होता है, जैसा की ऊपर बताया गया है । परन्तु उस सूत्र का प्रभावपूर्ण विस्तार करना ही राग गायन-वादन होता है । राग का शास्त्रोक्त रूप शुद्ध रखते हुए भी, उस राग का सुपरिणाम श्रोताओं पर न हुआ, श्रोतागण उससे रीझ न सके तो वह राग ही नहीं कहला सकता । उसका उत्तरदायी स्वयं गायक-वादक ही होता है, रागदारी संगीत नहीं: । यदि कण्ठस्वर में ओज हो, माधुर्य हो, सुरीलापन हो, सांगीतिक अलंकारों की अर्थात् गमक, मींड, तान, खटका इत्यादि की योजना योग्य स्थान पर, राग के स्वभाव को सम्हालते हुए, करने पर लक्ष्य हो, मर्यादातीत एवं निकट अंग विक्षेप न हों, मुख विलास सुहावना हो, अप्रासंगिक लयकारी की गुत्थियों में अपने आपको एवं श्रोतागण को उलझने के प्रयास न हो, तो कोई कारण नहीं कि रागदारी गायन-वादन का परिणाम आबाल-वृद्ध, तज्ज्ञ-अनभिज्ञ, नागर-ग्रामीण सब प्रकार के श्रोताओं पर अच्छा न हो ।

एक समय था जब कि संगीत सुज्ञ एवं अच्छे लिखे पढे लोगों के हाथ में था । स्वयं राजे-रजवाडे, अमीर-उमराव, जो सभ्य एवं सुशिक्षित दरबारी लोग थे, संगीत में रुचि रखकर उसके अभ्यास में लगे रहते थे । उनके समय में रागदारी संगीत जादूगर का खेल नहीं बना

था। राग, गीत के शब्द, वाणी, मुद्रा इत्यादि की शुद्धता रखने पर पर्याप्त लक्ष्य पहुँचाया जाता था। पर उसके पश्चात् बीच में ऐसा एक समय आया कि संगीत के ये उच्च ध्येय एवं नियम शिथिल हुए और उस पर एक प्रकार का स्पर्धा-भाव का भूत चढ बैठा। माधुर्य, लालित्य, सौष्ठव के स्थान पर काठिण्य एवं चमत्कृतियाँ, जिनको अंग्रेजी में stunts कहते है, कला की कसौटी बन बैठी। किसी ने तान फिरायी, किसी ने गमको को भडकाया, किसी ने लयकारी बुन रखी, किसी ने अति तार सप्तक की टेर खींची, तो किसी ने तरानों में जीभ सटपटायी - इस प्रकार संगीत के किसी एक-आध अंग को लेकर उस पर परिश्रम कर के उसको ऐसा साधा कि अपने चुने हुए ढंग में वे अनुपम अजेय बने। खैर, उन्होंनें किसी न किसी रूप में साधना तो की और अपने-अपने अंग में आदर्श अवश्य बने, इसके लिये उनको धन्यवाद। परन्तु साथ-साथ यह भी हो गया कि रागदारी संगीत के मूल ध्येय में परिवर्तन होता चला। रंजकता का स्थान इन चमत्कृतियों (stunts) ने लिया। नये विद्यार्थी इन चमत्कृतियों को ही अपना लिये बैठे, फिर चाहे वे पूर्ण रूप से उनसे सध जाएं न सध जाएं। परिणाम यह हुवा कि रागदारी संगीत चमत्कृतियों का तमाशा, पहलवानों की कुस्तियों का खेल बन गया, जिसमें श्रोतागण बेचारे चकित हो कर देखते ही रह गये और 'रागदारी संगीत' से घबडाने लगे। जो समझ में न आवे, झपट-लडंत का तमाशा हों, जिसमे धूमधाम, शोरगुल पर्याप्त प्रमाण में हो, हृदय पर भारी आघात करता हो, ऐसा गाना-बजाना 'रागदारी संगीत' समझने लगे।

अब नयी जागृति में पुनश्च संगीत कला सुशिक्षित जनता के हवाले हो रही है। अयोग्य, अप्रासंगिक चमत्कृतियों को निकाल कर, स्थिर वृत्ति से, हाव-भाव भी दर्शनीय रखते हुए सुरीले सधे हुए कण्ठस्वर में राग गायन-वादन का विकास होने की आवश्यकता पर अब अधिक ध्यान दिया जायगा ऐसी आशा की जा सकती है।

४

आजकल संगीत के पदवीधरों की संख्या काफी पायी जाती है; जिनमें से अधिकतर आर्थिक परिस्थिति के कारण आगे इस कला में उच्च शिक्षण नहीं ले पाते तथा अपने उदर-निर्वाह का सब से सुलभ मार्ग अर्थात् संगीत-शिक्षक का ही व्यवसाय स्वीकार कर लेते हैं। इनमें से कई विशिष्ट कल्पनाशक्ति तथा अपूर्व बुद्धिवाले भी रहते हैं, जिनमें इस कला के प्रति नैसर्गिक देन पाई जाती है। ऐसे व्यक्तियों के सम्बन्ध में भी प्रायः देखने में आता है कि कुछ सीमा तक इस कला में प्रगति करने के पश्चात् सांपत्तिक अडचनों के कारण उन्हें आगे प्रगति करने का अवसर नहीं मिलता। परिणाम यह होता है कि या तो वे संगीत-शिक्षक ही बन जाते हैं या एक सर्व साधारण कलाकार।

ऐसी दशा में केन्द्रीय सरकार के शिक्षण-विभाग द्वारा इन बुद्धिशाली एवं होनहार विद्यार्थियों को एक दो वर्षों से जो छात्रवृत्ति (Scholarship) के रूप में धन की सहायता मिल रही है, वह अत्यन्त प्रशंसनीय घटना है, इसमें तिलमात्र भी संदेह नहीं। इसके अतिरिक्त आकाशवाणी की ओर से नवोदित अर्थात् २१ वर्ष से कम आयुवाले कलाकारों को ढूंढ निकाल

कर उन्हें प्रोत्साहन देने हेतु पिछले दो वर्षों से अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन करके उनमें से निर्वाचित व्यक्तियों को योग्य पुरस्कार हमारे माननीय राष्ट्रपति द्वारा दिया जा रहा है, यह भी इस महान् कला के प्रति एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण एवं स्तुत्य कार्य समझना होगा। आजकल की सामाजिक तथा आर्थिक परिस्थिति को देखते हुए संगीत जैसी उपेक्षित कला का योग्य प्रचार एवं प्रसार करने में तथा सफल विद्यार्थियों को इस कला का उच्च शिक्षण सुलभता से प्राप्त कराने में हमारी सरकार ने जो कुछ बी बातें अस्तित्व में लायी हैं, उन सब के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को जितने धन्यवाद दिये जायं उतने कम ही होंगे।

यद्यपि उपरिनिर्दिष्ट इस छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में इतनें अल्प समय में, कोई निश्चित परिणाम जानना असम्भव है तथापि इस विषय में कुछ अपरिहार्य बातों का विचार करना आवश्यक है ।

कदाचित् इस छात्रवृत्ति के योग्य ऐसे ही व्यक्तियों को चुना जाता है जो या तो संगीत की कोई विशारद, प्रवीण अथवा अन्य सदृश्य पदवी प्राप्त कर के उससे उच्च शिक्षण किसी सन्मानित व्यक्ति अन्यथा किसी विद्यालय में प्रवेश कर के या संगीत की प्राचीन शिक्षण पद्धति के अनुसार, जिसे घरानेदार तालीम कहते हैं, किसी प्रसिद्ध एवं नामांकित उस्ताद के सतत सहवास में रहकर लेना चाहते हों। इन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने से पूर्व उन्हें निर्वाचन मंडल के सम्मुख कदाचित् बुलवाया जाता है और उनमें उचित योग्यता पाई जाने पर ही उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान करने की शिफारस की जाती है । किंतु निर्वाचन करने में केवल शैक्षणिक योग्यता ही देखी नहीं जानी चाहिये । शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ निर्वाचित व्यक्तिया की आर्थिक परिस्थिति पर भी उतना ही या उससे किंचित् अधिक ध्यान देना आवश्यक है । जो विद्यार्थी शैक्षणिक योग्यता में निर्वाचन के लिये योग्य है परन्तु यदि उसकी आर्थिक स्थिति भी समाधानकारक हो जिससे कि वह अपनी अभिलाषा पूर्ण कर सकता हो, उसे इस प्रकार की छात्रवृत्ति देना निरर्थक होगा, क्योंकि ऐसा करने से उस विद्यार्थी द्वारा एक ऐसे विद्यार्थी का, जिसकी शैक्षणिक योग्यता उससे अधिक या उतनी ही उचित होते हुए असमाधानकारक आर्थिक परिस्थिति के कारण इस छात्रवृत्ति को पाना अधिक योग्य हो, अधिकार छीन लेने की, सम्भावना हो सकती है, और इस प्रकार वास्तव में एक योग्य व्यक्ति को इस छात्रवृत्ति का लाभ न मिलकर किसी अनावश्यक व्यक्ति को मिलने का भय रहता है । आजकल कुछ ऐसे व्यक्तियों के उदाहरण मिलते हैं, जिन्हें यह छात्रवृत्ति दी गई है, जो सचमुच इसके लिए योग्य हैं परन्तु साथ-साथ इसके उनकी आर्थिक परिस्थिति उतनी चिन्ताजनक नहीं है कि जिसके कारण उन्हें इस छात्रवृत्ति पर निर्भर रहकर अपना शिक्षण लेना पडे । ऐसे लोगों को छात्रवृत्ति मिलने के कारण कई व्यक्तियों को जो वास्तविक इसके लायक हैं और जिन्हें इस प्रकार की सहायता की अधिकतर आवश्यकता है, अपना अवसर खो बैठना पडता है । इस लिए छात्रवृत्ति के योग्य तथा लायक व्यक्तियों को चुनते समय प्रत्येक की आर्थिक स्थिति पर अधिक ध्यान दे कर उनमें से भी जो सचमुच आगे चल कर इस कला में कुछ ठोस काम कर सकेंगे, फिर चाहे वह शास्त्रकार के रूप में हो अथवा प्रयोगात्मक रूप में या अन्य किसी

भी संगीत सम्बन्धी व्यवसाय के रूप में क्यों न हो, उन्हीं को देना चाहिये ।

इसके अतिरिक्त इस छात्रवृत्ति से लाभ उठाने वालों में से कुछ विद्यार्थी ऐसे पाये जाते हैं जो महीनों तक अपने शिक्षक का दर्शन तक नहीं कर पाते, उनसे सीखना तो दूर ही रहा। शिक्षक किसी अन्य स्थान पर अपना काम करता रहता है अथवा संगीत के कार्यक्रम करते हुए देश पर्यटन करता रहता है और उसके पास सीखनेवाला विद्यार्थी किसी और स्थान पर स्वतंत्र रीति से अपना अभ्यास अथवा कार्यक्रम करता रहता है । क्या इन बातों को रोकने का पदधारियों की ओर से उचित प्रबन्ध किया जा रहा है? नियुक्त किये हुए इन शिक्षकों से सम्बन्धित विद्यार्थी नियमित रूप से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं या नहीं क्या उन्होंने यह जानने का कोई मार्ग ढूंढ निकाला है? यह बात आवश्यक है कि वे इस प्रथा को शीघ्रातिशीघ्र रोक कर कुछ ऐसे प्रतिबन्ध लगावे जिससे विद्यार्थी कोई अन्य व्यवसाय न कर सके और नियमित रूप से अपने शिक्षक के निरन्तर सहवास में रह कर अपना अभ्यास कर सके ।

सिवाय इन उपरोक्त दो बातों के एक और विषय पर अधिकारी बर्ग का ध्यान हम आकर्षित करना चाहते है । छात्रवृत्ति-काल के समाप्त होने पर यदि छात्र इस वृत्ति से सचमुच लाभ उठा सके हैं या नहीं, यह जानने के लिये क्या कोई स्तर (Standard) स्थिर किया गया है? और यदि किया गया हो तो क्या इन छात्रों को किसी परीक्षा अथवा कसौटी में उत्तीर्ण हो कर सरकार द्वारा प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की कोई व्यवस्था की गई है ? वास्तव में इन छात्रों की प्रगति जानने के हेतु इन भावी कलाकारों को समय-समय पर आकाशवाणी के कार्यक्रमों द्वारा अथवा किसी सरकारी संगठित संस्थाओं के कार्यक्रमों द्वारा क्यों न हो जनता के सामने अपनी कला का प्रदर्शन करने का प्रबन्ध करना तथा इन कलाकारों द्वारा की गई प्रगति का मूल्यमापन करने का अवसर जनता को मिलना उचित है । यदि ऐसी व्यवस्था की जाय तो सचमुच सरकार द्वारा प्रसारित इस प्रकार की योजनाओं के प्रति सर्व साधारण जनता का विश्वास दृढ होता जाएगा और सरकार ने किए हुए ऐसे ठोस कार्यों में जनता को भी दिलचस्पी लेने का अवसर मिलता रहेगा ।

अंत में हम यह जानना चाहते हैं कि क्या इन छात्रवृत्ति वाले विद्यार्थियों के शिक्षणकी समाप्ति पर उन्हें अपना चरितार्थ चलाने का कोई का उचित प्रबन्ध किया जा रहा है ? क्यों कि कुछ वर्षों बाद इन विद्यार्थियों की संख्या इतनी बढ जायगी कि उन सब को किसी न किसी व्यवसाय में लगाना एक समस्या-सी होगी । इसलिए प्रत्येक प्रदेश की शिक्षण-प्रणाली में विश्वविद्यालयों के अभ्यासक्रम में इस विषय का समावेश करना आवश्यक है, ताकि इस छात्रवृत्ति से लाभ उठाए हुए व्यक्तियों को तथा अन्य पदवीधरों को जनता में इस कला का प्रचार तथा प्रसार करने का अवसर मिले और इस प्रकार संगीत जैसी उपेक्षित कला का स्तर फिर से अपनी पूर्व सीमा तक या उससे अधिक ही पहुँच सके ।

५

भारतीय रागदारी संगीत को सर्वसाधारण जनसमाज में लोकप्रिय बनाने में एवं उसका

पर्याप्त प्रमाण में प्रचार तथा प्रसार करने में जिन भिन्न-भिन्न संस्थाओं नें आज तक अपना हाथ बटाया है, उनमें मुख्यतः संगीत विद्यालयें, आकाशवाणी, संगीत-समाज, संगीत-महोत्सव संपन्न करनेवाली संस्थाएँ इत्यादि का समावेश किया जा सकता है। इन उक्त सभी संस्थाओं से संगीत का प्रसार काफी हुआ है और दैनंदिन इस कला की रुचि आम जनता में बढती ही जा रही है। परंतु इतना सब होते हुए भी हम यह कह सकते हैं कि इन उपरोक्त संस्थाओं की अपनी-अपनी सीमाएँ मर्यादित होने के कारण वह इस काम में पूर्णतया सफल नहीं हो पाई हैं। इसके अतिरिक्त, इन संस्थाओं में से प्रत्येक का क्षेत्र भिन्न-भिन्न होता है। इन सब में, सर्वसाधारण जन समाज में इस कला के प्रति अत्यधिक रुचि निर्माण कराने का सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य संगीत समाजों तथा अन्य संगठित संस्थाओं का रहता है जो कि समय-समय पर संगीत के जलसों तथा परिषद अथवा महात्सवों का आयोजन करते हैं, क्योंकि इन्हीं संस्थाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रमों से सर्वप्रथम आम जनता में इस कला की रुचि उत्पन्न होती है।

इन के अतिरिक्त भारतीय आकाशवाणी के सांगीतिक कार्यक्रमों द्वारा भी संगीत की रुचि आम लोगों में बहुत कुछ बढ गई है। परंतु इन कार्यक्रमों से आम लोगों को पूर्णतया आनन्द प्राप्त नहीं होता। कारण यह है कि आकाशवाणी के कार्यक्रम दर्शनीय न रह कर केवल श्रवणीय होते हैं। अर्थात् कलाकार एवं उसकी कला को सुननेवाले श्रोताओं के बीच प्रत्यक्ष रूप में कोई सम्बन्ध नही रह पाता और परिणाम यह होता है कि कलाकार को अपने सन्मुख व्यक्तिगत रूप में न पाने के कारण उसकी कला का संपूर्ण आनन्द श्रोतागण नहीं ले सकते हैं। उनको ऐसे कार्यक्रमों में कुछ अभाव अवश्य जान पडता है; क्योंकि, यह तो एक निर्विवाद सत्य है कि किसी भी कलाकार को प्रत्यक्ष उसके सामने बैठकर सुनने में तथा आकाशवाणी के कार्यक्रमों द्वारा अप्रत्यक्ष रीति से सुनने में बहुत कुछ अन्तर पडता है। ऐसी परिस्थिति में, आकाशवाणी के कार्यक्रम सर्वसाधारण जनता की दृष्टि में सदैव सफल नहीं हो पाते। इस त्रुटि का अनुभव करके उसे दूर करने के हेतु समय-समय पर आकाशवाणी के विभिन्न केन्द्रों द्वारा श्रोताओं की उपस्थिति में संगीत सभाओं का आयोजन पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है, जिनका उद्देश्य केवल यही है कि सर्वसाधारण जनता में इस कला की रुचि पुनःश्च जागृत हो। परन्तु इतना सब होते हुए भी आकाशवाणी की अपनी मर्यादित सीमा के कारण वह इस कार्य में संपूर्णतया सफल नहीं हो पाई है।

वास्तव में संगीत का योग्य प्रसार तथा आम जनता में इस कला के प्रति रुचि उत्पन्न करने का कार्य केवल समय-समय पर तथा स्थान-स्थान पर संगीत-महोत्सव एवं परिषदों के आयोजन द्वारा ही हो सकता है। वैसे तो पिछले कई वर्षों से इस प्रकार के उपक्रम भारतवर्ष में कई एक जगहों पर किये जा रहे है। तथापि इनका मुख्य उद्देश्य, कुछ अंश में, केवल किसी न किसी कार्य के लिये धन एकत्र करना, ही रहा है, न कि लोगों में संगीत कला के प्रति रुचि निर्माण करना। और यदि उनका वह उद्देश्य हो तो भी उसे सहायक उद्देश्य समझना होगा। ऐसी दशा में इन संगीतोत्सवों का एक कोई निश्चित उद्देश्य अथवा आदर्श एव प्रमाण

न रह पाया है ।

इस प्रकार के संगीतोत्सवों के बिलकुल विपरीत तत्त्वों पर अभी हाल बम्बई राज्य के शिक्षा तथा प्रसार विभाग की और से ग्यारह दिवसीय (दि. १३ अप्रैल से २३ अप्रैल १९५६ तक) बम्बई में जो संगीत-महोत्सव मनाया गया, वह अत्यन्त स्तुत्य है और जिसके लिये हम सम्बन्धित अधिकारियों को शतशः धन्यवाद देते हैं । इस महोत्सव के आयोजन का परम उद्देश्य केवल संगीत के प्रति सर्वसाधारण जनता में रुचि तथा जागृति उत्पन्न करना, ही था और वह उद्देश्य सफल भी हुआ । इस सफलता के कुछ मुख्य कारण इस प्रकार हैं ।

चूँकि यह आयोजन हमारी प्रान्तीय सरकार द्वारा आयोजित होने के कारण इस उपक्रम के सम्बन्ध में आर्थिक दृष्टि से यदि कुछ न्यूनता आती तो भी उसे सहन करने की शक्ति केवल सरकार जैसी दृढ संस्थाओं की ही हो सकती है; अन्य किसी संस्था द्वारा इस काम का होना किंबहुना असम्भव ही है ।

दूसरी विशेष बात इस आयोजन में यह थी कि प्रवेश शुल्क इतना कम रखा गया था कि गरीब से गरीब व्यक्ति भी बिना किसी अडचन के उतना शुल्क आसानी से दे कर संगीत का संपूर्ण आनन्द उठा सकता था । प्रवेश शुल्क इतना अल्प रखने के कारण ही ऐसा देखने में आया कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में समाज के सभी स्तर के लोग एकत्र हो कर भारतीय संगीत के कुछ उच्च कोटि के कलाकारों की कला को सुनकर उसका संपूर्ण आस्वाद ले सके तथा नित्य के कार्यक्रमों को सुनने के लिये लोगों की भीड इतनी होती थी कि कई लोगों को टिकट न मिलने के कारण वापस जाना पडता था ।

तीसरी बात इस आयोजन में जो पाई गई वह यह थी कि कलाकारों की फीस किसी हद तक निश्चित की गई थी तथा जिन कलाकारों ने मनमानी फीस मांगी उनका समावेश न हो सका । वास्तविक 'धन एकत्र करना' यह इस महोत्सव का उद्देश्य न होने के कारण सम्बन्धित आयोजनकों ने जो मार्ग स्वीकार किया वह बहुत ही प्रशंसनीय है । इसी कारण इस महोत्सव में कुछ ऐसे कलाकारों को जो मनमानी फीस मांगते हैं, वंचित रखना पडा । ऐसे कलाकारों को चाहिये कि वे इस प्रकार के उपक्रमों के उद्देश्यों को समझकर जहाँ तक हो सके, सहयोग देने का प्रयत्न करे ताकि उनकी कला का आस्वाद सर्वसाधारणं लोगों को मिल सके । जिन उच्च कलाकारों ने इस बात को समझकर इस महोत्सव में अपना सहयोग दिया, उन्हें हम हार्दिक धन्यवाद देते हैं ।

इन बातों के अतिरिक्त एक विशेष बात इस महोत्सव में देखी गयी कि विशेषतः रागदारी संगीत के कार्यक्रमों के समय श्रोतागण बिलकुल स्तब्ध रहकर एकाग्र चित्त से श्रवण करते थे जबकि अन्य सुगम संगीत के कार्यक्रमों के समय उतनी स्तब्धता नहीं पाई गई । इस पर से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि सर्वसाधारण जनसमाज में भारतीय रागदारी संगीत (कम से कम बम्बई में) कितना लोकप्रिय हुआ है । साथ-साथ, जो लोग यह आक्षेप करते हैं, आम लोग रागदारी संगीत से अब भी काफी मुँह मोडते है ' उनका यह केवल भ्रम मात्र

सिद्ध होता है ।

इतना सब होते हुए भी एक दो मुख्य बातों की न्यूनता इस महोत्सव में पाई गई जिन पर सम्बन्धित अधिकारियों का लक्ष्य हम खींचना चाहते हैं ।

महोत्सव में हमारे भारतीय संगीत की भिन्न-भिन्न परंपराओं अथवा सांप्रदायों का प्रतिनिधित्व यथोचित नहीं था । वास्तविक इस प्रकार के महोत्सवों में जहाँ कि केवल "संगीत का योग्य प्रसार आम जनता में हो" यही उद्देश्य रहता है, वहाँ प्रत्येक परंपरा को उसकी योग्यता के अनुसार, बिना किसी व्यक्तिगत रुचि-अरुचि एवं कलाकारों की लोकप्रियता को बीच में लाते हुए, उचित प्रतिनिधित्व देना चाहिए, ताकि सभी को बराबर अवसर मिल सके ।

इसके अतिरिक्त अधिकारियों को चाहिए कि वे विभिन्न परंपरा के लोकप्रिय तथा उच्च श्रेणी के कलाकारों के साथ-साथ नवोदित कलाकारों को भी इस प्रकार के महोत्सवों में अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर दे कर उन्हें प्रोत्साहन दें, क्योंकि ऐसा करने से ये ही नवोदित कलाकार आगे चलकर अपनी परंपरा के तथा हमारे संगीत के भावी उच्च श्रेणी के कलाकार बन सकेंगे ।

इस महोत्सव में कर्नाटकी संगीत के कार्यक्रमों का प्रतिनिधित्व और भी अधिक प्रमाण में होना चाहिए था, ताकि उस संगीत का संपूर्ण परिचय हमारे यहाँ के लोगों को हो सके । ऐसा करने से हो सकता है कि भविष्य में समस्त भारत का संगीत सब जगह समान उत्सुकता से सुनने की प्रथा निर्माण हो ।

अंत में, हम यह निवेदन करना चाहते हैं कि इस महोत्सव को आदर्श मानकर अन्य प्रान्तीय सरकारें तथा विभिन्न प्रान्तीय संगठित संस्थाएँ भी इस प्रकार के महोत्सव समय-समय पर मनाए ताकि समस्त भारत में इस महान् कला का योग्य प्रसार हो सके और साथ-साथ कलाकारों को भी आर्थिक दृष्टि से कुछ लाभ होता रहे, जिससे कि वे अपनी कला को जीवित रख सकें । इस प्रकार के उपक्रम करते समय आजकल के सार्वलौकिक युग में प्रत्येक संस्था का आदर्श वाक्य (Motto) केवल "बहुजनहिताय, बहुजनसुखाय" ही होना चाहिए तभी हमारे इस भारतीय रागदारी संगीत का भविष्य उज्ज्वल हो सकेगा ।

६

वर्तमान समय में संगीत का बहुमुखी विकास हो रहा है और यह आशा करना अनुचित न होगा कि निकट भविष्य में समग्र देश संगीत-प्रेमी, समालोचक और संगीतज्ञों द्वारा भरपूर हो जायेगा ! परन्तु भारत की उन विभूतियों के समान, जो इस विद्या को सजीव रखने के लिए आजीवन कठोर साधना करते रहे, उनकी कमी को पूरा करना व योग्य प्रतिनिधित्व करने का कौन साहस करेगा? वास्तविक रूप में ऐसे कलाकार ही संगीत के भिन्न-भिन्न घराने के प्रतीक रहे और अभ भी दो-चार ऐसे हैं जो मध्यकालीन शास्त्रीय संगीत के उच्चकोटि के प्रतीक ही नहीं वरन् संगीत की सजीव मूर्ति के समान हैं, जैसे, उस्ताद मुश्ताक हुसैन खाँ, उस्ताद

अलाउद्दीन खाँ, श्री गोविन्दराव बरहानपुरकर, श्री अनन्त मनोहर जोशी इत्यादि ।

अतः यह प्रश्न उठता है कि क्या इस समय के नवोदित संगीत शिक्षार्थियों में से ऐसे 'रूढि साधक' हो सकते हैं या नहीं !

यह स्वतः सिद्ध है कि अनुरागियों में एकमात्र श्रद्धा का अभाव होने से ही ज्ञान प्राप्त करना दुराशामात्र है । ऐसी अवस्था में आजकल के शिक्षित संगीतानुरागियों में यदि किसी को गुरु के आदेश का अक्षरशः पालन करना, मुख्यतः कठोर साधना सम्भव हो तो अवश्य ही ऐसे शिक्षार्थी हमारे देश के गौरव माने जायेंगे ! साथ ही साथ उन प्राचीन नियमों का भी पूर्ण रूप से पालन करना आवश्यक होगा, जिनका प्रायः सभी कलाकार अब तक पालन करते आ रहे हैं और जिससे उन्होंने यश प्राप्त किया है ।

गायन और वादन क्रिया की पूर्णता में स्वर और ताल ही मुख्य उपादान माने गये हैं। अतः पूर्ण स्वर और ताल ज्ञान हुए बिना किसी को भी गायकी व वादन-क्रिया का ज्ञान नहीं हो सकेगा ।

गुणियों का कथन रहा है कि संगीत विद्या का शिक्षण 'सीना-ब-सीना' होता आ रहा है । अर्थात् उस्ताद के शिक्षण और निर्देशानुसार ही अभ्यास करने से कलाकार होना सम्भव है अन्यथा नहीं । उस समय के उस्ताद संगीत के साधक रहे हैं । साधना और प्रदर्शन करना ही उनके जीवन का एकमात्र लक्ष्य रहा एवं धनवान् उनके समर्थक रहे एवं कलाकारों की संख्या नाममात्र ही रही । वस्तुतः सभी प्रकार के साधन और समर्थन प्राप्त होने के कारण ही प्राचीन समय के कलाकार साधना में लीन रहा करते थे ।

वर्तमान समय में संगीत के संरक्षण का भार जनता पर आ पडा है और अधिकतर भारतवासी निर्धन है एवं गायक और वादकों की संख्या दिन प्रति दिन बढती ही जा रही है। अतः जनता से उच्च कोटि के कलाकार के अतिरिक्त सभी पूर्ण लाभ नहीं उठा सकते । और न ऐसा होना सम्भव ही है ।

गायकों-वादकों का समर्थन करना एवं उनसे यथायोग्य सेवा लेना राज्य के लिए सम्भव है एवं इस कार्य में अखिल भारतीय आकाशवाणी केन्द्र के अधिकारी वर्ग ही पथ-प्रदर्शन करा सकते हैं । क्योंकि वही एकमात्र ऐसी संस्था है जहाँ से उनकी जीविका का प्रश्न हल हो सकता है । संगीत को चित्त-विनोद का साधन न मानते हुए यदि उसे शिक्षा का एक अंग मान लिया जाय तो समस्त देश अच्छे-अच्छे कलाकारों से पूर्ण हो सकेगा । अतः ऐसे कलाकारसे, जो भिन्न-भिन्न घराने के अन्तिम प्रतिनिधि स्वरूप हैं, उनकी गायकी व वादन का सभी विषयक ध्वनिमुद्रण कर लेना अत्यावश्यक है एवं यह भी आकाशवाणी केन्द्र द्वारा सम्भव हो सकेगा। लोकप्रिय रागों के गीत व गतें आम जनता में बेची जा सकती हैं, जिससे गायक व जनता दोनों को ही पर्याप्त लाभ होगा ।

प्राचीन गायकी व बाजों के स्थान पर अब कुछ नवीनता आ रही है । ऐसा होना कोई

दोष नहीं है । परन्तु भारत के प्राचीन गायकों व वादकों के गायन व वादन का क्रम ठीक रखना सभी उच्च शिक्षार्थियों एवं उदीयमान कलाकारों के लिये अत्यावश्यक है, जिससे वे स्तर को स्थिर रख सकें अन्यथा क्रम व शैली में दोष व अन्तर पड जाना सम्भव है जिसका अंतिम प्रभाव कला की प्रत्यक्ष क्रिया पर होगा । अतः कला को जीवित रखना व उसके उन्नति-साधन का पूर्ण होना देशवासियों के सक्रिय सहयोग के बिना असम्भव होगा ।

किसी भी कला को पूर्ण व्यवसायी रूप देना उसकी उन्नति में बाधक होता है । कला किसी जाति वा वर्ग के लोगों की संस्कृति का प्रतीक मानी जाती है । अतः स्वतंत्र भारत के सभी नागरिकों का परम कर्तव्य है कि वे अपने देश की ललित कलाओं को सजीव रखने का प्रयत्न करें और उनके उन्नति-साधन में तत्पर रहें, जिससे सभी को समुचित लाभ पहुँचे ।

७

वर्तमान समय में संगीत अध्ययन - अध्यापन बहुत अधिक प्रमाण में बढ रहा है । ३०-४० वर्ष पूर्व जहाँ १०-५ विद्यार्थी संगीत अध्ययन में लगे रहते थे, वहाँ आज सैकडों विद्यार्थी संगीत शिक्षा पा रहे हैं । परन्तु इतने सब विद्यार्थियों में से संगीत के क्षेत्र में कार्य करने लिए अर्थात् संगीत का ही व्यवसाय उपजीविकार्थ करने हेतु संगीत अध्ययन करनेवाले १०-१५ प्रतिशत ही होते हैं । इन दस-पंद्रह में से भी अपनी रुचि, कौटुम्बिक, आर्थिक, सामाजिक अनुकूलता प्रतिकूलता, अपनी बुद्धि एवं शारीरिक योग्यायोग्यता, अर्थात् कण्ठस्वर की जाति, कर्णकुशाग्रता इत्यादि का परिपूर्ण विचार करते हुए एक ध्येय मन में निश्चित करके अध्ययन करनेवाले क्वचित् ही होते हैं । केवल किसी बड़े कलाकुशल गायक-वादक का गायन-वादन सुनकर, अपने को भी संगीत कला आनी चाहिए, संगीत का ही व्यवसाय करना चाहिए, इस इच्छा से संगीत सीखना आरंभ करते है । वास्तव में, आज संगीत के व्यवसाय के दो ही रूप प्रचलित हैं । एक संगीत-अध्यापन एवं दूसरा संगीत सभा में गायन वादन करके श्रोतागण का मनरंजन करना । कण्ठस्वर मधुर हो, शारीरिक सामर्थ्य हो, अच्छी शिक्षा प्राप्त की हो, नित्य अभ्यास किया हो, एवं संगीत की माधुरी का आकलन हो तो सभा गायक होना निश्चित है । कण्ठस्वर अनुकूल न हो, परन्तु अतिरिक्त इसके और सब बातें प्राप्त करके अच्छा वादक बना जा सकता है । कण्ठस्वर एवं स्वाध्याय करने के लिये समय की एवं परिस्थिति की भी विशेष अनुकूलता न हो, अतिरिक्त इनके और सब प्राप्य हों, तो संगीत अध्यापक का व्यवसाय चल सकता है । बस, ये ही इतने ध्येय सद्यः हमारे संगीत छात्रों के सन्मुख हैं । परन्तु सचमुच संगीत का क्षेत्र इतने भिन्न-भिन्न व्यवसायों के लिये अवकाश है कि विद्यार्थियों की आजकल की बढती हुई संख्या को उपजीविका व्यवसाय प्राप्य होना कुछ कठिन नहीं होगा ।

विगत काल की अपेक्षा वर्तमान समय में वृन्दगान, वृन्दवादन बहुत अधिक प्रमाण में बढ रहा है । स्वतंत्र भारत में अब सामुदायिक गीतगायन एवं उसी के साथ वाद्यवृन्दों का पार्श्वसंगीत लगभग प्रतिदिन कहीं न कहीं रेडियो में, सामाजिक, धार्मिक , राजकीय मेले - उत्सवों में, चित्रपट-नाटकादि में, वृन्दगान एवं वृन्दवादन सुनाई देता ही है । किंबहुना आजकल

एकांकी व्यक्तिगत संगीत प्रयोगों की अपेक्षा वृन्दगान, वृन्दवादन ही अधिक लोकप्रिय एवं लोकप्रचलित हो रहा है, इसका कारण आजकल की परिस्थिति हो, लोकरुचि परिवर्तन हो, अथवा और कुछ भी हो, पाश्चात्य देशों की भाँति भारत में पचास- पचास, सौ-सौ, स्त्री-पुरुषों के बडे-बडे समुदायों द्वारा गायन-वादन प्रयोग होने चाहिए, यह भी अपेक्षा क्या हमारी सरकार, क्या जनता कर रही हैं ?

एक कण्ठसंगीत का ही विचार करें तो, कण्ठस्वर की जाति एवं अपनी अपनी अभिरुचि के अनुसार ध्रुवपद, ख्याल, टप्पा, ठुमरी, भजन, कथा-कीर्तन, नाट्यगीत, इत्यादि में विशेषज्ञता प्राप्त करके उपजीविका के व्यवसाय चलाये जा सकते हैं। संगीत का सर्वसाधारण ज्ञान एवं गाने बजाने का सामर्थ्य प्राप्त करने के लिये पर्याप्त साधन उपलब्ध हैं, जिनकी सहायता से अत्यधिक सज्जन, संगीत के क्षेत्र में कार्य करने योग्य पाये जा सकते हैं। अब तो यह समय आया है कि संगीत के किसी न किसी विभाग में विशेषज्ञता प्राप्त करना संगीत-छात्रों को अनिवार्य हो गया है। सभी छात्र संगीत-शिक्षक नहीं बन सकते हैं, न सब सभागायक-वादक ही बन सकते हैं। कोई सामूहिक गायन-वादन के लिए, कोई शास्त्र चर्चा एवं लेखन में, कोई वाद्य बनाने में, कोई संगीत रचना में, तो कोई संगीत-दिग्दर्शन में अपनी-अपनी अनुकूलता के अनुसार, विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं और अब इसी दृष्टि से संगीत का अध्ययन एवं अभ्यास किया जाना चाहिए। निःसंशय, प्रथम ४-५ वर्ष तक तो संगीत का सर्वसाधारण ज्ञान एवं गाने-बजाने का सामर्थ्य पर्याप्त प्रमाण में प्राप्त करना प्रत्येक छात्र के लिये आवश्यक होगा। परन्तु प्राथमिक अध्ययन एवं अभ्यास संपूर्ण होने के पश्चात् हर एक को अपनी अपनी अनुकूलता के अनुसार अपना-अपना विशेष ज्ञान एवं अभ्यास बढाना चाहिए। एक ही क्षेत्र में, चाहे वह संगीत अध्यापन हो, चाहे सभागायन-वादन हो, सभी को उसमें योग्यता न होते हुए भी घुसकर भीड मचाना और उस क्षेत्र को बिगाड देना, सम्मत नहीं है। इसमें सर्वांगीण उन्नति होना तो दूर रहा, परन्तु फूले हुए हाथ - पैरों से रोगी शरीर की भाँति संगीत की स्थिति होगी। इस बात पर संगीत अध्यापकगण, छात्रगण एवं संगीत-शिक्षालयों का ध्यान जाना आवश्यक है।

८

राग-रसिकता भारतीयों का अंग-स्वभाव ही है। तब इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि आज जबकि हमारे राज्य-शासक भी संगीत के उत्कर्ष में रस लेकर इस कला की सेवा में अपना पूर्ण सहयोग दे रहे है; हमारे युवक और युवतियाँ इस कला की शिक्षा पाने के लिये एवं उसके अभ्यास के लिये अत्यन्त आतुर रहते हों। इनमें से कइयों ने न्यूनाधिक सफलता भी इस कला में प्राप्त की है, यह बात आकाशवाणी द्वारा सब संगीत-प्रेमी जन जानते ही हैं। इन नवोदित संगीतकारों में से श्रेष्ठतम गुणियों को संगीत-परिषदों में, ध्वनि-मुद्रणालयों में, चित्रपटों में भी अपने-अपने गुणों का विकास करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। इनके लिए अब समय आया है कि ये सबके साथ मिलकर अपना एक स्वतंत्र समाज "नवोदित भरत मंडल" अथवा "नवोदित भारती" नाम से स्थापन करें, जिसके द्वारा नवोदित संगीतकारों की

परिषदें वर्षानुवर्ष स्थान-स्थान पर बुलाकर आपस में स्नेह वृद्धि करें। हमारें संगीत का भविष्य अब इन्हीं के द्वारा बनना अथवा बिगडना है। वयोवृद्ध अनुभवी कलाकारों के लिये तो अब नवयुवक संगीत-कारों का यथायोग्य मार्गदर्शन करना, जिससे हमारी संगीत अपने मूल सिद्धांतो को न त्यागते हुए उन्हीं सिद्धान्तों के आधार पर फले-फूले, ही होना चाहिए; न कि चाहे जो मनमानी रकम पुकारते हुए स्वयम् संगीत परिषदों में अपना सूखा हुआ गाना सुनाने घुस जाएँ। बालामृत, सार्सापरिला की शीशी की भाँति वही एक ठहरा हुआ पेटन्ट कार्यक्रम के अतिरिक्त तो हम बूढे गवैये और कुछ परिषदों में श्रोताओं को सुनाते हैं नहीं। यह तो श्रोताओं एवं परिषदवालों का सौजन्य है कि वे उसी बालामृत, सार्सापरिला की शीशियाँ, तो अलबत्ता मीठी ही होती हैं, पीने-पिलाने के लिये सदैव तत्पर रहते हैं। पर अब ये शीशियाँ मर्यादातीत महार्घ हो रही हैं और रागों का एवं उस्तादी, निरुस्तादी चीजों का वाणिज्य (बाजार) हो रहा है। इससे संगीत कला की उन्नति कहाँ तक होगी, यह ईश्वर ही जाने। हाँ, इसमें कोई संदेह नहीं कि उन्नति के यथायोग्य मार्ग-दर्शन के लिए तो वयोवृद्ध अनुभवी गायक-वादक-नर्तक एवं सुशिक्षित संगीत विद्वान् ही अधिकारी हैं। यह कार्य अधिक महत्त्व का है। आर्थिक दृष्टि से भी उस्तादों को अधिक हानि न पहुँचेगी, यह कहा जा सकता है। नवोदित संगीतकारों को उन्हीं की संगीत परिषदों में जा कर गवाना-बजवाना भी इनका एक महत्तम कार्य है, न कि स्वयं गाना-बजाना। गवैये की गाने की वयोमर्यादा ५० से ऊपर न होनी चाहिए। अब तो नवोदित कलाकारों की ही संगीत परिषदें होनी चाहिए। जिसमें न केवल गायन-वादन के कार्यक्रम हों, वरन् संगीत क्षेत्र में उठती हुई सर्व प्रकार की समस्याओं पर भी विचार-विनिमय कर संगीत को राष्ट्रीयता प्राप्त करा देने के प्रयत्न होने चाहिए।

वैज्ञानिक, भैषज इत्यादि परिषदों की भाँति संगीत परिषद भी संगीत व्यवसायी सज्जनों के ही द्वारा उन्हीं की द्रव्यनिधि से एवं उन्हीं के हितार्थ जब होना आरंभ होगा, उस सुदिन की प्रतीक्षा करें।

९

संगीत क्षेत्र में गुणी-गुणियों में तारतम्य देखने का प्रघात सा हम लोगों में बन गयी है। वास्तव में यदि कोई दो गुणी गायक अथवा वादक अपने-अपने गुण में प्रथम श्रेणी के हों तो उनका आपस में तारतम्य लगाने में उतनी ही बुद्धिमत्ता दिखाई देती है जितनी कि दूध एवं मधु के माधुर्य सम्बंधी तारतम्य लगाने में।

गायन-वादन क्रिया के सबके सब गुण किसी भी एक ही व्यक्ति में हों, यह बात प्रायः असंभव है। वरन एक व्यक्ति में जो क्रिया उसके कण्ठस्वर के, मनोवृत्ति के, रुचि के अनुसार गुण के रूप में प्रकट होती है, वही किसी अन्य व्यक्ति के, जिसका कण्ठस्वर, मनोवृत्ति, रुचि, मूलतः भिन्न हो, भारी दोष प्रतीत हो सकती है। ऊँचे, पतले कण्ठस्वरवाले गायक की गायकी में कण्ठस्वर का लगाव, कण, मुरकियाँ, तान, पलटे, इत्यादि जिस मार्दव के साथ

आविर्भूत हो कर श्रवणसौख्य उत्पन्न करते हैं वही मार्दव धनगंभीर, मोटे, निचले कण्ठस्वरवाले गायक की गायकी में स्त्रैणभावी दोष प्रतीत हो सकता है । अभी हाल दो चार गायक उच्चकोटि के हो गुजरे हैं जिन्होंनें अपनी-अपनी गायकियाँ अपने-अपने कण्ठस्वर के अनुकूल निर्माण की हैं और ये सब गायकियाँ परस्पर बहुत भिन्न-भिन्न होते हुए भी अपने-अपने स्थान पर स्वतंत्र तथा अति चित्ताकर्षक हैं । अब इन गुणियों में आपस में तारतम्य देखने वाले कि श्रोता भले ही हों, पर उनको संगीतोपासक कहने की अपेक्षा व्यक्ति उपासक ही कहना चाहिए ।

भिन्न-भिन्न परम्पराओं के दो गायकों की तो बात दूर ही रही, पर एक ही परम्परा के, वरन् एक ही गुरु से शिक्षा पाये हुए दो प्रथम श्रेणी के गायकों में तारतम्य लगाना कभी ठीक नहीं होगा । क्या संगीत, क्या चित्रकला, क्या मूर्तिकला, ये सब सच्चे कलाकार के अपना हृद्‌गत व्यक्त करने के माध्यम हैं । किसी एक माध्यम पर पूर्णतया अधिकार, पूर्णतया स्वामित्व सम्पादन करके वे उसके द्वारा अपना-अपना हृद्‌गत ही प्रकट करते हैं, अपना-अपना प्रकाश फैलाते है और यही मुख्य लक्षण एक सच्चे उच्चश्रेणी के कलाकार का होता है । शिक्षाकाल में अनुकरण आवश्यक होता है, इसमें संदेह नहीं । पर निरा अनुकरण करनेवाले, फिर वह अनुकरण अणुरेणु अपने गुरु ही की शैली का क्यों न हो, सच्चे कलाकार नहीं होते हैं । उनका सामर्थ्य मर्यादित ही रहता है । सच्चे कलाकार अनुकरण से परे बढकर अपने-अपने निजी रंग में खेलते है । और ऐसे कलाकारों में तारतम्य नहीं हो सकता । गायकों-वादकों के जो घराने बनते हैं वे केवल अनुकरणक्षमता तक पहुँचे हुए लोगों के होते हैं । व्युत्पन्न कलाकार अपने घराने की गायकी, बाज को ही अपनी बुद्धि से, कण्ठमाधुर्य को हस्तकौशल से इस प्रकार उजलाता है, आगे बढाता है कि फिर उसकी निजी गायकी ही अनुकरण करने वालों का आदर्श बन जाती है और उसी के नाम पर गायकी चलने लगती है । ऐसे उच्चश्रेणी के कलाकार आपस में एक दूसरे के गुण को भलीभाँति परखते हैं और अपने लिए 'मैं दूसरे से बढकर हूँ अथवा वह दूसरा मुझसे बढकर है', अपने-अपने रंग में मग्न रहते हैं और अपने में न रहनेवाला एक-आध गुण किसी दूसरे की गायकी में पाते हैं तो उसकी प्रशंसा किये बिना नहीं रहते । पर मौज तब आती है जब श्रोतागण इनमें तारतम्य लगाने बैठते हैं । गायकों के घराने जो हैं सो हैं; पर श्रोताओं के भी घराने जब बनने लगते हैं तब उस पर सचमुच दया आती है । वे इस बात का विचार नहीं करते हैं कि

दुग्धेक्षुगतमाधुर्यं न तरं न तमं मिथः ।
पृथग्‌माधुर्यभावेऽपि नैकमन्याद्विशिष्यते ॥

यह हुई श्रोताओं की बात । पर प्रत्यक्षता गायक-वादकों में न्यूनता की कमी (न्यूनता) नहीं हैं । अस्सी प्रतिशत गायक-वादक हीनभावना से पीडित रहते हैं । इस मानसिक व्यथा से उनकी गायकी-बाज पर दुष्परिणाम होता है । बहुत से तो किसी दूसरे गुणी की प्रशंसा करना जानते ही नहीं । कुछ हीनभावना पीडित गायक-वादक दूसरे का गायन-वादन सुनना ही संकट सा समझता हैं । किसी गायक ने अधिक शीघ्र और सपाटेदार तान लगायी, तो उनके हृदय में छुरी-सी लग गई । किसी दूसरे का कण्ठस्वर सशक्त एवं चमकदार पाया तो बिजली की

चोट इनको लगी। दूसरे गायकों की बुराई करना, उनको अपने मिलनेवालों के समक्ष तुच्छ बताना, उनके दोषों पर ही प्रवचन करते रहना, ये सब हीनभावना के लक्षण हैं। दूसरे गायक के गुण तथा दोषों की अपने मन में मीमांसा करते हुए अपने गले में अथवा हाथ में वे गुण संपादन किये जा सकते हैं अथवा नहीं, उसमें पाये गये दोष अपने में भी हैं अथवा नहीं, इन बातों का विचार करके अपना गुण बिना वाच्यता किये बढाना, यह हम गायक-वादकों का कर्तव्य है। हीनभावना को अपने मन में स्थान देना कदापि उचित नहीं है। उससे अपनी ही हानि होती है। अपने-अपने गुण-दोष समझकर गुणों को बढाते हुए, दोषों का निराकरण करते हुए अपना स्वाध्याय करते रहना अत्यावश्यक है। सूरज से ही प्रकाश लेकर चाँद चमकता है। पर ऐसा होते हुए भी वह अपने गुणों से अलग उतना ही चमकता हैं, जितना कि सूरज अपने गुणों से।

१०

संस्कृत साहित्य में 'लक्षण' एक सर्वसामान्य शब्द शास्त्रीय परिभाषा में पाया जाता है। 'लक्षण' का वास्तविक अर्थ चिह्न, विशिष्टता है जो किसी वस्तु का नियत अंग-स्वभाव दर्शाता है और जिससे वह वस्तु पहिचानी जाती है। पक्षि का उडना पक्षी की विशिष्टता, पक्षी का 'लक्षण' है। अग्नि ऊर्ध्वगामी होता है अतएव ऊर्ध्वगमन अग्नि की विशिष्टता, अग्नि का 'लक्षण' है। निम्न-गमन जल का 'लक्षण' है। ये तो नैसर्गिक 'लक्षण' हैं। पर पौरुष अथवा मनुष्यनिर्मित वस्तुओं में, जैसे कि शब्दशास्त्र, धर्मशास्त्र, समाजशास्त्र, नीति, तथा कलाओं में भी वैयक्तिक, सामाजिक, प्रादेशिक, राष्ट्रीय तथा जागतिक 'लक्षण' होते हैं। जीव-शिव का ऐक्य तथा वर्णाश्रम व्यवस्था सनातन धर्म का, सर्व शक्तिमान् अमूर्त परमात्मा की इच्छा इस्लाम धर्म का, आत्मत्याग द्वारा अखिल संसार का उद्धार ईसाई धर्म का लक्षण हैं। इसी प्रकार शिल्पकलाओं के भी जागतिक, राष्ट्रीय, प्रादेशिक, सामाजिक, तथा वैयक्तिक 'लक्षण' होते हैं। इन्हीं लक्षणों के द्वारा वह कला अपने-अपने विशिष्ट स्वरूप में, अपने-अपने विशिष्ट अंगस्वभाव में प्रकट होती है। संगीत, भारतीय संगीत, हिन्दुस्तानी संगीत, रागदारी, सुगम संगीत, लोकगीत इत्यादि एवं बैजू बावरा, गोपाल नायक, स्वामी हरिदास, तथा तानसेन का संगीत अपने-अपने विशिष्ट स्वरूपों में अपने-अपने विशिष्ट अंग-स्वभाओं में प्रकट हुए हैं। ये ही 'लक्षण' ये ही विशिष्ट स्वरूप, ये ही विशिष्ट अंग-स्वभाव संगीत के जागतिक, राष्ट्रीय, प्रादेशिक, सामाजिक तथा वैयक्तिक भाव में उसके शास्त्र के रूप में वर्णन किये जाते हैं। मधुर ध्वनिरचना, राग, यमन-बिलावल-बिहाग-देश-काफी आदि; ध्रुवपद, ख्याल, ठुमरी, टप्पा, आदि तथा इनका वैयक्तिक आविष्कार इन सबके अपने-अपने विशिष्ट 'लक्षण' हैं, जो नियत रहते हैं। मधुर ध्वनि-रचना ही संगीत है, राग ही भारतीय संगीत है, यमन-बिलावल-बिहाग-देश-काफी आदि हिंदुस्तानी संगीत के आविष्कार हैं, ध्रुवपद, धमार, ख्याल, आदि हिंदुस्तानी रागदारी संगीत के ही गीत-प्रबन्ध हैं; उदात्त, प्रशान्त एवं धीर गंभीर गायकी ही ध्रुवपद की गायकी है, धीर-ललित गायकी, ख्याल गायकी है, कोमलता एवं शृंगार ठुमरी गायकी की

विशेषता है तथा अंत में श्रेष्ठ कलाकारों की वैयक्तिक गायन-वादन शैली, ये सब किसी न किसी प्रकार लक्षणान्वित हैं। और इन्हीं लक्षणों के संकलन से संगीत शास्त्र निर्माण होता है। विशिष्ट कलाविष्कार, कलादर्श को जीवित रखने के लिये उसके 'शास्त्र' को समझना अनिवार्य है।

११

संगीत शिक्षा-प्रणाली के अंतर्गत अभ्यासरीति एक विशेष महत्त्वपूर्ण भाग है। संगीत एक क्रियासिद्ध, प्रयोगसिद्ध वस्तु है। अतएव उसकी क्रिया में, प्रयोग में सर्वांगीण माधुर्य, सौष्ठव संपादन करना प्रत्येक संगीत अभ्यासी का अनिवार्य कर्तव्य हो जाता है।

रंजकता का ही नाम राग है, जो संगीत का द्योतक है। राग का स्वरूप शुद्ध रखते हुए भी उसके प्रयोग में न्यूनता, रूखापन न रहे, इस बात पर विशेषतया सचेत रहना आवश्यक होता है, अतएव अभ्यास की यथायोग्य सुपरिणामी रीतियों पर हमारे संगीत-छात्रों का ध्यान जाना चाहिए।

यह कहा जा सकता है कि हमारे यहां यंत्र संगीत अपेक्षाकृत प्रगति के मार्ग पर है। भारतीय यंत्र संगीत जागतिक प्रतिष्ठा के स्तर पर पहुंच रहा है। यह बात किस भारतीय संगीतप्रेमी के हृदय में आनंदोर्मियां उत्पन्न न करेगी।

पर कण्ठ संगीत के गौरव का क्षेत्र अभी मर्यादित ही है। देश काल परिस्थिति को देखते हुए कण्ठसंगीत अभ्यास की परंपरागत पुरानी परिपाटी जिसके फलस्वरूप अनेक उच्चश्रेणी के कीर्तिमान् गायक संगीत पर अपनी छाप छोड गये हैं, आज के छात्रों के लिये कहाँ तक सुलभ हो सकती है; यदि वह सुलभ न हो सके तो और कौनसी अभ्यास-रीति हो सकती है जिससे गायन में माधुर्य एवं ओज उत्पन्न हो, यह बात विचारणीय है।

१२

भारतीय संगीत-क्षेत्र में मध्य प्रदेश का यह सौभाग्य है कि वहाँ तानसेन जैसी चिरस्मरणीय विभूति का जन्म हुआ। मध्य प्रदेश शासन के लिए यह एक गौरवपूर्ण एवं अभिनंदनीय वस्तु है कि शासन की ओर से प्रति वर्ष तानसेन का स्मृति दिन एवं उसके उपलक्ष्य में संगीत-उसत्व मनाया जा रहा है। अभी तक तो यह स्मृति-दिन एवं उत्सव का कार्यक्षेत्र सीमित ही रहा है। पर आशा की जाती है कि धीरे-धीरे वर्षानुवर्ष यह स्मृति-दिन एवं उसके उत्सव का क्षेत्र बढता जायेगा और उसको एक विराट राष्ट्रीय स्वरूप प्राप्त होगा। दक्षिण भारत में जहाँ कर्णाटकी अथवा दाक्षिणात्य संगीत प्रचलित है, इस संगीत के दिवगंत महान् विद्वान् एवं कलाकारों के, जैसे श्री त्यागराज स्वामी, मुत्तुस्वामी दीक्षितर तथा श्यामा शास्त्री स्मृति-दिन बडी धूम-धाम से मनाए जाते हैं; जिनमें दाक्षिणात्य संगीत के सभी गायक-वादक एवं नृत्यकार बडे उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ सम्मिलित हो कर अपनी-अपनी ओर से उन महापुरुषों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। दक्षिण भारत के शासन का भी इन

उत्सवों में पर्याप्त प्रमाण में सहयोग रहता है ।

हिंदुस्तानी संगीत का क्षेत्र दाक्षिणात्य संगीत-क्षेत्र में कहीं अधिक विस्तृत है । बेलगाम, धारवाड से लेकर कश्मीर तक दक्षिणोत्तर तथा कलकत्ता से द्वारका तक पूर्वपश्चिम भारत में सर्वत्र हिन्दुस्थानी संगीत का ही प्रचार है और इस क्षेत्र-विस्तार को देखते हुए यह भाव उनमें उत्पन्न होता है कि तानसेन स्मृति-दिन बहुत बडे प्रमाण में मनाया जाना चाहिए, जिससे हिंदुस्तानी संगीत के सर्वश्रुत एवं सर्वमान्य कलाकारों एवं संगीत विद्वानों का एक "नेशनल काँग्रेस" जैसा अधिवेशन हो और भारतीय संगीत का शास्त्रीय तथा प्रयोगात्मक वैभव सम्पूर्णतया प्रकाशित हो ।

इस ध्येय को दृष्टि रखते हुए हम निम्नलिखित कुछ सूचनाएँ प्रस्तुत करना चाहते हैं :-

१ - अखिल भारतीय संगीत विभूति स्मृति-दिन समिति की स्थापना, जिसमें हिंदुस्तानी तथा दाक्षिणात्य संगीत के विद्वज्जन तथा कलाकारों के सर्वमान्य प्रतिनिधि, सर्वसाधारण श्रोतृ-समाज के प्रतिनिधि तथा केन्द्रीय एवं प्रादेशिक शासनों से नियुक्त अधिकारी रहें, जिनमें अखिल भारतीय आकाशवाणी तथा संगीत नाटक अकादमी, दिल्ली, के भी दो-दो अधिकारी हों ।

२ - केन्द्रीय तथा प्रादेशिक शासनों की ओर से वार्षिक द्रव्य सहायता । "अ" वर्ग के प्रदेशों से रु. १०,००० (दस हजार), "ब" वर्ग के प्रदेशों से रु. ५,००० (पाँच हजार), एवं "क" वर्ग के प्रदेशों से रु. २,००० (दो हजार), प्रतिवर्ष इस स्मृति-दिन के लिये प्राप्त हों । केन्द्रीय शासन की ओर से कम से कम रु. २०,०००, (बीस हजार) प्राप्त होने चाहिए ।

३ - स्मृति-दिन-समारोह एक सप्ताह का रखा जाय, जिसमें हिंदुस्तानी तथा दाक्षिणात्य दोनों संगीत के प्रयोगात्मक एवं शास्त्रीय चर्चात्मक अधिवेशन होते रहें । यदि यह सम्भव न हो, तो छः-छः मास तक के अन्तर पर एक हिंदुस्तानी संगीत का एवं दूसरा दाक्षिणात्य संगीत का उत्सव प्रत्येकशः चार दिन का मनाया जाय । हिंदुस्तानी संगीत का उत्सव ग्वालियर में होना हमारे विचार में उचित होगा; क्योंकि तानसेन की जन्मभूमि ग्वालियर के ही पास है और उनका मजार भी ग्वालियर में है । दाक्षिणात्य संगीत का उत्सव श्री त्यागराज स्वामी की जन्मभूमि में होना योग्य होगा ।

४ - उत्सव में नवोदित कलाकारों को अवश्य सम्मिलित करना चाहिए, यह हमारी कामना है । अतएव बीस से पच्चीस वर्ष की आयु के नवोदित कलाकारों के लिए भी, जिन्होंनें संगीत क्षेत्र में मान्यता पायी है, एक दिन उत्सव में रखना ठीक होगा ।

५ - यदि सम्भव हो तो कुछ समय अंतर्राष्ट्रीय संगीत-संगठन के लिए भी रखा जाय, जिससे पाश्चात्य एवं भारतेतर पौर्वात्य देशों के संगीत से कुछ परिचय हमारी जनता को प्राप्त हो । सुदैव से मध्य प्रदेश में, भिलाई में बडी संख्या में पाश्चात्य सज्जन आ बसे हैं । और जैसा कि सुना जाता है उनमें भारतीय संगीत से परिचय प्राप्त करने की उत्कण्ठा है । इस

स्थिति का लाभ ले कर इन सज्जनों में से संगीत-प्रेमी एवं सिद्ध व्यक्तियों के संगीत प्रयोग भी इस उत्सव में रखे जा सकतें हैं ।

६ - उत्सव का प्रकाशन-विभाग भी अवश्य हो; जिसमें प्रतिवर्ष के उत्सवों के सम्पूर्ण समाचार तथा संगीत विषयक लेख, मीमांसा, नूतन संगीत रचनाएँ आदि प्रकाशित हों ।

७ - अखिल भारत में चलती हुई शासन मान्य हर एक संगीत शिक्षा संस्था से, जिसमें शिक्षा पा रहे छात्रों में से एक-एक छात्र को, जिसे वह संस्था सर्वोत्तम समझती हो, (गायन, वादन तथा नृत्य के प्रयोग में) इस उत्सव में भाग लेने के लिए बुलाया जाय, जिससे संस्थाओं के कार्य को विशेष प्रोत्साहन प्राप्त होगा ।

हमारी तो यह मान्यता है कि धीरे-धीरे नये कलाकारों का उत्साह बढाना चाहिए । पुराने गायकों-वादकों, नृत्यकारों का तो सहयोग अवश्य होना चाहिए । पर साथ ही इस नई जागृति में तरुण कलाकारों को भी कुछ प्रोत्साहन मिलना आवश्यक है ।

ये कुछ स्थूल प्रस्ताव हम प्रस्तुत करते हैं । यदि ये स्वीकार हों, तो उसके प्रबन्ध के नियमादि पर आगे विचार किया जा सकता है ।

१३

आज से लगभग चालीस वर्ष पूर्व हमारे यहाँ संगीत-सभाएँ अपेक्षाकृत छोटे-छोटे वर्गो में में किसी छोटे दीवानखाने में २००–३०० के श्रोतृसमाज में हुआ करती थीं । इन सभाओं में केवल एक ही गायक अथवा एक ही वादक अपने शिष्यों के साथ ३, ४ घण्टे गायन-वादन करता था । एक ही राग कम से कम एक घण्टा बजाया जाता था । यह परिस्थिति आज नहीं है । संगीत-सभाओं का विस्तार आज दसगुना बढ गया है । जहाँ चालीस वर्ष पूर्व ३०० श्रोताओं के सन्मुख गायन-वादन होता था, वहाँ आज ३००० का श्रोतृसमाज इकठ्ठा होता है । चित्रपट अथवा नाटकगृहों में अथवा बडे सभा-मंडपों में संगीत-कार्यक्रम होते हैं । मायक्रोफोन एवं लाउड-स्पीकर तो आज हमारी सब सभाओं के लिये एक आवश्यक वस्तु हो गये हैं । आज तो संगीत-सभा चाहे ३०० की हो, चाहे ३००० की हों, मायक्रोफोन तथा लाउड-स्पीकर के बिना न होगी । पुराने समय में हमारे नाटकगृहों का विस्तार २,००० प्रेक्षक बिठाए जा सकें इतना बडा होता था और उनमें केवल गीत ही नहीं पात्रों का संवाद भी सभागृह के अन्त तक सुनाई देते थे । क्या बात हुई कि आज हमारी छोटी सी छोटी संगीतसभाओं के लिए भी मायक्रोफोन और लाउड-स्पीकर आवश्यक हो रहे हैं ? वर्तमान शताब्दी के प्रथम दशक में बड़े-बड़े नाटकगृहों में बंबई के कावसजी जहाँगीर हॉल जैसे बड़े सभा मंडपों में स्वर्गीय भास्करबुवा बखले, स्व. अब्दुल करीम खां साहब, स्व. अब्दुल्ला खां साहब, स्व. बालकृष्ण साहब इचलकरंजीकर जैसे धुरीण गायकों के कार्यक्रम संगीतप्रेमी श्रोताओं ने सुने हैं और ये सभामंडप एक हजार तक श्रोताओं के बिठाने योग्य थे और कार्यक्रमों में श्रोतृगणों

से पूरे भरे हुए होते थे, पर आज मायक्रोफोन और लाउड-स्पीकर अपना पूरा अधिकार सभाओं पर जमाए हुए हैं ।

मायक्रोफोन की आवश्यकता के अतिरिक्त और भी कुछ परिवर्तन आज की संगीत सभाओं में हुए हैं ।

पुरानी संगीत सभाओं की भाँति आज एक गायक-वादक का गायन-वादन ३ घण्टे क्या, पौन घण्टे तक भी सुनने को आज के श्रोतागण तैयार नहीं हैं यह बात आकाशवाणी के नेशनल प्रोग्राम से ही सिद्ध हुई है । कोई भी संगीत कार्यक्रम हो उसमें भिन्न-भिन्न प्रकार के गायन-वादन-नृत्य प्रयोग के १५, २० मिनिट भर के हो तो वह स्वीकार्य होता है । एक ही गायक अथवा वादक का कार्यक्रम तभी सफल हो सकता है जब की गायक-वादक अति उच्च श्रेणी का सर्वमान्य एवं लोकप्रिय हो, नहीं तो विविध कार्यक्रम के बिना गत्यंतर नहीं ।

आजकल वृन्द गायन, वृन्दवादन (वाद्य-वृन्द) अत्यधिक लोकप्रिय एवं लोकप्रचलित हो रहे हैं । लोकसत्ताक राष्ट्रों में ये बातें होना स्वाभाविकही है ।

इस आधुनिक परिस्थिति पर लक्ष्य रखते हुए संगीत कार्यक्रमों की आवश्यकता है । गायकों-वादकों को भी अपने कण्ठ स्वर का उच्चारण एवं अभ्यासपर विशेष ध्यान देना चाहिए। कमसे कम मायक्रोफोन के लिए कण्ठस्वर मृदु करने की और जो संगीत व्यवसायी लोगों की प्रवृत्ति दिखाई दे रही है उसका ध्यान रखना आवश्यक है । यह बात अवश्य है कि मायक्रोफोन यदि ठीक न हो तो कण्ठस्वर कर्कश, कभी-कभी बेसुरा भी सुनाई दे सकता है । पर इस कारण अपने कण्ठस्वर को दुर्बल बनाने की चेष्टा आत्मघातक है । कण्ठस्वर का यथायोग्य उच्चारण तथा अभ्यास किस प्रकार करना चाहिए, यह एक मननीय विषय है। कण्ठस्वर की स्वाभाविक जाति न बिगाडते हुए उसमें ओज एवं माधुर्य संपादन करने पर संगीत विद्यार्थियों को विचार करना चाहिए ।

थोडे समय में अधिक परिणामकारक गायक-वादन करने का भी अभ्यास अब हम लोगों को करना चाहिए । वह समय बीत गया जबकि श्रोतृगण गायक का कण्ठस्वर तथा स्फूर्ति गाते-गाते आधापौन घण्टे के पश्चात् जागृत हो और तब गाने में रस आने लगे तबतक प्रतीक्षा करते हुए सुनते रहें । अतएव कण्ठस्वर का जतन रखते हुए उसको हर समय कार्यक्षम रखना एवं गाने बैठते ही राग एवं उसके गीत का आकर्षक विस्तार करने का सामर्थ्य संपादन करना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक आधे घण्टे में एक राग समाप्त हो और श्रोतागण प्रसन्न हों। वाद्य वादन में भी वादक का उपजत अंगस्वभाव जागृत होते कुछ समय लगता जाता है । वादकों को भी चाहिए कि वे बैठतेही अपना रंग जमाने का सामर्थ्य संपादन करें ।

वृन्द-गायन के लिए तो विशेष प्रकार सें अभ्यास करना पडता है । उसमें उपजत अंगस्वभाव केवल कण्ठस्वर का माधुर्य तथा शब्दोच्चार का लालित्य, इन दो बातों में प्रकट हो सकता है । इसके अतिरिक्त एक समयावच्छेद पर अर्थात् गीतरचना की माया-प्रतिमाया

पर सावधान रहते हुए साथियों से अलग इधर-उधर कोई स्वरोच्चार तथा शब्दोच्चार न निकल पडे इस बात पर सचेत रहना, ऐसा अत्यावश्यक गुण संपादन करना चाहिए ।

ये सब विषय तो बहुत बडे हैं । उन पर विस्तृत विवरण यहाँ उद्दिष्ट नहीं है । इतना ही पर्याप्त है कि संगीत व्यवसायी सज्जन तथा संगीत विद्यार्थीगण इन आधुनिक आवश्यकताओं पर विशेष लक्ष्य दे तो वे अवश्य अपने संगीत कार्यक्रमों में सफल होंगें ।

१४

आजकल प्रत्येक संगीतकार, चाहे वह नवोदित हो या उच्च कोटि का, अपनी कला में गति (Speed) पर प्रभुत्व दिखाने की चेष्टा करता हुआ दिखाई देता है । परन्तु ऐसे प्रयत्न करते समय अधिकतर कलाकार यह भूल जाते हैं कि वे संगीत के माधुर्य को किसी विशिष्ट सीमा के बाद नष्ट करते हैं । वास्तव में गति की मर्यादा उतनी ही होनी चाहिए जहाँ तक उसमें स्वर-माधुर्य स्थिर रहे । बेहद तैयारी दर्शाने के जोश आ कर कई एक कलाकार रागों के स्वरूपों को न केवल नष्ट ही करते हैं, बल्कि संगीत जैसी दैवी, शान्त, प्रतिष्ठित कला को वे लोग मल्लों का अखाड़ा बनाते हैं । संगीत में स्वरों का आनन्द विभिन्न लयकारियों के चमत्कारों द्वारा दर्शाया जाना चाहिए । गति की मर्यादा प्रत्येक व्यक्ति के अपने निजी कण्ठस्वर अथवा हाथ की चपलता पर आधारित रहती है । यदि आवाज भारी एवं बुलंद हो तो उस आवाज में टप्पा-शैली का गायन अथवा द्रुत गति की तानें अच्छी नहीं लगेंगी । यदि हाथों में चपलता एवं स्फूर्ति हो तो उनसे द्रुत गति की तानें अथवा गतें वाद्यों पर बज नहीं सकेंगीं । विपरीत इसके, पतली, चपल एवं ऊँची आवाज में ध्रुपद-धमार शैली का गायन अथवा गमक की तानें, जबडा-तानें इत्यादि कदापि शोभायमान न होंगीं । अतएव प्रत्येक कलाकार को चाहिए कि वह अपने कण्ठस्वर के धर्मानुसार किसी विशिष्ट गायन शैली का अभ्यास करें और साथ-साथ अपनी गायन-शैली में गति की मर्यादा वहीं तक रखे जहाँ तक कि उसमें सुरीलापन कायम रह सके ।

इसके साथ-साथ आजकल कुछ ऐसे भी कलाकार हमारे सुनने में आते हैं जो लय की गति को इतनी विलम्बित रखते हैं कि वहाँ लय है या नहीं, यह जानना साधारण मनुष्य के लिए एक कष्टसाध्य समस्या हो जाती है । आजकल जिस प्रकार द्रुत गति की ओर कलाकारों का ध्यान गया है उसी प्रकार अति विलम्बित लय में गाने-बजाने की फैशन कुछ कलाकारों ने रूढ की है । परन्तु शायद ही ऐसा कोई विशिष्ट गायक या वादक होगा जो अपनी निश्चित की हुई अति विलम्बित लय के समन्वय से अपना राग-विस्तार करता हो । इस प्रकार की विलम्बित लय रख कर गाने-बजाने वाले कलाकारों में प्रायः यही दिखाई देता है कि उस लय से न तो उनकी बंदिश से कोई विशिष्ट सम्बन्ध ही रहता है और न कोई लयकारी ही । वे केवल अपने आलाप-तानों को गा-बजा कर उसके साथ केवल एक ही मात्रा अथवा उससे भी कम मात्रावकाश में अपनी बंदिश का मुखडा जोड़कर सम पर आ मिलते हैं । इस

पर से यही जान पडता है कि वे केवल 'मुखडे के देनेदार' हैं और सम के प्रति अपना कर्ज चुका कर उससे छुटकारा पाना चाहते हैं। जिस ताल में वे अपनी बंदिश गाते-बजाते हैं उसकी अन्य मात्राओं से अथवा उस ताल के वजन से मानो उनका किसी प्रकार का सम्बन्ध ही नहीं रहता। ऐसे कलाकारों के लिए सभी ताल समान ही होते हैं। वास्तव में, प्रत्येक ताल का अपना एक निजी वजन रहता है और इसी कारण हमारे संगीत में (हिंदुस्तानी एवं कर्नाटकी-दोनों प्रणालियों में) भिन्न-भिन्न ताल पाये जाते हैं। एक ही मात्रा-संख्या के दो तालों का वजन भिन्न रहता है। उदा. झपताल एवं सुरफाक् (सूलताल); धमार, दीपचंदी, आडाचौताल व झूमरा; चोताल, एकताल व विक्रमताल; इत्यादि। गीत की बंदिश के अनुसार वह किस ताल में गानी चाहिए, यह स्वयं वाग्येयकार ही निश्चित करते हैं। इसके अतिरिक्त एक ही ताल में भिन्न-भिन्न गीत रचे हुए होते हैं; उनकी रचना के अनुसार उन गीतों की लय उस एक ही ताल में भिन्न-भिन्न हुआ करती है। इस सब बातों पर हमारे संगीतकारों के लिए पर्याप्त ध्यान देना अत्यावश्यक है। अन्यथा हमारे संगीत की अवस्था दिन-प्रति-दिन दयनीय होती रहेगी, इसमें कोई संदेह नहीं !

एक और महत्त्व की बात, जिसकी ओर हमारे संगीतकारों का ध्यान हम खींचना चाहते हैं। वह यह है कि आजकल कुछ संगीतकारों की प्रवृत्ति, अपनी गायन-वादन शैली में कुछ न कुछ नवीन चमत्कृतिक आविष्कार कर उनके द्वारा 'येन केन प्रकारेण' आम लोगों में प्रसिद्धि सम्पादन करने की ओर होती जा रही है। कुछ लोग पाश्चात्य संगीत का कुछ रंग अपनी कला निदर्शन में लाने का प्रयत्न करते हैं; कुछ वादक अपने वाद्य पर गले की गायकी बजा कर लोगों में यह सिद्ध करना चाहते हैं कि गले से दर्शाई जानेवाली सब खूबियाँ तंत पर, विशेषतः 'तंत' वाद्यों पर निकल सकती हैं। इसके अलावा, कुछ लोग अपनी गायन-वादन शैली में कुछ 'बल-पेचों' को प्रविष्ट कर अपनी शैली किलष्ट एवं अननुकरणीय बनाने का प्रयत्न करते हुए दिखाई देते हैं। इस प्रकार की चमत्कृतियों से अधिक से अधिक लोगों को केवल आश्चर्यचकित ही किया जा सकता है; इनसे सच्चा आनन्द तथा रागदारी-संगीत का ऊँचा स्तर कभी प्राप्त नहीं किया जा सकता। सच्चा आनन्द तो शुद्ध कलात्मक संगीत से ही मिल सकता है; और वास्तविक रूप से देखा जाय, तो सच्चा कलात्मक गायन-वादन, संगीत के स्थूल सिद्धांतों पर ही निर्भर है, जिन्हें हमारे प्राचीन अनुभवी एवं घरानेदार कलाकारों और शास्त्रकारों ने अपनी तपश्चर्या एवं साधना द्वारा प्राप्त अनुभवों से कायम किया है। इन्हीं सिद्धान्तों की ओर दृष्टि रख कर एवं उनपर गहन अभ्यास कर अपनी कलोपासना करने की प्रवृत्ति प्रत्येक आधुनिक कलाकार की रहनी चाहिए। ऐसा होने पर ही कलाकार अपनी सच्ची कला अधिक विविधता के साथ, निःशंक एवं साहस से लोगों के सम्मुख रख सकेगा और तभी संगीत कला भी अन्य कलाओं की भाँति अपने उज्ज्वल भविष्य की प्रतीक्षा कर सकती है।

भारतीय संगीत की सद्यःस्थिति पर सूक्ष्म विचार करते हुए कभी मन में शंका उत्पन्न होती है कि क्या हमारे संगीत की प्रगति हो रही है अथवा उसके प्राचीन इतिहास की, प्राचीन चरित्र की पुनरावृत्ति हो रही है ? संगीत के इतिहास की क्षीणता के कारण कई महत्त्वपूर्ण विषयों पर किसी निश्चित रूप से एवं सप्रमाण कोई विधान करना बहुत कठिन है। सबसे प्रथम एवं अधिक महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह उठता है कि क्या हमारे प्राचीन संगीत के प्रयोग अधिकतर वैयक्तिक होते थे अथवा सामूहिक? हमारे 'पुराण' तथा प्राचीन इतिहासादि में राजाओं के पराक्रम तथा उनकी दैनंदिन जीवनियों के समबन्ध में बहुत कुछ साहित्य उपलब्ध है। किन्तु किसी राजा के दरबार में कोई कुशल गायक वादक रहा हो और अकेले ही गाता हो तो उसके सम्बन्ध में उल्लेख क्वचित ही मिलता है। उदाहरणार्थ, अयोध्या, द्वारका, मथुरा, हस्तिनापुर, इन्द्रप्रस्थ, कुंडिनपुर, प्राग्ज्योतिष्पुर इत्यादि प्राचीन राजधानियों में, राजा हरिश्चन्द्र, राजा रामचन्द्रजी, श्रीकृष्ण भगवान्, दुष्यन्त, भरत, राजा नल, युधिष्ठिर, जनमेजय इत्यादि राजाओं के दरबारों में किसी गायक-वादक के वैयक्तिक गायन-वादन के प्रयोगों के सम्बन्ध में कोई उल्लेख नहीं मिलता। भाट, चारण, कवि, नृत्यकार, नट, नाटकशाला, इत्यादि का तो कुछ उल्लेख कहीं-कहीं मिलता है। इन प्राचीन राजाओं में काव्य, चित्रकला, नाट्यकला में पर्याप्त रुचि दिखायी देती है। नाटकों में, यात्रा-मेलों में, राजकीय उत्सवादि में, सामाजिक, धार्मिक, कौटुम्बिक समारोहों में वृन्द-संगीत के प्रयोग होते होंगे, यह कहा जा सकता है। पर किसी एक ही गायक-वादक के गायन-वादन का एकाकी प्रयोग होता होगा, न उसके नाम के, न प्रयोग के सम्बन्ध में कोई जानकारी उपलब्ध है। वाल्मीकि ऋषि ने लव-कुश बन्धुओं द्वारा राजा श्रीरामचन्द्रजी के सम्मुख रामायण स्वरालापों में बिठाकर गवाया था, ऐसा एक उल्लेख मिलता है। पर, बस, इस उल्लेख के अतिरिक्त और कुछ नहीं मिलता। लव-कुश ने किस प्रकार का गायन किया था, गायनशैली क्या थी, किन-किन जातियों में अथवा किन-किन रागों में गाया था, ये सब बातें गुप्त ही हैं। ऐतिहासिक काल में आइए तो, चंद्रगुप्त मौर्य, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त, विक्रमादित्य, सम्राट हर्ष इत्यादि इतिहास प्रसिद्ध सम्राटों के दरबारों में भी किसी गायक-वादक का वैयक्तिक गायन-वादन होता रहा होगा अथवा नहीं, यह कहना कठिन है। तो क्या वैयक्तिक गायन-वादन के प्रयोग होते ही नहीं थे? मिश्र, अरबस्तान, ईरान, तुर्कस्तान इत्यादि प्राचीन संस्कृतिवाले देशों के इतिहास में बड़े बड़े गायक-वादक, संगीत-रचनाकारों के नाम तथा उनके कार्य के सम्बन्ध में बहुत कुछ इतिहास लिखा हुआ उपलब्ध है। पर भारतीय संगीत का इतिहास इस सम्बन्ध में तटस्थ है। पृथ्वीराज चौहान के दरबार में कोई गायक रहा हो, तो उसका उल्लेख नहीं मिलता। चंद वरदायी भाट थे, राजकवि थे। पर वे राग-रागिनियों के ज्ञाता थे, स्वयं स्वरचित स्तुति-गीत रागदारी में गाते थे, कहा नहीं जा सकता। उन्होंने 'आल्हा उदल' जैसे वीर गीत भी लिखे होंगे; किन्तु वे दरबार-गायक नहीं थे। प्राचीन राज-सभाओं में कोई एकाकी गायन-वादन के प्रयोग होते हों, तो ये ही भाट-चारणों के

राजस्तुति गीतों के होंगे। संगीत कला की दृष्टि से राग-गायन से केवल ध्वनिमाधुरी का आनन्द लेने के हेतु से किसी प्राचीन, अथवा सम्राट अकबर के पूर्वकालीन किसी ऐतिहासिक राजा ने गुणी गायक-वादक नौकर रखे हों, तो उस बात का उल्लेख कहीं न कहीं होना ही चाहिए था।

तानसेन ही सर्वप्रथम व्यक्ति दिखायी देता है जो एक महापराक्रमी सम्राट के दरबार का राजगायक था और उसी के पश्चात् कई अन्य राजाओं के यहाँ राज-गायक वैयक्तिक गायक के लिये नौकर रखे जाने लगे। मंदिरों में, मठों में भी वृन्द-गायन-वादन का ही प्रचार रहा होगा, जो अब भी प्रचलित है। हाँ, कहीं बैजू बावरे जैसे पदयात्री संगीतज्ञ, कुशल गायक-वादक प्राचीन समय में भी रहे होंगे। पर वे केवल स्वानन्द के लिए, एक प्रकार की आध्यात्मिक मस्ती में गाते होंगे; न कि श्रोतृरंजन के लिए और न किसी राजा को प्रसन्न करने के लिए। स्वामी हरिदासजी के सम्बन्ध में आख्यायिका है ही कि सम्राट अकबर को उनका गायन सुनने के लिये वृन्दावन जाना पड़ा। स्वामीजी दरबार में न गये।

वैयक्तिक गायन-वादन-नृत्य से वृन्द गायन-वादन-नृत्य बहुत कुछ भिन्न होता है, और उसकी यह भिन्नता अनिवार्य है। वैयक्तिक संगीत प्रयोग के लिए साधना की आवश्यकता है, वृन्द संगीत में योजना की। दोनों अपने-अपने ढंगसे कठिन हैं। वैयक्तिक संगीत में स्वयं गायक-वादक-नृत्यकार सफलता का उत्तरदायी होता है, जबकि वृन्द-संगीत में वृन्द का संयोजक, दिग्दर्शक, नेता, जो भी कहिये, उत्तरदायी होता है।

वर्तमान संगीत, वैयक्तिक गायन-वादन-नृत्य की अपेक्षा वृन्द गायन-वादन की ओर शनैः शनैः झुक रहा है। सम्भव है, प्राचीन भारतीय संगीत वैयक्तिक की अपेक्षा सामूहिक ही अधिक रहा हो। जो भी हो, इस विषय पर संशोधनात्मक चर्चा की अपेक्षा रखते हुए ही आरम्भ में यह प्रश्न उठाया गया है।

क्या इस विषय पर हमारे संगीत-विद्वज्जन प्रकाश डालेंगे ?

२४

क्या से क्या ?

१ अफसोस, अफसोस, या खुदा अब क्या होगा ।

२ क्यों ? क्या हुवा ?

१ अजी कुछ व पूछिये ?

२ हैं, आखर आप इतने परेशान क्यों हैं ?

१ क्या कहूं ? हाय रे, मेरी फ्रेंच रीड ।

३ फ्रेंच रीड । फ्रेंच रीड कौन है ? क्या कोई मेम बीबी ।

१ अजी मेम बीबीकी वैसी तेसी ! क्या अभी फ्रेंच रीड नहीं जानते हो मियां ! तो क्या खाक गाना सीखते हो !

३ अच्छा ! हार्मोनियम की फ्रेंच रीड ! क्या आपकी खो गयी क्या ।

२ खुदा न करें मेरी खो जाय? इस रेडियो पर लानत है कि जिसमें अब हार्मोनियम न बजेगा । न मालूम क्या सूझी इनको कि हार्मोनियम कताई बंद कर दिया ।

३ ठीक तो किया ! क्या हार्मोनियमभी कोई अपने गाने बजाने का साज है ?

१ साज नही तो क्या है? सारे मुल्कभर इसका शोर है सो क्या फुजूल ?

२ इसमे क्या शक! जनाब बिलकुल लिपटन चायकी तरह सारे हिंदुस्तान भरको यह लिपटे बैठा है । देहात देहात तक पहुंचा है । पक्के, कच्चे बडे-छोटे सब गाने वाले आज इसके कायर है ।

३ येही तो तारीफ है । आपके पेटमे घुसके खुन का बूंद बूंद चूसनेवाली चाय और कानों को बेताल करनेवाली हार्मोनियम ये दो हमारे खानेका और गानेका सत्यानास करते रहते हुवे हम लोगोंको बेहद प्यारे बन बैठे है ।

२ क्या हार्मोनियम इतना खराब साज है ?

३ इसमे कोई शक नहीं है ।

१ ये भी एकही रही । भला बताइये कोई गाना आलापचारीसे लेके नौटंकी की धुने तक इससे बचा है ।

३ बचा नही जबही तो संगीतकी मिट्टी पलीत हो रही है । हमारे संगीतका मुर्दा इस पेटीमे नजर आता है । जिंदा संगीत भला इसमें कैसे आ सकता है ।

२ जरा समझा तो दीजिये ।

३ ऐ खुदा । मैं कहां से कहां फंस गया ।

संगीत यह इन्सान के दिल्की आवाज है । दिलकी रोशनीके जरिये इनसान देखनेवाली खुबसूरतीयां जाहीर करता है। दिलकी आवाजसे वह सुननेवाली खुबसूरतीयां जाहिर करता है । यह आवाज हर इन्सानमें कम ज्यादह हिस्सेसे होती है । बल्की इन्सानियतकी यह एक निशानी ही है । बाजे लोग कुद्रतसे ही किसी साजकी तरह ठीक सुरमे मिलाये हुवे होते है । उनके कानपर कोई अच्छा गीत पडतेही उसकी खुबसूरतीयोंका असर उनपर होता है और वे खुदबखुद गाने बजाने लगते है ।

यूं तो हर एक इन्सानका संगीत अपना खास अलाहिदा होता है । मगर जब वह औरोंको सुनना चाहता है तब वह संगीत कुछ कायदोंमें बंधा हुवा होना चाहिए ताकि उनके वह समझमें आवै । ये कायदे कोई खास बैठकर बनाना नही है । संगीतकी दुनियामें नामवर लोगोंकीही ईजाद की हुई बाते कि जिनका असर आम लोगोंपर होता हुवा पाया जाता है वही आगे चलके इस हुनरके कायदोमें शामिल होते है ।

किसी मुल्कके संगीतकी शुरुआत का सवाल बडा मुश्किल होता है । खुदाने अपनेको सबसे पहले आवाजके जरिये जाहिर किया वह माना जाता है । "ॐ तत् सत्" यह हिंदू लोगों के वेदान्तकी जड है । बैबल भी कहता है कि "In the beginning there was the word and word was with God and word was God." हिंदुस्तान के संगीतकी शुरुआत गलेकीही आवाजसे हुई है ऐसे मालूम होता है । हमारा संगीत सामवेदसे निकला यह हमलोग मानते चले आये है । "सामवेद" यह गाया जानेवाला वेद कहलाता है । उसके गानेवालेको उत्गाता कहते है । गानेको ही हमारे यहा अव्वल माना जाता है । साजोंका संगीत गायनकेही आसरेपर रचा हुआ है । पुराने जमानेमें गायनके साथमें सब साज बजाये जाते थे । हमारे यहाँका सबसे अव्वल दर्जेका साज बीन है । उसके बाजके कायदेभी गायनके आधारपर बने हुअे है । अब भी साज बजानेवाले उस्तादोंको गानेकी तालीम पहले लेनी पडती है । बिना इसके वे लोग अपना साज ठीक बजा नहीं पाते है । पुराने जमानेमें नाच भी गायनके साथ हुआ करता था । लिहाजा गलेकी आवाज याने गायन इसीको हमारे संगतकी जड मानकर चलना चाहिजे ।

संगीत यह इन्सानकी बनाई हुअी चीज होनेसे जमानेकी रफ्तारके साथ इसकी रफ्तार होती है । लोगोंके खयालात, चाल चलन, जमानेकी हालत जिस तरह बदलती जाती है उसी तर उनके हुनरका शक्ल बदलता जाता है । उसकी तरक्की या पीछेहाट ये जमाने की ही हालतसे जांचे जा सकते है । आज तो हमको "क्या से क्या' इससे मतलब है । "क्या से क्या", यह अच्छा हुआ है या बुरा है इसका सवाल आज नहीं है ।

पुराने जमानेमें संगीत परमात्मा और उसमें फैलायी हुअी शक्तियाँ अस्तुतमेंही होता था । अस्तुतकी बंधी हुअी कविताएँ मीठी आवाजमें, सुरमें साजोंके साथ गाना यही संगीत था । इन्सान के दिलको रिझानेके लिये उसको अलगसे एक हुन्नर करके कबसे माना गया ये कह नहीं सकते । गानेके स्वरोंकी, तादात पहले तीन चारही थी, जो कि सामवेद में काम आती थी । उस जमानेमें स्वरोंके नाम भी आजकाल जो हम कहते हैं, वे नहीं थे । पहले उदात्त

अनुदात्त, स्वरित, ये तीनही स्वर थे जोकि वेदोमें आते थे । उनकेबाद कृष्ट, प्रथम द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ मंद्र अतिस्वार ऐसे उतरते सिलसिले में सात स्वर हो गये ।

मालूम होता है कि संगीत यह अलगसे एक हुनर बनने लगा तब हमारे आजकलके स्वरनाम यानि षडज, ऋषभ, वगैरहा पैदा हुए । हमारे सबसे पुराने साज शिवजीका डमरु, गणेशजीका मृदंग, भगवान विष्णुका शंख, नारदजीका तंबुरा, सरस्वतीजीकी बीन और कन्हैयाकी बाँसरी ये है । मगर इन साजोंपर बजनेवाली ताल और स्वररचना कैसी थी यह कह नहीं सकते. और इनके बाद निकले हुअे साज जो हमारे यहाँ थे वे सब अब लुप्त हो गये । लेकिन ये छे अब भी मौजुद है और इस्तेमाल किये जाते है । संगीत जब इन्सानको रिझानेवाला हुनर बनता चला तब उसके गीतोंके मजमून भी बढते चले । अस्तुतके गाने तो जारीही रहे । पर साथही साथ नाटक नाच रंग, शादी, ब्याह, मौसमी-त्योहार, खेलकूद, लढाई-झगडा, जुलूस वगैरहको गाने कि जिनमें आम लोगोंका दिल बहले ऐसे गाने बनने लगे । राजेरजवाडोमें गाये बजाये जानेवाले संगीतके कायदे बनने लगे और उसका एक सिलसिला जारी हुआ जिसपरसे हमारा Classical Music बनता चला आया है ।

कायदेमें बंधा हुआ एक हुनर इस शक्लमें संगीतका बयान जिनमें है, ऐसे हमारे ग्रंथोंमे सबसे पुराना ग्रंथ भरतनाट्य शास्त्र है । इस ग्रंथको आज कम-से-कम १५०० साल हुअे है । इसके पहलेही संगीतके उसुल कायम हुए होंगे । इस किताबमें श्रुतिस्वर, ग्राम, मूर्च्छना, जाति इनके वसूलोंपर संगीत बना हुआ था । यही संगीत अव्वल मुसलमानी जमाने तक जारी रहा । दरम्यान में जातिओमेंसे राग पैदा होने लगे थे । भरतनाट्य शास्त्र के बाद सबसे मशहूर और बडा ग्रंथ संगीत रत्नाकर जो १३ वी सदी इसवीमें लिखा गया । इस ग्रंथ के वक्त जातियाँ जो कि ईश्वर स्तुतिके तालमें बंधे हुए गीतों की तर्जे थी, मिटती चली गयी और रागगायन बढने लगा । रत्नाकरमें रागोके और गायकीके कायदे पाये जाते है । अफसोस यही है कि इस ग्रंथ के शुद्ध विकृत स्वर क्या थे, उन्हींका पता नहीं चलता, जिससे इसको समझना बहुत मुश्किल हो गया है ।

इस गायनमें आलापचारीका रिवाझ शुरू हुवा और गानेवाले को अपने तईसे नयी बाते पैदा करनेका मौका मिला ।

संगीतके कायदोंका सिलसिला कुछ इसी तरहसे चल पडा है । इसके तमाम कायदे हमने ही अपने लिये बनाये है ।

२५

राग और समय

(Talk broadcast from AIR, Lucknow on 14.10.1943)

हिंदुस्तानी संगीत में रागों के गाने के समय क्यों बाँध दिये गये हैं ? क्या कोई भी राग किसी भी समय नहीं गाया जा सकता है? क्या राग उनके बँधे हुवे समय पर ही गाये जाय तब अच्छे लगते हैं? किसी और समय गाने से क्या उनका असर नहीं हो सकता? ये सवाल आजकल हमारे जागते हुवे संगीत-प्रेमियों के आगे खडे हैं। पर इन छोटे से सवालों के भीतर और भी इनसे अधिक महत्त्वपूर्ण सवाल हैं।

संगीत यह एक ललित कला है। अतएव मनुष्य निर्मित है। उसके नियम त्रिकालाबाधित नहीं होते हैं। यह कला परिवर्तनशील, प्रगमनशील है। इसके नियम लोक रूचि पर निर्भर होते हैं। हमारा संगीत देशी संगीत है। देशी संगीत की व्याख्या ग्रंथों में यूं की गई है। देशों देशों में, लोगों की रुचि के अनुसार गाया बाजाया जानेवाला संगीत, सो देशी संगीत कहलाता है। इस व्याख्या के अंदर केवल हिंदुस्तानी संगीत ही नहीं वरन् सब दुनिया भर के संगीत का निर्देश है। दुनियाभर के सब देशों में वहाँ के लोगों के रुचि के अनुसार जैसा जैसा जो संगीत है, सो देशी संगीत कहलाएगा। 'भिन्न रुचि हिं लोकः' यह एक सच्ची बात बतानेवाला सुभाषित है। सब लोगों की रुचि एक नहीं हो सकती। ललितकलाओं की अभिवृद्धि को लोकरूचि ही मार्गदर्शक होती है। अतएव संगीत, चित्रकला, शिल्पकला इन सब के स्वरूप भिन्न भिन्न देशों में भिन्न हुवा करते हैं। इतना ही नहीं वरन् एक ही देश में कालान्तर में इनमें परिवर्तन व प्रगमन होता रहता है। हिंदुस्तान में ४०० वर्ष पहले गाये जाने वाले राग आज प्रचलित नहीं, न मियाँ तानसेन के समय संगीत रत्नाकर का संगीत प्रचलित था। यह परिवर्तन कोई जान बूझकर किसी हेतु से करता-कराता नहीं है। वरन् अपने आप होता रहता है। भैरवी में वास्तव में सब कोमल स्वर लगने चाहिये; कोई तीव्र स्वर न होना चाहिये। पर आजकल केवल तीव्र मध्यम ही नहीं वरन् सब तीव्र स्वर बीच में अपनी अपदनी कहते ही रहते हैं। अब हम सवाल करें कि ये तीव्र मध्यम, तीव्र रिखब, तीव्र धैवत किसने भैरवी में भर दिये? तो क्या जबाब है? लोग रागों में नये नये प्रयोग करते ही रहते हैं। कोई सुरबेत्रा नियम के विरूद्ध हुवा, तो भी वह अगर सुंदर, मीठा और राग को जँचता हुवा मालूम हो, तो वह प्रयोग में आ ही जाता है। सुननेवालों में पास हुवा तो उसका बहुत शीघ्र प्रसार हो जाता है। और २५ वर्ष के बाद राग का बयान लिखनेवाले को, उसको नियमों में स्थान देना पडता है।

हिंदुस्तानी रागदारी संगीत यह पिछली सदी तक राजाश्रय में पली और बढाई हुई एक ललित कला थी। राजाश्रय छुट जानेपर वह अब लोकाश्रय में शरण आयी है। अतएव उसके स्वरूप, रीत रिवाज की पूछताछ, जाँच परख बडे जोरों में होना कोई आश्चर्य की बात नहीं। प्रचलित रागदारी संगीत के संबंध मे जो जो शका-कुशंकाएँ आजकल सुनने में आती

है, सो सुनकर जी घबडा उठता है । स्वयम् राग के तत्त्व पर आघात हो रहे हैं । यह पुराना पेड कब उखाड दिया जायगा, इसका भरोसा नहीं । तो रागों के गाने के समय - नियम की कौन कहे !

रागों के समय नियमों को आधार परंपरा ही है । प्राचीन काल में संगीत का उपयोग मंदिरों में, राज दरबार में एवम् नाटकों में अधिकतर हुवा करता था । और, वह संगीत स्वतंत्र नहीं होता था । गीतों में बँधा हुवा अर्थात शब्दयुक्त होता था । इन गीतों की चालें बँधी हुई होती थी, जिनको जाति कहते थे । गीतों में अर्थभाव होता था, उसी के अनुसार योग्य समय पर योग्य स्थान में वे गाये जाते थे । और, उसी के अनुसार उनकी चालें भी रखी जाती थी। इन्हीं चालों को शब्दों से अलग करके उनके आलाप, जिनको रूपकालाप कहते हैं । राग भी प्रायः इन्हीं चालों में से पैदा हुए हैं । राग निशब्द भी हो, तब भी गीतों के अनुसार निश्चित समय पर गाये जाये लगे । कुछ राग मौसमी बने क्यों कि जिन गीतों में से वे निकाले गये, वे गीत किसी मौसम के वर्णन के थे । इसी प्रकार, प्रातः काल में गाये जाने वाले गीतों में से प्रातर्गेय राग, दिन गेय गीतों में से दिन गेय राग, सायंकाल के गीतों में से सायंगेय राग एवम् रात्रिगेय गीतों में से रात्रि के राग, यह प्रथा बनती गई । सायंगेय राग प्रातःकाल में क्यों न गाये जाय । ऐसा करने से क्या बिगडेगा? इस शंका का उत्तर वैज्ञानिक, आधिभौतिक कार्यकारण भाव के आधार पर नहीं दिया जा सकता । इस प्रथा को आधार परम्परा का ही है । यह सवाल ऐसा ही है जैसा कि हिंन्दुस्तान में सुहागिनी कुंकुम तिलक क्यों लगाती हैं, सिंदूर से माँग क्यों भरती हैं? अगर वे वैसा न करें तो क्या बिगडेगा, यह सवाल है । भैरव शाम के समय गाने से या सुहागन के कुमकुम तिलक न लगाने से बिगडेगा तो कुछ नहीं । न उल्कापात होगा, न भूचाल ; शाम के समय भैरव या तिलक विहीन सुहागिनी सामने आने पर हम चौंक जरूर जायेंगे, क्योंकि उसकी आदत हमें नहीं है । आदत डालने पर कोई भी वस्तू मनुष्य के लिये अशक्य नहीं है । मान लीजिये कि कोई बुद्धिमान व्यक्ती को यही शंका आयी कि आदमी पैर पर ही क्यों चले, हाथ पर क्यों नहीं? हाथ पर चलने की आदत डाले और वैसा ही चले तो क्या बिगडेगा । वहे चलने की आदत उसमें और वैसे देखने की आदत लोगों में हो गई तो यह व्यवहार बिलकुल स्वाभाविक हो जायगा । मात्र वह उलटा आदमी कहलायेगा । हिन्दुस्तानी संगीत के राग ये अपने अपने तई एक एक स्वतंत्र व परिपूर्ण कलाकृति है । उनके स्वरूप में और व्यवहार में परिवर्तन अगर होता भी रहे तो वह बहुत धीरे धीरे होता रहता है, और किसी की इच्छा से जानबूझकर किया नहीं जाता । रागों के श्रृंगार में से ही नई नई कल्पनाएँ निकलती रहती हैं और राग में खप जानेवाली हों तो उसके स्वरूप में शामिल हो जाती हैं ।

ये सब रहने दीजिये । पाश्चात्य संगीत का ही उदाहरण लीजिये अगर किसी प्रबन्ध को कि जो स्मशान यात्रा में ही बजाया जाता हों, खाने पीने की दावत में बजाया जाय या किसी आंनन्दोत्सव में बजानेवाला प्रबन्ध शवयात्रा में बजाया जाय तो क्या बिगडेगा? केवल इतना ही होगा कि सुननेवाले हाय तोबा करके कान में उंगलियाँ डालेंगे । क्योंकि उसकी आदत उनको नहीं है । स्वरों का असर किस पर क्या होगा वह विषय बहुत गम्भीर (गहरा) है । हमारे

यहाँ के भैरव, पूर्वी, श्री, परज, ललित ये बडे मीठे समझे जानेवाले राग पाश्चात्यों को बहुत बेसुरे लगते हैं, ऐसा कहते हैं। वैसी ही पाश्चात्य गायक बहुत ऊँची आवाज में एक ही स्वर को हिलाते हुवे गाते है, तो हमारे यहाँ के लोगों को कोई जी भर कर रोता हुवा जान पडता है। इससे यही जान पडता है कि नारी-स्वरों का परिणाम किसी निश्चित भाव को व्यक्त नहीं करता। भाव व्यक्त करने की रीति भी भिन्न भिन्न समाज में भिन्न भिन्न होती है। हम लोग टोपी पहनकर बडों को अपना आदर व्यक्त करते हैं। जब तक स्वरों के परिणाम पर हम लोग किसी निश्चित सिद्धांत पर नहीं पहुँचते, तब तक क्यों का उत्तर क्यों नहीं से ही दिया जा सकता है।

इसके व्यतिरिक्त रागों के समयचक्र में और एक बात है। इस समय चक्र के दिन और रात ऐसे दो विभाग हैं। इनमें एक विभाग में आते हुवे कुछ राग थोडासा रूपान्तर करके दूसरे विभास में आते हैं। जैसे कल्याण और खमाज ठाठ के कुछ राग जैसे शुद्ध कल्याण भोपाली, छायानट, हमीर, कामोद, खमाज, झिंझोटी, जैजैवन्ती यह सब रात के ७ से १० बजे तक गाये जानेवाले है। इन्हीं में थोडासा रूपान्तर होकर दिन गेय बिलावल प्रकार हो जाते है। जैसे, हेम, देशकार, कुकुभ, सरपरदा, सारंग प्रकार दोपहर में गाये जाते हैं। इन्हीं में से फरक करके मल्हार और कान्हडे बन जाते हैं। जो मध्यरात्रि के आस पास गाये जाते हैं। एवम् पूर्वी और मारवा ठाठ के कुछ सायंगेय रागों के रूपान्तर प्रातर्गेय रागों में होते हैं। देसी का रूपान्तर दरबारी कान्हडा, जैनपुरी का अडाणा। इस प्रकार रागों के वक्तबंदी में भी कुछ नियमितता दिखाई देती है। अगर सारंग सुनने की इच्छा हो और वक्त रात का हो तो हम लगभग सारंग की शक्ल का कोई मल्हार या कान्हडा सुने तो क्या हर्ज है? मीयाँ मल्हार की उत्पत्ति भी ऐसे ही प्रसंग पर हुई है, ऐसा सुनने में आता है। मीयाँ तानसेन को बेवख्त कान्हडा गाने की फरमाइश हुई दिन बरखा के थे। मीयाँ ने झट कान्हडे में मल्हार का राग शामिल करके नयी एक शक्ल ईजाद की जिसको मीयाँ की मल्हार कहते हैं। यह एक बहुत लोकप्रिय राग है।

जब नाटकों में, सिनेमा में संगीत चलता है, जहाँ रागों के समय का नियम नहीं रह सकता, तो गायकों से बेवक्त राग गवाने की आवश्यकता नहीं है। वैसी भी आजकल कुछ रागों के बाबत समय नियम में ढीलापन, कॉनफरन्सों में, महफिलों में भी रहता है। कॉन्फरन्सों के सवेरे की बैठकों में दस पाँच गायक वादक सारंग के समय को पार करके टोडी पीटते रहते सुनाई देते हैं। ललित, परज, सोहनी, भटियार, भंखार, विभास ये प्रभाती के राग रात की महफिलों में १२-१ बजे गाये हुवे सुनाई देते हैं। कोई भी महफिल चाहे दिन की चाहे रात की, चाहे शाम की हो, उसका अवसान भैरवी पर ही होता हुवा अधिकतर सुनाई देता है। चंद रोज पहले स्वयम् मुझे एक महफिल में अपना गाना रात के दो बजे भैरवी पर ही एक साहब की फरमाइश के कारण समाप्त करना पडा। सो, यह परिवर्तन अपने आप होते रहता है और न यह किसीके रोकने से रुकेगा न किसी के बढाने से बढेगा।



PART III - MARATHI

१

हिंदुस्थानी रागदारी संगीताची पूर्वपीठिका, सद्यःस्थिती व भवितव्य

आजचे युग लौकिक आहे, दैविक व वैभूतिक युगे संपून लौकिक युगाला आरंभ होऊन आज जवळ जवळ दोन शतकें होत आलीं. वैदिक कालातील देवता व पुराणेतिहासातील विभूतींच्या जागी आज समाज विराजमान आहे. अनंताला हजार तोंडे आहेत. तेव्हा त्यांतून निघणाऱ्या आवाजात विविधता व विचित्रता हीं ओघानेच आली. मनुष्यांत परस्पर ऐहिक संबंध कोणत्या प्रकारचे असले पाहिजेत कीं जेणे करून एकमेकांच्या उरावर बसून "तू किंवा मी"चा निर्णय करण्यात न गुंतता हातांत हात घालून "तू व मी, आपण दोघेही" या विधायक वृत्तीचा विकास होऊ शकेल. या विश्वव्यापी समस्येवर प्रयोगांवर प्रयोग होऊन चुकले व होत राहिले आहेत. पण अजूनही घडी नीट बसलेली दिसत नाही.

दैविक युगामध्ये तर देवाची इच्छा हीच प्रमाण होती. ईश्वराच्या विरुद्ध खटला चालवायला या जगात कोर्टच कधी नव्हतें व आजही नाही. पूर्वी नव्हतें त्याचें कारण ईश्वर हा सर्वसमर्थ, त्याचे विरुद्ध सूर्यसुद्धा उगवू शकणार नाही अशी मनुष्य जातीत असलेली दृढ भावना. आज ईश्वराच्या विरुद्ध कोर्ट निराळे असण्याची आवश्यकताच नाही. कारण ईश्वर जगामध्ये येऊन वावरू लागला आहे. तेव्हा तुम्हा आम्हांप्रमाणें त्यालाही कोर्टात खेचण्याचे धैर्य आम्ही करू शकतो व करतो.

वैभूतिक युगात असामान्य बुद्धीच्या व कर्तबगारीच्या कोणत्याही मनुष्य-देहधारी व्यक्तीवर पूर्ण श्रद्धा भक्तीने किंवा भीतीने म्हणा ठेवून ती व्यक्ती म्हणेल ती पूर्व दिशा, करील तें प्रमाण, असे असल्यामुळे "राजा कालस्य कारणम्" अशी परिस्थिति होती. भांडणे विभूति-विभूतीमध्ये होत असत. सर्व साधारण समाजाचे ध्येय, आदर्श, महत्त्वाकांक्षा त्या सर्व पूज्य व्यक्तीच्या ठायी एकवटलेल्या असत. किंबहुना ती विभूती अखिल समाजाच्या भावनांची जिती-जागती मूर्तीच असल्यामुळे त्या विभूतीचे सुखदुःख ते आपले सुखदुःख, विभूतीचे शत्रुमित्र ते आपले शत्रुमित्र ह्या दृढ भावनेवर समाजाची उभारणी व संचालन होतें. त्यामुळे सुष्टता दुष्टता ही मर्यादित असत. आजच्या युगात विभूतींचे राहिले, प्रत्यक्ष देवाचेही आसन अढळ नाहीं. लोकसंग्रह व समाजधारण हे सर्वात मोठे पुण्य आहे. या लौकिक युगात मनुष्यजीवनातील प्रत्येक विचार व्यवहाराला विश्वव्यापी विराट स्वरूप प्राप्त झालू आहे. व्यक्तिगत आचारविचार समाजाच्या उन्नतीला पोषक असले तरच त्यांचा पुष्पहार समाज गळ्यात घालील, नाही तर तें निर्माल्यच. समाजाला विघातक नाही, पण त्याजप्रत उदासीन असलेले आचारविचार पण तिरस्कृत होतील. माझे स्वगत विचार काही असले तरी ते समाजाला पटवून देऊन त्यांजवर समाजाचा शिक्कामोर्तब करून घेतल्याशिवाय मला गत्यंतर नाही पण "मरो ना जग, मला जगाशी

काय करायचे आहे?" असा अट्टाहास करणाऱ्याला या जगात दिवस काढणे जवळ जवळ अशक्यच आहे. सारांश, आजच्या या नव्या जागृतीच्या व पुनरुज्जीवनाच्या काळात आम्ही जे काही म्हणू, जे काही करू त्यात व्यापक व सामाजिक दृष्टी ठेवली तरच आमचे हातून काही उपयोगी कार्य घडेल.

संगीत क्षेत्रातही सामाजिक किंबहुना राष्ट्रीय धोरण ठेवून कार्य करणे याची आज आवश्यकता आहे. या दृष्टीने पाहता आमच्या देशातील कर्नाटकी व हिन्दुस्थानी या दोन्ही संगीत पद्धतींचे दोन मुख्य प्रकार आढळून येतात. एक रागदारी संगीत व दुसरे लौकिक संगीत. रागदारी संगीत शुद्ध संगीत, स्वयंसिद्ध, स्वर-ताल-रागप्रधान असे संगीत. याचा उद्देश स्वर, ताल व राग यांचा शृंगार यथायोग्य रीतीनें श्रुतिमाधुर्याकडे लक्ष ठेवून करणे हाच असतो. लौकिक संगीतात पार्श्वसंगीत, बोलपटाची पदे, भावगीते, भजन, गझल, आधुनिक कवींची कवने, तालासुरात म्हटली तर, नाटकांतील पदू, ग्रामीण संगीत, जात्यावरची गाणी, शेतकरी, कारागीर, मजूर वगैरेंची गाणी, ही सर्व येतील. हें संगीत परतंत्र आहे. शब्दार्थ, हावभाव, वेळ, प्रसंग इत्यादींच्या सहाय्याची याला अपेक्षा असते.

रागदारी संगीताला इंग्रजीत क्लासिकल म्युझिक व हिंदुस्थानीत पक्का गाना बजाना म्हणतात; का तें कळत नाही. पण हे शब्द रूढ होत चालले आहेत खरे. 'क्लासिकल' चा अर्थ सुनियंत्रित, परंपरेने सर्वमान्य झालेले, असा केला तर अर्थात् हे गुण आमच्या रागदारी संगीतात आहेत. तेव्हा त्या दृष्टीनें रागसंगीताला "क्लासिकल" हे विशेषण लागू शकेल. पण "पक्का" "कच्चा" ही परिभाषा अगदी नवीन आहे. या परिभाषेच्या पूर्वपीठिकेवर थोडेसे मनोरंजक तर्क करता येतील. उत्तर हिंदुस्थानात पक्की रसोई व कच्ची रसोई असे रांधपाचे दोन प्रकार आहेत. पाण्यात व तेलात शिजवलेले पदार्थ ती कच्ची रसोई व दुधात तुपांत तयार केलेली ती पक्की रसोई. सोवळे लोक परजातीयांनी तयार केलेली कच्ची रसोई खात नाहीत. पक्क्या रसोईला हा प्रत्यवाय नसतो. तेव्हा हा पक्के-कच्चेपणा रसोईतून रागांतही सामील झाला असल्यास कोण जाणे. शक्य आहे. नाटकांतल्या पदांच्या उजळणीच्या साथीत तयार झालेलीं भजी पुऱ्या पुष्कळांनी खाल्ल्या असतील. कोणी या पक्केकच्चेपणाचे घोंगडे श्रोत्यांच्या गळ्यांत बांधतात. पक्के कान व कच्चे कान यांच्यावरून गाणे-वाजविणेही पक्के कच्चे झाले; काही असो. पण हे दोन भेद दक्षिण व उत्तर संगीतपद्धतीत आहेत हे खरे आहे. त्यांचा नामनिर्देश या ठिकाणी करण्याचे कारण आज या दोहोंत हमरीतुमरी होत राहिली आहे. आणि ही गोष्ट ध्यानात ठेवून आम्हां संगीत व्यवसायी लोकांचे ध्येय व कर्तव्य काय व ते बजविण्यास आमची तयारी व सामर्थ्य कितपत आहे याचा विचार होणे आज अत्यंत आवश्यक आहे.

संगीत ही वस्तू सापेक्ष आहे. ज्याला जे गायन गोड वाटेल ते त्याच्या दृष्टीने संगीत ठरेल. संगीताचे संगीतत्व त्यापासून होणाऱ्या परिणामावर अवलंबून आहे. एका अमेरिकन बाईंना "पूर्वी" रागाचे स्वर एका सुरील्या गायकाने गाईलेले ऐकून असा चित्तक्षोभ झाला की त्या डोके दाबून घेऊन थोडा वेळ वारा घेत स्वस्थ बसल्या. गायक अर्थात् शहाणा असल्यामुळे त्याने लगेच तो राग बंद करून "सा, ग, सा, ग, सा, ग, मग, रे सा, नि, रे, नि, रे, नि, रे, गरे

